1 अप्रैल 1 घं. 56 मि. से 3 अप्रैल 3 घं. 42 मि.		रा. मं.						के.		श. गु.		शु. बु. सू.
3 अप्रैल 3 घं. 43 मि. से 5 अप्रैल 8 घं. 01 मि.		रा. मं.						के.	चं.	श. गु.		शु. बु. सू.
5 अप्रैल 8 घं. 02 मि. से 6 अप्रैल 0 घं. 24 मि.		रा. मं.						के.		चं. श. गु.		शु. बु. सू.
6 अप्रैल 0 घं. 25 मि. से 7 अप्रैल 14 घं. 59 मि.		रा. मं.						के.		चं. श.	गु.	शु. बु. सू.

शनि की साढेसाती, ढैय्या एवं सुवर्णादि पादविचार और

गुरु-राहु का गोचरफल (सं. 2077 वि.)

लेखक—इन्दुशेखर शर्मा, संयमी शर्मा,

जन्मकुण्डली में शनैश्चर का शुभ ग्रह से सम्बन्ध हो अथवा महादशा का अन्तर शुभ चल रहा हो तो ढैय्या और साढेसाती का अशुभ फल कम होता है। यदि चन्द्र, शनि जन्म में अशुभ ग्रहों से युक्त हों तो साढेसाती व ढैय्या महान् अशुभ, चिन्ता, अवनति, धनहानि, झगड़ा, कार्य में विघ्न, रोजगार में कमी, व्यर्थ कलह एवं रोग, पशु-पीड़ा आदि का कारण बनती है। यदि जन्मकुण्डली में शनि अष्टमेश या मारकेश हो तो भी ढैय्या, साढेसाती विशेष अनिष्ट फलप्रद होती है। यदि जन्म में शनि लग्नेश, पंचमेश, नवमेश होकर 3, 6, 11 में स्थित हो तो सुख-सम्पत्ति मिलती है, व्यापारादि में लाभ होता है। शनि के अष्टकवर्ग में अधिक रेखाएं हों तो शुभ; कम रेखाएं हों तो अशुभ फल निश्चित होता है।

शनि की साढेसाती किसे कहते हैं? समझ लें—शनि की गोचर स्थिति को ध्यान में रखते हुए जब किसी व्यक्तिविशेष की जन्मराशि किंवा नामराशि से पहले, दूसरे या बारहवें स्थान में शनि हो तो गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार जातक 'साढेसाती' के प्रभाव में रहता है, अर्थात् उस व्यक्ति पर साढेसाती चल रही होती है—

"द्वादशे जन्मगे राशौ द्वितीये च शनैश्चरः।
सार्धानि सप्तवर्षाणि तदा दुःखैर्युतो भवेत्॥"

व्यक्तिविशेष के लिए साढेसाती का फल इस प्रकार लिखा है—

"राशौ द्वादशे मूर्ध्नि जन्महृदये पादौ द्वितीये शनिः।
नानाक्लेशकरो हि दुर्जनभयं पुत्रान् पशून् पीडयेत्॥"

"शनि की ढैय्या" किसे कहते हैं? यह भी जान लें—गोचर अनुसार किसी व्यक्तिविशेष की जन्म राशि किंवा नामराशि से जब शनिदेव चौथे या आठवें स्थान पर हों तो उस व्यक्तिविशेष पर 'शनि की ढैय्या' चल रही है, ऐसा जानें। ढैय्या का फल इस प्रकार है—

"ढैय्या तु प्रददाति वै रविसुतश्चेद्राशेश्चतुर्थाष्टमे।
व्याधिं बन्धुविरोध-विदेशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्॥"

ध्यान दें—शुभ एवं क्रूरग्रहविचार में गुरु-शुक्र स्थितिविशेष-विचार से शुभ एवं शनि-मंगल अशुभ फलप्रद माने गये हैं—

"तेषामतीव शुभदौ गुरु-दानवेज्यौ।
क्रूरौ दिवाकरसुत-क्षितिभौ भवेताम्॥"

—(फलितमार्त्तण्ड)

शनि के लगभग अढाई वर्ष तक एक ही राशि में संचार करने के कारण इसे 'मन्द' किंवा 'शनैश्चरति इति शनिः' की संज्ञा दी गयी है। लेकिन शनिग्रह की वक्र एवं मार्गी गति के कारण अनेकदा अपने अढाई वर्ष के काल में न्यूनाधिकता भी कर देता है। कभी-कभी शनि अपनी वक्र-मार्ग गति एवं शनि के अतिचार के कारण एक वर्ष में दो राशियों को भी स्पर्श कर लेता है, जोकि मेदिनी ज्योतिष एवं तत्तदराशि के व्यक्ति एवं देश के लिए कठिन परिस्थितियों को जन्म देता है।

अनेकदा शनि-मंगल दोनों क्रूर ग्रह वर्ष में वक्रगति से चलें या दोनों में से कोई एक वक्रगति से चलकर एकराशि-सम्बन्ध बना ले तो अधिक नेष्ट फलप्रद हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में जातकविशेष को साढेसाती किंवा ढैय्या शारीरिक कष्ट, वायु-रक्त-पित्त-विकार, त्वचारोग, आर्थिक संकट, शत्रुपक्ष से मानसिक परेशानी, दुर्घटना से हानि आदि फल करते हैं। देश-विशेष के लिए राजनीतिज्ञों में विरोध, सत्तासंघर्ष, प्रतिष्ठित व्यक्ति की मृत्यु, आर्थिक/ सामाजिक अव्यवस्था, असन्तोष, भूकम्प, तूफान, दुर्भिक्ष आदि प्राकृतिक प्रकोप, सीमाप्रान्तों पर अशान्ति आदि आपदाएं उपस्थित करता है—"क्रूराः वक्राः महाक्रूराः"।

शनि-पादविचार

"जन्मांग-रुद्रेषु सुवर्णपादं द्विपञ्चनन्दे रजतस्य पादम्।
त्रि-सप्त-दिक् ताम्रपादं वदन्ति शेषेषु राशिष्विह लौहपादम्॥"

पादफल-विचार—

"लौहे धनविनाशः स्यात् सर्वं दुःखं च काञ्चने।
ताम्रे च समता ज्ञेया सौभाग्यं च राजते भवेत्॥"

शनि के राशि परिवर्तन के समय यदि चन्द्र 1, 6, 11 स्थान में हो तो स्वर्णपाद; 2, 5, 9 स्थान में हो तो रजतपाद; 3, 7, 10 स्थान में चन्द्र हो तो ताम्रपाद। यदि शनि के राशि परिवर्तन के समय चन्द्र 4, 8, 12 में हो तो लौहपाद होता है। स्वर्णपाद सभी प्रकार के दुःखों को देने वाला, रजतपाद सुख-सौभाग्यप्रद, ताम्रपाद मध्यम फलद एवं लौहपाद धन-धान्य का नाशक होता है।

मकर राशिस्थ शनि की साढेसाती एवं ढैय्या का विचार

गत संवत् 2076 वि. में 24 जनवरी, सन् 2020 ई. को उ.षा. नक्षत्र एवं मकरस्थ चन्द्र के समय 9 घं. 52 मि. पर शनिदेव मकर राशि में प्रविष्ट होकर सं. 2077 वि. के अन्त तक मकर राशि में ही रहेंगे।

मकरराशिस्थ शनि की साढेसाती एवं ढैय्या का फल

(24 जनवरी, सन् 2020 ई. से संवत् 2077 वि. के अन्त तक के लिए)

राशि	ढैय्या या साढेसाती	पाद	साढेसाती		शुभाशुभ फल
			किस अंग पर	चढ़ती या उतरती	
मिथुन	ढैय्या	लौहपाद	—	—	शरीरपीड़ा, रक्तविकार, स्त्री कष्ट, पुत्र किंवा पशुपीड़ा, व्यापार में हानि एवं आर्थिक संकट का सामना करना पड़े।
तुला	ढैय्या	लौहपाद	—	—	शरीर कष्ट, रक्तविकार, स्त्री-पुत्र कष्ट, व्यापार में हानि, आर्थिक संकट एवं पशुपीड़ा हो।
धनु	साढेसाती	रजतपाद	पाद	उतरती	व्यापार में प्रगति, धन-धान्य समृद्धि, सुख-सम्पदालाभ, प्रभाव क्षेत्र बढ़े। घर में मंगलकृत्य हों, राजपक्ष से सम्मान।
मकर	साढेसाती	सुवर्णपाद	हृदय	—	शत्रु प्रबल, निज-जन-विरोध, रोगभय, परिवार में क्लेश, धनहानि हो, चिन्ता आदि से कष्टप्रद समय।
कुम्भ	साढेसाती	लौहपाद	मस्तक	चढ़ती	शरीरपीड़ा, रक्तविकार, स्त्री-पुत्र-पशु-पीड़ा, व्यापार में हानि, राजपक्ष से भय-कष्ट, आर्थिक संकट भी रहे।

नोट—यहां दिये गये कोष्ठक में जिन राशियों का निर्देश (ज़िक्र) नहीं किया गया है, उन राशि वाले जातकों के लिए इस साल ——— मकर राशिस्थ शनि की समयावधि में साढेसाती या ढैय्या नहीं है, यह समझ लें।

साढेसाती में प्रत्येक राशि के लिए शनि का सामान्यतया अशुभ फल कब होगा—

मेष राशि वालों के बीच के अढाई वर्ष खराब हैं। वृष को पहले अढाई वर्ष, मिथुन को अन्त के अढाई वर्ष, कर्क को बीच के अढाई वर्ष, सिंह को पहले 5 वर्ष, उनमें भी मध्य के अढाई वर्ष खराब हैं। कन्या को पहले 5 वर्ष, उनमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। तुला को आखिर के अढाई वर्ष, वृश्चिक को अन्तिम 5 वर्ष नेष्ट हैं, उनमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। धनु को प्रारम्भ के अढाई वर्ष, मकर को पहले 5 वर्ष, उनमें भी पहले अढाई वर्ष विशेष खराब हैं। कुम्भ को आदि एवं अन्त के पांच वर्ष, विशेषत: अन्त के अढाई वर्ष अधिक अशुभ हैं। मीन को पूरे साढेसात वर्ष नेष्ट हैं, उनमें भी अन्त के अढाई वर्ष विशेष अशुभ फल देने वाले होते हैं।

शनिजन्य नेष्टफल-शान्त्यर्थ शास्त्रीय उपाय

शनि की साढेसाती/ढैय्या के नेष्टफल की शान्ति के लिए शनि के बीज मन्त्र या वैदिक मन्त्र का 23,000 की संख्या में विधिपूर्वक जाप करें। तदुपरान्त दशांश हवनादि करें। शनिवार के दिन सतनाजा-दान, लौहपात्र में तैलदान, शनिस्तोत्र का पाठ करना/कराना श्रेयस्कर रहता है। इसके अतिरिक्त शुभ वेला में 'नीलम' रत्न एवं 'शनियन्त्र' धारण करना भी आश्चर्यजनक रूप से लाभप्रद रहता है। परन्तु रत्नधारण करने से पूर्व शनि के अंशादि का अध्ययन करवाकर किसी दैवज्ञ का परामर्श ले लेना श्रेयस्कर होगा।

शनि का बीज मन्त्र—"ॐ प्रां प्रीं प्रौं स: शनये नम:।"

प्रतिदिन 3 माला मन्त्रजाप करें। मन्त्रजाप से पहले **"अमुक मासे, अमुक पक्षे, अमुक तिथौ, शनैश्चर-नेष्टफलशान्त्यर्थम् शनि-मन्त्रजापमहं करोमि"**—इस प्रकार संकल्प करके शनि-मन्त्रजाप करें।

शनिवारी अमावस वाले दिन सूर्यास्तसमय (गोधूलि वेला में) शनि-मन्त्रजाप, स्तोत्र पाठ करें एवं तेल में मुंह देखकर, उसमें एक लौंग डालकर दान करें और सायंकाल पीपल के नीचे दीपक जलायें।

मन्त्रजाप की विधि—अनुष्ठान शनिवार को करें। सूर्यास्त-समय स्नान करके कम्बलासन पर बैठकर, पश्चिमाभिमुख होकर (पश्चिम की तरफ मुंह करके) लोहे के खुले बर्तन में जौ, लौंग एवं काले तिल प्रत्येक 200 ग्राम लेकर एक अंजलिभर चावल और 7 सुपारी रखें। मौली, धूप, लाल चन्दन, दो अपूप (पूड़े) भी सामने रख लें। मिट्टी के बर्तन में तेल का दीपक प्रज्वलित करें एवं एक स्टील का लोटा तेल से भरकर सामने रखकर **"ॐ प्रां प्रीं प्रौं स: शनये नम:"**—इस मन्त्र का कुल 23 हज़ार जाप करें। मन्त्रजाप पूर्ण होने के बाद सारी सामग्री, जो सामने रखी थी, को जलप्रवाह कर दें। तेलभरी गड़वी (लोटा) में लौंग डालकर शनि वाले डकौत को दें। सामग्री को जलप्रवाह करते समय निम्नांकित मन्त्र का उच्चारण करें—

"ॐ नम: कृष्णाय नीलाय शिति-कण्ठनिभाय च।
नम: कालाग्नि-रूपाय कृतान्ताय च ते नम: ॥"

इस मन्त्रोच्चारण के बाद "दूर जाते हुए शनि को पृष्ठभाग" से नमस्कार करके घर को जायें। किसी अच्छे विद्वान् दैवज्ञ के परामर्श से (कुण्डली दिखाकर) 'नीली' या 'नीलम' नग धारण करना भी ठीक रहेगा।

'नीलम' रत्न का काम देने वाली वनौषधि

शनिदोष-निवारण के लिए अनेक व्यक्ति 'नीलम' धारण करते हैं, परन्तु सबको अनुकूल बैठने वाला शुद्ध 'नीलम' रत्न बहुत कम मिलता है। उसकी भले-बुरे की परीक्षा भी कठिन है और यह रत्न बहुमूल्य (महंगा) होता है। अतः सर्वसाधारण मनुष्य खरीद नहीं सकते। ऐसे व्यक्ति नीलम के अभाव में 'बिच्छू बूटी' की जड़ का प्रयोग करें। बिच्छू बूटी हिमाचल प्रदेश में बहुत होती है। कोमल कांटेदार पत्तों को स्पर्श करने से वृश्चिकदंश जैसी पीड़ा होने लगती है। अतः इसका नाम बिच्छू बूटी है। शुक्लपक्ष शनिवार को प्रातः (यदि पुष्य नक्षत्र भी मिल जाये तो अत्युत्तम) बिच्छू बूटी की जड़ उखाड़कर ले आयें। पहले दिन शुक्रवार की सन्ध्या को निमन्त्रण दे आयें। इस जड़ के टुकड़े को चांदी के ताबीज में भरकर शनिमन्त्र से धारण करें। यह हर व्यक्ति का शनिदोष निवारण करती है।

शनिजन्य नेष्टफल-शान्त्यर्थ वैदिक मन्त्र

"ॐ शं नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये, शंय्योरभिस्त्रवन्तु नः। शं शनये नमः ॐ॥"

शनिजन्य नेष्टफल-शान्त्यर्थ शनैश्चर-स्तोत्र

पिप्पलाद उवाच—

"ॐ नमस्ते कोणसंस्थाय पिंगलाय नमोऽस्तु ते।
नमस्ते बभ्रुरूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तु ते॥
नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते चांतकाय च।
नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते सौरये विभो॥
नमस्ते मन्दसंज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तु ते।
प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च॥"

इस स्तोत्र का पाठ शनिवार को पीपल के नीचे बैठकर एवं अन्य दिनों में भगवान् शंकर से प्रार्थनापूर्वक शिवमन्दिर या घर में भी बैठकर प्रातः करने से साढेसाती व ढैय्या की दुःखद पीड़ा नहीं होती है, अनुभूत है।

शनिजन्य नेष्टफल-परिहारार्थ तुलादान करायें—

विधि—शनि ग्रह से पीड़ित व्यक्ति अपने जन्मदिन पर या शनैश्चरी अमावस,शनिवार को दिन में लगभग 11/12 बजे गेहूं, काले चने, चावल, बाजरा, कालीदाल (माह), जौ, मूंग आदि (सात) अनाजों से अपने वजन के बराबर तौल कर दान (तुलादान) करें। साथ ही तेल में मुंह देखकर दक्षिणासहित शनि का दान लेने वाले (ढौंसी) को दे दें। बाद में तुलादान के समय पहने हुए कपड़े भी स्नान करके दान कर दें।

नोट—तुलादान से पहले यदि कोई बहुमूल्य आभूषण आदि शरीर पर धारण किया हुआ हो, वह भी पहले ही उतार दें, अन्यथा वह भी दान करना होगा।

संवत् 2077 वि. में गुरु ग्रह का गोचर फल

धनु राशि में गुरु का प्रवेश

सं. 2076 वि. में कार्तिक शुक्ल अष्टमी (तत्कालिकी नवमी) तदनुसार 5 नवम्बर, सन् 2019 ई. को धनिष्ठा नक्षत्र, गण्ड योग एवं मकरस्थ चन्द्र के समय 5 घं. 17 मि. (I.S.T.) पर गुरुदेव पुनः धनु राशि में प्रविष्ट होंगे। संवत् 2077 वि. में 30 मार्च, सन् 2020 ई. तक गुरुदेव धनु राशि में ही रहेंगे।

धनु:राशिस्थ गुरु का प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल (5 नवं., 2019 ई. से संवत् 2077 वि. में 30 मार्च, सन् 2020 ई. तक के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	धनलाभ	धननाश	सम्मान	रोग	सुख	धनहानि	शारीरकष्ट	धनलाभ	शत्रुभय	आधि-व्याधि	प्रगति	धनहानि

धनु:राशिस्थ गुरु का सामान्य फल—

"धनु राशिस्थिते जीवे गोधूमादि महर्घता।
वर्षाकाले भवेत्तत्र समर्घं च तिलं गुडम्॥"

मकर राशि में गुरु का प्रवेश

सं. 2077 वि. में चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी, चन्द्रवार, तदनुसार 30 मार्च, सन् 2020 ई. को रोहिणी नक्षत्र, आयुष्मान योग एवं वृषस्थ चन्द्र के समय 3 घं. 47 मि. (I.S.T.) पर गुरुदेव मकर राशि में प्रविष्ट होकर सं. 2077 वि. में 30 जून, सन् 2020 ई. तक मकर राशि में ही विचरण करेंगे।

मकर राशिस्थ गुरु का प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

(30 मार्च, सन् 2020 ई. से 30 जून, सन् 2020 ई. तक के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	धनहानि	सुख	रोग	सम्मान	धनहानि	धनलाभ	धनलाभ होकर हानि	प्रगति	आधि-व्याधि	भय	धनलाभ	शरीर कष्ट

मकर राशिस्थ गुरु का विश्व पर प्रभाव

"मकरे च गुरौ चैव दुर्भिक्षं घोर-दारुणम्।
विग्रहं यान्ति राजानः त्रिमासान्ते शुभं भवेत्॥"

अर्थात्—राजनीतिज्ञों में विग्रह (वैमनस्य), कहीं घोर दुर्भिक्ष पड़े। तीन मास बाद सुभिक्ष रहे।

वक्री होकर पुनः गुरुदेव का धनु:राशि में प्रवेश

सं. 2077 वि. में आषाढ़ शुक्ल पक्ष, दशमी मंगलवार, तदनुसार 30 जून, सन् 2020 ई. को चित्रा नक्षत्र, शिव योग एवं तुलास्थ चन्द्र के समय 5 घं. 27 मि. (I.S.T.) पर गुरुदेव वक्रगति से पुनः धनु राशि में प्रविष्ट होकर 20 नवम्बर, सन् 2020 ई. तक धनु राशि में ही रहेंगे।

धनु : राशिस्थ गुरु का प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

(30 जून, सन् 2020 ई. से 20 नवम्बर, सन् 2020 ई. तक के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	धनलाभ	धननाश	सम्मान	रोग	सुख	धनहानि	शरीरकष्ट	धनलाभ	शत्रुभय	आधि-व्याधि	प्रगति	धनहानि

मार्गी गति से गुरुदेव का पुनः मकर राशि में प्रवेश

सं. 2077 वि. में कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी, शुक्रवार, तदनुसार 20 नवम्बर, सन् 2020 ई. को 13 घं. 24 मि. (I.S.T.) पर गुरुदेव पुनः मकर राशि में दाखिल होंगे। संवत् 2077 वि. में 6 अप्रैल, 2021 ई. तक मकर राशि में ही रहेंगे।

मकरस्थ गुरु का प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

(20 नवं, सन् 2020 ई. से 6 अप्रैल, सन् 2021 ई. तक के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	धनहानि	सुख	रोग	सम्मान	धननाश	धनलाभ	धनहानि	प्रगति	आधि-व्याधि	भय	धनलाभ	शरीरकष्ट

गुरुदेव का कुम्भ राशि में प्रवेश

वि. सं. 2077 में चैत्र कृष्ण नवमी मंगलवार, तदनुसार 6 अप्रैल, 2021 ई. को 0 घं. 25 मि. पर उ.षा. नक्षत्र, सिद्ध योग एवं मकरस्थ चन्द्र के समय गुरुदेव कुम्भ राशि में प्रविष्ट होकर सं. 2077 वि. के अन्त तक कुम्भ राशि में ही रहेंगे।

कुम्भ राशिस्थ गुरु का प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

(6 अप्रैल, सन् 2021 ई. से संवत् 2077 वि. के अन्त तक के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	प्रगति	धनहानि	धनलाभ	धननाश	सम्मान	रोग	सुख	धनहानि	शरीरकष्ट	धनलाभ	भय	आधि-व्याधि

गुरुजन्य नेष्टफल-शान्त्यर्थ उपाय

गुरुग्रह जन्मांग में या गोचर में नेष्टफलप्रद हो तो—गुरुवार को (विशेषतः गुरुवारी अमावस वाले दिन) केले के वृक्ष को सींचना चाहिए। पीली वस्तु (चना, पीला फल, हल्दी) को पीले कपड़े में बांधकर दान करें। सोना, गुड़, शर्करा, लड्डू आदि द्वारा वृद्ध ब्राह्मण का यथाशक्ति सम्मान करें। गुरु ग्रह के बीजमन्त्र का 19 हज़ार जाप करें। गुरु का जपनीय बीज मन्त्र यह है—"ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः।" केसर किंवा हल्दी का तिलक धारण करें। पीला 'पुखराज' 5/7 रत्ती पुरुष दायें हाथ की एवं स्त्रियां बायें हाथ की तर्जनी अंगुली में धारण करें।

संवत् 2077 वि. में गोचरस्थ राहु का शुभाशुभ फल

राहु का मिथुन राशि में प्रवेश

सं. 2075 वि. में फाल्गुन शुक्ल प्रतिपदा गुरुवार, तदनुसार 7 मार्च, सन् 2019 ई. को 9 घं. 36 मि. पर पू.भा. नक्षत्र, साध्य योग एवं कुम्भस्थ चन्द्र के समय राहु मिथुन राशि में प्रविष्ट

होगा और सं. 2077 वि. में 23 सितं., सन् 2020 ई. तक मिथुन में ही रहेगा।

मिथुन राशिस्थ राहु का प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

(7 मार्च, सन् 2019 ई. से 23 सितं., सन् 2020 ई. तक के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	सौभाग्य	कलह	भय	विनाश	धनलाभ	कलह	दुःख	धननाश	राजभय	महासुख	धनक्षय	अपमान

सं. 2077 वि. में वृषस्थ राहु का शुभाशुभ फल

सं. 2077 वि. में आश्विन शुक्ल पक्ष सप्तमी बुधवार, तदनुसार 23 सितम्बर, सन् 2020 ई. को ज्येष्ठा नक्षत्र, आयुष्मान योग, वृश्चिकस्थ चन्द्र के समय राहु 12 घं. 16 मि. (I.S.T.) पर वृष राशि में प्रविष्ट होकर सं. 2077 वि. के अन्त तक वृष राशि में ही रहेगा।

वृष राशिस्थ राहु का प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

(23 सितं. से संवत् 2077 वि. के अन्त तक के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	विनाश	भय	कलह	सौभाग्य	अपमान	धनक्षय	महासुख	राजभय	धननाश	सुख	कलह	धनलाभ

राहु जन्मांग या गोचर में नेष्ट फलप्रद हो तो—कम्बल, तिल-तैल, नारियल, लौंग एवं काले या भूरे रंग के वस्त्र में सतनाजा बांधकर दक्षिणासहित सायंकाल के समय दान करें। साथ ही कम्बलासन पर बैठकर राहु के बीजमन्त्र (ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः) का 18 हज़ार की संख्या में जाप करें। शान्ति रहेगी। दैवज्ञ के परामर्श से राहुशान्त्यर्थ 'गोमेद' नग 5/7 रत्ती भी धारण कर लेना हितकर रहेगा।

(पृष्ठ 32 का शेष)

7 अप्रैल से 13 अप्रैल, सन् 2021 ई.

(सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)

आकाशी कौंसिल का विचार (सं. 2077 वि.)

(ग्रह-परिषद् एवं गोचर-ग्रहस्थिति के अनुसार भारत एवं अन्य देशों की आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिति का सर्वेक्षण)

★ 'आनन्द' संवत्सर होने से राजनीतिज्ञों एवं प्रजा में आनन्द-मंगल रहे। राजनीतिज्ञों की देशहितार्थ चहुंमुखी प्रगति से सर्वत्र सुख-शान्ति रहे। अशान्त क्षेत्रों पर सैन्यबल प्रयोग से सफलता मिलेगी।

★ बालग्रह बुध के संवत्सरेश होने से कुछ साम्प्रदायिक विषाक्त लोगों से सावधान रहना जरूरी है। कुछ आपराधिक तत्त्व जन-जीवन को भ्रमित करेंगे। परिणामस्वरूप कहीं रक्तपातभय रहे।

★ अन्तरिक्ष-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति भारत को मूर्धन्य देशों की कोटि में स्थापित करेगी।

★ जलवायुविचार से ग्लोबल वार्मिंग से विश्व के यूरोपीय देश प्रभावित होंगे।

★ जगत् लग्नगत ग्रहस्थिति के अनुसार बलूचिस्तान, पाकिस्तान, ईरान, चीन, अमेरिका आदि में वातावरण अशान्त बनेगा। यमन, सीरिया, अफगानिस्तान आदि में उग्रवादजन्य भीषण अशान्ति एवं राजनैतिक विप्लव रहेंगे। भारत प्रगतिपथ पर अग्रसर रहे।

★ इस संवन् में 3 मई से अगस्त 2020 ई. तक की ग्रहस्थिति देश में साम्प्रदायिक एवं धार्मिक उपद्रवों से स्थिति बिगाड़ सकती है, देश के प्रमुख नेतृत्व के लिए परीक्षा की घड़ी है।

★ भारत की पश्चिमोत्तर-सीमाओं एवं द.भूभाग में भयंकर आपदा, जलप्रलय, भूकम्प किंवा अग्निकाण्ड आदि से जनधनहानि के योग हैं।

★ यूरोपीय देशों की ग्रहस्थिति सशक्त देशों की अस्मिता को भेदकर भयंकर युद्धात्मक ग्रहस्थिति बना सकती है।

★ मुस्लिम देशों की ग्रहस्थिति से ज्ञात होता है कि—पाक में प्रधान नेता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अघटित घटनाएं हों किंवा प्रधान नेता को अपदस्थ होना पड़े। सीमाप्रान्त अशान्त रहे।

★ औद्योगिक क्षेत्र, अन्तरिक्ष विज्ञान, सुशासन एवं सामरिक क्षेत्र में प्रगति से भारत मूर्धन्य देशों की कोटि में आयेगा। प्रधान नेतृत्व की कार्यशैली प्रशंसनीय रहेगी।

"विमृश्य ग्रह-संस्थितिं मुनिवचः सिद्धान्तयित्वा स्फुटम्।
शास्त्रं शाकुनकं विचार्य नितरामालोच्य सत्संहिताः।
राष्ट्रे राज-समाज-धर्मविषये ह्युद्भाविनी या स्थितिः।
सा शम्भोः कृपया यथामति मया प्रागेव निर्णीयते॥"

"मनुष्य जीवन अनन्त आकाशव्यापी सौरजगत् की एक क्षुद्र प्रतिकृति है"—यह तथ्य भारतीय ही नहीं, पाश्चात्त्य विद्वान् भी स्वीकार करते हैं। मानव-जीवन एवं सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का सौर जगत् के साथ एकत्व-सम्बन्ध होने से सौर जगत् के आकर्षण-विकर्षण, सिद्धान्त के अनुसार समय-समय पर मानव-जीवन एवं विश्वजनीन परिवर्तन स्वाभाविक एवं युक्तियुक्त हैं। ग्रहों की '**आकर्षण-विकर्षण**' रूपी दो अदृश्य शक्तियों द्वारा प्रकृति एवं जन-जीवन की मानसिक प्रवृत्ति में परिवर्तन से सम्पूर्ण विश्व का घटनाचक्र चलता ही रहता है। इस खोज में ऋषियों ने अथाह चिन्तन एवं सम्पूर्ण जीवन लगाकर ग्रहों एवं प्रकृति का गहन अध्ययन करके 'ज्योतिष शास्त्र' का आविष्कार किया, जोकि आज भी अनुसन्धान का विषय है।

"संसार का प्रत्येक परमाणु एक निर्धारित नियम से विलग नहीं हो सकता। एक सूक्ष्मतम परमाणु में यदि तनिक भी अव्यवस्था किंवा अनुशासनहीनता आ जाये तो विराट् ब्रह्माण्ड एकक्षण के लिए भी न टिक सके। एक क्षणिक विस्फोट से अनन्त प्रकृति अग्निज्वालाओं से अतिरिक्त कुछ न रहे"—यह नियामक विधान किसी अदृश्य सत्ता के अस्तित्व को प्रमाणित करता है। इसी प्रकार यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड प्रभु के एक

निश्चित विधान के अनुसार ही चल रहा है। इस विधान का साक्षात्कृत् धर्मा ऋषियों ने जो अध्ययन व चिन्तन किया है, उसका परिणाम ही 'ज्योतिष' है।

यह वेदांगरूप ज्योतिष गुरु-शिष्यपरम्परा आज तक जीवित है। इसका प्रमाण वेदांग 'निरुक्त' में स्पष्ट है–

"साक्षात्कृत्धर्माणो वै ऋषयो बभूवुः। तेऽवरेभ्योऽसाक्षात्कृतधर्मभ्य उपदेशेन मन्त्रान् सम्प्रददुः। उपदेशाय ग्लायन्तोऽवरे बिल्मग्रहणायेमं ग्रन्थं समाम्नासिषुर्वेदं वेदांगानि च॥"

–(यास्काचार्य)

प्रत्येक ग्रह जब अपनी गति-स्थिति में अन्तर लाता है, तभी विश्व का घटनाचक्र प्रभावित होता देखा गया है। इस पृथ्वी पर जो कुछ भी घटित होता अनुभव करते हैं, वह सब ग्रहों के वक्र-मार्ग आदि के ही परिणाम हैं। इस ग्रहगतिजन्य संकेत के आधार पर ही अपनी मति के अनुसार विश्व में जो भी प्रतिवर्ष घटित होता है, **"श्रीमार्त्तण्ड पंचांग"** के माध्यम से अपने प्रिय पाठकों के समक्ष उपस्थित कर देते हैं और यह इस प्रकाशन का 93वां गौरवपूर्ण वर्ष प्रारम्भ हो रहा है।

श्री वि. संवत् 2077 की ग्रहस्थिति के अनुसार विश्वजनीन घटनाओं की भविष्यवाणी प्रस्तुत करने से पहले हम अपने विद्वान्, प्रबुद्ध पाठकों का आभार व्यक्त कर देना उचित समझते हैं, जिन्होंने लगातार 92 वर्षों तक हमारी भविष्यवाणियों का सही मूल्यांकन करके हमें आज 93वें वर्षप्रवेश पर भी इस बारे में कुछ लिखने को प्रोत्साहित किया है। पाठको! आपका यह पंचांग अपनी सर्वांगशुद्ध गणित एवं आश्चर्यजनक भविष्यवाणियों के लिए भारत में ही नहीं, विदेशों में भी विश्रुत हो चुका है।

आपके इस लोकप्रिय पंचांग में प्रतिवर्ष प्रकाशित होने वाली आश्चर्यजनक, अव्यभिचरित भविष्यवाणियों में साधारण वर्ग के व्यक्ति से लेकर भारतरत्न श्रीजवाहरलाल नेहरु, श्रीमती इन्दिरा गांधी, प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद एवं अन्य गण्यमान्य प्रतिष्ठित ऐतिहासिक महापुरुषों की विशेष अभिरुचि रही है। आज भी यह पंचांग अपनी सफल, आश्चर्यचकित कर देने वाली भविष्यवाणियों तथा ग्रहण आदि पंचांगगणित की सूक्ष्मता, शुद्धि एवं अन्य विशेष ज्योतिषीय शोध-निबन्धों के कारण भारत में ही नहीं, विदेशों में भी लोकप्रिय है और भारत में अग्रणी स्थान प्राप्त कर चुका है।

पाठको! 14 जून, 2016 ई. से पहले लिखी गयी भविष्यवाणियों की चर्चा हम गत वर्षों के पंचांगों में कर चुके हैं। अब उसके बाद सत्यसिद्ध भविष्यवाणियों की चर्चा हम आगामी संवत् 2077 वि. के पंचांग में कर देना युक्तिसंगत समझते हैं–

भविष्यवाणी—7 दिसम्बर, सन् 2016 ई. को श्रीमार्त्तण्ड पंचांग सं. 2073 वि. में की गयी भविष्यवाणी पृ. 45, कॉलम 2 पर इन शब्दों में की गयी थी–

"1 नवम्बर से लगभग 11 दिसम्बर, सन् 2016 ई. तक शनि की मंगल पर दृष्टि विश्व में भयंकर प्राकृतिक प्रकोप, उग्रवाद किंवा हिंसा आदि से जनधनहानि एवं दुःखद अघटित घटनाओं को जन्म देगी।"

इस भविष्यवाणी की सत्यता पर ध्यान दें–

19 नवम्बर सन् 2016 के 'अमर उजाला' के मुख्य पृष्ठ पर स्पष्ट लिखा था कि–"(भारतीय) सेना पर सबसे बड़ा आतंकी हमला, 17 जवान शहीद, (उड़ी) जम्मू-काश्मीर में सैन्य मुख्यालय पर हमला।"

भविष्यवाणी—सं. 2074 वि. की जगत् लग्नकुण्डली में–

जलराशि के स्वामी चन्द्र का सूर्य के साथ समसप्तक **'जलशोषक'** योग बनाता है, मंगल की शनि पर अष्टम दृष्टि भी कहीं अकाल का संकेत देती है। अतः शासन को देश में 'जल-सुविधा' की तरफ विशेष ध्यान देना होगा, अन्यथा भारत के अनेक प्रान्तों में कहीं जल-वितरणसमस्या आपसी कलह का कारण बनने का योग है।

—(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग, सं. 2074 वि., पृ. 52, कॉलम 1)

सत्यता--कावेरी जल से भड़की आग तामिलनाडु और कर्णाटक में उग्र हिंसा (13 सितम्बर, सन् 2016 ई.)-(अमर उजाला)

भविष्यवाणी—11 दिसम्बर, 2016 ई. तक शनि की मंगल पर दृष्टि भी विश्व में भयंकर प्राकृतिक प्रकोप, उग्रवाद-हिंसा आदि से जनधनहानि एवं दुःखद अघटित घटनाओं को जन्म देगी।

—(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग, सं. 2073 वि., पृ. 45, कॉलम 2)

सत्यता—11 दिसम्बर, सन् 2016 ई. को नाइजीरिया में गिरजाघर की छत गिर गयी, 160 व्यक्ति मरे।

भविष्यवाणी—"श्री नरेन्द्र मोदी (P.M.) महोदय की नीति विदेशों से सकारात्मक मधुर सम्बन्ध बनाने में सफल रहेगी। लेकिन इस वर्ष श्री मोदी एवं अन्य प्रतिष्ठित

व्यक्तियों की सुरक्षा-व्यवस्था में ढील नहीं होनी चाहिए, क्योंकि अघटित घटना से कष्टभय का योग है। जगत्-लगनकुण्डली में भारत की प्रभावराशि मकर पर गुरु की दृष्टि है। सूर्य-शुक्र उच्चस्थ हैं, अत: भारत की प्रतिष्ठा एवं गौरव उत्तरोत्तर बढ़ेगा।"

—(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग, सं. 2074 वि., पृ. 52, कॉलम 1, अन्तिम पंक्तिया)

सत्यता—श्री नरेन्द्र मोदी (P.M. भारत) महाभाग ने अपनी कूटनीति से अमेरिका- इण्डोनेशिया एवं रूस आदि देशों के साथ सुदृढ़ मैत्री सम्बन्ध बनाकर एवं राष्ट्र को सशक्त बनाकर 'भारत को महाशक्ति' के रूप में स्थापित कर दिया है।

भविष्यवाणी—"13 अक्तूबर से आगे शुक्र-शनि एवं सूर्य-शनि की पोजीशन अनुसार 15 दिसम्बर तक किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त होने का योग है।"

—(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग, सं. 2073 वि., पृ. 49, कॉलम 2)

सत्यता—1. तमिलनाडु की मुख्यमन्त्री सुश्री जयललिता जी का 5 दिसम्बर को निधन हुआ।

2. दिनांक 27-11-2016 ई. को क्यूबा के राष्ट्रपति कास्त्रो का निधन हुआ।

भविष्यवाणी—सं. 2073 वि. के श्रीमार्त्तण्ड पंचांग में पृष्ठ 50, कॉलम 1 पर 19वीं पंक्ति से आगे पढ़ें—"श्री मोदी की दूरदर्शिता से भारत की अर्थव्यवस्था को विशेष गति मिलेगी। राजनीति की गतिमत्ता के भी दूरगामी परिणाम होंगे। यह बात विपक्षीदलों को स्वीकार्य नहीं कि—एकवर्ष का समय सरकार के काम-काज का आकलन का अन्तिम मापदण्ड नहीं है। फिर भी भारत सरकार की रीति-नीति से सरकार के वायदों का बोध तो आगे होने का संकेत ग्रहस्थिति देती है।"

पृष्ठ 50, कॉलम 2 पर 19वीं पंक्ति से आगे की भविष्यवाणी—"15 नवम्बर से सूर्य-शनि (परस्पर शत्रुग्रह) दिसम्बर तक एकराशि में चलेंगे। यह ग्रहस्थिति शासनतन्त्र के सामने सिद्धान्तवादिता, आदर्शवाद वाली व्यावहारिक मजबूरियां हाजिर करेंगी। इस दौरान भाजपा एवं विपक्ष के बीच राजनीतिक संघर्ष शुरु होगा एवं R.S.S. पर भी विपक्ष के आक्षेप आयेंगे।"

इन पंक्तियों की सत्यता—8 नवम्बर, 2016 ई. को रात्रि में नोटबन्दी की घटना से विपक्ष ने लगभग दिसम्बर तक लोकसभा को

चीन द्वारा तिब्बत-सिक्किम के सीमाप्रान्तों पर तनाव की भविष्यवाणी—श्रीमार्त्तण्ड पंचांग सं. 2074 वि. के पृष्ठ 58, कॉलम 1 पर निम्नांकित रूप में पढ़ें—

"संवत् 2074 वि. की ग्रहस्थिति विश्व में घटित प्रमुख बातों पर भी ध्यान आकर्षित करती है। इस वर्ष अप्रैल से जून 2017 ई. तक, 27 अगस्त से 29 नवम्बर, 2017 ई. तक एवं फरवरी से मार्च, 2018 ई. तक की ग्रहस्थिति उत्तरी कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, चीन, पाकिस्तान आदि देश, अमेरिका, ब्रिटेन एवं भारत आदि देशों के लिए आगामी समय में हालात भयावह रहेंगे। जिससे विश्व के शान्तिप्रिय देश विनाश एवं अनिश्चय की ओर बढ़ेंगे। संयुक्तराष्ट्र के सामने भी यह एक समस्या बन सकती है। ऊपर निर्दिष्ट समय देश एवं विश्व के लिए अघटित घटनाओं वाले रहेंगे।"

स्पष्ट है कि—ब्रिटेन, फ्रांस आदि में उग्रवादी हमले से जनधनहानि हुई। भारत में भी छत्तीसगढ़, कश्मीर एवं अन्यत्र कई स्थानों पर उग्रवादियों द्वारा जनधनहानि से इस भविष्यवाणी की सत्यता स्पष्ट सिद्ध हुई।

बिहार में महागठबन्धन/समाजवादी पार्टी के बारे में की गयी भविष्यवाणी—सं. 2074 वि. के पंचांग में पृ. 60, कॉलम 1 पर इस प्रकार की गयी थी—

समाजवादी पाटी—कुम्भ राशि का स्वामी शनि सारे संवत् में क्रूर ग्रह से किसी न किसी दृष्टि से मेल कर रहा है, अत: भरपूर प्रयत्न के बाद भी इस पार्टी को राजनैतिक दृष्टि से प्रगतिप्रद सफलता प्राप्त करना कठिन प्रतीत होता है।

बिहार में महागठबन्धन—के बारे में इतना ही लिख सकेंगे कि—ग्रहस्थिति पार्टी में कुछ वैमत्य पैदा करेगी, लेकिन सुधारात्मक योग स्थिति को नियन्त्रित करेंगे।

आप इस घटनाक्रम को देख चुके हैं, अत: इसकी सत्यता स्पष्ट सिद्ध है।

'जम्मू-कश्मीर' के बारे में की गयी भविष्यवाणी भी अक्षरश: सत्यापित हुई, जोकि 2074 वि. के पंचांग, पृष्ठ 62, कॉलम 2 में 'जम्मू-कश्मीर' शीर्षक के अन्तर्गत पढ़ें—"इस संवत् की ग्रहस्थिति में सभी आतंकी संगठन विशेषत: I.S.I. कश्मीर पर बड़ा हमला करेगा। कश्मीर के सीमाक्षेत्र अशान्त रहेंगे एवं यहां की शासन-सत्ता इस प्रान्त में शान्ति स्थापित करने में असमर्थ रहेगी। उग्रवाद के जघन्य अपराध व पाक अधिकृत कश्मीर से आतंक की घुसपैठ जनधनहानि का कारण बनेगी। ... *का सीमातिक्रमण संघर्ष का कारण भी बन सकता है।"*

सं. 2074 वि. में पृष्ठ 52, कॉलम 1 पर स्टैंजा 2 की अन्तिम पंक्तियों में आश्चर्यजनक भविष्यवाणी पढ़ें—"संवत् 2074 वि. के प्रारम्भ से जुलाई, 2017 तक की ग्रहस्थिति से भारत के कुछ प्रान्तों में I.S.I. द्वारा भारी जनधनहानि का संकेत मिलता है। इस उल्लिखित समयावधि में भारतीय सीमाप्रान्तों पर पाक-चीन-नेपाल-सीमावर्ती देशों की गतिविधियों एवं उग्रवादियों (I.S.I.) आदि से भी सावधान रहना आवश्यक है।"

आज चीन द्वारा सिक्किम एवं पाक द्वारा कश्मीर के सीमाप्रान्तों पर युद्धमय वातावरण बना दिया गया है—यह सार्वजनिक चर्चा का विषय है।

संवत् 2075 वि. एवं संवत् 2076 वि. में सफलसिद्ध कुछ भविष्यवाणियां

1. संवत् 2075 वि. के पंचांग पृष्ठ 50, कॉलम 1 पर स्पष्ट घोषणा की गयी थी कि—

"7 मार्च, सन् 2018 ई. को मंगल धनुराशि में आकर शनि के साथ 'एकराशि-सम्बन्ध' बनायेगा। यह स्थिति 30 अप्रैल, 2018 ई. तक प्रभावी रहेगी।

यह स्थिति विश्व में युद्धपरक वातावरण एवं अघटित घटनाओं, प्राकृतिक उत्पात, यान-दुर्घटनाओं एवं प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञों के लिए भयावह है। प्रकृति के दोहन से उपजित एवं अन्य पर्यावरण-सम्बन्धित समस्याएं विश्व में संकटमय स्थिति पर विचार करने के लिए विवश करेंगी।"

इस भविष्यवाणी के अनुसार 9 मार्च, सन् 2018 ई. को अमेरिका के 10 राज्यों में बर्फीला तूफान आया। 6 करोड़ लोग न्यूजर्सी में प्रभावित हुए और 2600 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। (पंजाब केसरी, 9 मार्च, 2018 ई.)

2. भारत के अन्तरिक्ष विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की भविष्यवाणी—सं. 2075 वि. के पंचांग, पृष्ठ 52, कॉलम 1/2 पर स्पष्ट भविष्यवाणी की गयी थी कि—

"गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत इस वर्ष किंवा आगामी वर्षों में अन्तरिक्ष विज्ञान (Space-Science) में आश्चर्यजनक प्रगति करेगा। जिसमें अन्य कुछ देश भी सहायकरूप में मददगार रहेंगे।"

इस भविष्यवाणी की सत्यता को समाचारपत्रों ने इस प्रकार प्रसारित किया—

ISRO continues to make India proud

It was yet another year of jubilation for Indian Space Research Organisation (ISRO) for it achieved a historic feat of having launched a massive 104 satellites using its Polar Satellite Launch Vehicle (PSLV).

इसके अतिरिक्त भारत की अन्तरिक्ष विज्ञान में प्रगति से चीन एवं पाक भी प्रभावित हुए हैं।

3. 12 अप्रैल, सन् 2018 ई. को हरिकोटा में I.R.N.S.S.-1 आई. का परीक्षण सफल, सदमे में चीन-पाक (पंजाब केसरी 13/4/18)

Space-Science की इस सफलता की भविष्यवाणी श्रीमार्त्तण्ड पंचांग में 4 जून, 2017 को की गयी थी, जोकि आश्चर्यजनक रूप से सत्य सिद्ध हुई।

4. पाक में शरीफ-सरकार का पतन एवं सत्ता-संघर्ष के लिए सेना के दखल की भविष्यवाणी—पंचांग पृष्ठ 51, कॉलम 1 पर पढ़ें—

"पाक की राशि कन्या में नीचाकांक्षी सूर्य की स्थिति एवं बुध का अतिचारी शुक्र के साथ मेल खराब स्थिति का संकेत देता है। प्रधान नेतृत्व पर सेना हावी रहेगी एवं सत्ता-संघर्ष से परिवर्तन के योग बनते हैं।"

5. क्षेत्रीय एवं प्रतिष्ठित राजनैतिक पार्टियों के एकीकरण की नीति एवं सत्तारूढ़ दल को अपदस्थ करने की साजिश की भविष्यवाणी—पृष्ठ 53, कॉलम 1 पर पढ़ें—

"राजनीतिक-क्षेत्रीय पार्टियों में सत्ता हथियाने की लालसा ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति को बढ़ा देगी। कुछ प्रधान पार्टियां आपसी तालमेल बनाकर आगे सत्ता के गलियारों में हलचल पैदा करेंगी।"

6. इस्लामिक आतंकवादग्रस्त देशों के बारे में की गयी भविष्यवाणी--पढ़ें पृष्ठ 51, कॉलम 1 पर—

"इस्लामिक आतंकवाद से पाक, अफगानिस्तान, इराक, लीबिया, तुर्की, सीरिया आदि में हालात बदतर होते जायेंगे। साथ ही चीन, उत्तरी कोरिया आदि कुछ प्रधान देश भी इस बुरी स्थिति के लिए कुप्रेरणा के स्रोत सिद्ध होंगे।"

यह सर्वविदित है कि—I.S.I. को समाप्त करने के लिए सीरिया पर ता. 14-4-18 को 100 से अधिक मिसाइल का प्रहार किया था, जिससे रूस आदि कुछ देशों द्वारा अघोषित युद्ध की स्थिति बन गयी थी।

7. "कश्मीर-समस्या एवं सीमा-प्रान्तों का हल, सहज सम्भव नहीं"—एतद्विषयक भविष्यवाणी पढ़ें, पृष्ठ 58, कॉलम 1 पर—

"संवत् 2075 वि. की गोचर ग्रहस्थिति कश्मीर की राशि तुला पर मंगलयुत **'शनि की दृष्टि'** होने से कश्मीर-समस्या का हल सहज सम्भव नहीं। इस जलते सीमाप्रान्त पर पाक की कुदृष्टि इस संवत् में भयावह स्थिति को जन्म दे सकती है। ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि—तिब्बत, कश्मीर एवं अन्य सीमान्त प्रदेशों पर भारत के साथ पाक- चीन जिस स्थिति को जन्म दे रहे हैं, वह भारत एवं विश्वजनीन शान्ति के लिए भयावह सिद्ध होगी।"

8. 28 फरवरी (सन् 2018 ई.) को 'जगद्गुरु श्री जयेन्द्र सरस्वती जी' महाराज (कांचीमठ) के स्वर्गवास बारे—मार्त्तण्ड पंचांग (सं. 2075 वि.), पृष्ठ 50, कॉलम 1 पर पढ़ें—

"13 जनवरी, 2018 ई. को शुक्र मकर राशि में आयेगा एवं 14 जनवरी को सूर्य भी मकर राशि में आकर शनि एवं केतु के साथ मेल करेगा। इस समय सूर्य, शुक्र, केतु पर मंगल की दृष्टि भी है। **इस समय किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का निधन हो।"**

9. श्रीमार्त्तण्ड पंचांग सं. 2075 वि. के पृष्ठ 50, कॉलम 1 पर निम्नांकित भविष्यवाणी पर ध्यान दें—

2 मई से मंगल मकर (उच्च राशि) में आकर राहु के साथ समसप्तकयोग बनायेगा। इसी मध्य 14/15 मई से 8 जून तक शुक्र-शनि का समसप्तकयोग चलेगा। फिर लगभग 6 नवम्बर, से 23 दिसम्बर, सन् 2018 ई. के लगभग शनि अपने शत्रुग्रह मंगल पर विशेष दृष्टि रखेगा। कहने का तात्पर्य यह है कि—उल्लिखित समयावधियों में विश्व के प्रमुख देशों में भारी उलट-फेर एवं अघटित घटनाओं किंवा **प्राकृतिक प्रकोप किंवा उग्रवादियों के जघन्य अपराधों से भारी अशान्ति बनेगी। इस समय जनता एवं शासकों को भी सुरक्षा की दृष्टि से सावधान रहना चाहिए—यह आवश्यक सूचना ग्रहगोचर के अनुसार दे देना उचित समझते हैं।**

ठीक, इस भविष्यवाणी के अनुसार 2 मई को अफगानिस्तान में 6.6 रियेक्टर का भूकम्प आया, जिसका प्रभाव उ.भारत में भी 10 मई तक अनुभव किया गया एवं इन्हीं दिनों मई में ही मौसम-विभाग ने महावात (भयंकर तूफान) की चेतावनी भी दी थी, तदनुसार भारत के मुम्बई, उ.प्र., राजस्थान, उ.खं., गुजरात आदि एवं कुछ अन्य प्रान्तों में भी (लगभग आधे हिन्दुस्तान में) भयंकर तूफान से सैकड़ों व्यक्ति इस प्राकृतिक प्रकोप से हताहत हुए। थाईलैण्ड, ताईवान, अमेरिका, जापान, चीन आदि में भी बाढ़, अग्निप्रकोप, तूफान आदि की दुःखद घटनाएं इन दिनों सामने आईं और भारी जान-माल की हानि हुई।

15 मई तक किंवा आगे भी इस तरह के प्राकृतिक प्रकोप का कहर, अग्निकाण्ड, वायुवेग से मकानों का ध्वस्त होना एवं वाहनों से मृत्यु आदि भयंकर परिणाम देखने को मिले। सरकारें भी इस प्रकोप को रोकने में असमर्थ रहीं।

10. श्री मार्त्तण्ड पंचांग सं. 2076 वि. पृ. 55 पर जगत् लग्नेश कुण्डली के आधार पर स्पष्ट भविष्यवाणी इस प्रकार की गयी थी—

वर्षेश लग्न में राहु एवं शनि की परिधि में ही सभी प्रभावी ग्रह हैं। अतः कुछ राष्ट्रों में प्राकृतिक आपदा (प्राकृतिक प्रकोप), अग्निकाण्ड, भयंकर तूफान, भूकम्प आदि से मई 2019 तक भारी जनधनहानि के योग बन रहे हैं।

तदनुसार अनेक राष्ट्रों एवं प्रान्तों में भयंकर समुद्री तूफान, जलप्रलय किंवा भयंकर प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ा।

11. श्री मार्त्तण्ड पंचांग संवत् 2076 वि. में पृष्ठ 57 पर कॉलम 1 पर कश्मीर में घटित सर्जिकल स्ट्राइक का संकेत निम्नांकित शब्दों में किया गया था एवं यूरोप में घटित प्राकृतिक आपदाओं का संकेत स्पष्ट लिखा था—

14 मार्च से संवत् 2076 वि. के अन्त तक सूर्य पर शनि-मंगल की दृष्टि एवं लगभग 22 मार्च से मकर राशि में शनि-मंगल का (लगभग 3 मई, सन् 2020 ई. तक) एक साथ रहना कहीं भयंकर युद्धाग्नि से विनाश का कारण बनेगा।

इन दिनों यूरोप में कहीं भयंकर प्राकृतिक आपदा, भूकम्प, अग्निकाण्ड, समुद्री तूफान आदि से जनधनहानि के योग भी बनते हैं। लगभग मार्च से मई 2020 ई. के मध्य किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त होने का संकेत मिलता है—सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

12. श्री मार्त्तण्ड पंचांग संवत् 2076 में राजनैतिक पार्टियों के गठबन्धन के बारे में जो लिखा था वह अक्षरशः सत्य सिद्ध हुआ है। पढ़ें, पृष्ठ 59 पर—

7 मार्च, 2019 ई. के बाद राहु-शनि की स्थिति के कारण भारत के विपक्षी

राजनैतिक गठबन्धन में पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व के स्वर अलग-अलग नजर आयेंगे, जिससे विपक्ष की योजनाएं निष्फल हो जाने के योग हैं। सत्तारूढ़ दल पुनः प्रभाव पकड़ेगा।

स्पष्ट है कि—भारत में गठबन्धन राजनैतिक योग बिखर गये और पुनः मोदी सरकार सत्तारूढ़ हो गयी है।

इसी भविष्यवाणी को संक्षेप में पुनः पृष्ठ 61 पर स्पष्ट किया गया था—

आपस में सिद्धान्त-विपरीत विचारधारा वाला गठबन्धन भाजपा को हानि तो पहुंचायेगा, लेकिन धराशायी न कर सकेगा, अन्ततः भाजपा सरकार बना सकेगी।

13. राजनैतिक 'महागठबन्धन' के बारे में 24 मई, 2018 ई. को श्री मार्त्तण्ड पंचांग सं. 2076 वि. में पृष्ठ 62/63 पर की गयी निम्नांकित भविष्यवाणी सटीक सत्य सिद्ध हुई। पढ़ें पृ. 62/63 पर—

बहुजन समाजपार्टी, समाजवादी पार्टी एवं बिहार के कुछ राजनैतिक दल तथा कांग्रेस—ये सब मिलकर सत्तापक्ष को घेरने के लिए 'महागठबन्धन' को प्राथमिकता देने की चर्चा में हैं। यद्यपि यह गठबन्धन सत्तापक्ष के लिए भारी मालूम देगा, लेकिन राजनैतिक मुद्दा इस महागठबन्धन के पास प्रबल न होने से तथा पार्टियों की सत्ता-लोलुपता, नेतृत्व में वरीयता आदि मुद्दे खींचतानभरे रहेंगे। आगे शनि-राहु एवं मंगल-शुक्र की स्थिति आगामी काल में शीघ्र ही मतभेद पैदा करके सत्तापक्ष को लाभ पहुंचा सकती है। क्योंकि अभी भारत में एक संघीय पार्टी का शासन सम्भव नहीं। क्योंकि मोदीविरोधी मुहीम में ठोस मुद्दे व कारगर रणनीति शनि-मंगल नहीं बनने देंगे। जोकि इनकी एकजुटता को प्रभावित करेगी।

14. श्री नरेन्द्र मोदी जी के बारे में 14 मई, 2018 में लिखित भविष्यवाणी अक्षरशः सत्य सिद्ध हुई है। पढ़ें संफ2076 का पंचांग पृ. 63 पर—

21 जनवरी, सन् 2019 ई. से श्री मोदी जी के धनस्थान में शनि-शुक्र का योग श्री मोदी को उत्साहवर्धक रहेगा, जोकि 29 मार्च, सन् 2019 ई. तक या आगे शीघ्र ही यश एवं राजनैतिक क्षेत्र में पुनः सफलता देगा।

15. 'जम्मू-कश्मीर' शीर्षक के अन्तर्गत कश्मीर में घटित वारदात भी सत्य घटित हो गयी है, हो भी रही है। पढ़ें सं. 2076 का पंचांग पृ. 64—

इस साल लगभग 11 अप्रैल से 10 अगस्त, 2019 ई. तक गुरु धनु राशि में वक्री चलेगा एवं 6 मई से लगभग 22 जून, 2019 ई. तक वक्र शनि का मंगल-राहु के साथ समसप्तक है। पाक-द्वारा कृत बहुत ही अशान्त स्थिति का सामना करना पड़ेगा। अनुभव होने लगेगा कि—बिना सैन्यसंघर्ष के इस समस्या का हल सम्भव नहीं है। आगे 24 सितं., 2019 ई. से संवत् 2076 वि. के अन्त तक की ग्रहस्थिति यहां उग्रवादियों द्वारा और भी भयंकर अघोषित युद्ध जैसा वातावरण बना सकती है—भगवान् ही रक्षा करें।

इस भविष्यवाणी के अनुसार भारत सरकार को सर्जिकल स्ट्राइक करने को मजबूर होना पड़ा है; यह इस भविष्यवाणी की सत्यता का ज्वलन्त प्रमाण है।

पाठको! स्थानाभाव के कारण इस वर्ष की सभी सफल भविष्यवाणियों की चर्चा नहीं कर पा रहे हैं, विद्वान् पाठक स्वयं ही मूल्यांकन करें।

मार्त्तण्ड पंचांग के माध्यम से की गयीं या की जा रहीं भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय जो आप हमें दे रहे हैं, वह सब पूर्वाचार्यों एवं ज्योतिषशास्त्र के मर्मज्ञ गुरुचरणों की कृपा ही है या जनता-जनार्दन के सौहार्द का परिणाम। हम उन पाठकों के आभारी हैं, जो विभिन्न प्रान्तों किंवा विदेशों से पत्राचार द्वारा भविष्यवाणियों की सफलता पर बधाई भेजकर हमें भावी वर्षों में ग्रहगतिजन्य संकेतों के आधार पर कुछ न कुछ लिखने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

संवत् 2077 वि. की ग्रहपरिषद् के अधिकारियों का विश्व पर प्रभाव

विज्ञान 'कार्य-कारण के सिद्धान्त' को ही प्राथमिकता प्रदान करता है। परन्तु असंख्य घटनाएं ऐसी हैं, जिनका कारण समझने एवं समझाने में चोटी के वैज्ञानिक भी अपने आपको सर्वथा असमर्थ पा रहे हैं। अतः सिद्धान्तों के व्यभिचारमात्र से ज्योतिष शास्त्र की वैज्ञानिकता का प्रतिवाद नहीं किया जा सकता। ज्योतिष चिरन्तन सत्यसिद्धान्तों पर आधारित एक विज्ञान है, जिसमें अभी अत्यधिक अनुसन्धान की आवश्यकता है।

जिस तरह पृथ्वी पर 'लोकतान्त्रिक राज्य' की स्थापना के लिए प्रधानमन्त्री आदि के चुनाव होते हैं और उन निर्वाचित व्यक्तियों के गुण-कर्म-स्वभाव-योग्यता का प्रभाव उनके अधिकृत क्षेत्रों एवं शासनतन्त्र पर पड़ता है, उसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से निर्मित आकाशीय शिशुमार चक्रस्थ ग्रहों की परिषद् में संसारचक्र

को चलाने के लिए प्रतिवर्ष दिव्य एवं अद्‌भुत शक्तिमती 'आकाशी कौंसिल' का निर्माण होता है। इस आकाशीय कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुरूप संसार में जो उलट-फेर एवं अघटित घटनाएं घटित होती हैं; इस घटनाचक्र को त्रिकालज्ञ दैवज्ञों द्वारा निर्दिष्ट संकेतों के आधार एवं वि. सं. 2077 की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार कुछ आगामी घटनाओं के बारे में यहां लिखने की चेष्टा कर रहे हैं।

संवत् 2077 वि. में वर्षारम्भ में बार्हस्पत्य मान से 'आनन्द' नामक संवत्सर है। इस संवत् को 'विक्रम' नाम से भी जाना जाता है। इसका फल 'बृहत् संहिता' में इस प्रकार लिखा है—

"विक्रमः सकललोक-नन्दनः।"

अर्थात्—देश में जनजीवन के स्तर में प्रगति होती है। जनता में आनन्दमय वातावरण रहे। देश में चहुंमुखी प्रगति हो। 'वर्षप्रबोध' के अनुसार 'आनन्द' नामक संवत्सर का फल इस प्रकार है—

"आनन्दाब्दे त्वखिला लोकाः सर्वदानन्द - चेतसः।
राजानः सुखिनः सर्वे बहुसस्यार्घवृष्टिभिः॥"

अर्थात्—प्रजा में प्रगतिप्रद योजनाओं से आनन्द-मंगल एवं उत्साह का वातावरण रहे। शासकों (राजनेताओं) को यशोलाभ हो। वर्षा समयानुसार पर्याप्त हो। खाद्य पदार्थ सुलभ हों।

'मेघ महोदयानुसार' 'आनन्द संवत्सर' का फल इस प्रकार है—

"आनन्दे गुरुः स्वामी, वर्षा बहुला, सुभिक्षं, मार्गशीर्षे लोकानां दक्षिण-दिशिगमनम्, फाल्गुने धान्यं समर्घम्॥"

पाठको! गतवर्ष संवत् 2076 वि. के पंचांग में पृष्ठ 54, कॉलम 1 की अन्तिम पंक्तियों में घोषणा की थी कि—

संवत् 2076 वि. की प्रारम्भिक गोचर ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि—स्वार्थपरक राजनीति से प्रेरित विपक्षीदल सत्तालोलुपता से ग्रस्त रहेंगे, जिससे सत्तारूढ़ दल भाजपा आदि नेतृत्व-क्षुब्ध रहेंगे। फिर भी विपक्षी दलों के लिए परिणाम आश्चर्यजनक रहेंगे; क्योंकि भारत का राजनैतिक परिदृश्य अप्रत्याशित करवट लेगा।

इस भविष्यवाणी के अनुसार विपक्षी दलों के लिए निर्वाचन-परिणाम अप्रत्याशित रहे हैं, यह सर्वविदित है।

संवत् 2077 वि. का राजा बालग्रह बुध है। इस वर्ष मायावी (मनस्यन्यत् वचस्ययन्त्) लोगों से प्रमुख नेतृत्व को सावधान रहना होगा। छल-कपट करने वाले लोगों का प्रभाव अधिक रहेगा। लेकिन शासनतन्त्र सफेदपोश गुप्त अपराधियों को उजागर करेगा। विधि-शास्त्री इस वर्ष गैरकानूनी गतिविधियों का खुलासा करेंगे। जनता-हितार्थ प्रधान नेता लुभावनी घोषणाएं करेंगे। लेकिन उन घोषणाओं एवं योजनाओं का कुछ व्यक्ति समुचित लाभ नहीं लेने देंगे। इस वर्ष राजनीति में मैत्री किंवा विरोध स्वार्थपरक लाभ से ही प्रेरित होंगे। 'वर्षप्रबोध' में संवत्सरेश 'बुध' का फल इस प्रकार लिखा है—

"बुधस्य राज्ये सजलं-महीतलम्,
गृहे गृहे तूर्य-विवाह - मंगलम्।
प्रकुर्वते दानदयां जनोऽपि-
स्वस्थं सुभिक्षं धन-धान्य-संकुलम्॥"

अर्थात्—वर्षा पर्याप्त हो। सत्पुरुष सत्कार्य में जन-हितार्थ व्यस्त रहें। जनता में बड़े उत्साहवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन हो।

संवत् 2077 वि. का मन्त्री पद चन्द्रमा को प्राप्त है। ध्यान रहे—बुध का चन्द्र शत्रु ग्रह है। लेकिन चन्द्र का बुध मित्र है। अतः इस वर्ष प्रधान नेतृत्व को कठोर पग स्वतः उठाने होंगे। चन्द्र स्त्री ग्रह एवं बुध नपुंसक ग्रह है। शासनतन्त्र को सुव्यवस्थित रूप से चलाने के लिए सर्वसम्मति से काम लेना होगा।

इस वर्ष बुध एवं चन्द्र—ये दोनों अधिकारी प्रधान राजनीतिज्ञों में अविमृश्यकारिता किंवा किंकर्तव्यविमूढ़ता की भावना पैदा करेंगे। लेकिन इस वर्ष का सस्येश गुरु एवं मेघेश सूर्य एवं धान्येश मंगल—ये सभी प्रखर शक्तिसम्पन्न ग्रह देश की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में सफल रहेंगे। देश में गरीबी एवं जाति-पाति के भेदभाव को नगण्य करने में सर्वजन-हिताय एवं सर्वजन-सुखाय का वातावरण बनाने में प्रदान नेतृत्व को बल प्रदान करेंगे।

गोचर ग्रहस्थिति से ज्ञात होता है कि—देश को विश्व के प्रमुख देशों की कोटी में स्थापित करने में संवत् 2077 से आगे का समय आश्चर्यजनक परिणामों वाला सिद्ध होगा।

इस वर्ष चन्द्र-बुध दोनों पदाधिकारी विरोधी पार्टियों को विपरीत बुद्धि प्रदान कर सकते हैं, परन्तु सभी विपक्षी देश के प्रमुख नेता श्री मोदी की नीति के

अनुरूप चलने पर विवश हो जायेंगे। देश के सभी राजनैतिक दल देश-हितार्थ कार्य करेंगे एवं अपना देश (भारत) प्रमुख देशों की कोटि में गिना जायेगा।

इस वर्ष रसेश शनि वर्षा की कमी से अनेक प्रान्तों में दुर्भिक्ष की स्थिति बना सकता है। विशेषत: कर्णाटक, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि में पेयजल-समस्या से सरकार को विशेष चिन्तित रहना होगा।

इस संवत् का सेनाधिपति (दुर्गेश) सूर्य होने से भारत सैन्यबल को सुसमृद्ध करके सर्वोपरि प्राथमिकता-सम्पन्न सशक्त देश बनेगा। **देश अन्तरिक्ष-विज्ञान में भी आश्चर्यजनक चमत्कारों से नवीन शस्त्रास्त्रों के परीक्षण से आश्चर्यजनक प्रगति करेगा।**

नोट—इस संवत् में शनि-मंगल-सूर्य की स्थिति जून से अगस्त तक देश में सम्प्रदायिक किंवा धार्मिक विषयों को लेकर वातवरण को क्षुब्ध कर सकतीहै, अत: शासनतन्त्र को सावधान रहना चाहिए।

संवत् 2077 वि. की गोचर ग्रहस्थिति एवं जगत्-लग्नकुण्डली की ग्रहस्थिति के अनुसार सांसारिक घटनाओं पर एक नज़र

गतवर्ष की वर्षेश कुण्डली की ग्रहस्थिति के अनुसार हमने स्पष्ट घोषणा की थी, जो इस प्रकार थी—

संवत् 2076 वि. की प्रवेशकालीन ग्रहस्थिति के अनुसार कर्क लग्न में संवत् का प्रारम्भ भारत के पूर्वी प्रान्तों में सुख-समृद्धि का संकेत देता है। उत्तर दिशा में प्राकृतिक आपदा किंवा उग्रवादजन्य अशान्ति एवं कश्मीर आदि में उग्रवादजन्य परेशानी, सीमा-प्रान्तों पर युद्धात्मक स्थिति से अशान्ति रहेगी। पश्चिम में अनेकत्र दुर्भिक्ष एवं पेयजल-समस्या से शासन चिन्तित रहेगा।

गतवर्ष की इस ग्रहस्थिति का प्रभाव कश्मीर, चीनी सरहद पर सैन्यसंघर्ष आदि के रूप में स्पष्ट हो चुका है।

अब संवत् 2077 वि. की वर्षेश कुण्डली के अनुसार—वर्षेश लग्न का उदय तुला लग्न में हुआ है। लग्नेश शुक्र अष्टम भाव में वृषस्थ (अपनी राशि) में स्थित है और शुक्र पर नीच गुरु की दृष्टि भी है। अत: नये-नये प्रगतिप्रद आयामों को सफल सिद्ध करने में प्रधान नेता को कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा।

साथ ही वर्षेश कुण्डली के चतुर्थ भाव (सहयोगी राजनैतिक दलों के सहयोग सूचक भाव) में **नीच गुरु एवं शनि-मंगल की स्थिति से स्पष्ट संकेत मिलता है कि—भारत की प्रभाव राशि मकर में क्रूर ग्रहों की स्थिति काफी कठिन परिस्थितियों को उपस्थित करने वाली है। संवत् के शुरु से 3 मई सन् 2020 ई. तक एवं आगे 13 मई को गुरु के वक्रत्व काल में लगभग अगस्त तक के समय में धार्मिक एवं साम्प्रदायिक कलह से सचेत रहना होगा।**

वर्षेश कुण्डली में सभी ग्रह राहु एवं केतु से घिरे और संवत्सर के मन्त्री चन्द्र की परिधि में हैं। अत: **इस वर्ष कुछ राष्ट्र भूकम्प, तूफान, अग्निकाण्ड आदि प्राकृतिक आपदा से भयंकर जन-धनहानि की चपेट में आ सकते हैं। यह स्थिति मई से सितम्बर के मध्य सम्भव है।**

वर्षेश कुण्डली में उच्चस्थ सूर्य पर उच्च मंगल की दृष्टि आर्थिक क्षेत्र में राष्ट्रीय गरिमा की दृष्टि से **(मकर राशि प्रधान) भारत की गरिमा उत्तरोत्तर प्रगतिपथ पर रहेगी।**

जगत् लग्नेश (शुक्र) स्वस्थ है एवं इस पर गुरु की दृष्टि भी है, अत: मकर प्रभाव राशि भारत अनेक कठिनाइयों एवं विरोधी स्वरों के बावजूद विश्व के अग्रणी देशों में मान्यता प्राप्त करेगा;—

**"निजोच्चे निजवर्गे वा शुभ: पापोऽपि वा भवेत्।
बलवान् दोषविच्छेत्ता हरिरेको यथा गजान्॥"**

वर्षेश कुण्डली के अनुसार इस वर्ष आषाढ़, श्रावण, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष एवं माघ मास विश्व के देशों में विशेष घटनापूर्ण रहेंगे। अत: इन मासों में भूकम्प, तूफान आदि प्राकृतिक प्रकोपों एवं उग्रवादजन्य नेष्ट घटनाओं से सावधान रहना चाहिए।

जगत् लग्नकुण्डली के अनुसार उत्तर दिशा में प्राकृतिक आपदा एवं उग्रवादियों द्वारा जनधन-हानि की घटनाएं सम्भव हैं। पश्चिमी भूभाग पर अनेकत्र दुर्भिक्ष एवं पेयजल-समस्या से परेशानी रहे। पूर्वी प्रान्तों में सुख-समृद्धि रहे।

संवत् 2077 वि. में जगत् लग्नगत शनि, मंगल, राहु के विचार से भारत के

सम्बन्ध विश्व के अनेक राष्ट्रों से सुधरेंगे, लेकिन प्राकृतिक आपदाओं का भय ग्रहस्थिति के अनुसार फिर भी सम्भव ही है।

जगत् लग्न की प्रवेशकालीन ग्रहस्थिति पर चिन्तन करने से भारत की प्रभाव राशि मकर का स्वामी शनि स्वस्थ तो है, लेकिन नीच गुरु एवं मंगल की सन्निधि में होने से चीन, पाक आदि के साथ सुखद सम्बन्ध बनाने में अभी समय लगेगा। **अपि च**—भारत की पश्चिमोत्तर सीमाओं एवं द.भूभाग में उग्रवाद किंवा भयंकर आपदा से जनधनहानि का भय है–

> "मारिर्दक्षिण-देशे स्यात् तथा बंगेप्युपद्रवः।
> लोके दुःखं विजानीयात् पश्चिमे ननु विग्रहः॥"

संवत् 2077 वि. की ग्रहस्थिति का यूरोप के देशों पर प्रभाव (एक संक्षिप्त सर्वेक्षण)

यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. 1
(1 जनवरी से 31 दिसम्बर, सन् 2020 ई. तक)

यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. 1 में चतुर्थ भाव में पंचग्रही योग और शनि-सूर्य-बुध-गुरु एवं केतु का राहु के साथ समसप्तकयोग यूरोपीय देशविशेष में अघटित घटनाओं को जन्म देगा। अणुशस्त्र, सीमाविवाद, शस्त्रास्त्रों की मारक क्षमताजन्य उन्माद एवं शक्ति-सम्पन्नता-प्रदर्शन से हालात बिगड़ेंगे। यूरोप के देशों में विचार- वैमनस्य से द्विधाविभक्त किंवा विशेष ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति घातक रहेगी, इससे विश्वशान्ति को भी खतरा पैदा हो सकता है।

यूरोपीय देशों की कुण्डली (1)
(1 जन. से 31 दिसं., सन् 2020 तक)
(मध्यरात्रि 0 घं. 00 मि.)

7, 5, 8 मं., 6, 4, 9 गु. श. बु. के. सू., 3 रा., 10 शु., 12, 2, चं. 11, 1

इंग्लैण्ड, आयरलैण्ड, सिन्ध के भाग, अमेरिका, फ्रांस आदि में गुटबाजी एवं चीन, रूस, जर्मनी किंवा जापान आदि में परस्पर शस्त्रास्त्रों की होड़ से पंचग्रहीयोग वातावरण को खराब करेगा।

24 जनवरी, 2020 ई. से शनि-सूर्य का मकर राशि में लगभग 12 फर. तक एक साथ होना भी विश्वशान्ति के लिए भयावह है।

14 मार्च से संवत् 2076 वि. के अन्त तक सूर्य पर शनि-मंगल की दृष्टि एवं लगभग 22 मार्च से मकर राशि में शनि-मंगल का (सं. 2077 वि. में लगभग 3 मई, सन् 2020 ई. तक) एक साथ रहना कहीं भयंकर युद्धाग्नि से विनाश का कारण बनेगा—

> **"मकरस्थो यदा भौमः क्रूरग्रह-समन्वितः।**
> **त्रिभागशेषा पृथिवी मांस-शोणितकर्दमैः॥"**

इन दिनों यूरोप में कहीं भयंकर प्राकृतिक आपदा, भूकम्प, अग्निकाण्ड, समुद्री तूफान आदि से जनधनहानि के योग भी बनते हैं। लगभग मार्च से मई 2020 ई. के मध्य किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त होने का संकेत मिलता है—सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. (2)
(1 जनवरी से 31 दिसम्बर, सन् 2021 ई. तक)

यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. (2) की ग्रहस्थिति के अनुसार शुक्र-केतु एवं राहु के अर्धवलय में ग्रहबाहुल्य होने से सशक्त यूरोपीय देशों की अस्मिता कहीं युद्धात्मक स्थिति बना सकती है। इस कुण्डली में गुरु के क्षेत्र में **'बुधादित्य योग'** एवं शनियुत नीचस्थ गुरु की स्थिति में अशान्त वातावरण एवं उग्रवादजन्य अपराधों से मुक्त होने में अनेक राष्ट्रों का सहयोग तो प्राप्त होगा, लेकिन कुछ शस्त्रास्त्र-परीक्षण से सम्बन्धित मसले अशान्ति का कारण भी बनेंगे। जिससे विश्वव्यापी उग्रवाद के पोषक तत्त्वों को सबक भी मिलेगा।

कुण्डली नं. 2 की कुछ दिन पूर्व की ग्रहस्थिति से पूर्ववर्ती वातावरण अधिक चिन्तनीय मालूम देता है। कोरिया, पाक, चीन, रूस, ईरान आदि देश अमेरिका के प्रभुत्व को क्षीण करने के लिए ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, उ.कोरिया किंवा चीन आदि द्वारा सुदूर मारक शस्त्रास्त्रों के परीक्षण से वातावरण को अशान्त कर सकते हैं। भारत की भूमिका इस क्षण में प्रशंसनीय रहेगी।

अमेरिका इस वर्ष ईरान, अफगानिस्तान आदि में संघर्षात्मक रुख अपना सकता है, लेकिन स्थिति को गुरुग्रह संयत रखेगा, फिर भी कुछ देश शस्त्रास्त्रों के निर्माण को गुप्तरूप से जारी ही रखें।

यह वर्ष कहीं युद्धात्मक स्थिति, प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प, अग्निकाण्ड, तूफान व अन्यविध प्राकृतिक प्रकोप से यूरोप में जनधनहानि करे, ऐसी ग्रहस्थिति दृष्टिगोचर हो रही है।

प्रकृति के दोहन एवं पर्यावरण-सम्बन्धित समस्याएं भी विश्व के यूरोपीय देशों को संकटमय स्थिति का समाधान ढूंढ़ने के लिए विवश कर देंगी।

परिणामस्वरूप, उ. कोरिया, चीन, पाक, ईरान आदि अन्य मुस्लिम देश शस्त्रों की मारक-क्षमता को बल देने वाले हथियारों के निर्माण में लगे रहेंगे। इस कुण्डली नं. 2 के अन्तिम चरणों की ग्रहस्थिति एवं आगे की ग्रहस्थिति तो विश्वशान्ति को क्षुब्ध करने वाली ही है। सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

संवत् 2077 वि. में मुस्लिम राष्ट्रों के हालात

मुस्लिम देशों की कुण्डली (नं. 1)

हिजरी सन् 1441 (1 मुहर्रम)

भाद्रपद शुक्ल द्वितीया, रविवार, तदनुसार 1 सितम्बर, सन् 2019 ई. को मुहर्रम (मुस्लिम हिज़री सन् 1441) प्रारम्भ होगा। इस हिज़री सन् का बादशाह सूर्य है। ग्रहस्थिति के अनुसार ईरान, इराक, पाक के क्षेत्र बलूचिस्तान, पाक-अधिकृत कश्मीर आदि में भयंकर अशान्ति का वातावरण बनेगा।

मुस्लिम देशों की कुण्डली (1)
हिज़री सन् 1441 (1 मुहर्रम)

12
10
1
11
9 के. श.
2
8 गु.
3 रा.
5 सू. शु. बु. मं.
7
4
6 चं.

1 सितम्बर, सन् 2019 ई., रविवार, 18 घं. 42 मि. (सूर्यास्तसमय) (I.S.T.)

कन्या राशि में स्थित चन्द्र पर शनि की विशेष दृष्टि है, अतः पाकिस्तान में गणतन्त्र का स्वप्न साकार न होकर उग्रवादजन्य एवं सैन्यजनित दमनतन्त्र ही रहेगा। पाक के कुछ क्षेत्र हवाई हमलों, निर्दोषों की हत्याओं और दमन के परिणामस्वरूप पाक से अलग होने का आह्वान भी करेंगे, जिसकी कीमत पाक को आगामी कुछ ही समयावधि में चुकानी पड़ेगी।

मुस्लिम देशों की कुण्डली (नं. 1) में कुम्भ राशि पर मंगल एवं शनि की दृष्टि है, अतः सीरिया पर जो जघन्य प्रहार हो रहे हैं, उसका परिणाम अघोषित विश्वव्यापी अशान्ति के रूप में देखा जायेगा। परिणामस्वरूप, अमेरिका, ब्रिटेन, जापान एवं रूस, चीन आदि में परस्पर युद्धोन्माद पैदा होने के आसार हैं। परिणाम मानव-जीवन के लिए चिन्तनीय होगा।

17 सितम्बर, 2019 ई. तक शनि के वक्रत्वकाल में मुस्लिम-राष्ट्रों में उलझनें बढ़ेंगी।

लगभग 24 सितम्बर, 2019 ई. के बाद शनि-मंगल का दशम-चतुर्थसम्बन्ध और मिथुनस्थ राहु-चन्द्र पर शनि की दृष्टि मुस्लिम राष्ट्रों के लिए भयावह है। आश्विन शुक्ल सप्तमी शनिवारी होने से सीरिया, ईरान, पाक आदि में हत्याकाण्डों का संकेत मिलता है—

**"सप्तम्यां शनियुक्तायां सिते पक्षे यदाश्विने।
मूले वा धनिष्ठायां जगतो नाशकारणम्॥"**

10 नवं., सन् 2019 ई. तक शनि-मंगल का दृष्टिसम्बन्ध एवं 29 अक्तूबर, 2019 ई. से गुरु-शनि के एकत्र होने पर साऊदी अरब, अफ्रीकन देश, सीरिया, पाक-अधिकृत कुछ क्षेत्रों में भयंकर अशान्ति बढ़ेगी।

7 फरवरी, सन् 2020 ई. से आगे संवत् 2076 वि. के अन्त तक की ग्रहस्थिति एवं आगे शनि-मंगल के एकत्र होने से मुस्लिम-राष्ट्रों में कहीं भयंकर राजनैतिक उथल-पुथल, उग्रवादजन्य हत्याकाण्ड, सेना के अत्याचार आदि से अशान्ति रहे। कहीं प्रधान नेता के अपदस्थ होने या हत्या किंवा कहीं भयंकर प्राकृतिक प्रकोप से जनधन-हानि के योग हैं।

मुस्लिम देशों की कुण्डली (नं. 2)

हिजरी सन् 144२ (1 मुहर्रम)

संवत् 2077 वि. में भाद्रपद शुक्ल पक्ष तृतीया, शुक्रवार, तदनुसार 21 अगस्त, सन् 2020 ई. को 1 मुहर्रम, हिजरी सन् 1442 का आगाज होगा। इसलिए इस हिजरी सन् का बादशाह शुक्र होगा।

शुक्रवारी गुर्रा होने से महंगाई उत्तरोत्तर बढ़ेगी। घी, गुड़, खाण्ड आदि में विशेष तेजी रहे। जून से अगस्त के अन्त तक साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ेगा। उपद्रव ग्रस्त क्षेत्रों

से जनता स्थानान्तरण करने को विवश हो। रोग एवं प्राकृतिक आपदाओं से जनजीवन त्रस्त रहे।

मुस्लिम देशों की कुण्डली (2)
हिज़्री सन् 1442 (1 मुहर्रम)

12 | श. 10 | 1 मं. | 11 | 9 गु. के. | 2 | 8 | 3 शु. रा | 5 सू. बु. | 7 | 4 | 6 चं.

21 अगस्त, सन् 2020 ई., शुक्रवार, 18 घं. 54 मि. (सूर्यास्त समय) (I.S.T.)

कुण्डली नं. (2) में लग्नेश शनि व्यय स्थान में मंगल के साथ दशम-चतुर्थ-सम्बन्ध में होने से ईरान, पाक में मौजूद उग्रवाद के स्वयंभू नेताओं के लिए भयावह स्थिति बने। भारत की प्रभाव राशि मकर में शनि स्वस्थ होने से भारत का प्रभावक्षेत्र बढ़े। मुस्लिम राष्ट्रों पर विशेष शान्त्यर्थ प्रयास होते रहेंगे।

भारत की प्रभाव राशि के प्रबल एवं मंगल के स्वस्थ होने से भारत अपने शत्रुभूत मुस्लिम राष्ट्रविशेष को हतप्रभ कर देगा। लेकिन कश्मीर के अंगभूत गिलगित, बाल्टिस्तान एवं पाक के पख्तूनिस्तान आदि में तथा सीमाप्रान्तीय विवादों पर भारत का पाक एवं चीन के साथ परस्पर विवाद उग्ररूप धारण कर सकता है।

गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार कूटनीति किंवा युद्धात्मक स्थिति से ही कश्मीर की समस्या का हल सम्भव है।

कुण्डली नं. 2 के सप्तम भाव में 'बुधादित्य योग' तो श्रेष्ठ है, लेकिन **बुध पाक की प्रभावराशि कन्या का स्वामी है। कन्या राशि पर गुरु की दृष्टि भी है। अतः मुस्लिम राष्ट्रनायकों की नीति एवं भारत के साथ व्यवहार में सुधार सम्भव है।**

20 फरवरी, 2020 ई. के बाद संवत् के अन्त तक की ग्रहस्थिति, षड्ग्रही योग एवं राहु-मंगल का एक-राशिसम्बन्ध पाक, अफगानिस्तान, पख्तूनिस्तान, गिलगित, कश्मीर आदि में चिन्तनीय स्थिति बनेगी। इस दौरान प्राकृतिक प्रकोप एवं अनेकत्र उग्रवादजन्य अपराधों से जनधनहानि के योग हैं।

संवत् 2077 वि. की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत एवं भारत-सरकार में घटित होने वाले घटनाचक्र का आकलन

सभी शुभाशुभ घटनाएं मनुष्य की पहुंच से बाहर समझी जाती हैं, लेकिन जो रहस्य साधारणतः इन्द्रियों की पहुंच से बाहर हैं अथवा भूत-भविष्य के गर्भ में निहित हैं, वे ज्योतिषशास्त्र द्वारा प्रत्यक्ष जान लिये जाते हैं। हमारे ऋषियों ने वेद-चक्षु इस ज्योतिषशास्त्र की रचना की है, जोकि भारत के लिए गौरव की बात है—

"ज्योतिषामयनं साक्षाद् यत्तद्ज्ञानमतीन्द्रियम्।
प्रणीतं भवता येन पुमान् वेद परावरम्॥"—(श्रीमद्भागवतपुराण)

इस प्रकार जगत्पिता की अदृश्य, अलौकिक शक्ति ग्रहों के आकर्षण-विकर्षण के आधार पर ब्रह्माण्ड को प्रभावित करती है, संचालित करती है। ग्रहगतिजन्य इस परिणाम को हम **"भवितव्यता"** किंवा **"ईश्वरेच्छा"** कहकर स्वीकार करते हैं।

स्वतन्त्र भारत का 73वां वर्ष

(15 अगस्त, सन् 2019 ई. से 14 अगस्त 2020 तक)

स्वतन्त्र भारत का 73वां वर्ष
15 अग., 2019 ई., 11 घं. 0 मि. (I.S.T.)

8 गु. | 6 | 9 श. के. | 7 | 5 मं. | 10 चं. | 4 सू.शु. बु. | 11 | 1 | 3 रा. | 12 | 2

स्वतन्त्र भारत के 73वें वर्ष की ग्रहस्थिति के आधार पर शनि-राहु का समसप्तक एवं सूर्य-शुक्र का शनि के साथ षडष्टकयोग देश के प्रतिष्ठित गण्यमान्य नेतृत्व के लिए परेशान करने वाला है।

30 अगस्त, 2019 ई. के लगभग वक्री शनि पू.षा. नक्षत्र में प्रवेश करके राहु से प्रभावित होने से किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति विशेष का पद रिक्त करे—ऐसा योग है।

10 सितम्बर, 2019 ई. को शुक्र-बुध पर शनि की विशेष दृष्टि होने से पड़ोसी देश-विशेष में शासनसत्ता में विशेष रद्दोबदल हों एवं वहां आन्तरिक अशान्ति से अघोषित सिविलवार जैसी स्थिति बन सकती है, जिससे भारत भी अशान्त रहे।

इस वर्ष भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा शनिवारी होने से कहीं प्रतिष्ठित व्यक्ति के निधन से सत्ता में परिवर्तन के योग भी हैं—

"अथवा दैवयोगेन शनिवारो भवेद्यदि।
छत्रभंगं प्रजापीडां दुर्भिक्षं च समादिशेत्॥"

इन दिनों लगभग 11 सितम्बर को राहु के आर्द्रा-चतुर्थ चरण में आने पर कहीं भयंकर प्राकृतिक प्रकोप (अवर्षण या अतिवर्षण आदि) से भारी हानि भी सम्भव है—

"प्लावयन्ति महीं सर्वां रुधिरेण जलेन वा।"

17 सितम्बर, सन् 2019 ई. को सूर्य कन्या में आकर मंगल, सूर्य, शनि की विशेष दृष्टि में आ रहा हैं। आश्विन तृतीया को मंगलवार एवं सप्तमी को शनिवार होने से कहीं भयंकर अग्निकाण्ड से हानि हो एवं महंगाई उत्तरोत्तर बढ़े, पाक आदि के कुछ क्षेत्रों पर ब्लूचिस्तान, गिलगित आदि में राजनैतिक हत्याकाण्ड हो—

"आश्विने हि तृतीयायां भौमवारो यदा भवेत्।
तदा त्वग्निभयं भूम्यामन्नादीनां महर्घता॥"

किञ्च—

"सप्तभ्यां शनियुक्तायां सिते पक्षे यदाश्विने।
मूले वा धनिष्ठायां जगतो नाश-कारणम्॥"

गोचर ग्रहस्थिति-वश अगस्त/सितम्बर में भारी रोगविशेष से जनता में परेशानी भी बनेगी।

29 अक्तूबर, सन् 2019 ई. को गुरु मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में आकर शनि के साथ एक-राशिसम्बन्ध बनायेगा एवं शनि-मंगल का दशम-चतुर्थसम्बन्ध 10 नवम्बर, 2019 ई. तक चलेगा। परिणामस्वरूप, अनेकत्र खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी एवं कहीं धार्मिक उन्माद, साम्प्रदायिक दंगे, सीमाप्रान्तों एवं अन्य सरहदी इलाकों में भी उग्रवादजन्य हत्याकाण्डों से हानि होने के योग हैं—

"यदा जीवयुतो मन्दो जीवाद् वा सप्तमे स्थितः।
तदा प्रजा विनश्यन्ति भूपश्चान्न-परिक्षयः॥"

21 नवम्बर, सन् 2019 ई. को शुक्र धनु राशि में आकर गुरु-शनि-केतु के साथ मेल करेगा। यह योग भी देश एवं प्रमुख शासकों के लिए कष्टप्रद रहेगा—

"गुरु-शुक्रौ यदैकस्थौ नरयुद्धं तदा भवेत्।"

26 दिसम्बर, 2019 ई. के लगभग षड्ग्रही-योग विश्व के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के लिए भयावह परिस्थितियों को लेकर आ रहा है—

"षड्ग्रहा घ्नन्ति समस्त-भूपान्।"

26 दिसम्बर से एक मास के अन्दर विश्व में किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त एवं कहीं राजनैतिक उथल-पुथल होने का योग है।

24 जनवरी, सन् 2020 ई. को शनि मकर राशि में आकर सूर्य के साथ 12 फरवरी तक एक-राशिसम्बन्ध बनायेगा। मकरस्थ शनि का फल इस प्रकार लिखा है—

"पृथ्वीशाः क्रोधपूर्णाः भवति पथिभयं सर्व-रोगाद् विनाशः।
चिन्तास्थानं नृपाणां भवति सति बले सूर्यपुत्रे मृगस्थे॥"

राजनीतिज्ञ परस्पर वैमनस्य में उलझें, रास्ते में स्नैचिंग, चोरी आदि की घटनाएं अधिक हों, अनेकविध रोगों से हानि हो। शासक प्राकृतिक आपदाओं किंवा अन्य प्रकार की समस्याओं से परेशान रहें।

जनवरी के अन्तिम सप्ताह से 15 फरवरी, सन् 2020 ई. तक कहीं वायु का प्रकोप, अग्निकाण्ड एवं शनि के उदय होने पर "नृप-युद्ध-बुद्धिः" प्रमाणानुसार कहीं युद्ध आदि से भारी हानि के योग बनते हैं।

मकर राशि भारत की प्रभाव राशि है। **इस राशि में शनि की 13 फरवरी तक स्थिति एवं लगभग 22 मार्च, सन् 2020 ई. से मई, 2020 ई. के प्रथम सप्ताह तक शनि-मंगल का एक राशि-सम्बन्धविश्वव्यापी अशान्ति का कारण बनेगा— "युद्धदौ शनि-माहेयौ तथा दुर्भिक्षकारकौ।"** इस समयावधि में कहीं व्यापक युद्ध की आहट सुनाई देने लगेगी और अनेकत्र प्राकृतिक प्रकोप, उग्रवादजन्य अशान्ति, भूकम्प किंवा दुर्भिक्ष आदि से जनता स्थानान्तरण करने को विवश होगी।

स्वतन्त्र भारत का 74वां वर्ष

(14 अगस्त, सन् 2020 ई. से सं. 2077 वि. के अन्त तक)

स्वतन्त्र भारत के 74वें वर्ष की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत की प्रभाव राशि मकरस्थ शनि की मीन राशिस्थ मंगल पर दृष्टि आर्थिक और सामाजिक अनेक समस्याओं को जन्म देने वाली है, लेकिन लग्नस्थ गुरु-केतु सभी समस्याओं को हल करेंगे, क्योंकि केन्द्रस्थ केतु केन्द्रेश गुरु के साथ है—

"यदि केन्द्रे त्रिकोणे वा निवसेतां तमोग्रहौ।
नाथेनान्यतरेणापि सम्बन्धाद् योगकारकौ॥"

लेकिन गुरु-केतु का शुक्र-राहु के साथ समसप्तक होने से अनेक राष्ट्रीय समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, पुनरपि स्वतन्त्र भारत के 74वें वर्ष की कुण्डली में नवमेश सूर्य एवं दशमेश बुध का 8वें भाव में

'बुधादित्य योग' प्रधान नेता द्वारा प्रभावशाली ढंग से सभी वर्गों का विश्वास जीतकर समस्याओं का समाधान करने में सफल करता है।

गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत के अन्तरिक्ष विज्ञान में विश्व के प्रतिष्ठित देशों में अग्रणी कोटी में आने के योग हैं। अमेरिका, जापान, चीन आदि प्रतिष्ठित देश भी भारत की प्रभुसत्ता से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेंगे।

श्री मोदीजी के प्रधान-मन्त्रित्वकाल में भारत सबसे तेज विकास वाला प्रगति-प्रद देश रहेगा। लेकिन औद्योगिक चाल को सुचारु, सुव्यवस्थित रखने में काफी प्रयास करने होंगे। अनेक देशों द्वारा भारत में औद्योगिक निवेश से भारत में बेरोजगारी घटेगी एवं भारत एक समृद्ध एवं सशक्त देशों की कोटि में नजर आयेगा, यह गर्व की बात होगी। समर्थ शक्तिशाली देशों में भारत की स्थिति से सभी वर्ग लाभान्वित होंगे।

मकरस्थ शनि की स्वतन्त्र भारत की प्रारम्भिक अवस्था में सूर्य-बुध के साथ सम-सप्तक होने से मकरस्थ शनि का फल इस प्रकार अनुभव होगा—

" पृथ्वीशाः क्रोधपूर्णाः भवति पथिभयं सर्वरोगाद्विनाशः।
चिन्तास्थानं नृपाणां भवति सति बले सूर्यपुत्रे मृगस्थे॥"

74वें वर्ष के प्रारम्भ में विपक्षी दल शासनतन्त्र में बाधक रहें। देश में चिकित्सा-व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना होगा। रास्ते में चोर-उचक्कों को भी नियन्त्रित करना होगा। इन स्थितियों में देश को प्राथमिक दृष्ट्या सुनियन्त्रित करना होगा।

अग. सन् 2020 ई. के लगभग से शनि-मंगल की दृष्टि और दशम-चतुर्थ-सम्बन्ध होने से भारत में हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखण्ड आदि में कहीं भयंकर प्राकृतिक आपदा से जनधनहानि सम्भव है, भगवान् रक्षा करें।

इस संवत् के कठिन क्षण—

इस संवत् की प्रारम्भिक ग्रहस्थिति के अनुसार 25 मार्च से 4 मई तक एवं 18 जून, 2020 ई. से 15 अग. तक, आगे 4 अक्तू. से 24 दिसम्बर, 2020 ई. तक एवं फर., सन् 2021 ई. से संवत् 2077 वि. के अन्त तक की ग्रहस्थिति अनेकत्र भीषण प्राकृतिक प्रकोप, सुनामी, भूकम्प एवं धार्मिक/सामाजिक उपद्रव किंवा उग्रवादजन्य हत्याकाण्ड का संकेत देती है। इस समय अनेक देशों में घटित इस घटनाचक्र से शासनतन्त्र भी असमर्थ अनुभव करेगा।

संवत् 2077 वि. की गोचर ग्रहस्थिति का भारत पर प्रभाव

पाठको! ग्रहगतिजन्य प्रभाव से प्रताड़ित समस्त ब्रह्माण्ड, देश-समाज एवं व्यक्ति की स्थिति ठीक उस तिनके की भाँति ही अनुभव की गयी है, जो वायुवेग से प्रताड़ित होकर अपने अस्तित्व को खोकर इधर-उधर भागता फिरता है। 'नैषधचरित' में स्पष्ट लिखा है—

"अवश्य भव्येष्वनवग्रह ग्रहा यया दिशा धावति वेधसः स्पृहा।
तृणेन वात्येव तयानुगम्यते लोकस्य चित्तेन भृशाऽवशात्मना॥"

—*(नैषधचरित)*

यह बात भी नितान्त सत्य है कि—ग्रहों की प्राकृतिक व्यवस्था में तनिक भी रूपान्तरण होने से दिग्दाह, उल्कापात, भूकम्प, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, युन्द्र, महामारी, अराजकता आदि उपद्रवों से संसार त्रस्त हो जाता है। अतः स्पष्ट है कि—आकाशीय पिण्डों (ग्रहों) का विश्वजनीन घटनाचक्र से कुछ सम्बन्ध अवश्य है—इस तथ्य को वैज्ञानिक, विचारक एवं बुद्धिजीवियों का एक बड़ा वर्ग स्पष्ट स्वीकार करता है।

ग्रहगतिजन्य संकेतों का अध्ययन करके हम मनीषी-महर्षियों के द्वारा निर्दिष्ट सिद्धान्तों के अनुसार भारत की राजनीति एवं अन्य पड़ोसी देशों के साथ सम्बन्धों पर अपने विचार लिखने की चेष्टा कर रहे हैं। विद्वज्जनों के आशीर्वाद की याचना है, क्योंकि ग्रहगतिजन्य संकेतों को ठीक-ठीक पकड़ने में अनेकदा चूक भी हो सकती है। विद्वज्जन स्वयं संकेत को सुधारकर हमें आशीर्वाद दें—प्रार्थना है।

संवत् 2076 वि. में चैत्र कृष्ण अमावस, मंगलवार, तदनुसार 24 मार्च, सन् 2020 ई. को उ.भा. नक्षत्र, ब्रह्म योग एवं मीनस्थ चन्द्र के समय 14 घं. 58 मि. पर संवत् 2077 वि. का शुभारम्भ कर्क लग्न में होगा।

संवत् 2077 वि. की प्रवेशकालीन कुण्डली

5; 3 रा.; 6; 4; 2; 7; 1 शु.; 8; 10 श.मं.; 12 चं.; 9 गु. के.; 11 बु.

24 मार्च, सन् 2020 ई., 14 घं.58 मि. (I.S.T.)

स. 2077 वि. की वर्षप्रवेश-कुण्डली में सभी ग्रह राहु-केतु के मध्य होने से यह वर्ष कठिन परिस्थितियों वाला तो रहेगा ही, लेकिन केतु के साथ स्थित गुरु की दृष्टि राहु पर भी है एवं गुरु की नवमभावेश होकर

मीन पर विशेष (पाद) दृष्टि है। अतः तथाकथित 'कालसर्प योग' यहां नगण्य रहेगा—

"गुरु पूर्णदृष्टो ग्रहो नाऽनिष्ट-फलदः।"

कर्क लग्न पर शनि एवं मंगल की पूर्ण दृष्टि भी है। यह दृष्टिसम्बन्ध लगभग 3 मई तक प्रभावी रहेगा। यह समय देश की पुरातन एवं देशहित के विपरीत नयी परिस्थितियों को दूर करने के लिए कठिन परिस्थितियों का संकेत देता है।

भारत की प्रभाव राशि मकर में स्थित शनि की दृष्टि नवमभाव में स्थित सूर्य पर है, अतः प्रधान नेतृत्व के लिए यह समय सुरक्षा-व्यवस्था की दृष्टि से विशेष सावधानी का है।

दशमेश मंगल उच्चस्थ होने से देश में नये आयाम, नयी योजनाएं एवं विदेशी निवेश एवं भारतीय औद्योगिक प्रगति का संदेश देता है। गोचर ग्रहस्थिति से स्पष्ट है कि—भारत की राजनीति से मुस्लिम राष्ट्रविशेष की मित्रता किंवा विरोध सामयिक लाभ से ही प्रेरित रहेगा। **इस वर्ष शनि-मंगल-सूर्य एवं शुक्र की स्थिति वर्ष के मध्य उत्तर एवं दक्षिण की ओर से शत्रुदेश की गतिविधि अघोषित युद्ध जैसा वातावरण बना सकती है; भारतीय सैन्यबल सशक्त सिद्ध होगा। वर्षप्रवेश-कुण्डली में शनि की सूर्य एवं मंगल पर दृष्टि पाक में आन्तरिक क्रान्ति किंवा विभाजन का संकेत देती है।**

गोचर ग्रहस्थिति तो किसी प्रान्तविशेष में भयंकर दुर्भिक्ष, तूफान, पेयजल-समस्या किंवा भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप और भयंकर समस्याओं का संकेत देती है।

कर्क लग्न में संवत्सर-प्रवेश होने से उत्तर दिशा में प्राकृतिक प्रकोप, दक्षिण में महामारी से कष्ट रहे—

"कर्के सुखं तु पूर्वस्यामुत्तरे तु विग्रहः।
यच्चासन बलं यावत् दुर्भिक्षं पश्चिमे दिशि॥"

किञ्च—

"मारिर्दक्षिण-देशे स्यात्तथा बंगेऽप्युपद्रवः।
लोके दुःखं विजानीयात् पश्चिमे ननु विग्रहः॥"

भारतीय गणतन्त्र का 71वां वर्ष

भारतीय गणतन्त्र की ग्रहस्थिति
27 जन. 2020 ई., 9 घं.1 मि. (I.S.T.)

12
श.सू.बु. 10
1
11 शु. चं.
9 के. गु.
2
8 मं.
3 रा.
5
7
4
6

भारतीय 71वें गणतन्त्र का उदय 27 जनवरी, सन् 2020 ई. को बुधवार,पुनर्वसु नक्षत्र व मिथुनस्थ चन्द्र के समय हुआ है। मुन्थेश शनि सूर्य-बुध एवं गुरु के साथ स्वराशि (मकर) में ही है। सूर्य-शनि एक नक्षत्र में भी हैं। लग्न में लग्नेश शनि का मित्र शुक्र है। स्पष्ट भान होता है कि—भारत में अप्रत्याशित कुछ प्रान्तीय साम्प्रदायिक, राजनैतिक किंवा प्राकृतिक आपदाओं का शासनतन्त्र को सामना तो करना ही पड़ेगा। लेकिन साम्प्रदायिक एवं उग्रवादजन्य अपराधों को गुरुग्रह (प्रधान नेतृत्व) से स्थिति को कण्ट्रोल करने में समर्थ रहेगा—**"दण्डः शासति प्रजा सर्वाः दण्ड एवाभिरक्षति।"**

गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत की गणना वैज्ञानिक, आर्थिक एवं सीमा पर सुरक्षा की दृष्टि से विश्व के अग्रगण्य देशों में होने लगेगी। हां, इस वर्ष 71वें वर्ष की गणतन्त्रकुण्डली में शनि-सूर्य व राहु की मंगल के साथ षडष्टक-स्थिति शुभ नहीं। सीमाप्रान्तों पर सुरक्षा की दृष्टि से कश्मीर, आसाम, छत्तीसगढ़, अरूणाचल एवं राजस्थान के क्षेत्रों में सैन्यबल का प्रयोग करना पड़ेगा। देश में व्यवस्थापिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका में कुछ विषयों पर परस्पर विरोध सम्भव है। परिणामस्वरूप, महामहिम राष्ट्रपति जी को विधिविशेषज्ञों से परामर्श भी करना पड़ेगा।

इस वर्ष जलवायु-वर्षाविचार से कर्नाटक, महाराष्ट्र एवं अन्य कुछ प्रान्त सूखाग्रहस्त रहने से सरकार को विशेष उपाय-संसाधन सोचने होंगे।

गणतन्त्रकुण्डली में विभिन्न राजनैतिक दल, जोकि जातिगत अस्मिता की राजनीति से प्रेरित थे, उन्हें इस विषय पर गम्भीरता से चिन्तन करना होगा, क्योंकि स्वस्थ मंगल की शत्रुस्थ चन्द्र पर दृष्टि राजनैतिक मन्थन एवं चिन्तन के लिए अवश्य प्रेरित करेगी। **शनि-मंगल की स्थिति चीन, कश्मीर (पाक-अधिकृत) एवं अन्य सन्देहास्पद सीमासुरक्षा का हल अन्ततः बलपूर्वक ही करना पड़ेगा। ऐसी ग्रहस्थिति भावी समय में संकेत देती है।**

भारत के प्रमुख राजनैतिक दल

भारतीय जनता पार्टी—स्थापना-कालीन ग्रहस्थिति के अनुसार मंगल-शनि का सिंहस्थ होना भाजपा के लिए गठबन्धन की राजनीति से भयप्रद तो था, लेकिन भाजपा-कुण्डली में भाग्येश शनि एवं कर्मेश गुरु का एकत्र होना भाजपा को बहुमत प्रदान कर गया। अब आगामी गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार धनु:स्थ गुरु एवं मकरस्थ शनि भी भाजपा के सामने परीक्षा की घड़ी उपस्थित करेगा। क्योंकि समय-समय पर शनि-मंगल किंवा शनि-राहु का एक साथ रहना भारी समस्याओं को उपस्थित करेगा। इस समयावधि में प्रधान नेताओं की सुरक्षा-व्यवस्था को सुदृढ़ रखना होगा। अन्तत: भाजपा देश को विश्वगुरु की पंक्ति में स्थापित कर सकेगी।

कांग्रेस पार्टी—कांग्रेस-स्थापनाकालीन ग्रहस्थिति के अनुसार कांग्रेस को पुन: गरिमामय समय देखने को मिलेगा। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार सन् 2022 ई. से 2030 ई. तक अनेक प्रान्तों में कांग्रेस सत्ता प्राप्त कर सकेगी। 13 अप्रैल, 2022 ई. के बाद गुरु के मीन राशि में आने पर कांग्रेस पुन: प्रगतिपथ पर अग्रसर हो। क्योंकि इस अवधि में पार्टी अपने मन्थन द्वारा सुधारात्मक प्रक्रिया ला सकेगी।

आम आदमी पार्टी (आप)—गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार आगामी शनि-मंगल आदि ग्रहों की स्थिति इस पार्टी के लिए अनुकूल नहीं। अत: पंचांगस्थ गत वर्षों की पंक्तियों को पुन: उद्धृत करना उचित समझता हूं।

"आम आदमी पार्टी—पार्टी की स्थापनागत ग्रहस्थिति के अनुसार नवमेश-दशमेश शनि द्वादश भाव में नीच है, जोकि मार्च, 2018 ई. से मई, 2018 ई. के लगभग शनि-मंगल के एकत्र होने की स्थिति में इस पार्टी के प्रभुत्व को क्षीण करेगा। लगभग 2½ वर्ष आगे तक 'आप' पार्टी की राजनैतिक चाल कोई विशेष महत्त्वपूर्ण प्रभावी नहीं।"

कुछ प्रतिष्ठित राजतनीतिज्ञ

श्रीनरेन्द्रमोदी महाभाग—वाड नगर (Vad Nagar) (मेहसाना) गुजरात में 17-9-50 को 11 घं. 00 मि. A.M. पर श्री मोदीजी का जन्म हुआ। इस समय भाग्येश चन्द्र की महादशा में शुक्र का अन्तर 30-5-2021 तक चलेगा। शुक्र व्ययेश एवं सप्तमेश है। यह ग्रहस्थिति गोचरस्थ गुरु के मित्रस्थ (वृश्चिकस्थ) होने पर भाग्य स्थान को देखने से एवं जन्माङ्गगत गुरु की दशम भाव पर दृष्टि होने से राजयोगकारक रही है। लेकिन आगे समयावधि देशसंचालन में अपार चुनौतियों को लेकर आ रही है।

कई राज्यों की आन्तरिक सुरक्षा, नक्सलियों से निपटने की चिन्ता, पार्टी के संकल्प पत्र में जम्मू-कश्मीर में 35 A का मुद्दा, अयोध्या-विवाद, जनता के लिए रोजगार-सृजन, किसानों की स्थिति में सुधार, पंजाब में पनप रहे आतंकवाद पर लगाम लगाना—इत्यादि ज्वलन्त समस्याओं को हल करना ग्रहस्थिति के अनुसार 30-11-2021 तक तो सम्भव प्रतीत नहीं होता। क्योंकि जन्मांग में भाग्येश चन्द्र नीच है। जन्मांग में शनि-मंगल का दशमचतुर्थसम्बन्ध भी स्थिति को कठिन बना सकता है। लेकिन चतुर्थ-भाव (सहयोगी वर्ग) में मौजूद गुरु की मदद से अनेक समस्याओं को हल करने का श्रेय भी मोदी को अवश्य मिलेगा। ताकतवर देशों से सन्तुलन साधने की क्षमता से श्री मोदी को गौरव प्राप्त होगा। अपने शपथ ग्रहण में 'बिम्सटेक देशों' को न्योता विश्व में भारत की धाक जमाने का प्रथम चरण है, जो देश को यश-मान देकर प्रतिष्ठित देशों की श्रेणी में स्थापित करेगा। श्री मोदी की विदेशनीति से भारत गौरवान्वित एवं प्रगतिपथ पर अग्रसर रहेगा; इसमें सन्देह नहीं।

श्री मोदी की 30 मई को सायं 7 बजे शपथ ग्रहणकालीन ग्रहस्थिति के निरीक्षण से स्पष्ट है कि—वृश्चिक लग्नस्थ गुरु की मीनस्थ चन्द्र एवं कर्मेश सूर्य पर विशेष दृष्टि है। अत: श्री मोदी महाभाग को देश की आन्तरिक एवं बाह्य समस्याओं को हल करने के लिए आश्चर्यजनक सफलता मिलेगी। देश प्रतिष्ठित देशों की श्रेणी में आर्थिक एवं राजनैतिक दृष्टि से श्रेय प्राप्त करेगा।

श्री राहुल गांधी—श्री गांधी महाभाग की जन्मकुण्डली में सप्तमेश एवं द्वादशेश मंगल की महादशा चल रही है। मंगल द्वितीय भाव में सूर्य के साथ क्षीण है, अत: यह समय निराशाजनक रहा। लेकिन आगे 18-3-20 से 27-4-21 तक की दशा श्री राहुल गांधी जी को यश एवं पुन: राजनैतिक क्षेत्र में क्षेत्रीय सफलता देने वाली है।

भारत के कुछ प्रान्त

पंजाब—इस प्रान्त की प्रभाव राशि मीन एवं नामराशि कन्या है। संवत् 2077 वि. के आरम्भ से लगभग 4 मई, 2020 तक लग्नेश गुरु का शनि-मंगल के साथ मकर राशि में सम्बन्ध विषम परिस्थितियों वाला है। इस दौरान बाहर (कनाडा, इटली आदि) से उग्रवाद के प्रसार के लिए गुप्तरूप से धन का आयात होगा। आगे 18 जून, सन् 2020 ई. से 16 अगस्त तक यहां का वातावरण सर्वजन-हिताय नहीं रहेगा। 4 अक्तूबर, 2020 से 15 दिसम्बर, 2020 ई. तक शनि-मंगल की स्थिति यहां की शासन-सत्ता को चिन्तित कर सकती है।

जन. 2021 से संवत् के अन्त तक सीमाप्रान्तों पर बहुत सावधान रहना होगा। लेकिन श्री कैप्टन साहब की सरकार एवं केन्द्रीय सरकार देश/प्रान्तहित में पूर्ण सावधानी से वातावरण को बिगड़ने नहीं देंगे। प्रान्त में अनुशासन एवं शान्तिव्यवस्था को सुदृढ़ रखेंगे।

हरियाणा—इस प्रान्त की प्रभावराशि मीन एवं नामराशि मिथुन है। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार नववर्ष-प्रवेशकुण्डली में मिथुन राशीश बुध पर बृहस्पति की दृष्टि है। अत: यह प्रान्त आर्थिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से प्रगति करेगा। नव संवत् कुण्डली में मकर राशि में शनि-मंगल प्रान्त में कहीं उग्रवादजन्य किंवा भयंकर प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि का संकेत देते हैं।

मिथुन राशि का राहु एवं 18 जून, 2020 ई. के बाद 16 अगस्त, 2020 ई. के मध्य शनि की मंगल पर दृष्टि इस प्रान्त में दुर्घटना से जनधनहानि का योग बनाती है। लेकिन यहां शासनसत्ता प्रत्येक स्थिति को नियन्त्रण में रखेगी। अक्तूबर-नवम्बर से संवत् के अन्त तक यहां की आर्थिक स्थिति उत्तरोत्तर प्रगति पर रहेगी। कृषि एवं जनता की जागृति से इस प्रान्त को समृद्धि मिलेगी।

हिमाचल प्रदेश—इस प्रान्त की प्रभाव राशि मीन एवं नामराशि कर्क है। कर्क लग्न में ही संवत् 2077 वि. का उदय होगा। इस समय शनि-मंगल मकरस्थ हैं, अत: सीमाप्रदेश (मनाली आदि की ओर) उग्रवादजन्य उपद्रव किंवा प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि के योग हैं। लेकिन कर्क राशीश चन्द्र गुरुक्षेत्र में है एवं कर्क राशि पर गुरु की दृष्टि भी है, अत: यहां के प्रधान शासक को नयी प्रगतिप्रद योजनाओं एवं जनजीवन को सुख-सुविधा प्रदान करने के लिए यश प्राप्त होगा। अक्तूबर-नवम्बर से आगे प्राकृतिक आपदा से यहां परेशानी सम्भव है, क्योंकि शनि-मंगल की दृष्टि नेष्ट फलप्रद है। संवत् के अन्त तक कर्क राशि पर शनि की दृष्टि है, परन्तु गुरु की दृष्टि यहां वागवानी आदि एवं आकर्षक स्थलों के आकर्षण से यहां जनता लाभान्वित होगी। प्रधान नेतृत्व की देखरेख एवं केन्द्र की सहायता से यह प्रान्त प्रगतिपथ पर रहेगा।

उत्तर प्रदेश—इस प्रान्त की नाम राशि वृष एवं प्रभाव राशि धनु है। संवत् 2077 वि. की प्रवेशकालीन कुण्डली में नवमेश गुरु धनु राशि में स्थित होकर कर्म स्थान को देख रहा है एवं कर्मेश मंगल भी विशेष दृष्टि से कर्म स्थान को देख रहा है—यह ग्रहस्थिति इस प्रदेश के लिए उत्तरोत्तर प्रगतिप्रद है। यहां नये-नये आयाम, विदेशी कम्पनियों का निवेश समृद्धिप्रद है।

लेकिन नववर्ष-प्रवेशकुण्डली में उच्च मंगल शनि के साथ होने से इस वर्ष इस प्राप्त में मई, 2020 ई. से शनि, शुक्र, गुरु के वक्रत्वकाल में, अगस्त तक साम्प्रदायिक/धार्मिक उपद्रवों को शान्त करने के लिए भारी सावधानी शासनतन्त्र को रखनी होगी।

इस प्रांत की प्रभाव राशि (धनु का) का स्वामी गुरु इस संवत् में तीन राशियों (धनु, मकर एवं कुम्भ राशियों) को स्पर्श करता है, अत: इस प्रान्त में एवं इस वर्ष सम्पूर्ण भारत के कुछ अन्य प्रान्तों में उपद्रवी लोग वातावरण को अशान्त करने का दुस्साहस करेंगे। एतदर्श सैन्यबल का प्रयोग भी सम्भव है—

"अब्दमध्ये यदा जीवः क्रमाद्राशित्रयं व्रजेत्।
तदा सुभट-कोटिभिः प्रेतपूर्णा वसुन्धरा॥"

इस वर्ष प्रधान शासकों को किसी भाग में उग्रवादियों की गतिविधि एवं साम्प्रदायिक उलझनों को हल करने के लिए रक्षात्मक व्यवस्था को सुदृढ़ रखना होगा। स्थानीय योजनाओं एवं शासकीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने के लिए कठोर पग उठाने होंगे।

जम्मू-कश्मीर—इस प्रान्त की नामराशि मकर एवं प्रभावराशि तुला है। अत: संवत् 2077 के शुरु से 4 मई तक एवं 18 जून से 16 अगस्त तक एवं आगे 4 अक्तूबर से 24 दिसम्बर, सन् 2020 ई. तक की समयावधि इस प्रान्त में इस संवत् में भयंकर उपद्रवग्रस्त एवं मुस्लिम धर्म के आकाओं एवं यहां के शासकों के लिए भयंकर उपद्रव

एवं जनधनहानि वाली रहेगी। कट्टरपंथी आकाओं की केन्द्रीय शासन के साथ संघर्षात्मक स्थिति को सुव्यवस्थित एवं कण्ट्रोल रखने के लिए सैन्यबल के प्रयोग की विवशता अनुभव होगी।

इस बारे में ज्योतिषदृष्ट्या हमारा विचार निम्नांकित है—

"संवत् 2077 वि. की गोचर ग्रहस्थिति कश्मीर की राशि पर मंगलयुत 'शनि की दृष्टि' होने से कश्मीर-समस्या का हल सहज सम्भव नहीं। इस जलते सीमाप्रान्त पर पाक की कुदृष्टि इस संवत् में भयावह स्थिति को जन्म दे सकती है। ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि—तिब्बत, कश्मीर एवं अन्य सीमान्त-प्रदेशों में भारत के साथ पाक-चीन, जिस स्थिति को जन्म दे रहे हैं, वह भारत एवं विश्वजनीन शान्ति के लिए भयावह सिद्ध होगी।"

दिल्ली—इस प्रान्त की प्रभावराशि मकर एवं नामराशि मीन है। मकर राशि का स्वामी शनि सारे वर्ष मकर में ही रहेगा। लगभग 5 अक्तूबर, 2020 ई. के बाद यहां की शासनसत्ता में अच्छा परिवर्तन आयेगा। विधानसभाई निर्वाचनों में 'आप पार्टी' को कुछ राहत मिलेगी, लेकिन भाजपा का प्रभुत्व अधिक रहेगा। गत वर्ष के श्री मार्त्तण्ड पंचांग सं. 2076 वि. के पृष्ठ 65, कॉलम 1 पर जो भविष्यवाणी की थी वह भी उद्धृत कर देना उचित समझते हैं, पढ़ें—

"जनवरी से अप्रैल, सन् 2019 तक की ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि—भारत की राजनीति पर पुनः सुयोग्य राजनीतिज्ञों का वरद हाथ रहेगा। जनता राजनीतिक वंशवाद से विमुख होती नजर आयेगी और भारत को चहुंमुखी प्रगति की ओर ले जाने वाला नेतृत्व उभरकर देशहित में काम करेगा।"

यह भविष्यवाणी लोकसभाई निर्वाचनों में अक्षरशः सत्य सिद्ध हुई है।

पाठको! प्रभुकृपा से भूत-भविष्य में जो कुछ (ग्रहगोचरवश) अनुभव किया, आपके सामने रख दिया है। जो घटित हो चुका, वह आपने देख लिया। जो भविष्य है, उस पर आप भूतानुसन्धान के आधार पर विश्वास करें—

"समस्तमेतद् गतमागतं तथा भविष्यमप्यक्षरशो यथोत्तरम्।
निबोधितं शास्त्र-परम्परावशाद् भवादृशां भारतवासिनां पुरः॥"

लेख पूर्ण होने की तिथि—
12 जून, सन् 2019 ई.

शुभचिन्तक—
पं. इन्दुशेखर शर्मा, संयमी शर्मा

(श्री गंगादशहरा)

आज का दिन कैसे बीतेगा

प्रातः उठकर पंचांग से ज्ञात करो कि उस समय कौन-सा नक्षत्र है। फिर नीचे दिए गये चक्र के समान एक चक्र बनाओ। इस चक्र में जहाँ १ लिखा है, वहां उस दिन के प्रातःकालीन नक्षत्र को लिखकर उससे आगे के नक्षत्रों को २-३-४ आदि अंकों के स्थान पर लिखते हुए अभिजित् सहित २८ नक्षत्रों को चक्र में लिख डालो। अब देखो कि आपके नाम का नक्षत्र कहां पड़ा है। यदि वह चक्र के भीतर है तो वह दिन सुख-शान्ति से व्यतीत होगा, उस दिन कोई शुभ समाचार मिलेगा। यदि नाम-नक्षत्र चक्र के बाहर पड़े तो दिन का आधा भाग प्रसन्नता से बीते और शेष भाग में चिन्ता, दुःख-शोक से चित्त खिन्न हो। यदि नाम नक्षत्र पर पड़े तो वह पूरा दिन विवाद, हानि, दुर्घटना आदि से चित्त की अशान्ति का कारण बने।

-:चक्रः-

संवत् 2077 वि. में भारत की जलवायु एवं वर्षा-विचार

आगामी वर्षों की ग्रहस्थिति अनेक प्रान्तों में जलवायु-विचार, प्राकृतिक प्रकोप एवं पर्यावरण-विचार से भारी कठिन परिस्थिति को लेकर आ रही है;— पढ़ें इस लेख में

— संयमी शर्मा,

जलवायु एवं वर्षा-विचार के मूलभूत सिद्धान्तों, मानवीय भूलों, प्रबन्धन की अदूरदर्शिता, प्राकृतिक स्रोतों का दोहन एवं प्राकृतिक रहस्यों की उपेक्षा विश्व के लिए जल्दी ही भयावह सिद्ध होगी—इसे जनता, नेतागण एवं देश की प्रबन्धन-समितियों को गम्भीरता से अतिशीघ्र लेना होगा, अन्यथा **"यद्भावी न तद्भावी भावी चेन्न तदन्यथा"**—(जो होना है, वह होना ही है)—यह सोचकर कब तक प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर पाएंगे—यह तो भगवान् ही जानें। लेकिन ग्रहचाल के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं के भयंकर दुष्परिणाम शीघ्र ही स्थावर-जंगम जगत् को विनाश के कगार पर ले जाने वाले मालूम होते हैं। जलवायु-वर्षा-विचार के साथ इस लेख में एतत्—सम्बन्धित आधारभूत रहस्यों की चर्चा भी सूक्ष्म रूप से की गयी है।

जल, वायु, अनाज किंवा अन्य कृषि उत्पादन—ये जीवनाधायिका-चतुष्टयी ही संवत्सर के फल की दिशा व दशा को निर्धारित करती है। यदि वर्ष के ये चार स्तम्भ सुदृढ़ हों तो वर्ष सुदृढ़, जनजीवन स्वस्थ एवं समृद्ध रहेगा—ऐसी मान्यता है। लेकिन "जल एवं वायु"—ये संवत् के प्रमुख स्तम्भों में से हैं। इन्हीं के आधार पर "अन्नस्तम्भ" की कल्पना की जा सकती है। जलवायु के बिना प्राणियों के जीवनाधायक अन्न की भी उपज सम्भव नहीं। अत: सं. 2077 वि. के जलवायु का ग्रहयोग के आधार पर यहां संक्षिप्त निर्देश नीचे दे रहे हैं। **आशा करते हैं कि—यह संक्षिप्त लेख किसानों/बागवानों के लिए एक दिशा-निर्देशक सिद्ध होगा।**

गोचर-ग्रहस्थिति के अनुसार उत्तरी एवं दक्षिणी ध्रुव, जोकि समस्त विश्व के मौसम को स्थिर रखने में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं, 'ग्लोबल वार्मिंग' के कारण उत्तरी ध्रुव में बढ़ रहा तापमान आगे आने वाले लगभग 15/16 वर्षों की ग्रहस्थिति के अनुसार मंगल, शनि, राहु एवं केतु कुछ वर्षों में ही विश्व के लिए खतरे की घण्टी बजा सकते हैं। **कहने का तात्पर्य यह है कि—"ग्लोबल वार्मिंग" विश्व के जलवायु के लिए भयंकर किंवा विपरीत परिस्थितियां बनाएगी। जिससे ध्रुवों के आसपास के देशों को ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को ही दुष्परिणाम झेलने पड़ेंगे। अनेकत्र 'ऋतु-विपर्यय' अनुभव होने से वैश्विक तापमान किंवा प्रकृति में महानद और अन्य जलस्त्रोत सूखने लगेंगे। समुद्र एवं महानदों के तटों पर प्रलयंकारी दृश्य उपस्थित होंगे। वृक्षों से ऑक्सीजन कम प्राप्त होने लगेगी—इत्यादि आश्चर्यजनक परिवर्तन होंगे, जिससे रोग बढ़ेंगे।** मौसम में इस प्रकार के उतार-चढ़ाव प्रकृति के साथ चल रहे खिलवाड़ के कारण जारी हैं। प्रकृति में हो रहे असामान्य किंवा अप्राकृतिक परिवर्तन को समझने में तो आधुनिक वैज्ञानिक भी सकते में हैं। मौसम की अनिश्चितता से कृषिक्षेत्र में सम्भावित जोखिम कम करने के लिए सरकार को व्यापक रणनीति बनानी होगी।

सभी समुदायों के धार्मिक ग्रन्थों में पर्यावरण-हितैषी बनने के लिए कहा गया है। मनुस्मृति में एक वृक्ष को दस पुत्रों के बराबर की संज्ञा दी गयी है। कुरान कहती है कि जल ही जीवन है। 'वेद' पानी के महत्त्व की गाथाओं से भरे पड़े हैं। ईसाई समुदाय में भी प्रकृति-प्रेम को श्रेष्ठता प्रदान की गयी है। इस वर्ष की गोचर ग्रह-स्थिति के अनुसार अलनीनो गर्मी को

बढ़ायेगा, परिणामस्वरूप कहीं सूखा, कहीं भयंकर बाढ़ से जलधनहानि का संकेत मिलता है। 'अलनीनो' ऐसी प्राकृतिक घटना है, जिससे प्रशान्त महासागर का गर्म पानी उत्तर एवं दक्षिणी अमेरिका की ओर फैलता है। परिणामस्वरूप, पूरी दुनिया का तापमान बढ़ेगा। मौसम का सामान्य जलवायु-चक्र बिगड़ जायेगा, कहीं विनाशकारी बाढ़, कहीं सूखे के हालात बनेंगे। अमेरिका, चीन एवं भारत आदि में विगत कई वर्षों से बाढ़ एवं उत्तरी भारत में सूखा भी इन्हीं कारणों से सम्भव हुआ है।

आगे बर्फ के पिघलने से विश्व में समुद्री-तूफान आदि विनाशकारी लीलाएं देखने को भी मिलेंगी। आर्द्रा-प्रवेश-कालीन ग्रहगति के अनुसार जम्मू-कश्मीर, गुजरात, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, उड़ीसा, राजस्थान, मिजोरम आदि में इस वर्ष प्राकृतिक प्रकोप से हानि होगी। महाराष्ट्र (मुम्बई) में भी प्राकृतिक प्रकोप दिखाई देगा।

समुद्रतटवर्ती महानगरों एवं विश्व के देशों में इस वर्ष (सं. 2077 वि.) से ही विशेष प्राकृतिक प्रकोप से हानि के योग स्पष्ट रूप से ग्रह स्थिति संकेत देती है।

भारत में वर्षा एवं वायु के योग

जब सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करता है, लगभग उसी समय से भारत के प्रान्तों में वर्षा का आगमन ग्रहगोचर के अनुसार माना गया है। ज्योतिष-शास्त्रानुसार वर्षा, वायुमण्डल, समुद्री तूफान एवं चक्रवात आदि प्राकृतिक उत्पातों का विचार भी सूर्य के आर्द्राप्रवेश, रोहिणीवास, चतुर्मेघविचार एवं गोचर ग्रहस्थिति पर निर्भर करता है। अतः सर्वप्रथम सूर्य की आर्द्रा-प्रवेशकालीन कुण्डली के आधार पर विचार करते हैं।

सं. 2077 वि. में आषाढ़ कृष्ण अमावस, रविवार (तात्कालिकी तिथि आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा, रविवार), तदनुसार 21 जून, सन् 2020 ई. को 23 घं. 27 मि. (I.S.T.) पर वृद्धि योग, आर्द्रा नक्षत्र एवं मिथुनस्थ चन्द्र के समय सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में प्रविष्ट होंगे।

सूर्य की आर्द्राप्रवेशकालीन ग्रहस्थिति इस प्रकार है–

सूर्य की आर्द्रा कुण्डली में सूर्य से केन्द्र में के. मं. रा. ये क्रूर ग्रह हैं, जो कि दुर्भिक्ष से कुछ प्रान्तों में कृषि एवं पेयजल के लिए चिन्ताजनक स्थिति बनाते हैं।

सूर्यार्द्रा प्रवेश कुण्डली

12 मं.
श.गु.10
1
11
9 के.
2 शु.
8
सू.
चं.रा.3
बु.
5
7
6
4

आर्द्राप्रवेशकुण्डली में वृषस्थ शुक्र एवं मिथुन में बुध सूर्य-राहु चन्द्रयुत होने से कुछ प्रान्तों में भयंकर दुर्भिक्ष से परेशानी का संकेत देते हैं–

"बुध -शुक्रौ समीपस्थौ कुरुत एकार्णवां महीम्।
तयोरन्तर्गतो भानुः समुद्रमपि शोषयेत्॥"

आर्द्रा-प्रवेश-कुण्डली में जलराशिस्थ शनि की दृष्टि मीन के (जलराशिस्थ) मंगल पर है तथा अंगारक की सू. चं. रा. बु. पर भी विशेष दृष्टि होने से कुछ प्रान्तों में प्राकृतिक प्रकोप, अनेकत्र भयंकर वायु-वर्षा एवं कुछ प्रान्तों में सूखाग्रस्त रहने से, किंवा भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से भी विशेष जन-धनहानि के योग इस वर्ष 19 जून से लगभग सितम्बर तक रहेंगे। सरकार को विशेष सतर्क रहना होगा। आगे 24 दिसं., सन् 2020 ई. तक की ग्रहस्थिति देश की जलवायु एवं प्राकृतिक प्रकोप की दृष्टि से चिन्तनीय ही है।

इस संवत् में रोहिणी का वास सन्धि में होने से कहीं अधिक वर्षा, कहीं थोड़ी वर्षा से कृषि को हानि पहुंचे।

शनि की दृष्टि इस संवत् में उत्तर में और विशेषतः दक्षिणी भूभाग पर रहेगी। अतः दक्षिणी प्रान्त, देश प्राकृतिक प्रकोप से भयंकर आपदाग्रस्त रहेंगे।

ध्यान रहे—आर्द्राप्रवेशकुण्डली में मकर-मीन-वृष राशि में स्थित गु. श. शुक्र एवं आर्द्रा नक्षत्र में सूर्य-चन्द्रयोग देश में भयंकर वर्षा पानी/तूफान किंवा बाढ़ आदि प्राकृतिक प्रकोप से खड़ी फसलों एवं जनजीवन को त्रस्त करेंगे;—सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

इस संवत् का राजा बालग्रह 'बुध' एवं मन्त्री बुध का शत्रु 'चन्द्र' है। अतः इस संवत् में राजनीतिज्ञ देशहित को प्रमुखता न देकर छल-कपट से काम करेंगे। गुप्त अपराधी अपना प्रभुत्व रखेंगे। पृथ्वी पर जल से अनेकत्र विप्लव की स्थिति बनेगी। संवत्सरेश एवं चन्द्र का प्रभाव कुछ प्रान्तों में भयंकर वर्षा से हानि का संकेत देता है—

"बहुजला जलदा बहुवर्षिणः।"

इस संवत् का मेघेश सूर्य होने से कुछ प्रान्त भयंकर अकालग्रस्त रहेंगे।

इस वर्ष चतुर्मेघों में 'आवर्तक' नामक मेघ होने से यू.एस., इण्डोनेशिया व कुछ अन्य देशों में जून 2020 के लगभग जलप्रलय किंवा भयंकर वायुवेग, तूफान, समुद्री प्रलय आदि से जनधन-हानि के योग हैं।

किञ्च—नवमेघ-विचारणा से इस वर्ष **'संवर्त'** नामक मेघ भी बाढ़/वर्षा, तूफान से अनेक प्रान्तों में जनजीवन को त्रस्त करेगा—**"संवर्ते वायुपीड़नम्।"** स्पष्ट है कि—अनेकत्र वायुवेग से वा समुद्री तूफान से भयंकर स्थिति बन सकती है।

संवत् 2077 वि. में 'जल-स्तम्भ' एवं 'वायु-स्तम्भ' विचार से निम्नांकित संकेत मिलते हैं—

संवत् 2077 वि. मे सप्तवायु-विचार से **'विवह नामक'** वायु का प्रभाव उ.खण्ड, हि.प्र., आसाम, केरल, महाराष्ट्र, उ.प्रदेश एवं गुजरात आदि प्रान्तों में आंधी, तूफान के रूप में दिखाई देगा। कहीं यह प्रभाव भूमध्य-तरंगों के विक्षोभ से भूकम्प, ज्वालामुखी विस्फोट, समुद्री तूफान आदि के रूप में भी दिखाई देगा। कुछ प्रान्तों में 'विवह' नामक वायु बादलों को स्थानान्तरित करके फसलों की हानि एवं दुर्भिक्ष की स्थिति बनायेगी।

गर्म हवाओं का प्रकोप आज की ही समस्या नहीं। इसके दूरगामी प्रभावों के प्रति हमें सावधान अभी से रहना होगा। ग्रहगोचर के अनुसार आगामी वर्षों में तापमान दो से चार डिग्री सैल्सियस तक बढ़ सकता है। यह मानवता एवं जीवन्त सृष्टिमात्र के लिए बड़ी चुनौती है। वैज्ञानिकों को इस बारे में सावधान कर देना उचित समझते हैं। इस संवत् में 'रोहिणी' का वास 'सन्धि' में होने से कहीं खड़ी फसलें सूखेंगी, कहीं पेयजल का अभाव परेशान करेगा।

अब संवत् 2077 वि. की ग्रहस्थिति के अनुसार भारत का वर्षा-विचार संक्षेप से लिखना उचित समझते हैं—

"वृष्टिमूला कृषिः सर्वा वृष्टिमूलं च जीवनम्।
तस्मादादौ प्रयत्नेन वृष्टिज्ञानं समाचरेत्॥"

—(कृषि पाराशर)

सं. 2077 वि. में प्रत्येक मास में वायु-वर्षाविचार इस प्रकार हैं;—

मार्च (सन् 2020 ई.)—28, 29, 30 एवं 31 मार्च को भारत के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ कहीं खण्डवृष्टि हो, उ. भारत में तापमान बढ़ने लगेगा।

अप्रैल (सन् 2020 ई.)—5, 7, 8, 9, 13, 14, 17, 22 एवं 24 से 27 अप्रैल के लगभग उ. भारत में कहीं आंधी-तूफान से खड़ी फसलों को हानि पहुंचे। उ. भारत में गर्मी का प्रकोप बढ़े। उड़ीसा, आसाम, मुम्बई, प. राजस्थान, उ.प्र. एवं हि.प्र. के कुछ भागों में कहीं बादलचाल किंवा खण्डवृष्टि हो।

मई (सन् 2020 ई.)—1, 4, 7, 9, 11, 12, 13, 14, 15, 20, 23, 24 एवं 28 मई को महाराष्ट्र, भूटान, उड़ीसा, शिलांग, काठमाण्डु, जम्मू-कश्मीर, उ.प्र. के कुछ भाग, उ.खण्ड, बिहार एवं हि.प्र. में वायुवेग के साथ वर्षा के योग हैं। 15 मई के लगभग विशेष वायुवेग रहे।

जून (सन् 2020 ई.)—1, 3, 4, 7, 9, 10, 12, 14, 16, 17, 19 से 22 जून तथा 24, 25 एवं 30 जून के लगभग उ.खण्ड, हि.प्र., जम्मू-कश्मीर, उ.प्र. एवं उत्तरी भारत के कुछ भागों में वायुवेग के साथ वर्षा के योग हैं।

नोट—19 से 22 जून के लगभग तक शनि-मंगल की पोजीशन कहीं भारी बाढ़, समुद्री तूफान, नदी प्रवाह से फसलों को हानि, सीमाप्रान्तों पर अशान्ति एवं आकाशीय बिजली गिरने से पर्वतीय क्षेत्रों में अनेकत्र भूस्खलन एवं भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से भारी हानि के योग हैं।

जुलाई (सन् 2020 ई.)—जुलाई के प्रारम्भ के लगभग से गुरु वक्री होगा, साथ ही बुध-शुक्र भी वक्री हैं, यह योग कहीं भयंकर दुर्भिक्ष की स्थिति बना सकता है, जोकि महंगाई से जनता को परेशान करेगा। 1, 9, 10, 14, 16, 18, 19, 20, 21, 22, 23 एवं 26 जुलाई के लगभग उड़ीसा, असम, कश्मीर, चण्डीगढ़, दिल्ली एवं केरल, हि.प्र., उ.प्र., उ.खण्ड एवं उ. भारत में वायुवेग के साथ वर्षा के योग हैं। कहीं वर्षा, कहीं भयंकर सूखा रहने से दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। इस मास में बुध-राहु पर शनि दृष्ट मंगल की दृष्टि एवं सूर्य-शनि का समसप्तक वायुवेग एवं अनेकत्र प्राकृतिक प्रकोप से हानिकारक मालूम देता है।

अगस्त (सन् 2020 ई.)—अगस्त 1 से 10, 15 से 18 तक तथा 20 से 23 एवं 30, 31 अगस्त के लगभग भारत के अनेक प्रान्तों में कहीं बाढ़, कहीं सूखा व दुर्भिक्ष की स्थिति बने। कश्मीर, उ.खण्ड, महाराष्ट्र, उ.प्र., चण्डीगढ़ एवं दिल्ली आदि व राजस्थान, बिहार, बंगाल एवं म.प्र. के कुछ क्षेत्रों में कहीं बादलचाल के साथ खण्डवृष्टि हो, हवा का जोर रहे।

सितम्बर (सन् 2020 ई.)—1, 2, 3, 8, 9, 13, 15, 16, 17, 18, 20 से 23, 26, 27 एवं 28, 29 सितम्बर के लगभग नेपाल, दार्जीलिंग, विन्ध्यप्रदेश, उ. प्रदेश, हि.प्र., कश्मीर एवं उत्तराखण्ड में कहीं बादलचाल व खण्डवृष्टि हो। हि.प्र., उ.खण्ड एवं कश्मीर के कुछ हिस्सों में हिमपात के समाचार भी मिलेंगे।

अक्तूबर (सन् 2020 ई.)—4, 9, 10, 13, 17, 19, 20, 23, 24, 27, 28, 30 एवं 31 अक्तूबर के लगभग श्रीलंका, आसाम, बंगाल, उ.प्र., किंवा भारत के पश्चिमी भागों में कहीं बादलचाल, तूफान, किंवा वायुवेग के साथ वर्षा हो। उ.भारत के तापमान में गिरावट आने लगेगी।

नवम्बर (सन् 2020 ई.)—1 से 4, 6, 11, 12, 13, 15, 16, 19 से 22 नवम्बर, 24 से 26 नवम्बर एवं 28 से 30 नवं. के लगभग कश्मीर, उ.खण्ड, हि.प्र., जम्मू-कश्मीर आदि में बादलचाल रहे, कहीं भारी हिमपात से यातायात अवरुद्ध रहे। उ.भारत (हरियाणा, चण्डीगढ़ आदि) में बादलचाल, खण्डवृष्टि एवं शीतलहर व धुन्ध किंवा दिल्ली आदि में पर्यावरणविक्षोभ से यातायात बाधित हो। शीतलहर से हानि के समाचार मिलें। 20 नवं. के बाद यान-दुर्घटना से हानि सम्भव है।

दिसम्बर (सन् 2020 ई.)—दिसम्बर 2, 3, 7, 8, 10, 11, 13, 15, 16, 23, 24, 25, 26 एवं 28 दिसम्बर के लगभग, विशेषत: 24/25 दिसं. को उ.भारत में वायु, वर्षा एवं धुन्ध के कारण भयंकर शीतलहर चलेगी। धुन्ध से यातायात अवरुद्ध होगा। कश्मीर, उ.खण्ड, हि.प्र. आदि में जोरदार हिमपात हो एवं भारत के उ.भागों में कहीं खण्डवृष्टि भी हो।

जनवरी (सन् 2021 ई.)—जनवरी 2, 3, 4, 6, 7, 9, 10, 11, 14, 15, 19, 20, 21, 22 से 28 एवं 30 जनवरी को कहीं वायुवेग के साथ खण्डवृष्टि हो। उत्तरी भारत के भयंकर शीतलहर की चपेट में आने से अनेकत्र यान-दुर्घटना आदि के अशुभ समाचार मिलेंगे। पर्वतीय प्रान्तों में हिमपात और कुछ प्रान्तों में बादलचाल एवं खण्डतृष्टि भी सम्भव है।

फरवरी (सन् 2021 ई.)—1 से 6 फरवरी, 9, 10, 12, 13, 14, 16, 18, 19, 20, 21, 22 एवं 26 फर. को हवा का जोर रहे। उ.भारत के कुछ भागों में कहीं बादलचाल किंवा वायुवेग से कहीं खण्डवृष्टि हो। 21 फर. के करीब ऋतु (मौसम) में परिवर्तन अनुभव होने लगेगा। मंगल-राहु का 21

फर. को मेल कहीं दुर्भिक्ष का संकेत भी देता है—

"राहुरंगारकश्चैक-राशि-ऋक्षगतौ यदा।
महाभयं च सस्यानां न च वृष्टिः प्रजायते॥"

इस मास के मध्य के बाद वसन्त ऋतु से वातावरण सुहावना हो।

मार्च (सन् 2021 ई.)—मार्च 4, 8, 11, 12, 14, 16, 17, 19, 24, 26, 27 एवं 30, 31 मार्च के लगभग मध्यप्रदेश, बंगाल, आसाम, मुम्बई, प. राजस्थान एवं कश्मीर में कहीं तेज हवाओं के साथ खण्डवृष्टि हो। उ.भारत में वायुवेग रहे एवं गर्मी का प्रकोप बढ़ने लगेगा।

अप्रैल (सन् 2021 ई.)—2, 5, 6, 9, 10, 11, 13, 16, 20, 24, 27, 29 एवं 30 अप्रैल को पू.असम, पू. बिहार, बंगाल एवं बर्मा के कुछ क्षेत्रों में बादलचाल एवं खण्डवृष्टि के योग हैं। उ. भारत में गर्मी बढ़ने लगेगी।

भारत के जलवायु-वर्षाविचार में कुछ विशेष योग—

संवत् 2077 वि. के शुरु से लगभग 4 मई तक शनि-मंगल मकरस्थ (नीच) गुरु के साथ रहेंगे। यह ग्रहस्थिति देश में राजनैतिक अस्थिरता का संकेत देती है। जलवायु विचार से प्राकृतिक प्रकोप हो किंवा कुछ प्रान्त अकालग्रस्त रहेंगे;—"**युद्धदौ शनि-माहेयौ तथा दुर्भिक्ष-कारकौ।**" मई में शनि, मंगल, गुरु की स्थिति कहीं अग्रिम वर्षा के कारण फसलों के लिए हानिकारक भी रहे;—"**शनैश्चर-धरापुत्रावेकस्थौ वृष्टिकारकौ।**"

11 मई से 24 जून तक श. गु. शु. की स्थिति लगभग 14 अगस्त तक (विशेषतः 19 जून से 22 अग., सन् 2020 ई. तक); शनि की मंगल पर विशेष दृष्टि में एवं दोनों ग्रह जलराशि में स्थित होने से कुछ प्रान्तों में भयंकर जल-प्रलय के दृश्य उपस्थित होंगे। कहीं आकाशीय बिजली, कहीं नदियों में तूफान से भयंकर जनधनहानि हो।

अगस्त में गु.शु. का समसप्तक एवं 13 अगस्त तक सू.श. का समसप्तक भी अनेक प्रान्तों में भयंकर अनावृष्टि, दुर्भिक्ष किंवा बाढ़ आदि से खड़ी फसलों के लिए हानिकारक है—

"क्रूराणां सह सौम्यैश्च यदि स्यात् समसप्तकम्।
अनावृष्टिस्तदा ज्ञेया लोकपीड़ा महत्यपि॥"

लगभग 22 सितं. को मंगल वक्र गति से चलेगा। 13 नवं. तक हिमालय के उन्नत श्रृंगों पर हिमपात आदि से परेशानी रहेगी।

4 नवं. से 24 दिसं. तक शनि-मंगल की स्थिति प्राकृतिक आपदा, वायुवेग, भूकम्प किंवा दुर्भिक्ष आदि से हानिप्रद रहेगी।

14 जनवरी, सन् 2021 ई. से सूर्य-शनि का मकर राशि में मेल एवं इन दिनों चतुर्ग्रही योग और 6 अप्रैल से गुरु के कुम्भ में आने पर वर्षा की कमी से कृषिहानि एवं दुर्भिक्ष के योग बनते हैं—

"कुंभराशिगते जीवे मेघः स्वल्पाम्बु वर्षति।
कृषिनाशं च दुर्भिक्षं पूर्वदेशे समर्घता॥"

आगे कहीं विदेशों एवं भारतीय प्रान्तविशेष में भी जलवायुप्रकोप से समय हानिप्रद मालूम देता है—

"एक राशौ यदा यान्ति चत्वारः पञ्च-खेचराः।
प्लावयन्ति महीं सर्वां रुधिरेण जलेन वा॥"

21 फर. से संवत् 2077 वि. के अन्त तक मंगल-राहु की वृष राशि में स्थिति अनेकत्र कृषियोग्य वर्षा के अभाव व पेयजल की समस्या से शासन-तन्त्र को चिन्तित करेगी—

"राहुरंगारकश्चैक-राशि-ऋक्षगतोऽपि वा।
महाभयं च सस्यानां न च वृष्टिः प्रजायते॥"

— — —

व्यापार-विमर्श (संवत् 2077 वि.)

(संवत् 2077 वि. की ग्रहस्थिति के आधार पर व्यापारिक वस्तुओं एवं शेयर बाज़ारों में आने वाली तेज़ी एवं मन्दी का मासिक विवरण)

लेखक—इन्दुशेखर शर्मा, संयमी शर्मा

संसार के सभी पदार्थों पर ग्रहों का नियन्त्रण है और सभी पदार्थों का समावेश बारह राशियों में है। जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशिभोग करता है, तो उस राशि में समाहित सभी व्यापारिक वस्तुएं ग्रहविशेष की प्रकृति के अनुसार प्रभावित होती रहती हैं। प्रभावित वस्तुओं में परिवर्तन आते हैं और इन्हीं परिवर्तनों से बाज़ारों में घटाबढ़ी होती है, जिसे हम 'तेज़ी-मन्दी' कहते हैं।

हम यहां **'व्यापार विमर्श'** में ग्रहों का पूर्ण अध्ययन करके तेज़ी-मन्दी का मशवरा अपने ग्राहकों को देते हैं। व्यापारियो! निराश न हों। हमसे प्रत्यक्ष मिलें, आपकी उलझी हुई व्यापारिक समस्या का समाधान हम करेंगे।

व्यापारी सज्जनो! 1 जनवरी, सन् 2020 ई. से यदि आप प्रतिमास किसी भी जिन्स की दैनिक तेजी-मन्दी की रिपोर्ट या वायदा/हाजर बाज़ार का चांस अर्थात् सोना, चांदी, कॉपर आदि मैटल्स, चना, ग्वार आदि अनाज; तिल, तेल, सरसों किंवा बिनौला आदि तिलहन; जीरा, धनिया, हल्दी, लाल-कालीमिर्च, रुई एवं कपास में से किसी भी जिन्स की मासिक लिखित रिपोर्ट चाहते हैं तो फीस Rs. 5100/- (इक्यावन सौ रुपये) प्रतिमास प्रतिजिन्स के हिसाब से Advance भेजकर Report प्राप्त करें। एक वर्ष की प्रतिजिन्स फीस Rs. 51,000/- (इक्यावन हज़ार रुपये) है।

Note: व्यापारियों से निवेदन है कि वे अपनी ग्रहचाल के अनुकूल होने पर ही व्यापार करें। व्यापार में किसी प्रकार की हानि के लिए [illegible]

संवत् 2077 वि. में ग्रहस्थिति के अनुसार तेज़ी-मन्दी का आकलन

संवत् 2077 वि. में तेज़ी-मन्दी का विस्तृत विवरण देने से पहले हम इस संवत् के नाम, वर्ष के राजा, मन्त्री, सस्येश, धान्येश, मेघेश आदि ग्रहपरिषद् का व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ेगा? इसका संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कर देना प्रासंगिक समझते हैं, जोकि निम्नांकित है—

संवत् 2077 वि. का राजा बालग्रह **'बुध'** एवं मन्त्री **'चन्द्र'** है। बुध ग्रह चन्द्र का शत्रु है एवं चन्द्र (चंचल वृत्ति का) बुध का मित्र है। पुनरपि, इन दोनों में अधिक ऐकमत्य न होने से व्यापारक्षेत्र में इस वर्ष भारी उलटफेर होंगे। कुछ देशों से व्यापारिक सम्बन्धों का नवीकरण होगा, कुछ देश व्यापारिक दृष्टि से अपने सम्बन्धों को निराकृत करेंगे। राजनैतिक परिप्रेक्ष्य से इस वर्ष में चीन, पाक, साऊदी अरब आदि देशों से व्यापारिक सम्बन्ध विशेषरूप से कमजोर होने वाली ग्रहस्थिति का संकेत मिलता है। अत: व्यापारिक बन्धुओं से अनुरोध है कि—तेल, कॉटन, बादाम, किशमिश, दालों एवं नमक आदि के व्यापारी बाजार के रुख को देखकर ही काम करें। लेकिन इस वर्ष का राजा बुध इस वर्ष का धनेश भी है, अत: यह वर्ष बहुत नये आयाम एवं नयी योजनाओं के साथ भारत देश को आर्थिक दृष्टि से समृद्ध एवं महाशक्ति-सम्पन्न देशों की कोटि में मान्यता दे सकेगा।

इस संवत्सर में सूर्य को तीन पद प्राप्त हैं, जिनमें दुर्गेश प्रमुख है, अत: विश्व के कुछ प्रतिष्ठित एवं कुछ यावनदेश भयंकर युद्धाग्नि से त्रस्त रहेंगे, जिससे शेयर बाजार [illegible] क्षेत्र प्रभावित होंगे। इस वर्ष धान्येश मंगल एवं मेघेश

दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी।

इस संवत् में चतुर्मेघों में 'आवर्तक' नामक मेघ है। अत: इस वर्ष आंधी, तूफान, हिमस्खलन एवं हिमपात, खण्डवृष्टि, कहीं अकालिक वर्षा, कहीं सूखा आदि प्राकृतिक प्रकोपों से खड़ी फसलों को हानि होने से व्यापारक्षेत्र प्रभावित होंगे।

इस वर्ष नवमेघों में 'संवर्त' नामक मेघ भी "संवर्ते वायु-पीडनम्"—प्रमाणानुसार भयंकर वायुवेग, तूफान आदि से अनेक क्षेत्रों में जनजीवन एवं कृषि को भारी हानि करेगा। विशेषत: पूर्व-दक्षिण में हानि के योग बनेंगे। एक संहिता ग्रन्थ के अनुसार इस वर्ष 'वरुण' नामक मेघ है। इस वर्ष बाढ़-वर्षा से अनेक प्रान्तों में जनजीवन त्रस्त रहे एवं खेती की हानि से भारत का व्यापारक्षेत्र प्रभावित होगा;—"वरुणस्त्वर्णवाकारम्"।

व्यापारी ध्यान दें—संवत् 2077 वि. में ग्रहों के वक्र/मार्ग, युति/प्रतियुति के अनुसार इस वर्ष चावल, गेहूं, चना, ग्वार आदि अनाज; गुड़, दालवाना, विशेषत: रुई, कपास, नरमा, मैंथा, तेल एवं सरसों आदि तिलहन; लाल-कालीमिर्च, जीरा, लौंग, सोना, चांदी में तेजी-मन्दी के भयंकर रिएक्शन्स आएंगे। **दूर-दराज से आने वाले व्यापारी टेलीफोन से समय निश्चित करके आयें। आने *की* असमर्थता में सोना, चांदी, कॉपर आदि मैटल्स में से किसी भी धातु, अनाज, दालवाना, गुड़, शेयर बाज़ार या तिलहन की लिखित रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए एक मास की फीस Rs. 5100/- (इक्यावन सौ रुपये) प्रतिजिन्स/ प्रतिधातु के हिसाब से भेजकर आगामी मास की दैनिक तेज़ी-मन्दी की रिपोर्ट प्राप्त करें।**

नोट—संवत् 2077 वि. में संवत् के शुरु से 4 मई तक एवं 19 जून, 2020 ई. से 22 अग. एवं 20 सितं. से संवत् के अन्त तक भारी जलवायु-विपरीतता (वर्षा की कमी आदि किंवा प्राकृतिक प्रकोप) से भारी हानि के योग हैं, जिसका प्रभाव सं. 2077 वि. के प्रारम्भिक समय में व्यापारियों को प्रभावित करेगा। इस समय ताजा मशवरा प्राप्त करें।

ध्यान दें—सं. 2077 वि. में आप दलहन, ग्वार, चना आदि अनाज, सोना-चांदी एवं रुई में अच्छी तेजी से लाभ ले सकेंगे, सम्पर्क में रहें।

सज्जनो! इस वर्ष शनि की मंगल पर दृष्टि एवं आगे शनि-मंगल का वक्रत्व किंवा नवं. में शनि की मंगल पर दृष्टि 21 फरवरी, सन् 2021 ई. को मंगल-राहु का एक-राशिसम्बन्ध भी राजनैतिक दृष्टि से व्यापारक्षेत्र एवं शेयर बाजारों को प्रभावित करेगा। इन दिनों व्यापारी ताजा मशवरा प्राप्त करके उत्तम लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

सन् 2020 ई. में संवत् 2077 वि. के प्रारम्भिक मार्च मास के कुछ अन्तिम दिनों में व्यापार के उतार-चढ़ाव के बारे में ग्रहगति के अनुसार संक्षेप में लिख देना चाहते हैं, जो कि इस प्रकार है;—

22 मार्च को मंगल शनि की राशि मकर में दाखिल होकर शनि के साथ मेल करेगा। यह योग विश्व की राजनीति को क्षुब्ध करने वाला है। कहीं व्यापक युद्धमय वातावरण बनने से भयंकर तेजी-मन्दी बनेगी, सावधान रहें। इस वक्त रुई, सोना, चांदी, तांबा, गुड़, खाण्ड, घी, तेल, तिलहन एवं ऊन तेज हो। अनाज, दालबाना में भी तेजी सम्भव है। 23 मार्च तक तेजी से लाभ लेकर निकल जाएं। 24 मार्च को शुक्र कृत्तिका नक्षत्र में आकर बाजारों में मन्दी का रुख बना सकता है। हमारे विचार से इस समय जौ, चावल, हींग, तिल, तेल, सरसों, मूंगफली, बिनौला, खल, रुई, सूत, ऊन, वस्त्र, चांदी, सोना, हीरा, मणि, मोती आदि जवाहरात में मन्दे का रुख रहेगा।

28 मार्च को शुक्र वृष राशि में आकर स्वगृही रहेगा। शुक्र का विशेष प्रभाव रुई, कपास, गुड़, खाण्ड, तिलहन तथा चांदी के बाजारों पर देखा गया है। क्योंकि अकेला शुक्र मन्दीकारक होता है, अत: यहां घटाबढ़ी से मन्दी ही करेगा।

29 मार्च को गुरु मकर राशि में दाखिल होगा। ध्यान दें, मकर राशि में शनि-मंगल भी मौजूद हैं। यद्यपि गुरु मन्दी-प्रधान ग्रह है। यह सभी हाजर बाजारों पर जोरदार घटाबढ़ी करता है। यहां शनि-मंगल का साथ होने पर भी गुरु तेजी को रोक देता है।

मकरस्थ गुरु जलवायु को प्रभावित करता है, कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बने, कहीं राजनैतिक स्थिति से व्यापार प्रभावित होगा—

"मकरे तु गुरौ याते दुर्भिक्षं घोर-दारुणम्।
विग्रहं यान्ति राजानः त्रिमासान्ते शुभं भवेत्॥"

लगभग 31 मार्च को सूर्य रेवती नक्षत्र में आकर शनि-मंगल से दृष्ट भी होगा। सूर्य का प्रभाव रुई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली, तेल, अनाज, सोना, शेयर बाजार,

हल्दी, कालीमिर्च पर विशेष रहता है। यहां सूर्य पर शनि की नजर होने से मार्च के अन्त में तेजी मालूम देती है।

अप्रैल (सन् 2020 ई.)

मासारम्भ में गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार सोना, चांदी, लोहा, तांबा, निक्कल आदि धातु एवं अनाज मन्दे रहें। चावल, सौंका एवं रुई में तेजी रहेगी।

व्यापारी ध्यान दें कि—5 अप्रैल के लगभग शनि उ.षा. नक्षत्र के चतुर्थ चरण में दाखिल होगा। इस समय अनाज, रुई, कपास, लोहा, चन्दन, मजीठ, दाख, छुहारा तेज होंगे। पहिले से स्टॉक कर लें। फिर पहिले, छठे, तीसरे मास में उत्तम लाभ मिलेगा।

7 अप्रैल को बुध मीन राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। जब भी बुध-सूर्य **एकत्र होते हैं तो बुध की शक्ति प्रबल हो जाती है। इस समय मकर राशिस्थ मंगलयुत शनि की इन पर विशेष दृष्टि भी है।** अतः बिनौला आदि तिलहन, सीमेण्ट, सोना, चांदी आदि धातु, रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर आदि में मन्दे की उम्मीद होने पर भी तेजी ही रहेगी। इनमें यदि कुछ घटाबढ़ी भी हो, फिर भी अन्ततः तेजी प्रधान रहेगी। **क्योंकि बुध शुभ-ग्रहदृष्टियोग से मन्दी एवं पाप-ग्रहदृष्टियोग से तेजीकारक ही रहता है।**

8 अप्रैल को शुक्र रोहिणी नक्षत्र में दाखिल होगा, गुरु ग्रह की इस पर इस समय विशेष दृष्टि भी है। अतः 12 दिन में सोना, चांदी आदि धातु, अलसी, एरण्ड, सरसों, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, दाख, छुहारा, सुपारी एवं नारियल मन्दे होंगे, स्टॉक करें। अफीम तेज रहेगी।

9 अप्रैल को बुध उ.भा. में आकर चांदी में घटाबढ़ी; रुई, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूं आदि अनाजों का भाव सम रखेगा। यह ट्रैंड 12 अप्रैल तक रहे।

13 अप्रैल को सूर्यदेव अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में प्रविष्ट होंगे। इस समय मकरस्थ मंगल की सूर्य पर विशेष दृष्टि भी रहेगी। यह अच्छी तेजी का योग है। अलसी, एरण्ड, तिल, तेल, सोना, चांदी, लोहा, तांबा, लाल चन्दन, नारियल, सुपारी, हींग, मेथी, लौंग, इलायची, अनाज, रुई, सूत, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, बादाम, फल एवं चांदी, सोना आदि धातुएं अच्छी तेज होंगी। 16 अप्रैल तक लाभ लें।

17 अप्रैल को बुध रेवती नक्षत्र में आयेगा। लालमिर्च, लाल चन्दन एवं अन्य लाल चीजों में तेजी करे, लेकिन गुड़, खाण्ड, तिल तेल, सरसों एवं चांदी में मन्दी करेगा। **यह तेजी-मन्दी के रिएक्शन्ज 23 अप्रैल तक रहेंगे।** इस समय हमसे ताजा मशवरा करें।

22 अप्रैल के लगभग बुध पूर्व में अस्त होगा। इस समय बुध पर शनि की दृष्टि भी है। अतः रुई में घटाबढ़ी (पहिले तेज, बीच में मन्दी, फिर रुई तेज) होगी। सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो। आगे घी, तेलादि में मन्दी सम्भव है।

24 अप्रैल को बुध अश्विनी- मेष में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। मंगल धनिष्ठा में है एवं चन्द्रदर्शन भी इसी दिन होगा। इस स्थिति में सूर्य-बुध पर मंगल की दृष्टि भी रहेगी।

यद्यपि मेषस्थ बुध मन्दीकारक रहता है, फिर भी मौजूदा ग्रहस्थिति के अनुसार यहां चांदी, सोना, गेहूं, चना,जौ, तेल, तिलहन, सरसों, कपास, घी, गुड़, खाण्ड, दालवाना में सामान्यतः मन्दे के बाद तेजी बनेगी। पीतल, सोना, चांदी, तांबा, जस्ता, लोहा आदि में तेजी रहे।

27 अप्रैल को सूर्य भरणी में एवं इसी दिन शुक्र मृगशिरा में दाखिल होगा। रुई, अलसी में मन्दी, सोना, चांदी, तांबा, मूंगा, पीतल, बर्तन आदि मैटल, गेहूं, जौ, चना, चावल, मोठ, अलसी, सरसों, रुई, गुड़, खाण्ड एवं घी तेज रहें।

इस प्रकार मासान्त तक तेजी प्रधान रहेगी।

अप्रैल 7, 8, 13, 14 के लगभग शेयर बाजारों में अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा।

मई (सन् 2020 ई.)

मई के प्रारम्भ में ही बुध भरणी नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ एक राशि एवं एक-नक्षत्रसम्बन्ध बना लेता है। यह योग बाजारों में तेजी करेगा। चावल आदि मोटे अनाज, दालें एवं तेलों में 8 दिन में तेजी होगी।

4 मई को मंगल कुम्भ (शनि की) राशि में प्रवेश करेगा। इस समय मंगल की विशेष दृष्टि शुक्र पर रहेगी। यह योग रुई और चांदी में जोरदार तेजी का है। सभी अनाज, गुड़, खाण्ड, सोना भी तेजी में रहेंगे। यह तेजी 6 मई तक रहे, तुरन्त लाभ लें।

7 मई को बुध कृत्तिका नक्षत्र में आकर चांदी, अफीम में विशेष घटाबढ़ी करके मन्दी करेगा। अनाज कुछ तेज, रुई में भी तेजी हो।

9 मई के लगभग बुध वृष राशि में दाखिल होगा। इस समय बुध पर मंगल की दृष्टि भी है। 15 दिन में रुई मन्दी होकर तेज हो। सभी व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी रहे। गेहूं, चना, चावल, मटर, कपास, सूत, अफीम, तिल, तेल तेज रहें।

11 मई को सूर्य कृत्तिका में आयेगा एवं शनि भी इसी दिन मकर राशि में वक्री हो रहा है। यह योग सट्टा बाजार में जोरदार तेजी का रहेगा। घी, रुई, सोना, चांदी, अलसी, एरण्ड, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, चावल, राई, सरसों, सिक्का, कली, तेल, तिलहन, तम्बाखू, सीमेण्ट तेज रहेंगे।

(शेयर बाजार भी इस मास में 9 से 14 मई तक तेज रहें।)

13 मई के लगभग बुध रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा। **ध्यान दें**—13 मई को ही गुरु वक्रगति से चलने लगेगा। इस प्रकार इस समय शनि-गुरु दोनों वक्र गति में हैं। 14 मई को सूर्य वृष राशि में दाखिल होकर बुध के साथ मेल करेगा। 14 मई को शुक्र भी वक्री हो रहा है। **ध्यान दें**—11 से 14 मई के लगभग शनि, गुरु, शुक्र—ये तीनों ग्रह वक्री हो चुके हैं। अतः वायदा बाजार एवं सभी व्यापारिक वस्तुओं में जोरदार तेजी बनेगी।

हमारे विचार से 11 से 14 मई के लगभग रुई, कपास, सूत, सोना, चांदी, तिल, तेल, सरसों, चावल, गुड़, खाण्ड, घी, तेल, गेहूं, जौ, चना जोरदार तेज रहें।

14 मई के लगभग मंगल शतभिषा में आकर रुई, सोना, चांदी एवं अनाजों में मन्दी का झटका दे सकता है। वायदा व्यापारी सावधान रहें।

(14 मई के लगभग से वायदा व्यापार में झटके की मन्दी आ सकती है, सावधानी से काम करें।)

15 मई के लगभग बुध पश्चिम में उदित होगा। इस समय वस्त्र, रुई, शेयरों में मन्दी बनेगी। यह मन्दे का रुख 20 मई तक उत्तम-मध्यमरूप से चलेगा। क्योंकि 20 मई को बुध मृगशिर नक्षत्र में आकर रुई में तेजी एवं चांदी व अन्य व्यापारिक वस्तुओं में प्रायः मन्दी करेगा। इसी दिन अर्थात् 20 मई को ही मृग. 4 में राहु और मूल 2 में केतु का संचार होगा।

(शेयर बाजारों में 15 से 20 मई तक के लगभग मन्दा बनेगा।)

ध्यान दें—राहु-केतु का नक्षत्रचरणप्रवेश अचानक तेजी भी कर सकता है। अतः बाजार के रुख को देखकर ही काम करें।

आगे 24/25 मई का दिन बहुत महत्त्वपूर्ण है। 24 मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। इसी दिन बुध मिथुन में दाखिल होगा। इस समय बुध सूर्य से अलग होकर राहु के साथ मेल करेगा। मंगल की बुध-राहु पर विशेष दृष्टि भी है। अतः रुई, सोना, चांदी, सरसों, तारामीरा, तेल, तिलहन, मूंग, उड़द, मोठ, गुड़ आदि में अच्छी तेजी के झटके आयेंगे, तुरन्त लाभ लें। यह तेजी-मन्दी के झटके 27 मई तक चलेंगे।

28 मई को बुध आर्द्रा नक्षत्र में एवं वक्री शुक्र रोहिणी में दाखिल होगा। इस समय गुड़, खाण्ड, रुई, सोना, चांदी, निक्कल, जिंक आदि धातुएं तेज रहेंगी। घी, तेल, तिलहन, गुड़, खाण्ड, दाख, छुहारा, सुपारी, नारियल एवं ऊन में मन्दी का रुख रहे। अफीम में तेजी का रुख रहे। यह व्यापारिक तेजी-मन्दी मई मास के अन्त तक चलेगी, अतः सावधानी से काम करें।

जून (सन् 2020 ई.)

मासारम्भ में सूर्य की सन्निधि में शुक्र वृष राशि में अस्त होगा। इस समय मंगल एवं गुरु की शुक्र-सूर्य पर दृष्टि भी होगी। अतः इस समय कुछ प्रान्त भयंकर सूखाग्रस्त रहेंगे, कुछ प्रान्त भयंकर प्राकृतिक आपदा (वर्षा, बाढ़ आदि) से पीड़ित रहेंगे। लेकिन हमारे विचारानुसार उड़द, मूंग, मोठ, तिल अधिक मात्रा में होने से सस्ते रहें। गुड़, खाण्ड भारी तेजी में रहें, मोटे अनाज सस्ते रहें।

4 जून को तिल, तेल, एरण्ड, अलसी, नारियल, सुपारी, रुई, सूत, सोना, चांदी तेज रहें। **क्योंकि 4 जून को मंगल पू.भा. में आयेगा। यह तेजी उत्तम-मध्यमरूप से**

गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार 11 जून तक चलेगी।

7 जून को सूर्य मृगशिर नक्षत्र में आयेगा एवं जून के दूसरे सप्ताह में लगभग 10 जून को शुक्र उदित होगा। **क्योंकि शुक्र मनुष्य गण एवं राजद्वार में उदित होगा। अत: बाजार तेजी में रहेंगे।** हमारे विचार से 11 जून तक रुई, सूत, रेशम, सण, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, सोना, चांदी, उड़द, मूंग, मोठ, चना, बाजरा, अलसी, घी, तेल, कपास, बारदाना में तेजी रहे।

12 जून को बुध पुनर्वसु नक्षत्र में आकर 8 दिन में चांदी, रुई, कपास, सूत में झटके की मन्दी करेगा।

14 जून को सूर्य मिथुन राशि में आकर बुध और राहु के साथ मेल करेगा। सूर्य-बुध-राहु एक साथ होने से वर्षा-वायु एवं प्राकृतिक प्रतिकूलता से व्यापारिक वस्तुओं की उपलब्धता सहज न होने से जोरदार तेजी होगी। परिणामस्वरूप, फल, सब्जियां, पाट, वारदाना, रेशम, सूत, कपास, रुई, सरसों, लोहा, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, घी, उड़द, मूंग, गेहूं, चना, चावल आदि अनाज तेज रहेंगे। सोना, चांदी में भी तेजी का ही रुख रहेगा।

ध्यान दें—14 से 19 जून के मध्य वायदा एवं शेयर बाजारों में जोरदार तेजी बनेगी।

16 जून को मिथुन राशि में बुध वक्री होगा। इस समय मिथुन राशि में वक्र राहु के साथ सूर्य भी है। अत: रुई, सोना, चांदी, अलसी, गेहूं एवं लाल रंग की चीजों में जोरदार तेजी बनेगी।

ध्यान दें—इस समय शनि-बुध-राहु-शुक्र-गुरु—ये पांच ग्रह वक्रगति से चल रहे हैं, अत: भयंकर प्राकृतिक आपदा से बाजारों में भारी तेजी बनेगी।

17 जून को वक्री शनि उ.षा. में आकर अनाज, रुई, कपास, मजीठ, चन्दन, दाख, छुहारा तेज करे। स्टाकिस्टों को पहिले, तीसरे, छठे मास में द्विगुणित-त्रिगुणित लाभ मिलेगा।

व्यापारी सावधान रहें—19 जून को मंगल मीन राशि में प्रविष्ट होगा। इस [illegible] **में हैं। इस समय भयंकर वर्षा, बाढ़, प्राकृतिक आपदा से फसलों को हानि पहुंचेगी, व्यापार प्रभावित होगा।** इन दिनों रुई, सोना, लालमिर्च, घी, तेल, तिलहन एवं लकड़ी से बनी वस्तुएं तेज रहें। चांदी में घटाबढ़ी के साथ पहले मन्दी, फिर तेजी बने। यह चक्र 20 जून तक चल सकता है।

21 जून को वक्री बुध आर्द्रा नक्षत्र में एवं सूर्य भी इसी दिन आर्द्रा नक्षत्र में दाखिल होगा। बुध अस्त भी इसी दिन के लगभग हो रहा है। इस दिन सूर्यग्रहण का प्रभाव भी व्यापार पर पड़ेगा। गेहूं, उड़द, जौ, चना, मूंग एवं मोठ मन्दे रहें। रुई में 15/20 टका की शीघ्र ही झटके से मन्दी आये। **पाट, हैसियन और शेयर बाजार मन्दे हों।**

(20, 21 जून को शेयर बाजारों में अचानक जोरदार मन्दा आने का योग है।)

21 जून को तिलहन एवं गुड़ तेज होंगे।

22 जून के लगभग चन्द्रदर्शन सोना, चांदी में मन्दा करे। इन दिनों गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, गेहूं, चना एवं जौ में तेजी का रुख रहेगा। 23 जून तक साधारण तेजी-मन्दी चलेगी।

24 जून के लगभग शुक्र मार्गी होगा। इस समय मंगल पर गुरु की दृष्टि भी है। अत: रुई में अचानक मन्दी बनेगी। चांदी, मोती, सोना तेज रहें। इन दिनों धान्य, गुड़, घी का स्टॉक करने से आगे अच्छा लाभ मिलेगा।

25 जून को मंगल उ.भा. में प्रविष्ट होगा। 1 मास में देवदारु, चन्दन, कपूर आदि सुगन्धित पदार्थ, सोना, चांदी, गेहूं, रुई, जौ, चना तेज रहेंगे।

30 जून तक यह तेजी उत्तम-मध्यमरूप से चलेगी।

30 जून को वक्री गुरु उ.षा. 1 धनु में दाखिल होगा। इस समय धनुस्थ गुरु के साथ केतु है, बुध-राहु-सूर्य की इस पर दृष्टि भी है। अत: यह तेजी का चांस है—

"धनुराशिं गते जीवे गोधूमादि-महर्घता।
वर्षाकाले भवेत्तत्र समर्घं च तिलं गुड़म्॥"

नोट—वर्तमान ग्रहस्थिति के अनुसार गुड़, खाण्ड, शक्कर में भयंकर मन्दी

शास्त्रों में लिखी है। लेकिन हमारे विचार से मन्दी न आकर गुड़, खाण्ड, शक्कर में जोरदार तेजी सम्भव है, फिर भी बाजार का रुख देखकर काम करें।

अत: गुड़, खाण्ड में भारी तेजी सम्भव है। नमक, गेहूं आदि अन्न, पाट, सण, तिल, तेल, घी, सोना, चांदी, पीतल, लोहा, तांबा, कांसी, सिक्का आदि में जोरदार मन्दी और तेजी के झटके आयेंगे।

नोट—आगे कार्त्तिक में घी का स्टॉक करने पर चैत्र में लाभ मिलेगा।

जुलाई (सन् 2020 ई.)

मासारम्भ में बुध-गुरु-शुक्र वक्री हैं। 5 जुलाई को सूर्य पुनर्वसु में प्रविष्ट होगा। इस समय सूर्य पर शनिदृष्ट मंगल की दृष्टि भी है, सूर्य का मेल राहु व बुध के साथ है। अत: रुई, सोना, चांदी, गुड़, सण, कपास, बिनौला, एरण्ड, अलसी, सरसों, लाख, देवदारु, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, सज्जी, हरड़, सुपारी, माजू, केसर, मजीठ, नील, सोंठ, गुग्गुल आदि सुगन्धित पदार्थ एवं सभी किरयाणा की वस्तुएं तेज रहेंगी।

ध्यान रहे कि—8 जुलाई तक बाजार तेज रहेंगे। आगे लगभग 9 जुलाई को बुध के पूर्व में उदित होने पर बाजारों में या तो जोरदार और भी तेजी आयेगी या बाजार मन्दे होंगे। परन्तु हमारा विचार तेजी का है।

8 जुलाई के लगभग रुई में मन्दी होकर 25 दिन में 15 टका की तेजी बनेगी। गेहूं, चना आदि अनाजों में 40 दिन में तेजी बनेगी। घी, तिल, पाट, हैसियन एवं लालमिर्च में भी तेजी रहे। 13 जुलाई तक बाजार तेज रहें।

13 जुलाई तक वायदा एवं शेयर बाजार जोरदार तेज एवं आगे 14 जुलाई से शेयर मन्दे होंगे, सावधान रहें।

14 जुलाई के लगभग बुध के मार्गी होने पर बाजार मन्दे होंगे।

14 जुलाई के लगभग बुध की स्थिति के अनुसार रुई में पहिले मन्दी, बाद में तेजी हो। चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने। 8 दिन में गेहूं, जौ, चना आदि अनाज तेज होंगे। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूंगफली, कपूर, चन्दन, अगर आदि सुगन्धित चीजों में मन्दे का वातावरण रहे।

16 जुलाई को सूर्य कर्क राशि में दाखिल होकर शनि के साथ समसप्तकयोग बनायेगा। यह योग वायदा एवं हाजर व्यापारियों को भयंकर तेजी से लाभ देगा।

रुई, सूत, बादाम, सुपारी, गुड़, शक्कर, तिल, नारियल, सरसों आदि तिलहन, तेल, घी एवं सोना, चांदी में अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा। लेकिन गेहूं, चना, जौ, मटर, अरहर, उड़द, मूंग, चावल में उठापटक रहे।

18 जुलाई को रेवती नक्षत्रस्थ मंगल पर शनि की दृष्टि तो रहेगी, लेकिन फिर भी बाजारों में उठापटक रहेगी। गेहूं, चना, मूंग, मोठ, जौ, ज्वार, बाजरा में कुछ मन्दी, चांदी, सोना तेज रहें। रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो।

19 जुलाई को सूर्य पुष्य नक्षत्र में दाखिल होगा। तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, सुपारी, सोंठ, गुग्गुल, हींग, हल्दी, लाख, ऊनी वस्त्र, सिक्का एवं सोना, चांदी तेज रहेंगे। रुई में पहले तेजी आकर बाद में मन्दी रहे।

नोट—यद्यपि पुष्य नक्षत्र का सूर्य मन्दीकारक माना गया है, परन्तु यहां सूर्य-शनि परस्पर दृष्टिसम्बन्ध बना रहे हैं, अत: तेजी प्रधान रहेगी।

व्यापारी नोट करें कि—यदि श्रावण कृष्ण पंचमी को वर्षा हो तो उत्तम फसल होने से, बाजार मन्दे हों, यदि इस दिन हवा का जोर रहे तो भयंकर दुर्भिक्ष से जनजीवन परेशान रहता है। ऐसा शकुनशास्त्रियों का वचन है—

> "श्रावण पहली पंचमी वर्षे करे निहाल।
> पवन चले तो अतिबुरी पड़े हलाहल काल॥"

21 जुलाई को मृग. 3 में राहु एवं मूल 1 में केतु है और राहु के बुध के साथ होने, राहु पर मंगल की दृष्टि और मंगल पर शनि की नजर भी है। अत: वायदा एवं शेयर बाजार 19 से 21 जुलाई तक तेज रहेंगे।

22 जुलाई को बुधवार वाले दिन कर्क राशि में चन्द्रदर्शन होगा। 23 जुलाई को शुक्र के मृग. नक्षत्र एवं 26 जुलाई को बुध के पुनर्वसु नक्षत्र में प्रवेश के वक्त **व्यापारी सावधान रहें। क्योंकि इन दिनों सोना, चांदी, रुई, सूत, वारदाना, गुड़, शक्कर,**

खाण्ड मन्दे हों। कुछ प्रान्तों में दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। 23 जुलाई को गेहूं, चना, ज्वार मन्दे, गुड़, खाण्ड, शक्कर तेज रहेंगे। 26 जुलाई को आगामी 8 दिनों में चांदी, रुई में खासी मन्दी रहे। क्योंकि राहुयुत बुध पर गुरु की विशेष दृष्टि भी है।

26 जुलाई को वक्री गुरु पू.षा. 4 में आकर अचानक जोरदार तेजी या मन्दी का झटका लायेगा। हमारे विचार से रुई, सोना, चांदी, तांबा, लोहा आदि धातुएं एवं अनाजों में जोरदार तेजी अचानक बनेगी। जुलाई मासान्त तक सभी वायदा बाजारों में जोरदार तेजी या मन्दी के झटके आयेंगे। विचारपूर्वक लाभ लेते रहें।

अगस्त (सन् 2020 ई.)

1 अगस्त को शुक्र मिथुन राशि में आयेगा। इस समय **शुक्र का मेल राहु के साथ होगा एवं शुक्र-राहु पर मंगल एवं गुरु की दृष्टि भी होगी। अतः रुई, कपास, सूत, बारदाना, एरण्ड, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार आदि में काफी मन्दी का झटका आयेगा, सावधान रहें। मन्दी आते ही स्टॉक करें।**

2 अगस्त को बुध कर्क राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा एवं सूर्य-बुध का मेल झटके की तेजी बनायेगा। **ध्यान दें—इस समय सूर्य-बुध पर शनि की दृष्टि भी है। अतः शेयर एवं सट्टा बाजार में झटके की तेजी से लाभ मिलेगा।**

व्यापारी नोट करें कि—2 अगस्त को सूर्य आश्लेषा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। अतः 14 दिन में सोना, चांदी, रुई, बिनौला, गेहूं, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च, मजीठ, नील के भाव में तेजी बनेगी। **नोट करें—**यद्यपि कर्क राशि का बुध रुई, चांदी, तेल, तिलहन, सोना, चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी करता है, लेकिन यहां इस पर शनि की दृष्टि से सर्वत्र तेजी ही बनेगी। तुरन्त लाभ लें।

3 अगस्त को बुध पुष्य नक्षत्र में आकर 10 दिन में सोना, चांदी में झटके से मन्दी करेगा। मणि, मोती आदि जवाहरात एवं ऊनी वस्त्र तेज रहें।

4 अगस्त को वक्री शनि उ.षा. 2 में आकर सूर्य-बुध से दृष्टिसम्बन्ध बना रहा है। मंगल पर इस समय शनि की दृष्टि भी है। इन दिनों गुरु-शुक्र का समसप्तक भी चल रहा है। अतः प्राकृतिक आपदा (वर्षा की कमी, दुर्भिक्ष आदि) से व्यापार प्रभावित होंगे—

"क्रूराणां सह सौम्यैश्च यदि स्यात् समसप्तकम्।
अनावृष्टिस्तदा ज्ञेया लोकपीड़ा महत्यपि॥"

इस समय गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार मोटे अनाज, दालें, रुई, कपास, सोना, चन्दन, चांदी, लोहा, दाख, छुहारा, मजीठ, सिक्का, कली, पीपल, ज्वार, चावल, घी, तेल, तिलहन, तम्बाखू, सीमेण्ट एवं खादी वस्त्र तेज होंगे।

(4, 5 अगस्त को शेयरों में जोरदार तेजी के बाद मन्दी बनेगी।)

5 अगस्त के लगभग बुध के पूर्वास्त होने पर अनाज, घी, तेल, तिलहन में मन्दी बने। रुई एवं चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहे। इस प्रकार व्यापारिक तेजी मन्दी 9 अगस्त तक चल सकती है।

10 अगस्त को बुध आश्लेषा नक्षत्र में दाखिल होगा। ध्यान रहे—इस समय सूर्य भी आश्लेषा नक्षत्र में ही है। सूर्य-बुध पर शनि की दृष्टि भी है। 15 दिन में तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूंग, मूंगफली आदि तिलहन, घी, दालवाना में भयंकर तेजी से लाभ मिलेगा।

नोट—10 से 17 अगस्त के मध्य वायदा एवं शेयर बाजारों में भयंकर तेजी रहे। तुरन्त लाभ लेते रहें, आखिरी समय की प्रतीक्षा न करें।

16 अगस्त को सूर्य मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में प्रवेश करेगा। 17 अगस्त को बुध भी मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में एकनक्षत्र एवं एकराशिसम्बन्ध बनायेगा। सिंह राशि पर बृहस्पति की दृष्टि है। अतः रुई, सोना, चांदी, मूंग, ज्वार, बाजरा, तिलहन, दाख, मिर्च, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तेल, घी एवं लाल रंग की चीजें तेज रहें। ऊनी वस्त्र भी तेज रहेंगे।

(16, 17 अगस्त को शेयर बाजारों में अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा।)

व्यापारिक वस्तुओं में यह तेजी 19 अगस्त तक रह सकती है।

20 अगस्त के लगभग चन्द्रदर्शन एवं 22 अगस्त को शुक्र का पुनर्वसु में

प्रवेश बाजारों में मन्दी कर सकते हैं। अतः विचारपूर्वक काम करें। लेकिन हमारे विचार से—इन दिनों रुई, सूत, रेशमी एवं ऊनी वस्त्र, सरसों, तेल, अनाजों, घी, गुड़, खाण्ड, कपास में तेजी रहे। सोना, चांदी में मन्दी सम्भव है।

22 अगस्त को मंगल अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में आकर गुरुग्रह की दृष्टि में आ जाता है। इस दिन या एकाध दिन आगे तक ज्वार, बाजरा, चना, ऊन, मूंग, गेहूं, गुड़, खाण्ड, घी, रुई, सोना तेज रहेंगे। चांदी में मन्दी सम्भव है। यहां तेजी साधारण रहे, क्योंकि मंगल पर गुरु की दृष्टि है।

23 अगस्त को पू.फा. नक्षत्र का बुध गुड़, खाण्ड एवं गेहूं आदि अनाजों में मन्दी करेगा। 29 अगस्त तक बाजार तेजी-मन्दी के प्रभाव में रहेंगे।

30 अगस्त को पू.फा. में सूर्य एवं 31 अगस्त को बुध उ.फा. में एवं इसी दिन शुक्र कर्क राशि में प्रविष्ट होगा। अतः 30 अगस्त को जीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूं, ज्वार, चावल, ऊनी वस्त्र, रुई, सूत तेज रहेंगे।

31 अगस्त को शुक्र पर शनि एवं मंगल की दृष्टि होने से वायदा बाजार तेज रहेंगे। रुई, अलसी आदि तिलहन, गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी, सोना, चांदी, दालवाना में तेजी से लाभ मिलेगा।

(31 अगस्त के लगभग शेयर बाजारों में जोरदार तेजी सम्भव है। सावधानी से काम करें।)

सितम्बर (सन् 2020 ई.)

1 सितम्बर के लगभग से श्राद्ध पक्ष का प्रारम्भ सोना, चांदी के व्यापारियों के लिए मध्यम रहेगा।

2 सितम्बर को बुध कन्या राशि में आकर रुई, चांदी में मन्दी; गेहूं, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड एवं घी, हल्दी में तेजी से व्यापारियों को लाभ देगा।

ध्यान दें—2 सितम्बर को बुध अपनी राशि में आकर घी, चीनी, गुड़, चावल आदि में तेजीकारक ही है।

3 सितम्बर को शुक्र पुष्य नक्षत्र में आकर रुई, सूत, रेशम, ऊन, धान तेज करेगा। लाख, चमड़ा, कपूर, पारा, शिंगरफ, हींग, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दी करे। यह मन्दी का प्रभाव 12 सितम्बर तक चल सकता है।

नोट करें—8 सितम्बर को हस्त नक्षत्र में बुध एवं वक्री गुरु के पू.षा. नक्षत्र में आने पर गेहूं आदि अनाज, रुई, सोना, चांदी आदि धातु—ये सब मन्दे रहेंगे। यह मन्दी 12 सितम्बर तक चलेगी।

13 सितम्बर को सूर्य उ.षा. नक्षत्र में आकर रुई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चांदी, लोहा, घी, तेल अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ग्वार, ज्वार, सुपारी, मूंग, बांस, नील में तेजी बना सकता है।

15 सितम्बर को गुरु मार्गी होगा। वक्र राहु के साथ गुरु का समसप्तकयोग बन रहा है। तिल, तेल, घी, अनाज में **जोरदार तेजी-मन्दी बनेगी, सावधानी से काम करें।** पूर्वी प्रदेशों में वर्षा आदि जलवायु के अनुकूल रहने से अनाज सस्ते रहेंगे।

16 सितम्बर को सूर्य कन्या राशि में आकर बुध के साथ **'एकराशिसम्बन्ध'** बनायेगा। यह बुध के साथ मिलकर तेजी की तरफ बाजारों को ले जायेगा। साथ ही 16 सितम्बर को शुक्र आश्लेषा नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। **यहां ध्यान दें—यहां शुक्र-शनि का समसप्तक है एवं शुक्र पर मंगल की विशेष दृष्टि है। अतः मन्दे की उम्मीद होने पर भी हमें आगे तेजी के ही बाजार मालूम देते हैं।** रुई, नारियल, सुपारी, तिल, तेल, मजीठ, चावल, अरहर एवं लाल वस्तुएं तेज रहेंगी। सोना, चांदी, हीरा आदि में भी तेजी बनेगी।

17 सितम्बर को बुध चित्रा में एवं गुरु पू.षा. 4 में प्रविष्ट होगा। बुध-सूर्य दोनों कन्या में हैं। सभी अनाज, दालवाना तेज रहें। रुई, सोना, चांदी आदि सभी धातुएं भी तेजी में रहें।

नोट—16/17 सितम्बर को शेयर बाजारों में अच्छी मन्दी का झटका आकर तेजी बनेगी।

18 सितम्बर के लगभग चन्द्रदर्शन बाजारों में मन्दीकारक रहे। सरसों, तिल, तेल,

गेहूं, चावल, उड़द, चना, ऊनी वस्त्र एवं ऊन में मन्दी रहे। रुई, सोना, चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी अवश्य बनेगी। इन दिनों अफीम, गुड़, खाण्ड में घटाबढ़ी एवं जौ मन्दे रहें।

अब आगे व्यापारी ध्यान दें—

20 सितम्बर को मंगल मेष राशि में वक्री हो रहा है। यद्यपि इस समय मंगल पर गुरु की दृष्टि भी है, परन्तु यह योग सभी दालों, अनाजों, रुई, सोना, चांदी, तांबा, अलसी, गेहूं एवं गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी एवं लाल चीजों में विशेषत: **तेजीकारक ही रहेगा।**

22 सितम्बर को बुध तुला राशि में दाखिल होगा। इस समय बुध पर वक्री मंगल की दृष्टि भी है। रुई, गुड़, खाण्ड, सोना, अफीम तेज रहेंगे। चांदी, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली आदि तिलहन में कुछ मन्दी आकर तेजी बनेगी। वायदा बाजारों में अन्तत: तेजी से ही लाभ मिलेगा। **ध्यान दें कि—22 सितम्बर को राहु मृग. 2 एवं केतु ज्येष्ठा 4 में आकर वृष एवं वृश्चिक राशियों को प्रभावित करेगा। इस समय व्यापारी नोट कर लें कि—अगर 22 सितम्बर के लगभग कांसी, लाख, मजीठ, सोंठ, मिर्च, हींग एवं घी में मन्दी बने तो खूब स्टॉक करें, आगे 6 महीनों में उत्तम लाभ मिलेगा—**

"संग्रह: सर्वधान्यानां घृतं तैलं विशेषत:।
कुंकुमं गन्धद्रव्यं च कार्पासश्च गुडस्तथा॥
मासानां षट्कं धृत्वा विक्रयं सप्तमे पुन:।
ज्ञेयश्चतुर्गुणो लाभ: सत्यमेव हि नान्यथा॥"

26 सितम्बर को सूर्य हस्त नक्षत्र में दाखिल होकर 15 दिनों के मध्य गेहूं, जौ, ज्वार, गुड़, खाण्ड, कपास, रुई, सूत, जूट, लकड़ी, नमक, हरड़, हींग, धनिया, हल्दी आदि में तेजी करेगा।

27 सितम्बर को बुध स्वाती एवं शुक्र मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में प्रविष्ट होकर गुरु की नजर में आ जाता है। गेहूं आदि अनाज, सोना, तांबा, मजीठ, लालमिर्च, घी, गुड़, चीनी तेज रहें। लेकिन चांदी में पहले 4 दिन में 2/3 टका की मन्दी होकर तेजी हो। रुई में भी मन्दी के बाद तेजी बने।

28 सितम्बर को मकर राशि में शनि मार्गी होगा। इस समय प्राय: सभी व्यापारिक वस्तुओं में उठापटक रहे। व्यापार मन्दे की तरफ बढ़ेगा। 6 दिन में रुई मन्दी होकर तेज हो। आगे 2 मास में तिल, तेल, सरसों, हींग, मिर्च तेज होंगे। स्टॉक पहिले ही कर लें।

अक्तूबर (सन् 2020 ई.)

4 अक्तूबर को वक्री मंगल मीन में आकर शनि की दृष्टि में आ जाता है। इस समय मंगल पर सूर्य की दृष्टि भी है। अत: सोना, चांदी, तांबा, लोहा, पीतल, गुड़, खण्ड, घी, सभी तिलहन, तेल एवं दालवाना में तेजी बनेगी। यह तेजी 8 अक्तूबर तक चलेगी। आगे बाजार अचानक मन्दे होंगे।

9 अक्तूबर को शुक्र पू.फा. नक्षत्र में एवं 10 अक्तूबर को सूर्य चित्रा में आ जाता है। 14/15 दिन में गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, चना में कुछ मन्दी आये। **लेकिन यह मन्दी ठहरेगी नहीं।** क्योंकि 10 अक्तूबर को सूर्य का चित्रा में आना तेजीकारक है। अत: रुई, सूत, सोना, चांदी, मोती आदि रत्न, गुड़, खाण्ड, अरहर, गेहूं, चना, तिल, नारियल, सण, केसर, कपूर, लालमिर्च आदि में तुरन्त तेजी का रिएक्शन आयेगा।

13 अक्तूबर को बुध वक्री होगा। बुध तुला राशि में वक्री हो रहा है। बुध पर शनि-मंगल की दृष्टि भी है। अत: घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में जोरदार तेजी बनेगी। तुरन्त लाभ लें।

17 अक्तूबर को सूर्य तुला राशि में आकर वक्री बुध के साथ मेल करेगा। इन दिनों बुध-सूर्य पर शनि-मंगल की विशेष दृष्टि भी है। इस समय तेजड़िये तेजी खेलकर उत्तम लाभ लेंगे। हमारे विचार से गेहूं, जौ, चना आदि अनाज, दालों, अलसी आदि तिलहन, सभी तेल, घी, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, निक्कल आदि धातुएं, चन्दन, मजीठ, सुपारी, श्रीफल एवं लालमिर्च आदि करयाणा, रुई, सूत, वस्त्र में उत्तम तेजी के झटके आयेंगे। तुरन्त लाभ लें। यह तेजी उत्तम-मध्यमरूप से 18 अक्तूबर तक चल

सकती है।

(13 से 18 अक्तूबर के मध्य शेयर एवं वायदा बाजार तेज रहेंगे।)

ध्यान दें—19 अक्तूबर के लगभग बुध पश्चिम में अस्त होगा। इस समय बाजारों में अचानक मन्दा बनेगा। इस समय वस्त्र, रुई, शेयर बाजारों में 15 दिन में मन्दी का असर रहेगा।

20 अक्तूबर को शुक्र उ.फा. नक्षत्र में आयेगा। इस समय शुक्र पर मंगल की दृष्टि भी है। अत: गेहूं, जौ, चना आदि अनाज, चांदी, तांबा, सोना एवं रुई में तेजी सम्भव है। इस समय ताजा मशवरा लें।

23 अक्तूबर को सूर्य स्वाती नक्षत्र में एवं शुक्र कन्या में आयेगा। ध्यान दें—कन्या राशि में स्थित शुक्र मंगल के साथ समसप्तकयोग भी बना रहा है। अत: आगामी 15 दिनों में रुई, सूत, सण, रेशम, सोना, चांदी, तांबा, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई, हींग, गुग्गुल, दालों, विशेषत: चावलों में जोरदार तेजी बनेगी। ऊनी एवं रेशमी वस्त्र की खरीदारी अधिक होगी।

27 अक्तूबर को वक्री बुध चित्रा नक्षत्र में दाखिल होगा। इस समय रुई, चांदी में घटबढ़ी होकर तेजी आयेगी। घी एवं अनाजों में कुछ तेजी का झटका आयेगा।

(23 अक्तूबर से 27 अक्तूबर तक वायदा एवं शेयर बाजारों में जोरदार घटाबढ़ी चलेगी।)

30 अक्तूबर को गुरु उ.षा. नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। गुड़, खाण्ड में भारी तेजी बनेगी। इस समय धनु राशि का गुरु अनाजों में मन्दी कर सकता है।

31 अक्तूबर को हस्त नक्षत्र में स्थित शुक्र पर मंगल की विशेष दृष्टि है। इन दिनों अनाज, रुई, चांदी, चावल व सोना आदि मैटल तेज रहेंगे।

नोट—यदि इन दिनों अनाज मन्दे हों तो भरपूर स्टॉक करें, आगे उत्तम लाभ होगा। गुड़, खाण्ड, शक्कर में घटाबढ़ी रहेगी।

नवम्बर (सन् 2020 ई.)

1 नवम्बर के लगभग बुध के पूर्व में उदित होने पर रुई में झटके की मन्दी के बाद तेजी बनेगी।

3 नवम्बर को बुध के मार्गी होने पर रुई और चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी होगी। यहां तुला राशि में सूर्य-बुध पर शनि-मंगल की दृष्टि होने से गेहूं, जौ, चना आदि अनाज तेज रहेंगे। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूंगफली आदि तिलहन, घी, काली-लालमिर्च एवं सोना, चांदी में अच्छी तेजी सम्भव है।

6 नवम्बर को सूर्य विशाखा नक्षत्र में दाखिल होगा। सभी अनाज, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, सरसों, तिलहन, घी एवं सोना, चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो। यह घटाबढ़ी 5/6 दिन चलेगी। आगे 11 नवम्बर को बुध स्वाती नक्षत्र में एवं शुक्र चित्रा नक्षत्र में दाखिल होगा। 8 दिन में रुई मन्दी हो। 12 दिनों तक सोना, चांदी एवं अनाजों के भाव सम रहें।

अब व्यापारी सावधान रहें, क्योंकि 13 नवम्बर को मंगल मार्गी होगा। नोट करें कि—भौमादि ग्रहों के मार्गी होने पर जो पदार्थ पहिले तेज होते हैं, वे मन्दे होने लगते हैं तथा जो चीजें मन्दी होती हैं, वे तेज होती हैं। हमारे विचार से यहां मंगल पर शनि एवं शुक्र की दृष्टि होने से खरीददारी जोरदार होगी एवं बाजार तेज रहेंगे। रुई में जोरदार मन्दी का झटका सम्भव है। तेल, घी, चीनी, गुड़, खाण्ड, शक्कर एवं चांदी, सोना में तेजी से लाभ मिलेगा।

15 नवम्बर को सूर्य वृश्चिक राशि में प्रविष्ट होगा एवं राहु के साथ समसप्तक-योग बनायेगा। अत: रुई, सोना, चांदी, तांबा, गुड़, शक्कर, घी, तेल एवं लाल रंग की चीजों में मन्दे की उम्मीद होने पर भी तेजी रहे। इस समय ऊनी वस्त्रों में विशेष तेजी सम्भव है।

16 नवम्बर को शुक्र तुला में आकर बुध के साथ मेल करेगा। मंगल एवं शनि की इन पर विशेष दृष्टि रहेगी। अत: एक मास में रुई, चांदी और अफीम में तेजी रहे। सोना तेज एवं चांदी में घटाबढ़ी चले। गुड़, खाण्ड, चीनी एवं घी, चना में झटके की तेजी रहेगी। **क्योंकि शुक्र पर क्रूर ग्रहों की दृष्टि है।** अत: सूत, ऊनी वस्त्र, नमक,

सोना, चांदी तेज रहें।

19 नवम्बर को सूर्य अनुराधा नक्षत्र में आयेगा। 20 नवम्बर को गुरु उ.षा. नक्षत्र के दूसरे चरण एवं मकर राशि में दाखिल होकर शनि के साथ एक-राशि-सम्बन्ध बनायेगा। इस समय नीच गुरु की राहु पर दृष्टि भी रहेगी। राजनैतिक गतिविधि का प्रभाव व्यापार पर नजर आयेगा। इस समय ताजा मशवरा प्राप्त करें। हमारे विचार से जौ, चना आदि अनाज, सोना, चांदी आदि धातुएं तेज होंगी।

नोट करें—गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार इन दिनों रुई में मन्दी होकर तेजी रहे। खासकर 5 मास के बाद 10 मास के अन्दर रुई में सवा सौ टका की घटाबढ़ी होगी। जौ, चना, गेहूं आदि और दालवाना में जोरदार तेजी से स्टॉकिस्टों को लाभ मिलेगा।

तिलहन, कपूर, तांबा, सोना, चांदी में भी उत्तम लाभ मिलेगा। गुड़, खाण्ड, घी भी तेज रहेंगे। **मकर में गुरु के आने पर 15 दिन में लाभ लें, अन्यथा मन्दी से हानि में रहेंगे।**

21 नवम्बर को बुध विशाखा में आकर बाजारों का रुख बदल सकता है। क्योंकि इसी दिन (21 नवम्बर को ही) **शनि उ.षा. के तीसरे चरण में आ रहा है,** अतः अनाजों के भाव मन्दे हों, लेकिन मन्दी में स्टॉक करने पर अनाज, रुई, कपास, लोहा, दाख, छुआरा में 1, 3, 6 मास में स्टॉकिस्टों को लाभ मिलेगा। 21 नवम्बर के लगभग रुई में धमाके की मन्दी आ सकती है, सावधान।

24 नवम्बर को मृग. 1 में राहु एवं ज्येष्ठा 3 में केतु का संचार होगा। राहु पर इस समय गुरु-मंगल एवं सूर्य की दृष्टि भी है। अतः शेयर, सट्टा बाजार में जोरदार हलचल होगी।

26 नवम्बर के लगभग बुध पूर्व में अस्त होगा तथा 28 नवम्बर को बुध वृश्चिक राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा एवं राहु के साथ समसप्तक भी बनायेगा। 26 नवम्बर के लगभग से अनाज, घी आदि मन्दे हों। रुई में घटाबढ़ी एवं सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

30 नवम्बर को बुध अनुराधा नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ एकराशि एवं एक-नक्षत्र-सम्बन्ध बना रहा है। बालग्रह बुध, सूर्य के साथ मिलकर अफवाहों से बाजारों में

विशेषत: शेयरों में उठापटक करता है, सावधानी से काम करें। इस समय ऊन, सूत, सण, रुई, सोना, चांदी के व्यापारी जोरदार मन्दी या तेजी के बाजार को देखकर काम करें।

दिसम्बर (सन् 2020 ई.)

2 दिसम्बर को सूर्य ज्येष्ठा और शुक्र विशाखा में दाखिल होगा। पन्द्रह दिन में सोना, चांदी, चावल, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग, गुग्गुल, पारा, गुड़, खाण्ड और रुई में तेजी बनेगी।

7 दिसम्बर को गुरु उ.षा. 3 में दाखिल होगा। इस समय गुरु शनि के साथ मेल कर रहा है। इसलिए गुड़, खाण्ड में भारी तेजी की उम्मीद है। यह तेजी उत्तम-मध्यम-रूप से 10 दिसम्बर तक चल सकती है।

8 दिसम्बर को बुध ज्येष्ठा नक्षत्र में आकर घी, गुड़, खाण्ड, दालवाना और चावल में अच्छी तेजी करे।

10 दिसं. को शुक्र वृश्चिक राशि में दाखिल होकर सूर्य, बुध, केतु के साथ मेल करेगा, अतः रुई, शेयर बाजार, चांदी, अफीम में पहले मन्दी, बाद में तेजी बनेगी। गेहूं, जौ, उड़द, मूंग, मोठ, बाजरा आदि अनाजों में जोरदार तेजी बन सकती है, क्योंकि शुक्र का मेल क्रूर ग्रहों के साथ है।

13 दिसम्बर को शुक्र अनुराधा नक्षत्र में दाखिल होगा, जोकि 22 दिनों में गुड़, खाण्ड, चावल, नमक में मन्दी का कारण बनेगा, लेकिन बाजरा, मूंग, मोठ तेज रहेंगे।

15 दिसम्बर को सूर्य मूल नक्षत्र और धनु राशि में दाखिल होगा। साथ ही 16 दिसम्बर को बुध भी मूल/धनु में दाखिल हो जाता है। जब भी बुध का मेल सूर्य से होता है तो बाजारों में जोरदार तेजी की चाल बनती है। 15 दिन में रुई, कपास, सूत, सोना, चांदी, अलसी, तिल, तेल, घी में अच्छी तेजी का झटका आयेगा। **यह तेजी उत्तम-मध्यमरूप से 22 दिसम्बर तक चल सकती है।**

24 दिसम्बर को शुक्र ज्येष्ठा नक्षत्र में दाखिल होगा। *15 दिनों में सभी अनाज कुछ तेज रहेंगे। लेकिन सोना, चांदी, सरसों, तिल, तेल और हींग में मन्दा रहेगा। 24*

दिसम्बर को ही मंगल अश्विनी नक्षत्र और मेष राशि में दाखिल होगा। यह योग सोना, चांदी, पीतल, गुड़, खाण्ड, गेहूं, चना, बाजरा, ज्वार, मूंगा, मोती, ऊन, रुई, कपास, शक्कर में अच्छी तेजी करेगा। यह तेजी 15 दिनों तक चल सकती है।

25 दिसम्बर को शनि उ.षा. 4 में दाखिल होगा। इसी दिन बुध पू.षा. में दाखिल होगा। यह योग बिनौला, अनाज, रुई, कपास, लोहा, मजीठ, दाख, छुहारा में अच्छी तेजी करेगा। इस समय सोना, चांदी में जोरदार मन्दी का योग है। संग्रहकर्त्ताओं को पहले, तीसरे और छठे महीने में उत्तम लाभ मिलेगा।

28 दिसम्बर को सूर्य पू.षा. नक्षत्र में दाखिल होगा। बुध पहले ही पू.षा. में आ चुका है। 14 दिन में तिल, तेल, सरसों आदि तिलहन और गुड़, खाण्ड, हल्दी, ऊनी कपड़े और चांदी में तेजी आयेगी।

(दिसम्बर 2, 10, 13, 15, 16, 24 और 25 दिसम्बर को शेयर बाजारों में जोरदार उठापटक रहेगी।)

जनवरी (सन् 2021 ई.)

नये वर्ष की व्यापारियों को शुभ कामनाएं।

(2 जन. को बुध उ.षा. नक्षत्र में दाखिल होगा। इस समय बुध सूर्य के साथ है, 3 जन. (सन् 2021 ई.) को शुक्र भी मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में दाखिल होकर सूर्य के साथ मेल करेगा।)

गेहूं, चना, जौ आदि अनाज, चांदी, सोना, तांबा आदि धातु एवं शेयर बाजार तेज रहें। रुई, सूत, कपास में मन्दी के बाद तेजी होगी।

4 जनवरी को बुध मकर राशि में आकर गुरु एवं शनि के साथ मेल करेगा। इस समय जोरदार तेजी-मन्दी के रिएक्शन्ज आयेंगे। हमारे विचार से रुई, सोना, चांदी तेज होंगे। सभी अनाजों का भाव मध्यम रहेगा।

6 जन. को श्रवण नक्षत्र में गुरु के आने पर गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी तथा अनाज, दालवाना में मन्दे का रिएक्शन आये।

7 जनवरी के करीब शनि के अस्त होने पर ऊनी कपड़े, रुई, सोना, चांदी, लोहा एवं शेयर बाजारों में मन्दी बनेगी और अनाज तेज रहेंगे।

10 जनवरी को सूर्य उ.षा. और बुध श्रवण नक्षत्र में दाखिल होगा। इन दिनों उड़द, मूंग, चावल, चना, गेहूं, गुड़, खाण्ड, लाल शक्कर, कपास, चमड़ा, सरसों, अलसी में तेजी रहेगी।

ध्यान दें—10 जनवरी के लगभग बुध के पश्चिम में उदित होने पर बाजारों में मन्दी का रुख बनेगा। रुई, शेयर बाजार एवं अनाजों में अचानक मन्दा आयेगा। व्यापारी होशियार रहें।

14 जनवरी को सूर्य मकर राशि में दाखिल होगा और इसी दिन शुक्र पू.षा. में आ जाता है। यह योग बाजारों में तेजी करेगा। घी, तेल, अलसी, गुड़, खाण्ड, शक्कर और रुई में तेजी बनेगी। गेहूं, मूंग, मोठ, उड़द, तिल, सरसों, नमक तेज रहेंगे।

नोट करें कि—इस वक्त सूरज, बुध, शनि, गुरु—ये चारों ग्रह मकर राशि में ही हैं। इसलिए यह योग जोरदार तेजी का है। यह तेजी उत्तम-मध्यम रूप से 18 जनवरी तक चल सकती है।

19 जनवरी को बुध धनिष्ठा नक्षत्र में आयेगा। गुरु भी लगभग उसी दिन अस्त होगा। चावल, स्वांक, सोना, चांदी, रुई, अनाज एवं शेयर बाजारों में अच्छी मन्दी का रुख बन सकता है। यह मन्दी 21 जनवरी तक चल सकती है।

21 जनवरी को गुरु श्रवण नक्षत्र के दूसरे चरण में आकर गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी और अनाजों में मन्दा ही रखेगा।

22 जनवरी को मंगल भरणी नक्षत्र में आकर गेहूं आदि अनाजों व सोना, चांदी और रुई में झटके से तेजी करेगा। क्योंकि इस समय मंगल अपनी राशि (मेष) में ही है। **यह तेजी उत्तम-मध्यमरूप से 26 जनवरी तक चल सकती है।**

23 जनवरी को सूर्य और शनि-दोनों श्रवण नक्षत्र में दाखिल होंगे। यह योग भयंकर तेजी का मालूम देता है। व्यापारी सावधानी से काम करके 25 जनवरी से पहले ही नफा बुक कर लें तो अच्छा रहेगा, क्योंकि इस वक्त सूर्य, शनि, शुक्र, मकर

राशि में ही रहेंगे।

25 जनवरी को बुध कुम्भ राशि में दाखिल होगा। इस समय घी, तेल, गुड़, खाण्ड में तेजी आयेगी। अलसी, रुई, चांदी में मन्दे का झटका आयेगा। **इसी दिन शुक्र भी उ.षा. नक्षत्र में आयेगा,** जोकि गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, अलसी, एरण्ड आदि में **तेजी और मन्दे के रिएक्शन करेगा। समझ से काम करें।**

26 जनवरी को राहु रोहिणी नक्षत्र के चौथे चरण में दाखिल होगा। यह योग अच्छी तेजी का है। समझ से काम करें, अच्छा लाभ होगा। रुई, सूत, सोना, चांदी, तांबा, जस्ता, पीतल, तिलहन, दालों, सभी अनाज, घी, काला जीरा आदि में जोरदार तेजी बनेगी। तुरन्त लाभ लें, आखिरी वक्त का इन्तजार न करें।

27 जनवरी को शुक्र मकर राशि में दाखिल होकर सूर्य शनि और गुरु के साथ मेल करेगा। नोट करें कि—इस वक्त गुरु, शनि, सूर्य—ये तीनों श्रवण नक्षत्र में ही हैं। अफीम, गुड़, खाण्ड, घी, गेहूं, चना आदि अनाज तेज रहेंगे।

30 जनवरी को बुध वक्री होगा। यह योग मास के अन्त तक घी, गुड़, खाण्ड और शक्कर में तेजी करेगा। गेहूं, जौ, चना आदि अनाजों में मन्दी सम्भव है।

फरवरी (सन् 2021 ई.)

मासारम्भ में ही बुध पश्चिम में अस्त होगा। **बुध कुम्भ राशि में और वक्री पोजीशन में है।** एकदम व्यापार में मन्दे का झटका आयेगा। रुई में 15-20 टका की मन्दी और पाट, हैसियन एवं शेयर बाजार भी मन्दे रहेंगे। चांदी में तेजी सम्भव है।

4 फरवरी को शुक्र श्रवण नक्षत्र में, साथ ही गुरु भी श्रवण नक्षत्र के तीसरे चरण में दाखिल होगा। इस समय शुक्र, गुरु, शनि, सूर्य—ये चारों ग्रह मकर राशि में ही हैं। चांदी, सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, मूंग, मोठ, उड़द, तिलहन और घी में तेजी रहेगी। रुई में मन्दी के बाद तेजी सम्भव है।

5 फरवरी को सूर्य धनिष्ठा में और इस दिन वक्री बुध मकर राशि में दाखिल होगा। यह योग अच्छी तेजी का है। सोना, चांदी आदि धातु, मोती, मणि आदि जवाहरात, रुई, अलसी एवं अनाजों में अच्छी तेजी का झटका आयेगा, तुरन्त लाभ मिलेगा।

9 फरवरी को शनि उदित होगा और 10 फरवरी को वक्र बुध श्रवण नक्षत्र में दाखिल होगा। 8 दिन में रुई, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली आदि तिलहन और शेयर बाजार मन्दे होंगे। लोहा, जस्ता, सीसा, लकड़ी, चावल, गुड़, खाण्ड में तेजी रहे।

12 फरवरी को सूरज कुम्भ राशि में दोखिल होगा। घी, तेल, सरसों, मूंगफली, तिल तेज रहेंगे। अनाज, गुड़, खाण्ड, शक्कर मन्दे रहें।

13 फरवरी को चन्द्रदर्शन होगा और इन्हीं दिनों में शुक्र पूर्व में अस्त हो जायेगा। रुई में मन्दी हो, चांदी, सोना में घटाबढ़ी होकर तेजी बनेगी। दालवाना, तेल, तिलहन में भी तेजी का झटका आयेगा।

14 फरवरी को बुध पूर्व में उदित होगा। बुध, गुरु, शुक्र, शनि के साथ मकर राशि में है। गेहूं, चना आदि में कुछ ही दिनों में तेजी बनेगी। घी, तिल और लालमिर्च भी तेज रहें। रुई में मन्दी के बाद लगभग 25 दिन में तेजी आयेगी।

15 फरवरी को शुक्र धनिष्ठा और मंगल कृत्तिका नक्षत्र में दाखिल होगा। चावल, मूंग, मोठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, चांदी, सोना, रुई, कपास, तिल, तेल, सरसों, घी में तेजी बनेगी, **क्योंकि शुक्र सूर्य के साथ है और मंगल स्वस्थ होने से यह योग अच्छी तेजी का है।**

18 फरवरी को गुरु श्रवण के चौथे चरण में दाखिल होकर गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी और अनाजों में मन्दा करेगा।

19 फरवरी को सूर्य शतभिषा नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। सोना, चांदी, तिलहन, तेल, घी, छुहारा, सोंठ, हल्दी, गेहूं एवं गुड़ में तेजी से लाभ मिलेगा।

20 फरवरी को शुक्र कुम्भ राशि में आयेगा। इस समय शुक्र का मेल सूर्य के साथ होगा। इसी दिन के लगभग शनि श्रवण नक्षत्र के दूसरे चरण में आ जाता है। रुई, चांदी, अनाज, गुड़, खाण्ड, गेहूं, चना, जौ, मूंग, ज्वार, बाजरा, तेल, तिलहन और विशेषत: अलसी में खासी तेजी बनेगी।

21 फरवरी को मंगल वृष राशि में आकर राहु के साथ एकराशिसम्बन्ध बना लेगा। इन पर गुरु की दृष्टि भी है, अतः यह अच्छी तेजी-मन्दी का योग है। क्योंकि प्राकृतिक प्रकोप (कहीं वर्षा की कमी आदि) से सभी अनाज, गुड़, लाल मिर्च, शक्कर, रुई, कपास, सूत, कुसुम्भ, चन्दन, कपूर, केसर, तेल, घी, सोना, चांदी, तांबा आदि धातु एवं शेयर बाजार तेज रहें—

"राहुरंगारकश्चैक-राशि-ऋक्षगतौ तथा।
महाभयं च सस्यानां न च वृष्टिः प्रजायते॥"

22 फरवरी को बुध मार्गी हो जायेगा। इस समय बुध का मेल शनि और गुरु के साथ है। रुई और चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। 8 दिन में गेहूं, जौ, चना और अनाज तेज होंगे। रेशम, अलसी, तेल, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूंगफली, कपूर, चन्दन, अगर आदि सुगन्धित पदार्थ मन्दे होंगे।

26 फरवरी को शुक्र शतभिषा नक्षत्र में दाखिल होगा। क्योंकि शुक्र सूर्य के साथ मेल कर रहा है। इसलिए गेहूं, गुड़, खाण्ड, चावल, घी, सरसों और सोना, चांदी तेज रहेंगे। यह तेजी उत्तम-मध्यमरूप से मासान्त तक चलेगी।

मार्च (सन् 2021 ई.)

मार्च की प्रारम्भिक ग्रहस्थिति के अनुसार राहु-मंगल वृष में है। सूर्य-शुक्र कुम्भ राशि में है। शनि, बुध, गुरु मकर राशि में हैं। यह स्थिति व्यापार में तेजी का संकेत देती है।

4 मार्च को सूर्य पू.भा. नक्षत्र में आ जाता है। 4 मार्च को ही बुध धनिष्ठा में एवं इसी दिन गुरु भी धनिष्ठा के प्रथम चरण में दाखिल होगा। 4 मार्च को सूर्य कुम्भ में शुक्र के साथ मेल करेगा। यह योग रेशम, सोना, चांदी, गेहूं, चना, उड़द, चावल, ज्वार, बाजरा, घी, सरसों, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, गुग्गुल, पिप्पलामूल और रुई में झटके के साथ बाजारों में तेजी करेगा।

नोट करें—4 मार्च को गुरु एवं बुध के धनिष्ठा नक्षत्र में आने पर रुई, स्वांक, चना, चावल, जौ एवं सोना, चांदी में मन्दी बने। अतः सावधानी से काम करें। यह तेजी-मन्दी का सिलसिला 10 मार्च तक चलेगा, बाजार के रुख को जांचकर काम करें।

8 मार्च को शुक्र पू.भा. में आकर रुई एवं चांदी में तेजी का झटका देगा। क्योंकि शुक्र सूर्य के साथ है, अतः तेजी में ही रहें।

11 मार्च को बुध कुम्भ राशि में आकर सूर्य-शुक्र के साथ मेल करेगा। अलसी, रुई एवं चांदी में थोड़ी मन्दी होकर तेजी विशेष रहेगी। घी, तेल, रस, गुड़, खाण्ड तेज रहेंगे, यह ध्यान दें।

11 मार्च को ही मंगल रोहिणी नक्षत्र में आयेगा। यह योग भी तेजी करेगा। रुई, सूत, कपास, रेशम, सरसों, तिल, तेल, लाल मिर्च, हींग और शेयर बाजार तेज रहेंगे।

(4, 8, 11 मार्च को शेयर बाजार तेज रहेंगे।)

14 मार्च को सूर्य के मीन राशि में आने पर तिलहन, घी, तेल, गुड़, शक्कर, रुई, सोना तेज रहें। सभी अनाज पहले तेज, बाद में मन्दे हों। रुई घटाबढ़ी के बाद मन्दी हो।

ध्यान दें—16 मार्च को शुक्र मीन राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। शनि की इन पर दृष्टि भी है। 17 से 19 मार्च के मध्य सूर्य-शुक्र का उ.भा. नक्षत्र में मेल भी होगा। इसलिए अनाज, सारे तिलहन, गुड़, खाण्ड, रुई, चांदी, सोना, घी में **जोरदार धमाके की तेजी बनेगी। इस समय ताजा मशवरा प्राप्त करें।**

19 मार्च को गुरु के धनिष्ठा नक्षत्र में आने पर अनाजों एवं चांदी, रुई में झटके की मन्दी का योग है, सावधान रहें।

25 मार्च को बुध पू.भा. नक्षत्र में आयेगा। सोना, चांदी में घटाबढ़ी रहे। गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूं आदि अनाजों में स्थिरता रहे।

गौर करें—26 मार्च को शनि श्रवण नक्षत्र के तीसरे चरण में प्रविष्ट होगा। गेहूं आदि अनाजों, दालवाना, घी एवं अलसी में खासी तेजी बनेगी। अनाज, गुड़, खाण्ड, नमक भी तेज रहेंगे।

30 मार्च को शुक्र रेवती में एवं राहु रोहिणी के तीसरे चरण में और केतु ज्येष्ठा के प्रथम चरण में प्रविष्ट होगा। **शुक्र पर शनि की दृष्टि भी है।** अतः सोना, चांदी, रुई,

कपास, चावल, कपूर, गुड़, खाण्ड, अनाज, घी, तेल, तिलहन में जोरदार उठापटक रहेगी, **क्योंकि यहां राहु पर गुरु की दृष्टि भी है।**

31 मार्च को सूर्य रेवती एवं बुध मीन में आयेगा। इस समय मीन राशि में स्थित शुक्र-सूर्य-बुध पर शनि की नजर भी है। अत: सभी तिलहन, घी, सभी अनाज, रुई, गुड़, खाण्ड,शक्कर, बिनौला तेज रहेंगे। सोना, चांदी में घटाबढ़ी के बाद अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा। तुरन्त लाभ लें, आखिरी वक्त का इन्तजार न करें।

अप्रैल (सन् 2021 ई.)

2 अप्रैल को बुध उ.भा. और मंगल मृगशिर नक्षत्र में दाखिल होगा। तिल, चांदी, रुई में तेजी और अन्य व्यापारिक चीजों में मन्दा रहे।

5 अप्रैल को गुरु धनिष्ठा के तीसरे चरण और कुम्भ राशि में दाखिल होगा। गेहूं, चावल, जौ, चना में मन्दे का रुख बनेगा। रुई में 6 मास तक तेजी के बाद मन्दी होगी। रुई और सफेद चीजें खरीदकर 6 मास में बेचने से लाभ मिलेगा। तांबा, कांसी, पीतल, लोहा, सीसा, सोना में 3 मास तक मन्दी के बाद तेजी होगी। ध्यान दें—5 अप्रैल के लगभग बुध पूर्व में अस्त होगा। इस समय घी, रुई और दालवाना में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो।

9 अप्रैल को बुध रेवती नक्षत्र में दाखिल होगा। इसलिए 11 दिन में कुसुम्भ, लाल चन्दन, गेरु और लालमिर्च में तेजी बनेगी। गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, सरसों, रुई और चांदी में मन्दी के आसार हैं।

10 अप्रैल को शुक्र अश्विनी नक्षत्र में दाखिल होगा। यह योग अच्छी मन्दी का मालूम होता है। अलसी, गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, तिल, तेल, सरसों, रुई, कपास, ऊन, जौ, चना, गेहूं, उड़द, अरहर, मूंग, मोठ में मन्दी के योग हैं। सोना, चांदी के व्यापारी पहले घटाबढ़ी के बाद अन्त में तेजी से लाभ ले सकेंगे।

॥ शुभं भूयात् ॥

— — — —

यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

(1 जनवरी, सन् 2020 ई. से 12 अप्रैल, सन् 2021 ई. तक)

जप एवं यन्त्र-मन्त्र आदि की साधना के लिए शास्त्रों द्वारा बारह सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा सूर्य-चन्द्र के क्रान्तिसाम्य (महापात) के काल को ठीक सूर्य-चन्द्रग्रहण के समान ही महत्त्वपूर्ण माना गया है। संहिता और ज्योतिषग्रन्थों में इस विषय के अनेक वचन उपलब्ध हैं। क्रान्तिसाम्य को तन्त्रादि की सिद्धि के लिए ऋषियों ने स्पष्टरूप से फलप्रद माना है। आचार्य भास्कर ने भी 'सिद्धान्त-शिरोमणि' में कहा है कि क्रान्तिसाम्य के काल में विवाहादि मंगलकृत्य करना तो निषिद्ध है, लेकिन यदि इस समय जप, अनुष्ठानादि किया जाये, तो उसकी वृद्धि होती है— *"पातस्थितिकालान्तर्गतमंगलकृत्यं न शस्यते तज्ज्ञैः। स्नान-जप-होमदानादिकमत्रोपैति खलु वृद्धिम्॥"* यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रों की साधना में विशेष रुचि रखने वाले पाठकों के लिए हम नीचे 1 जनवरी, 2020 ई. से 12 अप्रैल, सन् 2021 ई. तक की सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा क्रान्तिसाम्य के प्रारम्भ और समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.) दे रहे हैं। इन कालों में यन्त्र-तन्त्रों के निर्माण एवं मन्त्रजाप से वे अभीष्ट सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

सूर्य और चन्द्रमा के ग्रहण के पर्वकाल को भी मन्त्रादि-साधना के लिए साधकों को उपयोग में लाना चाहिए। सायन संक्रान्तिपुण्यकाल, क्रान्तिसाम्य और सूर्य-चन्द्रग्रहण के पर्वकाल के अलावा मन्त्रादि साधना के लिए अर्धोदय, महोदय, महामहा-वारुणीपर्व, महावारुणीपर्व और वारुणीपर्व भी महत्त्वपूर्ण माने गये हैं। ये अर्धोदय आदि योग कभी-कभी ही आते हैं।

सावधान—यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रों के प्रयोग को प्रभावशाली रूप में सद्यः फलप्रद बनाने के लिए शास्त्रविहित काल में साधना कीजिये, अन्यथा आगमशास्त्र पर साधक की निराधार अनास्था होने की पूर्ण आशंका है।

सायनसंक्रान्ति-पुण्यकाल (भा.स्टैं.टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
सन् 2020 ई.					
20 जन.	14	00	21 जन.	2	48
19 फर.	4	02	19 फर.	16	50
20 मार्च	2	56	20 मार्च	15	44
19 अप्रै.	13	53	20 अप्रै.	2	41
20 मई	12	56	21 मई	1	44
20 जून	20	51	21 जून	9	39
22 जुला.	7	44	22 जुला.	20	32
22 अग.	14	52	23 अग.	3	40
22 सितं.	12	38	23 सितं.	1	26
22 अक्तू.	22	06	23 अक्टू.	10	54
21 नवं.	19	47	22 नवं.	8	35
21 दिसं.	9	09	21 दिसं.	21	57
सन् 2021 ई.					
19 जन.	19	47	20 जन.	8	35
18 फर.	9	51	18 फर.	22	39
20 मार्च	8	45	20 मार्च	21	33

निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल

सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल की भांति निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल में भी यन्त्र-मन्त्रादि की साधना की जा सकती है, लेकिन सायन संक्रान्तियों का पुण्यकाल इसके लिए विशेष महत्त्व रखता है।

क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ और समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
सन् 2020 ई.					
9 जन.	0	13	9 जन.	14	25
20 जन.	23	8	21 जन.	7	31
3 फर.	11	6	3 फर.	17	33
15 फर.	7	14	15 फर.	12	10
28 फर.	15	17	28 फर.	20	25
11 मार्च	21	04	12 मार्च	0	58
24 मार्च	18	20	24 मार्च	23	11
6 अप्रैल	16	08	6 अप्रैल	20	06
18 अप्रैल	22	54	19 अप्रैल	4	15
2 मई	8	58	2 मई	14	10
14 मई	6	43	14 मई	13	49
27 मई	21	25	28 मई	6	29
8 जून	20	38	9 जून	10	44
3 जुलाई	18	35	4 जुलाई	7	31
17 जुलाई	9	10	17 जुलाई	18	08
29 जुलाई	15	05	29 जुलाई	21	19
11 अगस्त	21	53	12 अगस्त	3	44
24 अगस्त	4	49	24 अगस्त	9	12
6 सितं.	5	14	6 सितं.	10	06
18 सितं.	21	54	19 सितं.	1	38

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
सन् 2020-21 ई.					
14 अक्तू.	18	06	14 अक्तू.	21	57
26 अक्तू.	18	20	26 अक्तू.	23	33
9 नवं.	10	54	9 नवं.	16	20
21 नवं.	5	04	21 नवं.	12	02
5 दिसं.	1	16	5 दिसं.	10	45
17 दिसं.	6	50	17 दिसं.	18	38
28 दिसं.	16	48	29 दिसं.	5	12
10 जन.	11	50	10 जन.	19	40
23 जन.	15	33	23 जन.	22	32
5 फर.	5	40	5 फर.	10	36
18 फर.	0	54	18 फर.	6	01
2 मार्च	19	29	2 मार्च	23	23
15 मार्च	8	49	15 मार्च	13	17
9 अप्रैल	17	44	9 अप्रैल	22	17

सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य

सूर्य-चन्द्र की राशियों के अनुसार निर्धारित किये जाने वाले क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ-समाप्तिकाल नितान्त स्थूल होता है। यहां दिया गया क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ-समाप्तिकाल महापातगणित द्वारा स्पष्ट किया गया है। यह सर्वथा सूक्ष्म है। विवाहादि मुहूर्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य के काल को ही वर्जित किया गया है।

वारुणी पर्व (सन् 2020 ई.) (भा.स्टैं.टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
22 मार्च	सूर्योदय		22 मार्च	10	04
महावारुणी पर्व (सन् 2020 ई.)					
21 मार्च	19	40	—	—	—

सूर्य-चन्द्रग्रहण

ऊपर लिखे अनुसार यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र साधना के लिए सूर्य एवं चन्द्र ग्रहणों का पर्वकाल विशेष महत्त्व रखता है। एतदर्थ पृष्ठ .. 17 ... देखिये।

ध्यान रहे— मन्त्रसाधना में उच्चारणादि की शुद्धि परमावश्यक है। उच्चारणादि की अशुद्धि साधक के लिए सुफलप्रद कदापि नहीं होती। मन्त्रोच्चारणादि की अशुद्धि व अनभिज्ञता स्पष्टरूप से वज्रपात-सम घातक (विनाशकारी) मानी गयी है—

"मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा
मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति
यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्॥"

यन्त्र–मन्त्र एवम् तन्त्रों का चमत्कार

इस स्तम्भ के अन्तर्गत अनुभूत यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र गतवर्षों से देते आ रहे हैं। इस स्तम्भ के अन्तर्गत दिए गए मन्त्रों को शुभ मुहूर्त्त में गुरुमुख से प्राप्त करके ग्रहणवेला, क्रान्तिसाम्य या सायन–संक्रान्तियों के पुण्यकाल में दृढ़–निश्चयपूर्वक अनुष्ठान करके सिद्ध कर लेना चाहिए। **ध्यान रहे**– दीपमाला के समय एवं महाशिवरात्रि की महत्त्वपूर्ण रात्रियों में किंवा 'यन्त्र–मन्त्र–तन्त्रों के लिए साधनाकाल' की उल्लिखित समयावधियों में इन मन्त्र–तन्त्रों को सिद्ध करके इनका चमत्कार आप अविलम्ब देख सकेंगे। यन्त्र–मन्त्रों के बल पर ही दैवज्ञ अपने वैदुष्य से अक्षुण्ण यश प्राप्त कर सकता है,–**"सिद्धिर्भूषयते विद्याम्।"**

मन्त्र ऐसे दिव्यशब्दों का समूह है, जिसे दृढ़ इच्छाशक्तिपूर्वक उच्चारण एवं मनन से ही हम अलौकिक काम कर सकते हैं। चुने हुए गुप्त शब्द ही मन्त्र हैं। इनमें शब्दों को ऐसा क्रम दिया जाता है, कि उनके मौन या अमौन अवस्था में उच्चारणमात्र से शून्य महाकाश में एक विचित्र कम्पन उत्पन्न होती है, जिसमें अभीप्सित कार्यसिद्धि एवं रचनात्मक प्रबल–प्रछन्न शक्ति होती है–

" मननात् त्रायते यस्मात्तस्मात् मन्त्रः प्रकीर्तितः। जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्न संशयः।।"

मन्त्रशास्त्र के अनुसार वेदमन्त्रों को ब्रह्मा ने शक्ति प्रदान की थी। तान्त्रिक प्रयोगों को भगवान् शिव ने शक्तिसम्पन्न किया। इसी प्रकार कलियुग में शिवावतार श्री शाबरनाथ जी ने शाबरमन्त्रों को अद्भुत शक्ति प्रदान की। शाबरमन्त्र अनमिल बेजोड़ शब्दों का एक समूह होता है, जो कि अर्थहीन मालूम देते हैं, परन्तु भगवान् शंकर जी के प्रताप से ये मन्त्र अवन्ध्य प्रभाव रखते हैं– **" अनमिल आखर अर्थ न जापू। प्रकट प्रभाव महेश प्रतापू।।"** अतः शाबरमन्त्रों को यथावत् उच्चारण करें, किसी प्रकार से इनमें न्यूनाधिकता न करें। **नोटः**– मन्त्र का पुरुश्चरण गुरु की देखरेख में गुप्तरूप से करें। प्रकट होने पर पुरुश्चरण अर्थहीन हो जाता है– **" गोपनीयं गोपनीयं गोपनीयं प्रयत्नतः।"**

(1) प्रज्ञावर्धन–स्तोत्र

(विद्यार्थियों की बुद्धि को सन्मार्ग पर लगाने एवं विद्या में सफलता हेतु अनुभूत पाठ)

प्रज्ञावर्धन स्तोत्र का पाठ प्रातः (सूर्योदय के लगभग) रविपुष्य या गुरुपुष्य नक्षत्र से प्रारम्भ करके आगामी पुष्यनक्षत्र तक **शिवपुत्र स्कन्द** जी का ध्यान करके पीपल वृक्ष की जड़ में आसन लगाकर प्रतिदिन 10 बार पढ़ें । 27 दिन में एक पुरश्चरण पूर्ण होगा। फिर प्रतिदिन श्रद्धानुसार पाठ करते रहें। पाठक प्रतिभा–सम्पन्न एवं विद्या–बुद्धि का धनी होकर सफलता की तरफ अग्रेसर हो जाता है। दाएं हाथ में जल लेकर विनियोग के बाद जलत्याग करके, स्तोत्रपाठ का प्रारंभ करें।

विनियोगः – ॐ अथास्य प्रज्ञावर्धन–स्तोत्रस्य भगवान् शिव–ऋषिः, अनुष्टुप छन्दः, स्कन्द–कुमारो देवता, प्रज्ञासिद्धयर्थ जपे विनियोगः। – (.यहां जल का त्याग करें।)

अथ स्तोत्रम्

ॐ योगेश्वरो महासेनः कार्तिकेयोऽग्निनन्दनः।
स्कन्दः कुमार : सेनानी स्वामी शंकरसंभव :।।1।।

गाङ्गेयस्ताम्रचूड़श्च ब्रह्मचारी शिखिध्वजः।
तारकारिरुमापुत्रः क्रौंचारिश्च षडाननः ।। 2।।

शब्दब्रह्मसमूहश्च सिद्धः सारस्वतो गुह :।
सनत्कुमारो भगवान् भोग–मोक्षप्रदः प्रभुः।। 3।।

शरजन्मा गणाधीशः पूर्वजो मुक्तिमार्गकृत्।
सर्वागम–प्रणेता च वांछितार्थप्रदर्शकः ।। 4।।

अष्टाविंशति नामानि मदीयानीति यः पठेत्।
प्रत्यूषे श्रद्धया युक्तो मूको वाचस्पतिर्भवेत्।। 5।।

महामन्त्रमयानीति मम नामानि कीर्तयेत् ।
महाप्रज्ञामवाप्नोति नात्र कार्या विचारणा।। 6।।

पुष्यनक्षत्रमारम्य पुनः पुष्ये समाप्य च ।
अश्वत्त्थमूले प्रतिदिनं दशवारं तु सम्पठेत्।। 7।।

सप्तविंश–दिनैरेकं पुरश्चरणकं भवेत्।।

।। प्रज्ञावर्धनस्तोत्रं सम्पूर्णम् ।।

(2) विद्या–बुद्धि–लामार्थ वागीश्वरी मन्त्र

" ॐ नमः पद्मासने शब्दरूपे ऐं ह्रीं क्लीं वाग्वादिनि स्वाहा ॐ।।"

यह मन्त्र पठन–पाठन किंवा कम्पीटीशन्ज़ में संलग्न सभी आयुवर्ग के साधकों के लिए अभीष्ट फलप्रद है। विशेषकर कमज़ोर बुद्धि–छात्रों के लिए तो यह तीक्ष्ण औषध का कार्य करने वाला प्रयोग है। इसके नित्यजाप से बुद्धि में तीव्रता आती है, समझने की शक्ति प्रबल होती है किंवा अपने लक्ष्य में अच्छी स्थिति बनती है। 108 मन्त्र हररोज़ जपें। मन्दबुद्धि की स्थिति में इस मन्त्र का 5 लाख अनुष्ठान संयमपूर्वक एकाग्रता से करें। 41 दिनों में यह पुरश्चरण पूरा करें। इस अनुष्ठान के समय वागीश्वरी भगवती श्री सरस्वती मां की अन्तःकरणस्थिति सर्वथा अनिवार्य है। जाप हमेशा पूर्वोत्तर मुख व पद्मासन मुद्रा में करें–अभीष्ट प्राप्ति होगी।

(3) नेत्रज्योति को सुरक्षित रखने के लिए अद्भुत प्रयोग–"चाक्षुषी विद्या"

इस चाक्षुषी विद्या को 'चाक्षुषोपनिषद्' एवं 'कृष्ण यजुर्वेद' में 'चाक्षुषीविद्या' के नाम से जाना जाता है। इस विद्या का श्रद्धापूर्वक नियमित रूप से प्रातः सूर्य के सामने बैठकर पाठ करने से नेत्र–सम्बन्धित समस्त रोग स्वतः शान्त हो जाते हैं, औषध सद्यः फल देने लगती है। नेत्रज्योति स्थिर रहती है। जिस परिवार में इस चमत्कारी चाक्षुषी विद्या का नित्यप्रति पाठ किया जाता है, उस कुल में कोई भी व्यक्ति दैविक–प्रकोप किंवा किसी भी प्रकार के नेत्ररोग से अन्धा नहीं होता। पाठ के पूर्ण होने पर गन्ध, पुष्पादि युक्त जल से सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए और अर्घ्य देते समय जल के माध्यम से सूर्य को देखना चाहिए। आजकल नेत्ररोग एवं अन्धेपन से अनेकों लोग अपने जीवन को संकटापन्न अनुभव करते हैं, उन सभी लोगों के लिए यह निम्नांकित 'चाक्षुषीविद्या विधान' अवश्यमेव वरदान सिद्ध हो सकता है, इसमें सन्देह नहीं ।

विधान इस प्रकार है :–

विनियोगः – (जल दाएं हाथ में लेकर) " ॐ अस्याश्चाक्षुषी–विद्याया अहिर्बुध्न्य ऋषिः, गायत्री छन्दः, सूर्यो देवता, चक्षुरोगनिवृत्तये जपे विनियोगः।"

(इस विनियोग का उच्चारण करके सूर्य भगवान् के समक्ष जलत्याग करें।) – तत्पश्चात् निम्नांकित 'चाक्षुषी विद्या' का पाठ सूर्याभिमुख होकर करें ,–

अथ नेत्रोपनिषद

" ॐ चक्षुः चक्षुः चक्षुः तेजः स्थिरो भव। मां पाहि पाहि। त्वरितं चक्षू – रोगान् शमय–शमय। मम जातरूपं तेजो दर्शय–दर्शय। यथा अहम् अन्धो न स्याम् तथा कल्पय–कल्पय। कल्याणं कुरु–कुरु। यानि मम पूर्वजन्मोपार्जितानि चक्षू–प्रतिरोधक दुष्कृतानि सर्वाणि निर्मूलय–निर्मूलय। ॐ नमश्चक्षुस्तेजो–दात्रे दिव्याय भास्कराय। ॐ नमः करुणाकरायामृताय। ॐ नमः सूर्याय। ॐ नमो भगवते सूर्यायाक्षितेजसे नमः। खेचराय नमः। महते नमः। रजसे नमः। तमसे नमः। असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मा अमृतं गमय। उष्णो भगवान् शुचिरूपः। हंसो भगवान् शुचिरप्रतिरूपः। यः इमां चाक्षुष्मतीं विद्यां ब्राह्मणो नित्यमधीते, न तस्याक्षिरोगो भवति। न तस्य कुलेऽन्धो भवति। अष्टौ ब्राह्मणान् सम्यग् ग्राहयित्वा विद्यासिद्धिर्भवति। ॐ नमो भगवते आदित्याय अहोवाहिनी–अहोवाहिनी स्वाहा।। "

यदि इस पाठ के बाद हवन करने की इच्छा हो तो " ऊँ नमो भगवते आदित्याय अहोवाहिनी–अहोवाहिनी स्वाहा " – इस मन्त्र से कम से कम 108 आहुतियां डालें।

उल्लिखित प्रयोग अनेक विद्वान् पण्डितों एवं नेत्ररोगियों द्वारा अनुभूत एवं परीक्षित है, पाठक आवश्यकता में पाठ करके फल अनुभव करें।

(4) भूत–पिशाच बाधा से मुक्ति पाने के लिए अनुभूत मन्त्रप्रयोग

मन्त्र – " ऊँ ह्रीं दुर्वृत्तानामशेषाणां बलहानिकरं परम्।
रक्षो–भूत–पिशाचानां पठनादेव नाशनम् ह्रीं ऊँ।।

विधि :– (क) उल्लिखित मन्त्र दीपावली की रात्रि में 11 हजार बार जपने से ही सिद्ध हो जाता है। दशांश हवन करना भी अनिवार्य है।

यदि घर में नित्यकलह, अकारण भय–बाधा बनी रहे, धनहानि हो, दरिद्रता–आतंक रहे, भूत–प्रेत–पिशाच की छाया हो, किसी ने घर पर अनिष्टकारक प्रयोग किया हो तो इस चामत्कारिक मन्त्र को शुभवेला में, शुद्ध कागज पर अनार की कलम से लिखकर, मन्त्र का विधिवत् पूजन करके धूप–दीप करने के बाद दाईं भुजा में बांधने पर या लाल कपड़े में बांधकर घर में शुद्ध स्थान पर रखने से सर्वविध शान्तिलाभ होता है।

(ख) यदि सारे घर के सदस्य भूत–प्रेत–बाधा से परेशान हों तो घर में ही इस मन्त्र का जाप करावें। मन्त्रजाप पूरा होने पर दशांश हवन कराएं। हवन पूर्ण होने पर खैर की लकड़ी, 8 लोहे की कीलें, 8 पीली कौड़ी, 8 हल्दी की गांठें, डोडी वाले 8 लौंग लेकर, उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके, मन्त्रोच्चारण करते हुए आग्नेय कोण से शुरु करके आठों दिशाओं में एक–एक हाथ का गड्ढा खोदकर, इन चीजों को कौड़ी चित्त करके गाड़ें। ऐसा करने से भूत–प्रेत बाधा से घर पूर्णतया सुरक्षित रहेगा। यह प्रयोग अनेकत्र अनुभूत है। उल्लिखित मन्त्र से उपद्रवग्रस्त स्थान भी सुखद होता देखा गया है।

(5) मृतवत्सा (अठराहा) रोगनिवत्ति–मन्त्र

मन्त्र – "ऊँ परब्रह्म परमात्मने 'अमुकी ' गर्भे दीर्घजीविसुतं कुरु कुरु स्वाहा।"

मृतवत्सादोष–निवारण के लिए ज्येष्ठमास की पूर्णमासी को 1008 बार मंत्र को विधिपूर्वक जपें एवं दीपावली की रात्रि अथवा ग्रहण के समय जाप से सिद्ध करें। तत्पश्चात् मन्त्र में 'अमुकी' शब्द के स्थान पर स्त्री का नाम लिखें। मन्त्र को अष्टगंधादि से लिखकर, स्त्री अपने पास भुजा आदि पर बांधे रखे, मृतवत्सा रोग शान्त होगा।

(6) प्रेतपीड़ा या टोने आदि से बचने के लिए मन्त्र

बारह वर्ष से कम आयु की कन्या के काते हुए कच्चे सूत के सात धागे लेकर, उन पर सात गांठे लगा लें। प्रत्येक गांठ पर सात बार निम्नांकित मन्त्र को पढ़ें –

मन्त्र– " ऊँ प्राच्यां रक्ष प्रतीच्यां च चण्डिके रक्ष दक्षिणे।
भ्रामणेनात्म – शूलस्य उत्तरस्यां तथेश्वरि।।
सौम्यानि यानि रूपाणि त्रैलोक्ये विचरन्ति ते।
यानि चात्यर्थ–घोराणि तैरक्षांस्मान् तथा भुवम्।। "

यह प्रयोग अत्यन्त सफल है। गर्भावस्था में गर्भपातभय से मुक्ति एवं शत्रुकृत टोना किंवा प्रेतादि शान्ति के लिए अनुभूत है।

(7) पति–पत्नी में परस्पर मेल हो – वैदिक मन्त्र

किसी वजह से पति–पत्नी में विवाद उठ खड़ा हो, दोनों के विचार विरोधी दिशाओं में चलते हों तो निम्नमन्त्र का जाप करें। विरोध शान्त हो जाएगा और मधुरता उत्पन्न होकर पुनः मिलन होगा।

मन्त्र –"यथा नकुलो विच्छिद्य संदधात्यहिं पुनः ।

अक्ष्यौ नौ मधु संकाशे अनीक नौ समञ्जनम्।
अन्तः कृणुष्व मां हृदि मन इन्नौ महासति।।"

(8) पति–वशीकरण मन्त्र

आजकल अनेकत्र देखा गया है कि पति अन्यासक्त या क्रोधाभिभूत होने के कारण अपनी पत्नी को सम्मान नहीं देता एवं पति–पत्नी में संघर्ष रहता है। एतदर्थ हम एक अनुभूत पति–वशीकरण मन्त्र लिखते हैं,–

मन्त्र –"ऊँ क्लीं ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा।
बलादाकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति।। "

विधि :– उल्लिखित मन्त्र को जपने से पूर्व साधक इसप्रकार ध्यान करे कि महामाया भगवती अपने दृढ़पाश (रज्जू) से साध्य (पति) को बांधकर साधिका (मन्त्र करने वाली) के पैरों में डाल रही है, उस त्रिनेत्रों वाली भगवती के एक हाथ में तलवार है। ऐसी महामाया शक्तिरूपा दुर्गा को मैं पतिवशीकरणार्थ नमस्कार करती हूँ। इसप्रकार ध्यान करके साधिका 41 दिन (दोनों समय 1100 / 1100) मन्त्र का जाप प्रातःपूर्वाभिमुख एवं सायं को उत्तराभिमुख होकर करे। अष्टमी एवं चतुर्दशी को तीन कन्या एवं एक बटुक को खीर–पूरी का भोजन करावें। निश्चय ही साधिका पतिवशीकरण में सफल होगी।

(9) ग़ायब (खोया हुआ) व्यक्ति वापिस लौटे–

शास्त्रीय मन्त्र

मन्त्र–" ऊँ क्लीं कार्तवीर्यार्जुनो नाम राजा बाहुसहस्रवान्।
यस्य स्मरणमात्रेण गतं नष्टं च लभ्यते ।।
ऊँ कार्तवीर्याय नमः 'अमुकं' शीघ्रमानय स्वाहा।।"

विधि – गायब व्यक्ति के पहिने हुए बिनाधुले वस्त्र पर केसर व लाल चन्दन की स्याही से अनार की कलम द्वारा इस उपरोक्त मन्त्र को लिखें, फिर उस कपड़े को धूप–दीप करके, दो पत्थरों (चक्की के पाटों के बीच) में दबा दें। 21 दिन तक पत्थरों में रखे कपड़े को हिलाएं नहीं, बाद में वस्त्र उठाकर, बन्दर व कुत्तों को रोटियां खिलाएं। मन्त्र में जहां ' अमुकं ' लिखा है, वहां गायब (खोए हुए) व्यक्ति का नाम लिखें।

नोट :–मन्त्र–यन्त्र लिखने के लिए, पुष्यनक्षत्र में विधिवत् बनाई अनार की कलम काम देगी। इस विधान के प्रभाव से वह व्यक्ति यदि जीवित हुआ तो आ जाएगा, अन्यथा पता चल जाएगा ।

(10) ऋणहर्तृ गणेशस्तोत्रम्

"ऊँ सृष्ट्यादौ ब्रह्मणा सम्यक् पूजितः फलसिद्धये।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे ।।

त्रिपुरेस्तु वधात् पूर्वं शंभुना सम्यगर्चितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

हिरण्यकश्यपादीनां वधार्थं विष्णुनार्चितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

महिषस्य वधे देव्याः गणनाथः प्रपूजितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

तारकस्य वधात्पूर्वं कुमारेण प्रपूजितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

भास्करेण गणेशो हि पूजितश्छविसिद्धये।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

शशिना कान्तिवृद्ध्यर्थं पूजितो गणनायकः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

वृत्रस्य नाशनार्थाय शक्रेण परिपूजितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

देवैः समुद्रमथने प्रारम्भे परिपूजितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

पालनाय च तपसां विश्वामित्रेण पूजितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

।। दारिद्रयनाशकं गणेशस्तोत्रं सम्पूर्णमिदम् ।।

(11) अनुभूत सिद्ध लक्ष्मीमन्त्र

'श्रीसूक्त' से उद्‌धृत इस मन्त्र को बिल्ववृक्ष के नीचे बैठकर श्रद्धा–विश्वासपूर्वक विधिवत् जाप करने से सद्यः सिद्धि प्राप्त होती है। इस मन्त्र का अनुष्ठान–प्रकार जनहितार्थ यहां प्रकाशित कर रहे हैं।

विधिः– श्री महालक्ष्मी की मूर्ति या चित्र को सामने रखकर उसकी षोडशोपचार पूजा करके अंगन्यास, करन्यास, ध्यान, मुद्रा आदि करके नियमपूर्वक मन्त्र का जाप किया जाता है। एकान्त स्थान में धूप–दीप जलाकर पवित्र आसन पर बैठकर लक्ष्मी मन्त्र की 31,000 आवृत्ति 40 दिन के अन्दर करके हवन, तर्पण, ब्राह्मणभोजन आदि कराके उसे सिद्ध किया जाता है। सात्त्विक आहार, ब्रह्मचर्य का पालन, भूमि पर शयन के साथ–साथ सभी यमनियमों का पालन करते हुए नित्य नियम से निश्चित संख्या का जाप किया जाता है। शुद्ध घृत का अखण्ड दीपक जलाया जाता है। एकाग्रचित और श्रद्धाविश्वास के साथ विधिपूर्वक साधना करने से 31000 जप से ही मन्त्र सिद्ध हो जाता है और कोई न कोई अलौकिक अनुभव होता है। जैसे-दीपक की लौ पर ध्यान करते हुए मन्त्रजाप कर रहे हों तो वह ज्योति शरीर में प्रवेश करती हुई प्रतीत होती है. या महालक्ष्मी की मूर्ति अथवा चित्र प्रकाश व तेज से पूर्ण हो जाता है, उसमें से तेज निकल कर तुम्हारे शरीर में प्रवेश करता हुआ प्रतीत होगा, आदि–आदि। महालक्ष्मी का सिद्धमन्त्र निम्नप्रकार हैः–

"ॐ कांसोस्मितां हिरण्यप्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्ताम्।
तर्पयन्तीं पद्मेस्थितां पद्मवर्णां तामिहोपह्वये श्रियम् ॐ।। "

उपरोक्त मन्त्र 'श्रीसूक्त' के 16 मन्त्रों में से एक प्रमुख है। इसके सिद्ध करने से न केवल दरिद्रता का नाश होता है, अपितु सुख–समृद्धि, उत्तम–बुद्धि, स्वास्थ्य आदि की भी वृद्धि होती है। मन्त्र सिद्ध हो जाने पर उसका नित्य जाप करते रहना चाहिए और होली, दिवाली, शिवरात्रि, ग्रहण आदि के अवसर पर भी जप, हवन आदि करते रहना चाहिए। इससे आपको धन की कमी कभी नहीं होगी। आवश्यकता के अनुसार धनार्जन के साधन बनते रहेंगे, आपकी उचित आवश्यकताओं की पूर्ति निर्विघ्न होती रहेगी। जब भी कभी आपको आपके किसी उचित कार्य के लिए ...

पड़े, इस मन्त्र की कुछ मालाएं जपें, आप देखेंगे कि किस प्रकार दैवी सहायता प्राप्त होती है; अनुभूत है।

(12) आर्थिक लाभ के लिए लक्ष्मी–मन्त्रसाधना

मन्त्र-" ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं श्रीं लक्ष्मीरागच्छागच्छ मम मंदिरे तिष्ठ– तिष्ठ स्वाहा ॐ।।"

यह महालक्ष्मी जी का मन्त्र है। इसके पुरुश्चरण व नियमित जाप से गृह में सर्वदा लक्ष्मी का वास बना रहता है, आर्थिक भण्डार में किसी प्रकार की न्यूनता नहीं आती। पांच लाख जपने से सिद्ध होता है। साधनाकाल में यदि गोघृत का दीपक लगातार जलता रहे तो शीघ्र लाभ किंवा सफलता के अवसर बनते हैं, लक्ष्मी जी की अपूर्व कृपा प्राप्त होती है। इस मन्त्र का जाप हमेशा पूर्वाभिमुख हो 'कमलासन' मुद्रा में करना चाहिए।

(13) नौकरी(कारोबार)प्राप्ति के लिए साबर मन्त्र

मन्त्र –"ॐ नमो आदेश गुरु का धरती में बैठ्या लोहे का पिण्ड राख लगाता गुरु गोरखनाथ आवन्ता जावन्ता धावन्ता हांक देत धार–धार मार–मार शब्द सांचा फुरो वाचा।"

विधि– मृगछाल (मृगचर्म) पर बिनासिला कपड़ा पहन कर बैठें। 108 बार रुद्राक्ष की माला से इस मन्त्र का जाप करके, खीर की 108 आहुतियां डालें, आहुतियां एकसप्ताह जाप करके डालें, आजीविका का साधन बन जाएगा। शुक्लपक्ष की द्वितीया से मन्त्रजाप शुरु करें।

(14) स्वप्न में कार्यसिद्धि किंवा कार्यहानि–ज्ञानार्थ मन्त्र

रात्रि में स्नान करके शुद्ध आसन पर बैठकर, कम से कम तीन माला निम्नांकित मन्त्र का जाप करके, भगवती दुर्गा का ध्यान करके शयन करें। रात्रि में स्वप्न में आपको मनोभिलषित कार्यसिद्धि किंवा असिद्धि का ज्ञान हो जाएगा, अनुभव करें ।

मन्त्र –" ऊँ ह्रीं दुर्गे देवि नमस्तुभ्यं सर्वकामार्थसाधिके । मम सिद्धिमसिद्धिं वा स्वप्ने सर्वं प्रदर्शय ह्रीं ऊँ।।"

(15) भूमिलाभार्थ मन्त्रप्रयोग

भूमि, मकान आदि सुख/लाभ के लिए इस (निम्न) मन्त्रप्रयोग की साधना उपयुक्त मानी गई है। एक लाख जाप करने से इस मन्त्र की सिद्धि होती है। सिद्धि के उपरान्त जीवन में सभी भौतिक सुखों की उपलब्धि सहज हो जाती है। मन्त्र इसप्रकार है–

" ॐ नमो भगवत्यै धरण्यै धरणिधरे धरे स्वाहा ॐ।।"

(16) घर में कलह–क्लेश मिटाने हेतु प्रयोग

पति–पत्नी या परिवार में छोटे–मोटे कलह–क्लेश कई बार भयंकर रूप धारण करके सम्बन्धविच्छेद का कारण भी बन जाते हैं, एतदर्थ आप 'एक नारियल' को लाल कपड़े में बांधकर 11 दिनों तक 7 बार निम्नांकित मन्त्र पढ़ते रहें। साथ ही छोटी इलायची, लौंग, मिसरी एक बर्तन में रखें। मन्त्रजाप के बाद इनमें हाथ घुमा दें। इलायची आदि परिवार में बांटकर खा लें;– प्रेम सद्भाव का वातावरण बहुत जल्दी बनेगा।

मन्त्रः– " ॐ क्रीम् क्रीम् सर्वाविवाद–निवारणाय फट्।।"

प्रयोगसमाप्ति के बाद नारियल को किसी तालाब या शुद्ध जल में प्रवाहित कर दें।

(17) भुवनेश्वरी कर्णपिशाचिनी–मन्त्र

मन्त्र – "ऊँ ह्रीं श्रीं क्लीं भुवनेश्वरी वाग्वादिनी कर्णपिशाचिनी साधकाय सिद्धिदातायैः नमः ऊँ। "

जलप्रवाह में खड़ा होकर पांच सौ बार इस मन्त्र का जाप करें । जाप के बाद तर्पण–मार्जन– होम एवं ब्रह्मभोज कराएं, फिर यहां अंकित यन्त्र 10,000 बार जमीन पर लिखें।

–: यन्त्र :–

ह्रीं ८	ह्रीं १	ह्रीं ६
ह्रीं ३	ह्रीं ५	ह्रीं ७
ह्रीं ४	ह्रीं ९	ह्रीं २

शासक भी वश में हों, जो भी वचन निकलेगा, सत्य होगा। इस मन्त्र साधना से प्राणी भूत–भविष्य एवं वर्तमान की बातें अनायास ही जान लेता है।

(18) कुछ यन्त्र

(i) मनोकामना पूर्ति यंत्रः–

सफेद कागज पर केसर, चन्दन, कपूर, गंगाजल व खस की रोशनाई बनाकर अनार की कलम से शुक्लपक्ष की दूज से प्रारम्भ करके प्रतिदिन 24 बार लिखकर, आटे की 24–24 गोलियां, 24 दिन तक बनाएं । यंत्र के नीचे अपना मनोरथ लिखें; अन्तिम रोज 576 गोलियां लेकर एक–एक करके नदी में बहा देने से जिस उद्देश्य से यंत्र लिखा होगा, ईश्वर की कृपा से पूर्ण होगा । यह सब कामों का सिद्धिदायक यंत्र है, जैसे नौकरी मिलना, परीक्षा में सफलता; मुकद्दमे में विजय/ निवारण आदि।

मनोकामना पूर्ति यन्त्र			
१	१४	११	८
१२	७	२	१३
६	६	१६	३
१५	४	५	१०

(ii) परीक्षा में सफलता का यंत्र

जिस विद्यार्थी को परीक्षा में सफलता प्राप्त करनी हो; वह इस यंत्र को परीक्षा के 15 दिन पूर्व केसर द्वारा भोजपत्र पर लिखना आरम्भ करे। प्रतिदिन 101 यंत्र लिखकर नदी के जल में प्रवाहित करे। सोलहवें दिन एक यंत्र को पूजा करके तावीज में मढ़वाकर अपनी दाहिनी भुजा या गले में धारण कर ले। पढ़ाई में मन लगेगा एवं परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी।

परीक्षा में सफलता का यन्त्र			
२	६	२	७
६	३	६	५
८	३	८	१
४	५	४	७

(iii) विवाद या मुकद्दमे में विजयार्थ यन्त्र

सामने दिए गए यन्त्र को भोजपत्र या शुद्ध कपड़े पर लाल चन्दन, केसर एवं कस्तूरी की स्याही से शुभमुहूर्त्त में अंकित करें। यन्त्रमध्य में जहां 'अमुक' लिखा है, वहां अपने प्रतिवादी (शत्रु) किंवा विपक्ष के प्रधान व्यक्ति का नाम लिखें। प्रतिवादी के नाम (जो कि यन्त्रमध्य में लिखा है) पर थोड़ी पीली सरसों रख दें एवं पीले अकीक रत्न की माला से 5 माला निम्नांकित मन्त्रजाप करें–

मन्त्र– "ॐ क्लीम् हीम् महामाये विजयसिद्धिं मे देहि ॐ फट्।।"

कोर्ट–कचहरी या पंचायत में जाते समय यन्त्र को धूप देकर दाएं बाजू पर लाल कपड़े से बांधकर ले जाएं, पलड़ा आपका भारी रहेगा। विजय प्राप्त होगी। 7 दिन का प्रयोग हैं।

(iv) धनधान्य–वृद्धि यन्त्रं– इस यन्त्र को दीपावली की रात्रि में लिखकर अन्नभण्डार में रख दें, धन–धान्य समृद्धि रहेगी।

धनधान्य–वृद्धि यन्त्र		
वं	ॐ	ह्रीं
	देहि	
कं	नमः	ह्रीं

(v) शीतला माता शान्त्यर्थ यन्त्र–

इस शीतलायन्त्र को अष्टगन्ध से लिखकर सिरहाने धरें तो शीतला माता का प्रकोप शान्त हो जाएगा।

शीतला माता–शान्त्यर्थ यन्त्र			
४२०००	४८०००	२०००	७०००
६०००	३०००	४६०००	४५०००
४०००	५११०००	४४०००	५११०००
१०००	७०	१६	६०८

(vi) रोज़ी–प्राप्ति के लिए यन्त्र– इस यन्त्र को शुक्ल पक्ष में कांसी या चांदी के पत्र और यदि असमर्थ हो तो भोजपत्र पर लिखकर धूप–दीप करके अपने पास रखें या तावीज़ में मढ़ाकर गंगाजल, दूध से धोकर गले में लाल धागे से धारण करें, जल्दी ही रोज़ी मिलेगी। इन्टरव्यू में सफलता मिलेगी।

रोज़ी–प्राप्ति यन्त्र		
६	७	२
१	५	९
८	३	४

(19) सिद्ध सन्तों के अनुभूत टोटके

(i) दिमाग की कमजोरी को दूर करने के लिए– दस गिरी बादाम रात को पानी में भिगोकर बारीक करके एक तोला मक्खन एवं मिसरी मिलाकर एक मास तक प्रतिदिन सेवन करें। बुद्धि में धारणाशक्ति पैदा होगी, भूलने की बीमारी न रहेगी, स्वास्थ्य भी सुन्दर होगा।

(ii) बुखार के लिए– तुलसी के पत्तों का पानी 10 तोला, छोटी इलायची के दाने 1 तोला– दोनों को खरल में बारीक करके 2–2 रत्ती की गोलियां बना लें। बुखार की हालत में 2 गोली एक साथ 1–1 घण्टे के अन्तर पर पानी के साथ लें। हर प्रकार का बुखार शांत हो जाता है।

*****

ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड के जिज्ञासु पण्डितों के लिए कुछ साधारण जानकारी

गुप्त नवरात्र-चर्चा

ध्यान दें कि–'गुप्त नवरात्रों' की चर्चा ज्योतिष के व्रतपर्व-निर्णायक ग्रन्थों '**धर्मसिन्धु**', '**कालमाधव**', '**तिथिनिर्णय**' किंवा '**निर्णयसिन्धु**' आदि में तो कहीं उपलब्ध नहीं है। इन गुप्त नवरात्रों का निर्देश केवल '**देवीभागवत**' में ही किया गया है।

सर्वत्र मनाये जाने वाले '**वासन्त**' एवं '**शारद**' नवरात्रों को तो सभी जानते हैं। इन गुप्त नवरात्रों का विशेष प्रचार राजस्थान, मध्यप्रदेश आदि कुछ प्रान्तों में ही था, लेकिन अब जनसम्पर्क एवं टी.वी. आदि पर चर्चा से इन गुप्त नवरात्रों का प्रचार सर्वत्र होने लगा है। ये '**गुप्त नवरात्र**' निम्नांकित हैं–

आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा और माघ शुक्ल प्रतिपदा से ये गुप्त नवरात्र माने गये हैं।

नोट–इन नवरात्रों की प्रारम्भतिथियों का निर्णय ठीक उन्हीं धर्मशास्त्रीय नियमों के अनुसार होता है, जिनके आधार पर 'वासन्त-शारद' नवरात्रों की प्रारम्भ तिथियों का।

यहां विशेष ध्यान देने योग्य बात यह है कि–इन चारों नवरात्रों में से पहले तीन नवरात्रों में अन्तर तीन-तीन मास का है, लेकिन चतुर्थ नवरात्र (**माघ मास वाला**) अपने पूर्ववर्ती नवरात्र (**आश्विन वाले**) से चौथे मास में घटित होता है, जबकि क्रमानुसार इसे पौष मास में घटित होना चाहिए। शायद धर्मशास्त्रों में पौष मास को खरमास (**धनु:स्थ सूर्य वाला मास**) होने से चतुर्थ नवरात्रारम्भ के लिए अनुपयुक्त माना है।

इन नवरात्रों की अधिष्ठात्री देवी भी माता दुर्गा के नवरूपों को ही स्वीकार करना होगा। इन नवरात्रों में किया जाने वाला अनुष्ठान वासन्त-शारद नवरात्रों से भिन्न नहीं है। दुर्गापूजा-अनुष्ठान आदि इन नवरात्रों में भी किये जाते हैं। ये सभी नवरात्र भगवती माता के श्रद्धालुओं के लिए बराबर महत्त्वपूर्ण हैं।

नोट–श्रावण-शुक्लपक्षीय नवरात्रदिनों, जिन्हें लोग देवी के चाले के रूप में उत्तरभारत में मानते हैं, को मनाने व निर्धारित करने के नियम भी उक्त इन नवरात्र-नियमों के समान ही हैं।

गण्डमूल का क्या अर्थ है, अश्विनी आदि छह नक्षत्रों को ही गण्डमूल क्यों माना है?

रेवती-अश्विनी, आश्लेषा-मघा एवं ज्येष्ठा-मूला–ये तीन नक्षत्र-युगल '**गण्डमूल**' नाम से जाने जाते हैं। इन नक्षत्र-युगलों के ये दो-दो नक्षत्र जहां परस्पर मिलते हैं, वहां क्रमश: मीन-मेष, कर्क-सिंह एवं वृश्चिक-धनु राशियों का मेल होता है। अर्थात् रेवती-अश्विनी की सन्धि पर मीन-मेष और आश्लेषा-मघा की सन्धि पर कर्क-सिंह और ज्येष्ठा-मूल नक्षत्र की सन्धि पर वृश्चिक-धनु की भी सन्धि होती है। यही कारण है कि--इन नक्षत्र-युगलों को '**गण्डनक्षत्र**' कहा जाता है। गण्ड शब्द का अर्थ है जोड़ (सन्धि)। सन्धिकारक नक्षत्र होने से ही इन्हें गण्डमूल नक्षत्र कहा जाता है। भाषा की दृष्टि से देखें तो संस्कृत में गण्ड शब्द का अर्थ 'जोड़' या 'गांठ' होता है। ध्यान रहे--इन तीन नक्षत्र-युगलों के अतिरिक्त कोई ऐसा नक्षत्र-युगल नहीं, जहां राशिसन्धि घटित होती हो।

'सूर्य सिद्धान्त' में इन गण्डमूल नामक नक्षत्र-युगलों के पूर्ववर्ती-नक्षत्रों के अन्तिम चरणों को 'भसन्धि' एवं परवर्ती-नक्षत्रों के प्रथम चरण को 'गण्डान्त' कहा जाता है। 'भसन्धि' एवं 'गण्डान्त' में जन्म जातक किंवा जातक के परिवार के लिए अशुभ होता है। किंवा इन नक्षत्रों में किया गया शुभकृत्य विफल माना गया है।

यद्यपि इन गण्डमूल नक्षत्रों के 'भसन्धि' एवं गण्डान्त नामक चरणों में ही दोष बतलाया है, इनके शेष चरणों को निर्दोष कहा गया है, तथापि अनेक मुहूर्तशास्त्रियों का मत है कि–इनके इन शेष तीन-तीन निर्दोष चरणों में उत्पन्न जातक की भी गण्डमूल शान्ति करवा देनी चाहिए। क्योंकि दोषपूर्ण '**भसन्धि**' एवं '**गण्डान्त**' चरणों के सम्पर्क से इन चरणों में भी कुछ दोष रहता ही है, ऐसा मत है।

'गण्डमूल नक्षत्र' क्यों अशुभ माने गये हैं? आयुर्वेद एवं अन्य शास्त्रों में '**सन्धि-क्षेत्रों को मर्मस्थल**' माना गया है। यदि मर्मस्थलों पर चोट लगे तो सद्य: मृत्यु सम्भव है। **इसी प्रकार गण्डमूल नक्षत्र भी सन्धिस्थल माने गये हैं,** अत: शास्त्रों में

ऋषि-मुनियों ने इन गण्डमूल नक्षत्रों के दुष्परिणाम से बचने एवं जातकों की सुखी-जीवनचर्यों के लिए इन गण्डमूल नक्षत्रों की शान्ति कराना आवश्यक माना है।

गण्डमूल-शान्त्यर्थ मन्त्रप्रयोग

(i) रेवती नक्षत्रशान्ति—(स्वामित्व पूषा)

मन्त्र—ॐ पूषन् तव व्रते वयं नरिष्येम कदाचन स्तोतारस्तु इहस्मसि। ॐ पूष्णे नमः। (जपसंख्या पांच हजार)।

(ii) अश्विनी नक्षत्रशान्ति—(स्वामित्व अश्विनीकुमार)

मन्त्र—ॐ अश्विना तेजसा चक्षुः प्राणेन सरस्वती वीर्यम्। वाचेन्द्रो बलेनेन्द्राय दधुरिन्द्रियम्। ॐ अश्विनीकुमाराभ्यां नमः। (जपसंख्या 5000)।

(iii) मघा नक्षत्रशान्ति—(स्वामित्व पितर)

मन्त्र—ॐ पितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः पितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः। प्रपितामहेभ्यः स्वाधायिभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः। अक्षन्ना पित्रोमीमदन्त पितरोऽतीतृपन्त पितरः शुन्धध्वम्॥ ॐ पितृभ्यो नमः॥ (मन्त्रजाप-संख्या 10,000)।

(iv) ज्येष्ठा नक्षत्रशान्ति—(स्वामित्व इन्द्र)

मन्त्र—ॐ त्रातारमिन्द्रमवितारमिन्द्रं हवे हवे सुह्व शूरमिन्द्रम् हयामि शक्रं पुरुहूतमिन्द्र स्वस्तिनो मघवा धात्विन्द्रः। ॐ शक्राय नमः॥ (जपसंख्या 5000)।

(v) आश्लेषा नक्षत्रशान्ति—(स्वामित्व सर्प)

मन्त्र—ॐ नमोऽस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवी मनुः, ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्यः सर्पेभ्यो नमः। ॐ सर्पेभ्यो नमः॥ (जपसंख्या 10000)।

(vi) मूल नक्षत्रशान्ति—(स्वामित्व राक्षस)

मन्त्र—ॐ मातेव पुत्र पृथिवी पुरीष्यमणि स्वेयोनावभारूषा। तां विश्वेदेव-ऋतुभिः संवदानः प्रजापति विश्वकर्मा विमुञ्चतु॥ ॐ निर्ऋतये नमः॥ (जपसंख्या 5000)।

नोट—ध्यान दें कि—ये सारे (छहों) गण्डमूल नक्षत्र दशा-विचारानुसार बुध एवं केतु के अन्तर्गत आते हैं अथवा यूं कहिये कि—इन छहों नक्षत्रों पर बुध व केतु की दशाएं ही होती हैं। आश्लेषा, ज्येष्ठा, रेवती नक्षत्रों में जन्म होने पर बुधदशा व अश्विनी, मघा, मूल नक्षत्रों में जन्म होने पर केतु की दशा होती है, अतः आश्लेषा, ज्येष्ठा, रेवती में जन्म होने पर इनके दशा-स्वामी बुध का मन्त्र(**ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः**)जाप 19,000 करें। तत्पश्चात् दशांश हवन अपामार्ग या पीपल की समिधा से करें।

अश्वनी, मघा, मूल में जन्म होन पर इनके दशास्वामी केतु के—**"ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः"** मन्त्र का जाप 17000 करें। कुशा या पीपल की समिधा से दशमांश हवन करें।

अभुक्तमूल नक्षत्रविचार

ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी (किसी के मत से ज्येष्ठा की एक घटी) एवं मूल नक्षत्र की प्रारम्भिक चार घटी, **विशेषतः** आधी घटी—ये अभुक्तमूल नक्षत्र की अवधियां ही **अभुक्तमूल** नक्षत्रों के नाम से जानी जाती हैं। उक्त नक्षत्रों की निर्दिष्ट विशेष कालावधियों में यदि किसी बच्चे का जन्म हो तो उसका परित्याग कर दें या 8 वर्ष तक दूर रखें। लेकिन यह सम्भव नहीं है, अतः बच्चे को 6 मास अथवा 27 दिन तक तो पिता से दूर रखें, पिता बच्चे का मुख न देखे। इस बारे में शास्त्रवचन है—

"घनगण्डे दरिद्रोऽपि शान्तिं कुर्यात् स्व-शक्तितः।
अन्यथा नाशमाप्नोति चाभुक्तर्क्षे विशेषतः।"

गण्डमूल नक्षत्रों में जन्म का फल

मूल नक्षत्र में जन्म होने पर—

मूल नक्षत्र के **प्रथम चरण** में यदि बालक का जन्म हो तो पिता के लिए जातक कष्टप्रद रहे। **द्वितीय चरण** में माता के लिए एवं **तृतीय चरण** में धन-ऐश्वर्य के लिए हानिकारक होता है। मूल नक्षत्र के चतुर्थ चरण में जातक शुभ फलप्रद माना गया है।

यदि मूल नक्षत्र के प्रथम चरण में बालिका (कन्या) का जन्म हो तो कन्या विवाहोपरान्त ससुर, द्वितीय चरण में सास एवं तृतीय चरण में ससुर एवं पितृपक्ष (दोनों कुलों) के लिए नेष्ट फलप्रद मानी जाती है। चतुर्थ चरण में जन्म शुभ माना है।

आश्लेषा नक्षत्र में जन्म होने पर—

आश्लेषा नक्षत्र का **प्रथम चरण** बालक के लिए शुभ, **द्वितीय चरण** धन-ऐश्वर्य के लिए हानिप्रद एवं **तृतीय चरण** माता के लिए अशुभ किंवा चतुर्थ चरण में जन्मा जातक पिता के लिए कष्टप्रद है।

यदि आश्लेषा नक्षत्र में कन्या का जन्म हो तो प्रथम चरण शुभ (सुख-समृद्धिप्रद) तथा दूसरा-तीसरा एवं चतुर्थ चरण सास के लिए विघातक (कष्टप्रद) माना है।

मघा नक्षत्र में जन्म होने पर—

मघा के **प्रथम चरण** में जन्मे जातक एवं जातिका माता को, **द्वितीय चरण** में पिता को भारी कष्टप्रद होते हैं। मघा **तृतीय चरण** में सुख-समृद्धि हो एवं **चतुर्थ चरण** में जन्मे जातक धन-धान्यसमृद्धिप्रद लिखे हैं।

ज्येष्ठा नक्षत्र में जन्म होने पर—

ज्येष्ठा नक्षत्र के **प्रथम चरण** में बालक का जन्म हो तो बड़े भाई के लिए नेष्ट फलप्रद है, **द्वितीय चरण** में जन्म हो तो छोटे भाई के लिए कष्टप्रद है। **तीसरे चरण** में माता के लिए एवं **चतुर्थ चरण** में जातक अपने शरीर-स्वास्थ्य के लिए कष्टप्रद रहे।

यदि **ज्येष्ठा नक्षत्र** के प्रथम चरण में कन्या का जन्म हो तो बड़े भाई एवं विवाहोपरान्त अपने जेठ (पति के बड़े भाई) के लिए विघातक रहे। **द्वितीय चरण** में अपने छोटे भाई किंवा देवर के लिए अशुभ रहे। **ज्येष्ठा के तृतीय चरण** में अपनी माता/सास के लिए, चतुर्थ चरण में बालिका देवर के लिए शुभ लिखी है।

ज्येष्ठा और मूल नक्षत्र में जन्म का अशुभ फल प्रतिपादक शास्त्रवचन इस तरह है। देखिये—

> **"सुतः सुता वा नियतं श्वसुरं हन्ति मूलजः।**
> **तदन्त्य-पादजो नैव तथाऽश्लेषान्त्य-पादजः॥"**

रेवती नक्षत्र में जन्म होने पर—

रेवती नक्षत्र के प्रथम तीन चरणों में जन्मे जातक (बालक-बालिका दोनों) का फल पूर्णरूपेण शुभ, राज्यपक्ष से लाभप्रद, धन-धान्यवृद्धि देने वाला होता है। लेकिन रेवती के चतुर्थ चरण में जन्मे बच्चे अपने शरीर-स्वास्थ्य के लिए कष्टप्रद होते हैं।

अश्विनी नक्षत्र में जन्म होने पर—

अश्विनी का प्रथम चरण पिता के लिए कष्टप्रद है—**"अश्विन्याः प्रथमे पादे निश्चितं बाध्यते पिता।"** शेष तीन चरण परिवार में धन-ऐश्वर्यवृद्धि, राजपक्ष से लाभ एवं मान-सम्मानप्रद रहते हैं।

एकादशी के दिन चावल खाने निषिद्ध हैं?

"चावल या ओदन (भात) एकादशी के दिन नहीं खाने चाहिएं"—ऐसा एकादशी तिथि में एकमात्र विशेषत: चावल खाने के निषेध का तो शास्त्रों में उल्लेख नहीं। हां, एकादशी के दिन उपवास रखना (व्रती रहना), अन्न ग्रहण न करना;—एतद्विषयक वाक्य तो शास्त्रों में उपलब्ध हैं। जैसे—

"एकादश्यां न भुञ्जीत-पक्षयोरुभयोरपि।"

किञ्च—"अन्नमाश्रित्य पापानि तिष्ठन्ति हरिवासरे"—आदि वाक्य शास्त्रों में उपलब्ध हैं।

ध्यान दें—संस्कृत में '**अन्न**' शब्द का प्रयोग प्राधान्येन गेहूं, जौ, चावल, चना आदि अनाजों के लिए होता है (जैसे—**"अन्नाद-भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसंभवः"** आदि)। इसका प्रयोग '**उबले चावल**' (भात) के लिए भी किया जाता है।

'**वशिष्ठ स्मृति**' के इस वचन से और भी स्पष्ट हो जाता है—

> **"सस्यं क्षेत्रगतं प्रोक्तं सतुषं धान्यमुच्यते।**
> **आमं तु वितुषं ज्ञेयं स्विन्नम् अन्नम् उदाहृतम्॥"**

(अर्थात् खेत में खड़े चावल सस्य, तुषयुक्त धान्य, तुषरहित 'आम' और उबले हुए चावल अन्न कहलाते हैं।)

अतः स्पष्ट है कि—**"अन्नमाश्रित्य पापानि तिष्ठन्ति हरिवासरे।"**

इन वाक्यों में प्रयुक्त '**अन्न**' शब्द से चावल (भात) ऐसा अर्थ पर्वतीय, बंगदेशीय, दक्षिण भारतीय आदि लोगों द्वारा किया गया है, जिनका प्रमुख खाद्य भात (चावल) है।

अपि च—वैदिक काल में चावल प्रमुख अन्न रहा है। वैसे भी **धर्मशास्त्र** में **अनेकों वाक्य एकादशी के दिन सर्वथा अनशन (सभी प्रकार के अनाजों के त्याग) का ही आदेश देते हैं। धर्मशास्त्र के वाक्यों में यह कहीं निर्देश नहीं कि—एकादशी के दिन (भात) चावल नहीं खाने चाहिएं। शास्त्र तो एकादशी के दिन व्रती रहने का ही निर्देश करते हैं—**

"एकादश्यां न भुंजीत पक्षयोरुभयोरपि।"

अतः एकादशी के दिन चावल ही अभक्ष्य हैं, अन्य अन्न शास्त्रविहित हैं—यह सर्वथा भ्रान्ति है। इस दिन निराहार व्रती रहना ही शास्त्रविहित है।

नेष्टफल-शान्त्यर्थ नवग्रहों के निमित्त दान-विधान

सूर्य के लिए दान—लाल गाय, तांबे के बर्तन, गेहूं एवं लाल चन्दन का दान करने से कष्टप्रद स्थिति में सूर्य से मुक्ति का अनुभव करेंगे—

"सूर्ये धेनुश्च ताम्रं च गोधूमं रक्त-चन्दनम्।"

चन्द्रमा नेष्ट फलप्रद हो तो—शंख, सफेद चन्दन, सफेद वस्त्र एवं चावलों का दान करें—

"चन्द्रे शंखं चन्दनं च वस्त्रं च सित-तंदुलम्।"

मंगल-शान्त्यर्थ—लाल बैल, लाल वस्त्र, गुड़ एवं लाल अन्न का दान करें—

"कुजे वृषः प्रदातव्यो रक्तवस्त्रं गुडौदनम्।"

बुध ग्रह-शान्त्यर्थ—कपूर, मूंग, हल्दी एवं हरे रंग की मणि (पन्ना) दान करें—

"बुधे कर्पूर-मुद्गाश्च हरिद्रा च हरिन्मणिः।"

गुरु ग्रह-शान्त्यर्थ—हल्दी, पीले वस्त्र एवं चने की दाल किंवा पीले फलों का दान करें—

"पीतवस्त्रद्वयं जीवे हरिद्रा-चणकानि च।"

शुक्र ग्रह-शान्त्यर्थ—सफेद घोड़ा (अभावे सफेद गाय), सफेद धान्य एवं सफेद मणि का दान करें—

"अश्वः शुक्रे सितो देयः शुक्लधान्यानि यानि च।"

शनि ग्रह-शान्त्यर्थ—लोहे के बर्तन में तेल में मुंह देखकर तेलदान, काले वस्त्र में काले तिल एवं काली (कपिला) गाय का दान करें—

"शनौ तैलं तिलाः देयाः कृष्ण-गोदानमुत्तमम्।"

राहुजन्य नेष्टफल-शान्त्यर्थ—भैंस, बकरी, उड़द, काले तिल और सरसों का दान करें—

"राहोश्च महिषी-छागौ माषाश्च तिल-सर्षपाः।"

केतु ग्रह-शान्त्यर्थ—बकरी, मेढ़ा, सतनाजा (सात प्रकार के अनाज) का दान करें—

"अजमेषौ च दातव्यौ केतौ चान्नं च मिश्रितम्।"

किञ्च—सभी ग्रह शान्त्यर्थ स्वर्णदान, गोदान, ग्रहमन्त्रजापपूर्वक ब्राह्मणों की पूजा करें—

"स्वर्ण-गो-विप्र पूजाभिः सर्वेषां शान्तिरुत्तमा।"

अन्य विशेष ज्ञातव्य—

1. पंचक-विचार (पंचकों में क्या कुछ करना निषिद्ध है?)—

ध्यान दें—धनिष्ठा से रेवती नक्षत्र तक पांच नक्षत्रों को **'पंचक'** संज्ञा दी गयी है। इन नक्षत्रों में कौन से कार्य वर्ज्य हैं—यह स्पष्ट करना प्रासंगिक है। पचंकों में (कुम्भ-मीनस्थ चन्द्र के समय) खाट बुनना, काष्ठ-संग्रह, मकान पर लकड़ी की छत डालना, लकड़ी का फर्नीचर खरीदना एवं दक्षिण-दिशा की तरफ यात्रा करना—ये सब वर्जित हैं—

"धनिष्ठा-पंचके त्याज्यस्तृणा -काष्ठादि-संग्रहः।
त्याज्या दक्षिण-दिग्यात्रा गृहाणां छादनं तथा॥"

अपि च—"शय्या-वितानं प्रेतादि-क्रियां काष्ठ-तृणार्जनम्।
याम्य-दिग्गमनं न कुर्याच्चन्द्रे कुम्भे च मीनगे॥"

2. पंचकों में मृत व्यक्ति (प्रेत) का दाह-संस्कार भी आवश्यकता में कुशा द्वारा निर्मित **'पांच पुत्तलिका'** बनाकर मृत व्यक्ति के साथ ही करना चाहिए, अन्यथा पंचकों के नियमों का उल्लंघन मुहूर्त ग्रन्थों में बहुत अशुभ लिखा है।

ध्यान रहे—विवाह, मुण्डन, गृहारम्भ, गृहप्रवेश, वधूप्रवेश, उपनयन, रक्षाबन्धन एवं भाईदूज आदि पर्वो/मुहूर्तों में पंचक-नक्षत्रों की विचारणा मुहूर्त-ग्रन्थकारों ने कहीं नहीं की। अतः इस बारे में भ्रान्ति में न पड़ें।

3. तिथियों के नाम—तिथियां पांच प्रकार की हैं—नन्दा, भद्रा, जया, रिक्ता एवं पूर्णा।

1. **नन्दा तिथियां**—प्रतिपदा, छठ, एकादशी,
2. **भद्रा तिथियां**—द्वितीया, सप्तमी एवं द्वादशी,
3. **जया तिथियां**—तृतीया, अष्टमी, त्रयोदशी,
4. **रिक्ता तिथियां**—चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी,
5. **पूर्णा तिथियां**—पंचमी, दशमी, पूर्णिमा एवं अमा,

नोट—उल्लिखित **'रिक्ता तिथियां'** शुभ कार्य प्रारम्भ करने में त्याज्य किंवा नेष्ट मानी गयी हैं।

त्रयस्त्रिंशद् योगावली

(वर्षफल में घटित होने वाले योगों का विवरण)

यवन-शासनकाल में फलित ज्योतिष के सिद्धहस्त 'दैवज्ञ शिरोमणि' इन योगों के लेखक थे। सं. 2075 वि. के पंचांग में जन्मपत्र में घटित होने वाले 'राजयोगों' का विवरण दिया गया था। इस वर्ष (सं. 2077 वि. में) सहारनपुर (उ.प्र.) के सुप्रसिद्ध विद्वान् श्रीप्रभाकर जी के ग्रन्थागार से उपलब्ध **वर्षफल-सम्बन्धित** 33 योगों का विवरण दे रहे हैं। यह पुस्तिका जीर्ण-शीर्ण अवस्था में लगभग 85 वर्ष पूर्व प्राप्त हुई थी। यवनाचार्य के इन प्रयासों को विद्वज्जनों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रकाशित करने का यह एक प्रयत्न है। **'फलितशास्त्र'** में रुचि रखने वाले ज्योतिषी लोग **वर्षफल में घटित** होने वाले इन योगों की प्रामाणिकता को स्वयं अनुभव करें। ध्यान रहे—व्याकरण की दृष्टि से यहां कोई Correction नहीं की जा रही है, यथालब्ध Manuscript ही प्रकाशित कर रहे हैं। इन योगों के नाम फारसी के मालूम देते हैं।—सम्पादक

'नव्वाब खानखाना कृत' वर्षफल में घटित होने वाले 'त्रयस्त्रिंशद् योगावली' के नाम इस प्रकार हैं—

1. मुक्ताविल्ल, 2. काविल्ल, 3. लालील, 4. लत्ता, 5. रिहा, 6. गेशना, 7. दोशना, 8. चीन, 9. कोशा, 10. कलावार, 11. वारा, 12. सबा, 13. सिल्ल, 14. दिल्ला, 15. स्तथाबादला, 16. मद्ला, 17. ष्ठीय, 18. कुलांब, 19. कुलाली, 20. खुशालो, 21. खुशाली, 22. फलूशा, 23. फलाशी, 24. बादरा, 25. बादरी, 26. तमाला, 27. तमाली, 28. तगी, 29. तेज, 30. तेगी, 31. जमी, 32. जीवगा, 33. खंजाब।

ये उल्लिखित वर्षफल में घटित होने वाले योग हैं। इनका भाषाटीकासहित क्रमशः विवरण यथालब्ध संस्कृत श्लोकों के साथ दे रहे हैं।

1. मुक्तावली योग

**"यामित्र-मूर्त्यो खलु पापखेटा
अनुक्रमेणा यदि भावचक्रात्।
क्लेशं विवादं नृपतेर्भयं च
मुक्तावली योगकृतं च कष्टम्॥"**

अर्थात्—यदि सातवें भाव से लग्न पर्यन्त सभी पापग्रह क्रमशः स्थित हों तो **'मुक्तावली योग'** क्लेश, विवाद, राजपक्ष से भय एवं शारीरिक किंवा मानसिक कष्टप्रद होता है।

2. काबिल योग

**"इन्दु-ज्ञ-जीव-भृगुपुत्र गते धने च,
आपोक्लिमे च रवि-राहु-कुजार्क-पुत्राः।
लक्ष्मी-प्रवृद्धिम् कुरुते त्वतुलं च तेजो
राज्यास्पदं भवति काबिल-योगगेन॥"**

अर्थात्—चन्द्र, बुध, गुरु एवं शुक्र—ये चारों ग्रह जातक के वर्ष लग्न में धनस्थान में हों और आपोक्लिम(३, ६, ९ एवं १२वें) स्थानों में (वर्षलग्न से) सूर्य-राहु-मंगल एवं शनि स्थित हों तो जातक धनाढ्य, तेजस्वी एवं राज्याधिकार प्राप्त करता है—यह **'काबिल योग'** फल है।

3. लालील योग

**"मित्रे धनस्थे यदि वा विलग्ने,
सौम्याश्च खेटा नर सौम्यवर्गे।
क्रूरा षडाये धन-धान्य-युक्तो
लालील-योगो यदि हायनेऽस्मिन्॥"**

अर्थात्—वर्षलग्न के चतुर्थभाव-द्वितीय किंवा लग्न में शुभग्रह पुरुष राशि में हों और वर्षलग्न से क्रूर ग्रह छठे एवं ग्यारहवें भाव में हों तो वह वर्ष धन-धान्य-समृद्धि देने वाला (लालील योग युक्त) होता है।

4. लत्ता योग

**"अरि-मदन-धनेषु क्रूर-खेटा गता स्युः,
तनुपति-व्यय-वित्ते कोऽपि सौम्यैर्न दृष्टः।
भवति रिपुविवादो मान-सौख्यं च जातो
क्षण-क्षणमपि योगो सौख्य-लत्ता समाब्दे॥"**

अर्थात्—यदि वर्षफल के छठे, सातवें और दूसरे स्थान में क्रूर ग्रह हों, वर्षलग्नेश

बारहवें किंवा द्वितीय (धन) स्थान में हो और उल्लिखित योग शुभग्रह से दृष्ट वा युक्त न हों तो वह वर्ष '**लत्ता योगयुक्त**' होता है। इस वर्ष में प्रतिक्षण शत्रु से हानि, विवादभय, चिन्ता रहे। उल्लिखित स्थानों में शुभग्रह दृष्ट या प्रबल होने पर वर्ष में मान-सम्मान हो, सुख-समृद्धि मिले एवं शत्रु हतप्रभ रहें।

5. रिहा योग

"तपनमिन्दुज-सिंहज-लग्नगा
शुभ ग्रहैर्नैव विलोकिताः।
स्वजन-शोक-विनाशरते रतिं
यदि न ह्यदगते रिहयोगजः॥"

अर्थात्—सूर्य-बुध एवं राहु ये ग्रह वर्षलग्न में हों तथा इन पर शुभग्रह की दृष्टि भी न हो तो निजी प्रियबन्धु के निधन से शोक हो, कारोबार एवं नये उद्योग किंवा नये प्रोग्रामों में हानि हो—ऐसा '**रिहा**' नामक योगफल होता है।

6. गोशना योग

"छिद्रनाथो नव-पंचम-षष्ठगो वित्तनाथो क्रूर-नवांशगो।
दशन-धान्यदशा च रिपु-दशा वसन-वित्त-विनाशनगोशना॥"

अर्थात्—वर्षलग्न से आठवें स्थान का स्वामी नवम-पंचम किंवा छठे भाव में स्थित हो, किंच धनेश क्रूर ग्रह किंवा पापग्रह के नवांश में स्थित हो, किंच शत्रुग्रहों के अवान्तर में दशन (दन्त व मुख) रोग, धान्यहानि, वस्त्रादि के व्यवसाय में धन-हानिकारक '***गोशना योग***' कहा है।

7. दोशना योग

"द्वितीय-भाग्य-यमार-विधुसुतास्तनुपतिर्विबलो निधनाश्रितः।
तदप-योगकृतः खलु दोशना करणनाश-विनाशकस्तिखाशना॥"

अर्थात्—दूसरे किंवा नवम भाव में शनि-मंगल एवं बुध हों और लग्नेश निर्बल होकर मृत्यु (अष्टम) भाव में हो तो सभी प्रयासों (व्यवसायों) का ह्रास करने वाला सर्वतो भावेन दुःखप्रद '**दोशना योग**' होता है।

8. चीन योग

"शित-गुरुर्शशितो यदि तुर्यगस्तपन-पुत्र विधुनिज-लग्नगः।

अर्थात्—यदि (वर्षलग्न में) चन्द्र से चतुर्थ स्थान में शुक्र हो, शनि-चन्द्र (वर्ष-लग्न में) अपनी राशि मकर-कुम्भ-कर्क में स्थित हों, तो उस वर्ष में धन-धान्यसमृद्धि, हाथी, घोड़ा आदि का सुख देने वाला '**चीन योग**' होता है।

9. कोश योग

"प्रालेय-राशिर्यदि पापखेटा लग्ने-धने वा व्ययभाव-याते।
मृत्युकरं वा धनहीनतां च गतप्रतिष्ठां यदि कोशयोगः॥"

अर्थात्—(वर्षाङ्ग में) कर्कराशिस्थ पापग्रह लग्न, द्वितीय किंवा व्यय भाव में युत हों तो उस वर्ष में मृत्युतुल्य कष्ट किंवा मृत्युभय, धन-मानहानि का भय रहता है, यह '**कोश योग**' कहा है।

10. कलांवार योग

"उदय-जन्मलग्नो यदा हायनेस्मिन्
ज्वरं-कम्पकं-श्वास-कासं च कण्डुम्।
कालाम्बरो योगो यदा हायनेऽस्मिन्
अथारिष्ट-नाशो यदा केन्द्रवर्ति॥"

अर्थात्—जन्मलग्न एवं वर्षलग्न जब एक ही आ जायें (जिसे **एकोदय** किंवा **द्विजन्मा** वर्ष भी कहा जाता है) तो उस वर्ष में ज्वर, कम्पन रोग, खांसी किंवा त्वचा रोग आदि शारीरिक कष्टों से पीड़ा होती है। यदि जन्मलग्न वर्षलग्न से केन्द्र में हो तो वह सर्वारिष्ट नाशकारक होता है। यह योग '**कलाम्बर**' कहा गया है।

नोट—यदि जन्मलग्न एवं वर्षलग्न एक ही हों और नक्षत्र भी एक ही हो तो यह योग अधिक नेष्ट फलप्रद कहा है।

11. वारा योग

"झपे गुरु-शुक्र-महीसुतोऽपि
लग्ने गते वा हिबुके विलग्नात्।
हेमं च रत्नं लभते मनुष्यो
कृतस्य वारा यदि योगमब्दे॥"

अर्थात्—यदि वर्षलग्न में गुरु-शुक्र-मंगल हों अथवा लग्न से ये चतुर्थ स्थान में मीनस्थ हों तो जातक को स्वर्ण-रत्नादि का प्रचुर मात्रा में लाभ देने वाला '*वारा योग*'

12. समा योग

"जन्म-भांशगते रिपु-मृत्युगे गगन-बन्धु-तमो मृति पश्यति।
यदि करोति कफादनुश्लेष्मयोः भय समा खलु योगश्चब्दपे॥"

अर्थात्—जन्मराशि एवं उसके नवांश की राशि छठे, आठवें स्थान में हो एवं सूर्य-राहु की अष्टम भाव पर दृष्टि हो तो कफ-वायुजन्य रोगों से कष्ट देने वाला '**समा योग**' कहा है।

13. सिल्ल योग

"शनिः कुम्भराशौ लवैर्वर्धमानः
घटांशैर्गतो मन्द मूर्तौ च मब्दे।
नरं भूपमानं विवादादिकार्यभ्,
मतं हेमलब्धिं शिला-योग-संस्थे॥"

अर्थात्—यदि कुम्भ राशि का शनि बढ़ते हुए अंश का हो एवं शनि कुम्भ के नवांश में स्थित होकर वर्षलग्न में गया हो तो जातक को राजपक्ष से सम्मान, विवाद (मुकद्दमेबाजी आदि) कार्यों में सफलता एवं यश-स्वर्ण, धन-धान्यादि-लाभ देने वाला '**शिला योग**' कहा है।

14. दिल्ला योग

"रविर्जन्म-लग्नाधिपो व्योम-भावे यदा व्योम-भावाधिपस्तुंगवर्ती।
तदा कष्टनाशं महातेजवृद्धिर्गजाश्वादि प्राप्तिर्दिला-योगमध्ये॥"

अर्थात्—यदि जन्म लग्नेश सूर्य हो और सूर्य वर्ष में दशमस्थान में बैठा हो एवं वर्षलग्न से दशम भाव का स्वामी उच्चस्थ हो तो सभी कष्टों का निवारण हो, प्रभाव क्षेत्र बढ़े, कार, घोड़ा आदि वाहन का सुख देने वाला '**दिला**' नाम योग होता है।

15. बादला योग

"धने लाभगे राहु-चन्द्रोच्च-संस्थे-
नवांशेऽपि सिंहे गुरौ वक्रभागे।
बहुलाभकारी विधु-पुत्रयुक्तो
धनं सञ्चितं बादलायोगमब्दे॥"

अर्थात्—यदि वर्षलग्न में अपनी उच्च राशि (वृष) में राहु एवं चन्द्र धन अथवा लाभ भाव में गये हों और नवांश में सिंह राशिस्थ गुरु वक्र हो तथा बुध के साथ मेल करे तो व्यवसाय में बहुत लाभ देने वाला, धनाढ्य बनाने वाला प्रभावकारी '**बादला योग**' होता है।

16. मादला योग

"तृतीय-पंचम-भाग्य तथायगे शुभा
खलाप्यथवा निजोच्चगाः।
भवति योगकृते यदि मादला
सकल-सिद्धिकरश्च जने सुखम्॥"

अर्थात्—यदि वर्षलग्न में तीसरे, पांचवें, नवमे और ग्यारहवें भाव में शुभ अथवा पापग्रह बैठे हों किंवा अपनी उच्च राशि में स्थित ग्रह उल्लिखित भावों में गये हों तो समस्त समस्याओं को हल करके सुख-समृद्धिप्रद '**मादला योग**' होता है।

नोट—पापग्रहों का तीसरे किंवा एकादश भाव में होना श्रेष्ठ है। अतः तीसरे, ग्यारहवें भाव में पापग्रह एवं नवम, पंचम भाव में शुभग्रह होने पर भी यह योग घटित होता है।

17. ष्ठीय योग

"रवौ सिंह-राशौ गुरौ चापमध्ये
महीपुत्र-लाभे यदा दक्षभागे।
धनं वस्त्रभागीमहंकारवृद्धिः
नरं तेजते जीनरेष्ठीय योगे॥"

अर्थात्—(वर्षाङ्ग में यदि) सिंहस्थ सूर्य छठे भाव में और धनुःस्थ गुरु दशम भाव में हो एवं ग्यारहवें भाव (मकर राशि का) मंगल हो तो '**ष्ठीय योग**' के कारण जातक धन-धान्यसमृद्धि युक्त, वस्त्रालंकार-लाभ, मान प्रताप प्राप्त करके अहंकारी होता है।

18. कुलाब योग

"भृगुस्त्वौज-राशौ यदा कन्यकादौ अजान्ते गुरुर्युग्मभांशे च लग्ने।
रिपु-नाशनं स्त्री-विलासं सुखं च नरं सर्वसिद्धिदं कुलावे तु योगे॥"

अर्थात्—वर्षलग्न में कन्या राशि के आगे की विषम राशि (७, ९, ११) में शुक्र गया हो और मेष राशि के अन्त की (आगे की) राशि के लग्न अथवा नवांश (२, ४, ६, ८, १०, १२) में गुरु हो तो शत्रु का नाश करने वाला, स्त्रीपक्ष से सुख, विलास, वैभव

सुख, सभी कार्यों की सिद्धि देने वाला 'कुलाब योग' होता है।

19. कुलाली योग

"ग्रहाः क्रूरा सौम्या अरिस्थे चारिष्टे सुरेज्यो विधुः सैंहिकेयस्त्रिकोणे।
नृपात् सौख्यकारी जयं शत्रुभावस्तदा द्रव्यलाभं कुलाली च योगे॥"

अर्थात्—(वर्षलग्न में) छठे भाव में क्रूर ग्रह व आठवें भाव में शुभग्रह स्थित हों, गुरु-चन्द्र-राहु ये त्रिकोण (पंचम-नवम) भाव में हों तो राजा से मान-सम्मान एवं सुख मिले, शत्रु हतप्रभ रहें किंच धनलाभ देने वाला **'कुलाली योग'** होता है।

20. खुशाला योग

"अरिस्थे च क्रूरो भवेद्यस्य खेटः
भृगुज्ञो विधुश्चावरे जीववापी।
नरं ग्रामलाभं धनं धान्य-वस्त्रं
कलत्रादि-सौख्यं खुशाले तु योगे॥"

अर्थात्—छठे स्थान में क्रूर ग्रह हो, दशम भाव में गुरु, शुक्र, बुध एवं चन्द्र हों तो **'खुशाला योग'** होता है। उस वर्ष में राजमान, स्थायी सम्पत्तिलाभ, धन-धान्य, वस्त्राभरणादि का लाभ होता है।

21. खुशाली योग

"तृतीये च शुक्रो गुरो सार्धचारी विधुर्मन्दयुक्तो यदा लग्नवर्ती।
प्रभुता च वृद्धि सुख-सम्पदादौ हिरण्यादि युक्तो खुशाली च योगे॥"

अर्थात्—शुक्र एवं गुरुयोग तीसरे स्थान में हो, शनियुक्त चन्द्र वर्षलग्न में विद्यमान हो तो इस **'खुशाली योग'** में प्रभावक्षेत्र (प्रभुता) की वृद्धि, सुख-सम्पदा, धन-धान्य एवं स्वर्णादि की प्राप्ति होती है।

22. फलूशा योग

"लाभे व्यये लग्नते च दुष्टे विद्या-रिपुस्थे मदने च सौम्ये।
प्राप्तेऽपि लाभे फलहीनता स्यात् सर्वार्थनाशं कुरुते फलूशः॥"

अर्थात्—यदि वर्षाङ्ग के ग्यारहवें, बारहवें और लग्न में पापग्रह हों, पांचवें, छठे, सातवें घर में शुभ ग्रह हों तो हाथ में आया हुआ लाभ भी प्राप्त न हो, ऐसा सब तरह से हानिकारक **'फलूशा योग'** होता है।

नोट—इस योग में शुभ और पापग्रह का प्रतियोग होता है। यदि यह प्रतियोग १८० अंश के पूर्ण अन्तर का हो तो महानेष्ट फलप्रद होता है।

23. फलाशी योग

"धने व्यये मृत्यु-रिपावस्तगे वा पापाश्च सौम्या विबलापि चक्रे।
क्लेशं विवादं पशुपीडनं च फलाशी योगे स्वजनैश्च वैरम्॥"

अर्थात्—दूसरे, बारहवें, आठवें, छठे और सातवें स्थान में पापग्रह स्थित हों और सौम्य (शुभ) ग्रह निर्बल (नीच-शत्रु किंवा अस्तंगत) हों तो **'फलाशी योग'** होता है। यह योग जिस वर्ष में घटित हो रहा हो, उस वर्ष में गृहक्लेश, विवाद, पशुपीड़ा किंवा स्वजनों से विरोध होता है।

24. बदारा योग

"लग्नाधिपो भौमयुतश्च रन्ध्रे रन्ध्रादिनाथो व्ययगे रिपुस्थे।
करोति कष्टं रिपुणा विवादं शस्त्राभिघातं कुरुते बदारा॥"

अर्थात्—यदि वर्ष लग्नेश अष्टम भाव में मंगल से युत हो और अष्टमेश बारहवें या छठे भाव में हो तो **'बदारा योग'** होता है। जिस वर्ष में यह योग बने तो उस वर्ष में शारीरिक-कष्ट, शत्रु बढ़ें, मुकद्दमे आदि से परेशानी रहे। शस्त्र से प्रहार का भय अथवा ऑपरेशन आदि शल्य चिकित्सा से परेशानी रहे।

25. बदारी योग

"तनुपतौ व्ययभावगते रवौ सुरपतिः रिपुगे च तथाष्टमे।
तदपि रोगकृते धनहानिदो यदिहमब्दगते च बदारीजः॥"

अर्थात्—वर्षलग्नेश सूर्य यदि (वर्षलग्न के) बारहवें भाव में स्थित हो, गुरु छठे या आठवें स्थान में बैठा हो तो धनहानि एवं अनेकविध रोगों से कष्टप्रद **'बदारी योग'** होता है।

26. तमाल योग

"लग्नेश्वरो व्योम-कलत्र-तुर्ये तद्भावनाथो यदि तुर्यवर्ती।
राज्याधिपं वाहन-सौख्यमित्र-शत्रुक्षयं वाहनते तमालम्॥"

अर्थात्—यदि वर्षलग्नेश दशम, सप्तम या चतुर्थ स्थान में हो, (लग्नेश) जिस

भाव में हो उसका स्वामी यदि चतुर्थ स्थान में हो तो 'तमाल योग' होता है। उस वर्ष में राजसुख एवं वाहनसुख मिले तथा अच्छे मित्रों से मेल एवं शत्रुपक्ष हतप्रभ रहे।

27. तमाली योग

"लग्नाधिपो भवति भौमयुते च कर्मे कर्माधिपे वसति लग्नगतेऽपि द्यूने।
सन्तान-सिद्धो सुखदं नृपदत्तमानं धान्यादि भूषणधनं कुरुते तमाली॥"

अर्थात्—वर्षाङ्ग में यदि लग्नेश मंगल से युत होकर दशम स्थान में हो एवं दशमेश लग्न में अथवा सातवें स्थान में स्थित हो तो '**तमाली योग**' होता है। इस वर्ष में सन्तान-प्राप्तिसुख, राजपक्ष से सम्मान, धन-धान्यलाभ एवं वस्त्राभरण-सुख भी प्राप्त हो।

28. तगी योग

"सुतेशो गुरुः ज्ञोविधुः कीट-राशौ परं भाग्यशुक्रो वृषे वाथ मीने।
तदा धर्मवृद्धिश्च सन्तान-सौख्यं धनं धान्य-वस्त्रं तगीयोग-मध्ये॥"

अर्थात्—पंचम स्थान का स्वामी, गुरु, बुध एवं चन्द्र ये सब कीट-राशि (कर्क किंवा वृश्चिक राशि) में हों और नवम स्थान में शुक्र वृष या मीन राशि में स्थित हो तो वर्षाङ्ग में '**तगी योग**' होता है। उस वर्ष में धार्मिक कार्य हों, भाग्य-यशवृद्धि, सन्तति-सुख, धन-धान्यवृद्धि होती है।

29. तेज योग

"शुक्र-ज्ञ-भास्कर-विधु-क्षितिजात्म-छिद्रे
लग्ने यदा च भवति जीवयुते च दृष्टे।
नानाविधं सपरिभोग-रतिश्च लाभम्
व्यापार-वृद्धिमतुलं कुरुते च तेजः॥"

अर्थात्—शुक्र, बुध, सूर्य, चन्द्र एवं मंगल—ये ग्रह वर्षांग के पांचवें तथा आठवें भाव में स्थित हों। किंच लग्न पर गुरु की दृष्टि या गुरु लग्न में हो तो नानाविध ऐश्वर्य की प्राप्ति, सुख, धनलाभ एवं व्यापार में बहुत तरक्की देने वाला '**तेज योग**' कहा गया है।

30. तेगी योग

"अरि-धर्म-लाभे व्यये पापखेटा
व्ययाज्जन्म-वर्षाधिपो केन्द्रगे वा।
तदा राज्यमान बहु-शत्रुनाशं
सुखं सर्वभावे यदा योग-तेगी॥"

अर्थात्—वर्षलग्न में यदि छठे, नवमे, ग्यारहवें एवं बारहवें स्थान में पापग्रह स्थित हों अथवा बारहवें भाव से केन्द्र में जन्मलग्न-पति और वर्षेश्वर बैठा हो तो राजपक्ष से मान, शत्रुओं का नाश एवं सर्वविध सुख देने वाला '**तेगी**' नामक योग होता है।

31. यमी योग

"भृगु-गृहे सुरराज-पुरोहिते गुरुगृहे वसति भृगु-नन्दने।
पणफरेऽपि च तेम चतुर्थगे द्विगुण लाभकृते यमि-योगगे॥"

अर्थात्—वर्षलग्न में यदि शुक्र की राशि (७ एवं २) में गुरु ग्रह हो और गुरु की राशि (९, १२) में यदि शुक्र स्थित होकर पणफर २, ५, ८, ११ तथा चतुर्थ स्थान में स्थित हो तो '**यमी योग**' होता है। इसमें व्यवसाय किंवा प्रयास से जातक को दोगुणा लाभ होता है। **किंच**—गुरु की राशि मीन में यदि उच्च शुक्र हो तो धनुराशिस्थ गुरु की अपेक्षा विशेष फलप्रद समझना चाहिए।

32. जीव योग

"यदि पराक्रम-लाभगते रवौ शुभ-
खगा हिबुके च कलत्रगे।
सुत-सुखं कुरुते विपुलं धनं
महति-कीर्ति करोति च जीवगः॥"

अर्थात्—यदि वर्षाङ्ग के तीसरे अथवा ग्यारहवें भाव में सूर्य हो और शुभग्रह चौथे किंवा सातवें स्थान में स्थित हो तो पुत्र (सन्तति) लाभ, व्यवसाय में विपुल धन की प्राप्ति, सत्कीर्ति एवं समाज में प्रतिष्ठा देने वाला '**जीव योग**' कहा है।

33. खंजाब योग

"लग्नेश-लाभेश वा सुतेशस्तुर्येश-कर्मेश-धनेश-संस्थे।
तद्भाव-सौख्यं बहुलं च तेजः खंजाव योगो यदि हायनेस्मिन्॥"

अर्थात्—लग्नेश, लाभेश, पंचमेश, चतुर्थेश, दशमेश एवं सप्तमेश (ये ग्रह) जिस-जिस भाव में स्थित हों तत्सम्बन्धित (उस-उस) भाव का ही विशेष फल (किंवा सुख) और तेजवृद्धि देते हैं। ये '**खंजाब योग**' होता है।

— — —

प्रसूति-लग्न विचार

मेष—जन्मसमय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर, उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवम् मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल, मलिन थे। ४। ११। १६। ४४। ५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे; इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप कराना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो १०० वर्ष जीवे।

वृष— माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४, जन्मोपरान्त दो और आई, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया, गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर से पूर्व में सूतिका–स्थान, श्वेत स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया। १। २८। ३३। ४४। ६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जाप और ब्राह्मणभोजन करवाना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन— माता का सिर पश्चिम में, उपसूतिका ३ या ५, माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, सिर से प्रसव, मुख ऊपर को, जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था, घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्राल्प भोजन किया, दूध कम उतरे। ४। १०। १४। ३८। ५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवाएं। यदि इन वर्षों से बचे, तो ८६ वर्ष जीवे।

कर्क—माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४, बालक जन्मते ही छींका, नाल छूटा, भूमि पर जन्म, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, माता के वस्त्र श्वेत व लाल, माता ने प्रसव से पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया, बालक के वामांग में लहसुन आदि का चिह्न, देर से रोया। ५। २५। ४०। ५८। ६२— इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश के समय तुलादान, छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना कल्याणप्रद है।

सिंह— माता का पश्चिम या पूर्व में सिर, मलिन या लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्मसमय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान। ५। १३। २८। ३६। ४८— इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो ६७ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्रीसूर्यनारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और ब्राह्मणों को मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा।

कन्या—माता का दक्षिण में सिर, रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्ठान्न बासी चीज या बड़े आदि का भोजन, जन्मसमय स्त्री ३ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया, घर के नैर्ऋत्यकोण में सूतिका–स्थान। ४। १६। २३। ३६। ५५— ये वर्ष कष्टकारक हैं। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

तुला— माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, श्वेत जीर्ण वस्त्र, भुना हुआ अन्न, ठंडा जल या कोई मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी। जन्मसमय स्त्री ३ या ६, वहां एक कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्मसमय कुछ ठहरकर अर्धशब्द करके रोया, घर के पश्चिमभाग में सूतिकास्थान। ८। १५। ३१। ३५। ६२। ६४— इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रहों का दान, हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे।

वृश्चिक—माता का दक्षिण या उत्तर में सिर, रक्त या दग्ध वस्त्र, कष्ट अधिक, अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन, जन्मसमय स्त्री २ या ३, पीछे से भी २ आईं, दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया। छींक भी किया, दीर्घ केश, घर के पश्चिमभाग में प्रसवस्थान। ११। २८। ३८। ५२। ६२— इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

धनु—माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, पीत या रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्मसमय स्त्री १ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के वायव्यकोण में सूतिकास्थान। २। १०। १८। ३१। ३८। ४२। ६७— इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप, ब्राह्मणभोजन श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर— माता का सिर दक्षिण में, ऊपर काला व जीर्ण कमजोर वस्त्र; गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जलपान किया था। जन्मसमय स्त्रियां २, पीछे से एक आई। दीपक हाथ में उठाया गया। बालक जन्मोत्तर अर्धशब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तरभाग में पुराना सूतिकास्थान। ५। १३। २७। ३६। ५७। ६३। ८७— इन कष्टकारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के शुरु में शिवार्चन, मृतसंजीवनी आदि का जाप रखे।

कुम्भ—माता का सिर पश्चिम को; जीर्ण, धुम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर–शीत शाकादि का भोजन, कष्ट अधिक, जन्मसमय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आईं, उन में एक स्त्री गर्भिणी भी हो, दीपक स्वास्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्धशब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तरभाग में सूतिका–गृह। २। २८। ३३। ४८। ६४— इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जयजप हितकारक है। इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन— माता का सिर उत्तर में, पीत या मलिन वस्त्र, विचित्र अल्प भोजन, जन्मसमय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका–स्थान। १। ८। १३। ३६। ४८— इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह–शान्ति–हवन, मृतसञ्जीवनीमन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे। **स्मरण रहे**—अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिले – वही बालक का जन्मलग्न जानना चाहिए, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

पितृपरोक्ष जन्मज्ञान— (१) जन्मलग्न को चन्द्रमा न देखे, (२) बुध–शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो, (३) लग्न में शनि चन्द्रमा से अदृष्ट हो, (४) भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो– इन चारों योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना चाहिए।

जन्मकुण्डली में दिशाज्ञान— प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय–तृतीय ईशान, चतुर्थ उत्तर, पञ्चम–षष्ठ वायव्य, सप्तम पश्चिम, अष्टम–नवम नैर्ऋत्य, दशम दक्षिण, एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना चाहिए।

प्रसूतिस्थान से पाकशालादि का विचार

जन्मकुण्डली में सूर्य, मंगल जिस दिशा में हों, वहां अग्निस्थान (पाकगृह) जानना चाहिए। इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और शनि से अशुभ मैला स्थान जानना चाहिए। दोहा– लग्ननाथ जो केन्द्र में तीन दिशा को द्वार। वा लग्न दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार।। केन्द्र (१। ४। ७। १०) स्थान में एक से अधिक ग्रह हों तो उनमें, जो बली (स्वराशि, मित्रोच्च, व मूलत्रिकोण राशि का) केन्द्रस्थान में स्वमित्र, शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो, उसकी दिशा में अथवा लग्नपति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है।

ग्रहों की दिशा–सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनि की पश्चिम और राहु, केतु की नैर्ऋत्य।

चन्द्रात्तैलज्ञानम्– चन्द्रमा से दीप के तैल का ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तैल ज़्यादा कहना। यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तैल कहें। यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो तो बहुत ही कम तैल कहना।

सो०– तनुस्थान शशि जाई, वा शशि षष्ठे भवन में, शिशुजन्म तब आई, तब कही दीपकतैल नहीं। सित–शनि दशमें धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशुजन्म में तब वाम, दीपकतैल सौं युक्त कहि।

लग्नादीपवर्तिज्ञानम्– जन्मलग्न के कम अंश हों तो बड़ी बत्ती कहें, अधिक अंश हों तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नांतर्गतैर्ग्रहैःस्युरुपसूतिकाः– यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसार उपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्मकाल में लग्न से चन्द्रपर्यन्त जितने ग्रह हों, उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हों तो उसकी गणना करें, अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हो और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़ें, अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्न–चन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करें और स्वराशि, स्वनवमांश, स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण करें, इसी प्रकार जितने ग्रह नीच राशि के, अस्त होवें, उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इसमें भी विशेष यह ध्यान रखने योग्य है, कि– वह लग्न, चन्द्रांतर्गत ग्रह लग्न के भोगांश से सप्तमभावपर्यन्त होवे तो सूतिकागृह से बाहर समीप में, और सप्तमभाव से लग्न के भुक्तांशपर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना चाहिए। उन ग्रहों में जो शुभ ग्रह वहां हों तो, धर्मशील, सौभाग्यवती स्त्रियां कहें, अशुभ ग्रहों से विधवा, दुश्चरित्रा कहें।

शय्या–शिर व पादविचार

"लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिषट्क्रान्त्येषु पादाः।" लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिरहाना कहें। अर्थात् १। २ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४। ५ में दक्षिण, ६ में नैर्ऋत्य, ७। ८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण, १०। ११ में उत्तर और १२ लग्न में ईशान कोण की तरफ जानें। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां स्थान पाये जानना चाहिए। इन स्थानों में से जिन स्थानों में पाप ग्रह हों, वहां सूतिका के पलंग का पावा फटा, टूटा समझना चाहिए।

दो०– मीन–मिथुन–सिंह–तुला–मेष होय तत्काल।
अन्तरिक्ष भयो बालक, शेषे भूमि विशाल।।

अथचिह्नज्ञानम्– दोहा–षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामे कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमाण।। भानु तथा सौरी तनधन कुंज कण्टक चन्द। बालक के षट् अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम जावे राहु। वामकर्ण वा मस्तके अवश चिह्न दरशाह।। सुह्रद् भाव में कवि तव भौम वा सौरी लग्न। वामपाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न।। नौमे पांचे भृगु बसे तनु व चौथे मन्द। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।"

प्रसवकष्ट दूर हो– प्रसवकाल से पहले शुक्लपक्ष की चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकण्डा) की जड़ें लाकर, घृतयुक्त गुग्गुल की धूनी देकर कटि में बांधे और साथ ही "ॐ मुक्ताः आशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर–माचिर स्वाहा।।"– इस मन्त्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से शीघ्र ही प्रसव होगा। अगर तीस का यंत्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख, धोकर पिला देवें तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। स्मरण रहे कि– पहले उपरोक्त मंत्र तथा यन्त्र ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिखकर सिद्ध कर लें, तब कष्ट को मिटाता है।

बालक के लिए अरिष्ट

दोः– "धूनाष्टमतनु पाप खग, बरहै शशि जो खीन। कण्टक शुभ खग ना बसै, वेगि ताहियमलीन।। बसैचन्द्रा द्वादसे अष्टभवन दो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु–पिता संताप।। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्मसमय जो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु–पिता संताप।। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्मसमय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव।।"

अथकाणयोगः– "तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसै त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुक्त भवन बसै त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय।। तात मात भ्राता तनय मातुल त्रिकघर नाथ।। चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान।। भानु राहु दहनों नयन, बुधजन कहत बखान।।"

मूक योगः– "पञ्चमेश गुरुयुक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौ न भौमपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय।। शुक्र त्रिके गुरु सिंह अज दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।।"

दुःखदयोग–रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पापयुक्त लग्नेश। जन्मसमय जाके परे ताको अंग कलेश।। पापयुक्त तनुभवन में रिपु मृत्युप के ईश। यथा जोग जाके परे तनु मुख विश्वाबीस।। पापग्रहयुत लग्नपति परै लग्न में आय। वीर्यहीन नर होय तो अधिक व्याधि रुजताय।।

बन्धनयोग– क्रूर रहै धन नवम व्यय और पञ्चम आगार। सो नर सूर कसूर करि निवसै कारागार।।

सर्पवेष्टितयोग– यदि अष्टमेश लग्न में राहुसहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित पैदा होता है।

यमल जन्मयोग–चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह, मकर का पूर्वार्द्ध और धनु के

उत्तरार्द्ध) का सूर्य होवे, शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हों तो यमल अर्थात् दो बच्चों का इकट्ठा जन्म कहें। अथवा आधानलग्न (गर्भ वाले दिन का लग्न) का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है।

माता बच्चे को त्याग दे– शनि, मंगल से ५/७/९ स्थान में चन्द्रमा हो तो माता बालक को त्याग दे, यदि गुरु देखता हो तो त्याग देने पर भी दीर्घायु हो।

मृत्यु–समय–विचार – जिन अरिष्ट योगों में मरणकाल नहीं कहा गया, उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हो, वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है, तब मृत्यु कहें। अथवा– जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो, जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मृत्यु होनी बताएं। अथवा चन्द्रमा जब लग्नराशि में आता है, तब मृत्यु का होना कहें। अथवा वर्ष के भीतर जब जिस योगयुक्त स्थान में जाकर चन्द्रमा बली हो और पापग्रहों द्वारा देखा जाता हो, तब मृत्यु कहनी चाहिए। किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके, तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है, इसलिए आयु का प्रथम विचार करें, फिर मृत्यु कहें।

सुखदयोग – अंगधीश निज लग्न में बुध गुरु कवि के संग। या केन्द्र गृह दो परे तो जानो सुख संग।। जन्मलग्न में उच्च ग्रह जो काहु के होय। मित्रदृष्टि ता पर परे सर्वसुखी नर होय।।

क्लीब (नपुंसक) योगः – दशम भवन भृगु मन्द दोउ क्लीब योग तब जान। शुक्रभवन से रिष्फ षट् मन्द बसे क्लिब मान।।

कुष्ठयोग :– लग्नप बुध कुज शशियुते राहुयुक्त या केतु। श्वेतकुष्ठ को योग यह वरणत गुणी सचेतु।। भौम भास्कर मन्दयुक्त रक्तकृष्ण कह कुष्ठ। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक तापगण्ड अतिरुष्ट।। जलजगंडयुत, चन्द जो ग्रन्थिगंड कुजसाथ। पित्त रोग तब जानियो बुध त्रिकयुत तनुनाथ। आमरोग गुरुयुक्त त्रिक क्षयोरोग भगसून। यमतम शिखि वा युक्त त्रिक, दिन प्रति रुजि कहि दून।।

केमद्रुम योग :– आगे–पीछे चन्द्र के जो ना परै ग्रह कोय। केमद्रुम यह योग है सब धन डारे खोय।। उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग् केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय।।

स्त्रीजातक

क्रूरलग्नयुक्त क्रूर जो, स्वामी दृष्टि नहीं होय। सो कन्या कुल गरल है भूलि न व्याहेउ कोय।। जाके कुज दशम बसै ऋणी होय पति तासु। लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं जासु। क्रूरयुक्त लग्नेश जो पापग्रहों के बीच। सो कन्या व्यभिचारिणी बुधवर कहै कुज नीच। राहु शुक्र जो लग्न में कन्या को पति और। पापदृष्टि शनि सातवें कन्या वास कुठौर। लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्धन स्वेच्छाचारि। सप्तम कुज राण्ड कहै पति को तजि तमारि। छटे आठवें चन्द्र जो क्रूर पर निज अङ्क। भौम आठवें भवन में सो पति करै है भंग।। राहु सातवें लग्न कुज कंटक शुभ सो हीन। ताको पति जीवित रहे वर्ष दो या तीन।। द्वादशाष्ट कुज क्रूरयुत राहु बसै त्रिकधाम। राण्ड होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणग्राम।। पापग्रहों के बीच में लग्न होय वा चन्द। सो त्रिय नासे कुलो दुवो भाषत कविकुलवृन्द।। सप्तम भृगु जाके बसै सो कुल दोषी नारि। रूपवती तनु भृग बसै बुधजन कहत विचारि।

वैधव्य–विषकन्यायोग :– चौ.–रविवार द्वितीया जो होय। आश्लेषा ताहि दिन में जोय।। १ ।। कृत्तिका होय शनिश्चर वार–साते तिथि को करो विचार ।। २ ।। होय शतभिषा मंगलवार। कहो द्वादशी तिथि निर्धार।। ३।। इन योगन में कन्या होय। निश्चय विधवा जानें सोय।।४।। जन्मलग्न द्वै शुभग्रह होय। एक पाप ग्रह नभ (१०) में जोय ।।५।। शत्रु क्षेत्र में द्वै ग्रह मानो। ता कन्या को विधवा जानो।। ६।। अश्लेषा द्वितीया को होय। मंदवारयुत लीजो जोय।।७।। परे शतभिषा मंगलवार। साते तिथि लीजो निर्धार ।। ८।। रविवार द्वादशी जो होय। नक्षत्र विशाखा जानो होय ।। ९।। ऐसो योग लखी जो परै। तो कन्या को विधवा करै ।। १०।। दो0– धर्मसदन में भूमिसुत जन्मसदन शनि जान। सूर्य होत सुतसदन में कन्या विधवा मान।। ११।।

वैधव्य–विषकन्याभंगयोग :– जन्मलग्न या चन्द्र ते शुभग्रह सप्तम होय। अथवा सप्तम लग्नपति सुभगा कन्या होय।।

काकवन्ध्यादि योग :– ज्ञे अष्टमे काकबन्ध्यामन्दार्कावष्टमे बन्ध्या। अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या।।

स्त्रीणां राजयोगाः – चौपाई– केन्द्रधाम नभगा शुभ होई नरतनु पाय कलत्र समोई। रानी होय बहुत धन ताके मन प्रसन्न होई है सुत वाके–चन्द्रज तुग बसे तनु जाई लाभ धन गुरु आवे धाई। सो तिय होय नृपति की नारी जन विख्यात होय सुकुमारी। जो षड्वर्ग शुद्ध गुरु होई शशि दृग् केन्द्र में भवन में होई।। ऐसे योग जन्म सुकुमारी रानी होय सदन धनभारी।। **दोहा–** कर्क चन्द्रमा सातवें जीवदृष्टि परिपूर। पुत्र पौत्र धन भूरयुत ताकौ पति नृप शूर।। लाभभवन सित चन्द्र जो सोमज सप्तम भौम। सुरगुर परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन।।

स्त्रीणां पुत्रभावविचार :– पञ्चमे शुभदृष्टे च पञ्चमाधिपतावपि। केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत्।।

अशुभ प्रसवमास :– कार्तिक में स्त्री, भाद्रपद में गौ, मार्गशीर्ष में हथनी, श्रावण में गधी व घोड़ी, माघ में भैंस, ज्येष्ठ में बिल्ली, वैशाख में ऊँटनी, पौष में बकरी, चैत्र में कुतिया के बच्चे जन्में तो 6 मास में पिता व घरवाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है। माघ में बुधवार को भैंस, श्रावण में दिन के समय घोड़ी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र हो। स्मरण रहे कि– यहां सर्वत्र सौरमासग्रहण है। प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण दानकर, व्याहृतिमन्त्रों से घृतयुक्त श्वेत सरसों का हवन करें, बच्चा जन्मे तो कार्तिकशान्ति करने से शुभ होता है।

त्रिखलजन्मफल :– यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पत्ति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात कन्या का जन्म हो तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को, लडका पिता को भय, धनहानि आदि कष्टप्रद होते हैं। कृपणता छोड़कर, त्रिखलशान्ति करें तो शुभ होता है। तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (सोना, चान्दी, तांबा) दान करें।

बालक की दन्तोत्पत्ति का फल

बालक के जन्मते ही दान्त निकले हों तो माता–पिता को अरिष्ट, ऊपर की पंक्ति में दांत से युक्त जन्म ले तो अधिक अरिष्ट, प्रथम–बार ऊपर की पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, मामा शान्ति करे। पहले मास में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनी नष्ट, चतुर्थ में भाई नष्ट, पाचवें में ज्येष्ठबन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, सातवें में पितृसुख, आठवें में पुष्टि, ९वें में धनी, १०वें में सुख, ११वें में सुख, १२वें में निकले तो धनी हो।

अथैकनक्षत्रजनन–फलम् :– वृद्धगर्ग कहते हैं, कि यदि भ्राताओं व पिता–पुत्र, माता वा कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। यहां स्वर्णदान से कल्याण होता है।

जन्मकुण्डली से विशेष विचार

लघुभ्राता का जन्मसमय जानना :– (१) जन्मलग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट जोड़ें, जो राशि हो उस पर जब गोचर में गुरु आए तो भाई या बहन का जन्म होता है। (२) यदि भ्रातृ–प्रतिबन्धक योग न हो तो तृतीयेश, तृतयस्थ ग्रह की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना

(1) जन्मलग्न के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटाएं, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है, तब भाई या बहन को कष्ट होता है।

(२) लग्नेशस्पष्ट में से तृतीयेशस्पष्ट घटाएं, शेष में से दशमेशस्पष्ट और मंगल स्पष्ट घटाएं– शेष राशि में जब गोचर का शनि आता है तब, भ्रातृकष्ट होता है।

(३) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, भौम– इन चारों स्पष्टों को जोड़कर, जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचर का शनि होता है, उस काल में भ्रातृकष्ट होता है।

(४) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश और भौम को जोड़कर, जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काणराशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब भ्रातृकष्ट जानिए।

माता की मृत्यु का समय जानना :– जन्म के सूर्य में से चन्द्रस्पष्ट को घटाएं, शेष की राशि में या त्रिकोणराशि में या उस शेष राशि के नवांशराशि में जब गोचर का शनि व गुरु होगा, तब माता की मृत्यु का समय जानें।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

स्थानम	शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वोः	हस्ते	गुह्योः	जंघाः	जान्वोः	पादे
घटी	४	६	५	५	५	४	९	४	४	१०
फलम्	पशुना.	धनना.	धनला.	कुटिला	धनला.	दयावती	कामिनी	मातृना.	भ्रातृना.	वैधव्य

अथ कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र	मूल (१/२/३ च.)	आश्लेषा (२/३/४ च.)	ज्येष्ठा	विशाखा (४ च.)
फलम्	ससुरहानिः	सासनाशः	ज्येष्ठनाशः	देवरनाशः
सुतः सुता वा नियतं श्वशुरं हन्ति मूलजः। तदन्त्यपादजो नैव तथाश्लेषाद्यपादजः।।				

तिथिगण्डान्त– पूर्णा तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों की शुरू की दो–दो घड़ी तिथिगण्डान्त होता है। यह गण्डान्त जन्म, यात्रा, विवाह में भयप्रद होता है।

अथ गण्डमूलनक्षत्राणि

अश्विनी	आश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

कोष्ठकोक्त ये छः नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं। इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक अथवा बालिका माता, पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जाए, तो धन तथा घोड़ों का स्वामी होता है।

गण्डमूल में उत्पन्न पुत्र का छः मास अथवा २७ दिन तक पिता को दर्शन नहीं करना चाहिए, तत्पश्चात् शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरणों में जन्मफल

मूल पाद	फल	आश्लेषा पाद	फल
१	पितृनाश	४	पितृनाश
२	मातृनाश	३	मातृनाश
३	धननाश	२	धननाश
४	शान्ति से सुख	१	शान्ति से सुख

अथ मूल पुरुषचक्रम्

स्थानं	मूर्ध्नि	मुखे	स्कन्धे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्योः	जान्वोः	पादयोः
घटी	५	७	४	८	४	९	२	१०	६	६
फलम्	राजा	पि. मृ.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमा.	मतिमा.

मूलजनने वृक्षविभागफलम्

विभाग	मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्प	फल	शिखा
घटी	७	८	१०	११	१२	५	४	३
फल	मूलनाश	वंशनाश	मातृ–क्लेश	मातुल–नाश	मन्त्री–पद	मन्त्री–पद	विपुल–लाभ	अल्प–जीवन

अथ मूलनिवासचक्रम्

कन्या—सेहत ठीक, निजी लोगों से अनबन, शत्रु कमजोर, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। **अगस्त** 19, 20, 28, 29, **सितम्बर** 6, 7, 8 अशुभ।

तुला—रक्त-पित्तविकार, कर्जा सिर चढ़े, बन्धुकष्ट, सन्तानसुख, स्त्रीकष्ट, आय से व्यय अधिक हो। **अगस्त** 21, 22, 30, 31, **सितम्बर** 9, 10 अशुभ।

वृश्चिक—क्रोध बढ़े, वृथा व्यय से बचें, अचानक कष्टभय, मित्र से मदद, सन्ततिकष्ट, कारोबार ठीक। **अगस्त** 16, 23, 24, **सितम्बर** 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ।

धनु—वायुविकार, हाथ तंग रहे, निजीजन-सहयोग, सन्तानसुख, घरेलु कलह से बचें। **अगस्त** 17, 18, 25, 26, 27, **सितम्बर** 4, 5, 13, 14, 15, अशुभ।

मकर—वायुरोग-भय, अर्थलाभ होकर हानिभय, मित्र से मिलन, पुत्रकष्ट, नये कार्य में बाधा। **अगस्त** 19, 20, 28, 29, **सितम्बर** 6, 7, 8 अशुभ।

कुम्भ—उदररोग, अचानक धनलाभ, भाई-बन्धुसुख, स्त्रीपक्ष से लाभ, यात्रा में कष्ट, कारोबार ठीक। **अगस्त** 21, 22, 30, 31, **सितम्बर** 9, 10 अशुभ।

मीन—सेहत ठीक रहे, अचानक धनलाभ, अच्छे लोगों से मेल, शत्रु हतप्रभ, स्त्रीसुख, कारोबार से लाभ। **अगस्त** 16, 23, 24, **सितम्बर** 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ।

आश्विन मास

कन्यासंक्रान्ति (16 सितं. से 16 अक्तू. तक, सन् 2020 ई.)

(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

कन्यासंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—लग्न में बुधादित्य योग प्रधान नेता के लिए शुभ है। शनि-शुक्र का समसप्तक कहीं यानदुर्घटना एवं कहीं अग्निकाण्ड से हानिकारक है। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत में स्वच्छ, पारदर्शी शासन प्रशंसनीय रहेगा। खाद्य तेल, डीजल, पैट्रोल, दालवाना, घी एवं शेयर बाजार तेज रहेंगे।

आश्विन(कन्या)संक्रान्ति-कुण्डली

कन्यासंक्रान्ति-प्रवेशकाल 16 सितम्बर, सन् 2020 ई. को 19 घं. 6 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 30, पुण्यकाल मध्याह्नोत्तर,

आश्विन मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—सेहत ठीक, कर्जा बढ़े, कारोबार कमजोर, निजीजन-सहयोग, स्थिर सम्पदा-लाभ, सन्ततिसुख, शत्रुपक्ष कमजोर। **सितम्बर** 22, 23, **अक्तूबर** 1, 2, 11, 12 अशुभ।

वृष—वायुविकार, अचानक अर्थलाभ, मित्र-बन्धुसुख, घरेलु झंझट, स्त्री-पक्ष से मदद। **सितम्बर** 16, 17, 24, 25, **अक्तूबर** 3, 4, 5, 13, 14 अशुभ।

मिथुन—सेहत ठीक, कार्यान्तर से लाभ, यात्रा सुखद रहे, राजपक्ष से भय, स्त्रीसुख, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। **सितम्बर** 18, 19, 26, 27, **अक्तूबर** 6, 7, 15, 16 अशुभ।

कर्क—पुरानी समस्याएं सुलझें, धनलाभ, निजीजन-कष्ट, मित्रमिलाप,

अक्तूबर 8, 9, 10 अशुभ।

सिंह—क्रोध से कष्टयोग, भाई-बन्धुसुख, गुप्त शत्रु से भय, स्त्रीपक्ष से लाभ, धर्म-कर्म हो, कारोबार में तरक्की। **सितम्बर** 22, 23, **अक्तूबर** 1, 2, 11, 12 अशुभ।

कन्या—कलह-क्लेश से बचें, आर्थिक संकट रहे, भाई से मदद, सन्तति-सुख, चोटभय, कारोबार में सुधार हो। **सितम्बर** 16, 17, 24, 25, **अक्तूबर** 3, 4, 5, 13, 14 अशुभ।

तुला—कफ-वायुविकार, स्थायी सम्पदालाभ, सन्तानपक्ष से खुशी, गुप्त शत्रु से सावधान, स्त्रीकष्ट, कारोबार में रद्दोबदल। **सितम्बर** 18, 19, 26, 27, **अक्तूबर** 6, 7, 15, 16 अशुभ।

वृश्चिक—घरेलु झंझट, राजपक्ष से भय, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कार्यान्तर व स्थानान्तर से हानि। **सितम्बर** 20, 21, 28, 29, 30, **अक्तूबर** 8, 9, 10 अशुभ।

धनु—वायुरोग, अचानक खर्च विशेष हो, बन्धु से मदद मिले, शत्रु प्रबल, स्त्री से अनबन, कारोबार में सुधार हो। सितम्बर 22, 23, अक्तूबर 1, 2, 11, 12 अशुभ।

मकर—सिर व नेत्रकष्ट, धनलाभ, मित्र-मिलाप, शत्रुपक्ष शान्त, स्त्रीसुख, कारोबार से धनलाभ। सितम्बर 16, 17, 24, 25, अक्तूबर 3, 4, 5, 13, 14 अशुभ।

कुम्भ—रुधिर-विकार, वृथा व्यय हो, स्त्री एवं बन्धुसुख, सन्तान हेतु खर्च विशेष, कारोबार में सुधार। सितम्बर 18, 19, 26, 27, अक्तूबर 6, 7, 15, 16 अशुभ।

मीन—गुप्त चिन्ता, मन अशान्त, धनलाभ होकर हानिभय, मित्र से मेल, सन्तानसुख, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कार्यान्तर का विचार। सितम्बर 20, 21, 28, 29, 30, अक्तूबर 8, 9, 10 अशुभ।

कार्त्तिक मास

तुलासंक्रान्ति (17 अक्तूबर से 14 नवं. तक, सन् 2020 ई.)

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)

तुलासंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—शुक्र एवं सूर्य का राशि व्यत्यय तो शुभ है, लेकिन नीचस्थ सूर्य पर शनि की दृष्टि एवं मंगल-शुक्र का सम-सप्तक किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के निधन से शोकसन्तप्त करेगा। सरहदी प्रान्तों पर सैन्यबल का प्रयोग अनिवार्य मालूम देता है। मकर-कुम्भ-वृष नामराशि के लिए यह मास कष्टप्रद मालूम देता है। शनि, मंगल एवं राहु की स्थिति कहीं यानदुर्घटना, प्राकृतिक प्रकोप किंवा अग्निकाण्ड से हानि का संकेत देती है। गुड़, चीनी, खाद्य तेल एवं धातुएं तेज रहें।

तुलासंक्रान्ति-प्रवेशकाल 17 अक्तूबर, सन् 2020 ई. को 7 घं. 4 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 30, पुण्यकाल मध्याह्न तक,

कार्त्तिक मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—नेत्र व सिरपीड़ा, भाई-बन्धुसुख, गुप्त शत्रुभय, सम्पत्ति-विवाद, कारोबार में रुकावट, स्त्रीकष्ट। **अक्तूबर** 19, 20, 28, 29, 30, **नवम्बर** 7, 8 अशुभ।

वृष—वायुविकार, आर्थिक संकट, निजीजन से अनबन, सन्तान-स्त्रीपक्ष से सुख, कार्यान्तर का विचार। **अक्तूबर** 21, 22, 31, **नवम्बर** 1, 9, 10, 11 अशुभ।

मिथुन—सेहत ठीक, आर्थिक सुधार हो, निजीलोगों से विरोध, राजपक्ष से भय, स्त्रीसुख, कारोबार में रद्दोबदल। **अक्तूबर** 23, 24, 25, **नवम्बर** 2, 3, 4, 12, 13 अशुभ।

कर्क—कर्जा सिर चढ़े, सेहत ठीक, गुप्त चिन्ता, वृथा व्यय हो, कारोबार में हानि। **अक्तूबर** 17, 18, 26, 27, **नवम्बर** 5, 6, 14 अशुभ।

सिंह—गुप्त चिन्ता, मित्र-बन्धुसुख, स्त्रीसुख, कारोबार में रद्दोबदल से लाभ, यात्रा में चोटभय। **अक्तूबर** 19, 20, 28, 29, 30, **नवम्बर** 7, 8 अशुभ।

कन्या—सेहत ठीक, कार्यान्तर से लाभ, स्त्रीकष्ट, निजीजन-विरोध, कारोबार में सुधार। **अक्तूबर** 21, 22, 31, **नवम्बर** 1, 9, 10, 11 अशुभ।

तुला—सेहत ठीक, वृथा विवाद से बचें, गुप्त चिन्ता, आर्थिक संकट बने, स्त्री से अनबन। **अक्तूबर** 23, 24, 25, **नवम्बर** 2, 3, 4, 12, 13 अशुभ।

वृश्चिक—उदरविकार, मित्र-बन्धु को कष्ट, गुप्त शत्रु से भय, स्त्रीकष्ट, कारोबार में सुधार। **अक्तूबर** 17, 18, 26, 27, **नवम्बर** 5, 6, 14 अशुभ।

धनु—सेहत ठीक, अर्थलाभ, भ्रातृकष्ट, सन्तान हेतु विशेष व्यय, स्त्रीसुख, धर्म-कर्म में मन लगे। **अक्तूबर** 19, 20, 28, 29, 30, **नवम्बर** 7, 8 अशुभ।

मकर—गुप्त चिन्ता, अर्थलाभ होकर हानिभय, निजीजन-कष्ट, सन्तान हेतु विशेष खर्च, कारोबार बदले। **अक्तूबर** 21, 22, 31, **नवम्बर** 1, 9, 10, 11 अशुभ।

कुम्भ—वायुरोग से कष्ट, मित्र-बन्धु से मदद, सन्तानसुख, स्त्रीकष्ट, कार्यान्तर से लाभ। **अक्तूबर** 23, 24, 25, **नवम्बर** 2, 3, 4, 12, 13 अशुभ।

मीन—कर्जा बढ़े, वृथा व्यय, निजीजन-कष्ट, मित्र से मदद, सन्तानसुख, शत्रु बढ़ें, कार्यान्तर का विचार बने। **अक्तूबर** 17, 18, 26, 27, **नवम्बर** 5, 6, 14 अशुभ।

मार्गशीर्ष मास

वृश्चिकसंक्रान्ति (15 नवं. से 14 दिसं. तक, सन् 2020 ई.)

(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

वृश्चिकसंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—सूर्य-चन्द्र-केतु का राहु के साथ समसप्तक एवं शनि की मंगल पर दृष्टि देश की राजनीति में अघटित घटनाओं को जन्म देगी। राजनैतिक दलों में एकरूपता न होने से देश के नेता किंकर्तव्य-विमूढ़ से रहें। लेकिन गुरु-शनि की स्थिति प्रधान नेता को समस्या के समाधानार्थ प्रेरित करेगी। देश की गरिमा की रक्षा हेतु सैन्य संगठन जरूरी रहेगा। नीचस्थ चन्द्र प्राकृतिक प्रकोप का संकेत देता है। खड़ी फसलों की हानि से खाद्य पदार्थ महंगे होंगे।

मार्गशीर्ष(वृश्चिक)संक्रान्ति-कुण्डली

9 गु.	8 सू. के. चं.	7 बु.	
10 श.			6 शु.
11		5	
12 मं.	2 रा.		4
1		3	

वृश्चिकसंक्रान्ति-प्रवेशकाल 15/16 नवम्बर, सन् 2020 ई. को 6 घं. 52 मि. (I.S.T.), मुहूर्ता 305, पुण्यकाल मध्याह्न तक,

मार्गशीर्ष मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—गुप्त चिन्ता, मन अशान्त, कार्यान्तर से लाभ, भाई-बन्धुसुख, स्त्री-कष्ट, यात्रा में चोटभय। **नवम्बर** 16, 17, 24, 25, 26, **दिसम्बर** 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।

वृष—सेहत ठीक, धनलाभ हो, गुप्त शत्रु से सावधान, मित्र-बन्धुसुख, आय से व्यय अधिक। **नवम्बर** 18, 19, 27, 28, **दिसम्बर** 7, 8 अशुभ।

मिथुन—सेहत ठीक, वृथा विवाद से बचें, भाई से मदद, सन्ततिकष्ट, गुप्त चिन्ता, कारोबार ठीक। **नवम्बर** 20, 21, 29, 30, **दिसम्बर** 1, 9, 10 अशुभ।

कर्क—वायुरोग-भय, कर्जा सिर चढ़े, बन्धुकष्ट, सन्ततिसुख, स्त्री से अनबन, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। **नवम्बर** 15, 22, 23, **दिसम्बर** 2, 3, 11, 12 अशुभ।

सिंह—क्रोध बढ़े, निजीलोगों से अनबन, राजपक्ष से भय, स्त्रीसुख, कारोबार में तरक्की, मासान्त में विशेष व्यय। **नवम्बर** 16, 17, 24, 25, 26, **दिसम्बर** 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।

कन्या—क्रोध बढ़े, वृथा व्यय, शत्रु हतप्रभ, स्त्रीसुख, अच्छे लोगों से मेल हो, कारोबार ठीक रहे। **नवम्बर** 18, 19, 27, 28, **दिसम्बर** 7, 8 अशुभ।

तुला—उदरविकार, अर्थलाभ, सन्तानसुख, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार ठीक रहे। **नवम्बर** 20, 21, 29, 30, **दिसम्बर** 1, 9, 10 अशुभ।

वृश्चिक—सेहत ठीक, अर्थहानि, भाई-बन्धुसुख, स्त्रीसुख, कारोबार में रद्दोबदल हो। **नवम्बर** 15, 22, 23, **दिसम्बर** 2, 3, 11, 12 अशुभ।

धनु—कफ-वायुविकार, वृथा व्यय हो, भ्रातृकष्ट, सन्ततिकष्ट, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक। **नवम्बर** 16, 17, 24, 25, 26, **दिसम्बर** 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।

मकर—मानसिक परेशानी, धनलाभ होकर हानिभय, मित्र-बन्धुकष्ट, नयी योजना से लाभ, आय से व्यय अधिक। नवम्बर 18, 19, 27, 28, **दिसम्बर** 7, 8 अशुभ।

कुम्भ—गुप्त शत्रु से सावधान, फिजूल खर्ची हो, भाई-बन्धु से अनबन, सन्तानसुख, स्त्रीसुख, कार्यान्तर का विचार। **नवम्बर** 20, 21, 29, 30, **दिसम्बर** 1, 9, 10 अशुभ।

मीन—नेत्र व सिरदर्द, कर्जा सिर चढ़े, भाई से मदद, बन्धुसुख, स्त्रीसुख, आय से व्यय अधिक हो। **नवम्बर** 15, 22, 23, **दिसम्बर** 2, 3, 11, 12 अशुभ।

पौष मास

धनुसंक्रान्ति (15 दिसं. 2020 ई. से 13 जन., सन् 2021 ई.)

(ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, ले)

धनुसंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—केन्द्रेश गुरु मृत्यु स्थानेश (द्वितीय भावेश) शनियुत है। किसी दु:खद घटना से परेशानी बनेगी। शनि-मंगल की स्थिति उग्रवादजन्य घटना से जनधनहानि की भी सम्भावना बनती है। व्यापारी वर्ग में असन्तोष से शासनतन्त्र के प्रति जनसाधारण असन्तुष्ट रहे। औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार की योजना आर्थिक संकट से जूझे। प्राकृतिक प्रकोप से पर्वतीय भूभाग में हानि के योग हैं। खाद्य पदार्थ महंगे हों।

पौष(धनु)संक्रान्ति-कुण्डली

धनुसंक्रान्ति-प्रवेशकाल 15 दिसम्बर, सन् 2020 ई. को 21 घं. 31 मि. (I.S.T.), मुहूर्त्ती 30, पुण्यकाल मध्याह्नोत्तर,

पौष मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—कफ-वायुविकार, नेत्रकष्ट, मित्र-बन्धुसुख, स्त्रीपक्ष से अनबन, वृथा व्यय, कारोबार में बाधा रहे। **दिसम्बर** 22, 23, **जनवरी (सन् 2021 ई.)** 1, 2, 9, 10 अशुभ।

वृष—सेहत ठीक, धनलाभ होकर हानिभय, निजीलोगों से अनबन, सम्पत्ति-लाभ, सन्तान व स्त्रीपक्ष से चिन्ता। **दिसम्बर** 15, 16, 24, 25, 26, **जनवरी (सन् 2021 ई.)** 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।

मिथुन—शरीर अस्वस्थ, धनलाभ, लेकिन खर्च विशेष, बन्धुकष्ट, सन्तान-सुख, कार्यान्तर से लाभ। **दिसम्बर** 17, 18, 27, 28, **जनवरी (सन् 2021 ई.)** 5, 6 अशुभ।

कर्क—क्रोध बढ़े, क़र्जा बढ़े, स्थानान्तर व कार्यान्तर से लाभ हो, सम्पत्ति-विवाद, राजपक्ष शुभ रहे। **दिसम्बर** 19, 20, 21, 29, 30, 31, **जनवरी (सन् 2021 ई.)** 7, 8 अशुभ।

सिंह—सेहत ठीक, धनलाभ, खर्च अधिक, बन्धुकष्ट, सन्तानसुख, स्त्री-पक्ष से अनबन, कारोबार में सुधार हो। **दिसम्बर** 22, 23, **जनवरी (सन् 2021 ई.)** 1, 2, 9, 10 अशुभ।

कन्या—उदरविकार, झगड़े से बचें, फ़िज़ूल खर्ची अधिक हो, बन्धुसुख, स्त्रीपक्ष से अनबन, कारोबार ठीक। **दिसम्बर** 15, 16, 24, 25, 26, **जनवरी (सन् 2021 ई.)** 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।

तुला—कफ-वायुविकार, धनलाभ, बन्धुसुख, सम्पत्तिविवाद, शत्रु बढ़ें, स्त्रीकष्ट, कारोबार में रद्दोबदल हो। **दिसम्बर** 17, 18, 27, 28, **जनवरी (सन् 2021 ई.)** 5, 6 अशुभ।

वृश्चिक—नीच से अपमानभय, अर्थहानि, मित्र-बन्धुसहयोग, शत्रु प्रबल, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार में सुधार। **दिसम्बर** 19, 20, 21, 29, 30, 31, **जनवरी (सन् 2021 ई.)** 7, 8 अशुभ।

धनु—सेहत ठीक, कर्जा उतरे, भाई-बन्धुकष्ट, कारोबार में परिवर्तन, घरेलु झगड़े से बचें। **दिसम्बर** 22, 23, **जनवरी (सन् 2021 ई.)** 1, 2, 9, 10 अशुभ।

मकर—सेहत ठीक, भाई से मदद, अर्थलाभ, सन्तानपक्ष से सुख, स्त्री-कष्ट, शुभ कार्य हो, कारोबार में प्रगति। **दिसम्बर** 15, 16, 24, 25, 26, **जनवरी (सन् 2021 ई.)** 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।

कुम्भ—सेहत गड़बड़, आर्थिक संकट बढ़े, बन्धु-मित्र से मदद, सन्तति-चिन्ता, शुभ कार्य का योग, कोराबार ठीक। **दिसम्बर** 17, 18, 27, 28, **जनवरी (सन् 2021 ई.)** 5, 6 अशुभ।

मीन—कफ-वायुविकार, अचानक विशेष खर्च हो, कर्जा सिर चढ़े, स्त्री-पक्ष से लाभ, सम्पत्तिलाभ, मासान्त शुभ। **दिसम्बर** 19, 20, 21, 29, 30, 31, **जनवरी (सन् 2021 ई.)** 7, 8 अशुभ।

माघ मास

मकरसंक्रान्ति (14 जनवरी से 11 फरवरी तक, सन् 2021 ई.)
(भो, जा, जी, जू, जे, जो, खा, खी, खू, खे, खो, गा, गी)

मकरसंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—लग्न में मकरस्थ शनि-सूर्य-गुरु-बुध-चन्द्र का एकत्र होना भयंकर प्राकृतिक आपदाओं का सूचक है एवं कुछ उत्तरभागीय प्रान्तों, सीमाप्रान्तों एवं मुस्लिम राष्ट्रों में उग्रवाद से भारी जनधनहानि के योग हैं। महंगाई पर कण्ट्रोल पाना नेतृत्व के लिए कठिन है। कश्मीर, आसाम, उ.खण्ड एवं छत्तीसगढ़ में उग्रवादजन्य हानि का संकेत मिलता है। चावल, घी, चना, गुड़ में तेजी रहे।

माघ(मकर)संक्रान्ति-कुण्डली

- 10 सू.बु. श.गु.चं.
- 11
- 12
- 1 मं.
- 2 रा.
- 3
- 4
- 5
- 6
- 7
- 8 के.
- शु. 9

मकरसंक्रान्ति-प्रवेशकाल 14 जनवरी, सन् 2021 ई. को 8 घं. 13 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 30, पुण्यकाल पूरा दिन,

माघ मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—मन अशान्त, गुप्त चिन्ता, आर्थिक लाभ होकर भी हानि हो, निजी-लोगों से अनबन, यात्रा हो, नयी योजना से हानि, कार्यान्तर से लाभ। **जनवरी (2021 ई.)** 18, 19, 20, 28, 29, **फरवरी** 6, 7 अशुभ।

वृष—कफ-वायुविकार, आर्थिक हानि, भाई-बन्धु से मदद, यात्रा सुखद, सफलता मिले, कार्यान्तर से लाभ हो। **जनवरी (2021 ई.)** 21, 22, 30, 31, **फरवरी** 8, 9 अशुभ।

मिथुन—सेहत गड़बड़, अचानक अर्थलाभ, बन्धुकष्ट, सन्ततिसुख, उलझे मसले हल हों, कारोबार ठीक। **जनवरी (2021 ई.)** 14, 15, 23, 24, 25, **फरवरी** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

कर्क—सेहत ठीक, वृथा व्यय, कर्जा सिर चढ़े, मित्र-बन्धुसुख, स्त्रीकष्ट, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। **जनवरी (2021 ई.)** 16, 17, 26, 27, **फरवरी** 3, 4, 5 अशुभ।

सिंह—उदरविकार, आर्थिक स्थिति सुधरे, भाई-बन्धुसुख, स्त्रीकष्ट, कार्यान्तर से लाभ। **जनवरी (2021 ई.)** 18, 19, 20, 28, 29, **फरवरी** 6, 7 अशुभ।

कन्या—सेहत ठीक, आय से व्यय अधिक, स्त्रीसुख, धार्मिक कार्य हों, कारोबार में सुधार हो। **जनवरी (2021 ई.)** 21, 22, 30, 31, **फरवरी** 8, 9 अशुभ।

तुला—सेहत ठीक, आर्थिक संकट, नयी योजना से हानि, स्त्री से अनबन, धर्म-कर्म में मन लगे, कारोबार ठीक। **जनवरी (2021 ई.)** 14, 15, 23, 24, 25, **फरवरी** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

वृश्चिक—वायुरोग, धनलाभ, मित्र-बन्धु से अनबन, वृथा कलह, कार्यान्तर से लाभ। **जनवरी (2021 ई.)** 16, 17, 26, 27, **फरवरी** 3, 4, 5 अशुभ।

धनु—सेहत गड़बड़, कार्यान्तर एवं स्थानान्तर का विचार, आर्थिक संकट, बन्धुकष्ट, सन्ततिसुख, सुखद यात्रा। **जनवरी (2021 ई.)** 18, 19, 20, 28, 29, **फरवरी** 6, 7 अशुभ।

मकर—सिर व नेत्रकष्ट, वृथा व्यय, सन्तानपक्ष से चिन्ता, स्त्रीसुख, राजपक्ष से भय, कारोबार ठीक। **जनवरी (2021 ई.)** 21, 22, 30, 31, **फरवरी** 8, 9 अशुभ।

कुम्भ—वायुविकार, धनलाभ, भाई-बन्धु से मदद, शत्रु बढ़ें, स्त्रीसुख, कार्यान्तर का विचार। **जनवरी (2021 ई.)** 14, 15, 23, 24, 25, **फरवरी** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

मीन—सेहत ठीक, आय से व्यय अधिक, अच्छे लोगों से मेल, सन्तानसुख, गुप्त शत्रु से भय, स्त्रीसुख, कार्यान्तर से लाभ। **जनवरी (2021 ई.)** 16, 17, 26, 27, **फरवरी** 3, 4, 5 अशुभ।

फाल्गुन मास

कुम्भसंक्रान्ति (12 फरवरी से 13 मार्च तक, सन् 2021 ई.)

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

कुम्भसंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—केन्द्र में राहु-केतु 'छत्रयोग' बना रहे हैं। स्वराशिस्थ मंगल की दशमस्थ केतु पर दृष्टि भी है। राजनीति किंवा शासनतन्त्र में उलटफेर देशहित के लिए होंगे। देशहित में नये आयाम, नये कर्मक्षेत्र खुलेंगे। आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। लेकिन वैज्ञानिक क्षेत्र किंवा अन्तरिक्ष अनुसन्धान में भारत उत्तरोत्तर प्रगतिपथ पर रहेगा। अनाज, चीनी, चांदी, तिलहन एवं शेयर बाजारों में तेजी रहे।

फाल्गुन(कुम्भ)संक्रान्ति-कुण्डली

कुम्भसंक्रान्ति-प्रवेशकाल 12 फरवरी, सन् 2021 ई. को 21 घं. 11 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 15, पुण्यकाल मध्याह्नोत्तर,

फाल्गुन मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—सेहत गड़बड़, पार्टनरशिप में धोखा, कारोबार में नयी योजना से लाभ, भाई-बन्धु से मदद मिले, स्त्रीसुख। **फरवरी (2021 ई.)** 14, 15, 16, 24, 25, 26, **मार्च** 5, 6 अशुभ।

वृष—कफ-वायुविकार, अर्थलाभ होकर हानि, निजीजनों से अनबन, कारोबार में सुधार। सन्तान-स्त्रीपक्ष से लाभ। **फरवरी (2021 ई.)** 17, 18, 27, 28, **मार्च** 7, 8 अशुभ।

मिथुन—क्रोध से हानिभय, वृथा विवाद से बचें, कर्जा सिर चढ़े, शत्रु बढ़ें, स्त्री से अनबन, कार्यान्तर या स्थानान्तर का विचार। **फरवरी (2021 ई.)** 19, 20, 21, **मार्च** 1, 2, 9, 10 अशुभ।

कर्क—उदरविकार, वृथा व्यय हो, बन्धु-मित्र से अनबन, कारोबार सुधरे, मासान्त में विशेष खर्च हो। **फरवरी (2021 ई.)** 12, 13, 22, 23, **मार्च** 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।

सिंह—सूर्य-बुध कष्टप्रद हैं, अचानक अर्थलाभ हो, भाई-बन्धु से सहयोग, गुप्त शत्रु से सावधान, आय से व्यय अधिक हो। **फरवरी (2021 ई.)** 14, 15, 16, 24, 25, 26, **मार्च** 5, 6, अशुभ।

कन्या—नयी योजना से लाभ, मित्र-बन्धु से मदद, सन्तानकष्ट, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार में तरक्की। **फरवरी (2021 ई.)** 17, 18, 27, 28, **मार्च** 7, 8 अशुभ।

तुला—प्रभाव क्षेत्र बढ़े, आर्थिक स्थिति सुधरे, अच्छे लोगों से मेल, गुप्त शत्रु से सावधान, स्त्रीकष्ट, कारोबार में वृद्धि हो। **फरवरी (2021 ई.)** 19, 20, 21, **मार्च** 1, 2, 9, 10 अशुभ।

वृश्चिक—मित्र-बन्धु से सहयोग, स्त्रीकष्ट, यात्रा में चोटभय, गुप्त शत्रु से सावधान, कार्यान्तर का विचार। **फरवरी (2021 ई.)** 12, 13, 22, 23, **मार्च** 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।

धनु—सेहत ठीक रहे, कर्जा बढ़े, अच्छे लोगों से मेल हो, सन्तानपक्ष से चिन्ता, स्त्रीपक्ष से मदद, मासान्त में कारोबार में बाधा। **फरवरी (2021 ई.)** 14, 15, 16, 24, 25, 26, **मार्च** 5, 6 अशुभ।

मकर—पेट में रोगभय, वृथा व्यय, निजीलोगों से अनबन, शत्रु कमजोर, स्त्रीकष्ट, कारोबार में सुधार हो। **फरवरी (2021 ई.)** 17, 18, 27, 28, **मार्च** 7, 8 अशुभ।

कुम्भ—नेत्रकष्ट, धनहानि, नयी योजना का विचार, गुप्त शत्रुभय, मित्र व सन्तानपक्ष से मदद, कारोबार में लाभ। **फरवरी (2021 ई.)** 19, 20, 21, **मार्च** 1, 2, 9, 10 अशुभ।

मीन—यात्रा में सुख, सन्तानपक्ष से चिन्ता, स्त्रीसुख, कारोबार में रद्दोबदल, मासान्त में नयी योजना, खर्च विशेष। **फरवरी (2021 ई.)** 12, 13, 22, 23, **मार्च** 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।

चैत्र मास

मीनसंक्रान्ति (14 मार्च से 12 अप्रैल तक, सन् 2021 ई.)

(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि)

मीनसंक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति-फल—लग्नेश गुरु नीचस्थ व शनि के साथ शनिक्षेत्री है, सूर्य-चन्द्र पर शनि की दृष्टि है। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त होने का योग है। मंगल, राहु वृषस्थ हैं, शुक्र व्यय भाव में बुध के साथ है। वृश्चिक, तुला, मकर राशि वाले नेताओं को सुरक्षाव्यवस्था को सुदृढ़ रखना चाहिए। इस मास में यानदुर्घटना, तूफान, भूकम्प आदि किंवा उग्रवादियों से हानिभय है। सोना, चांदी आदि धातुओं, घी, चीनी, तिल आदि तिलहन में तेजी के योग हैं।

मीनसंक्रान्ति-प्रवेशकाल 14 मार्च, सन् 2021 ई. को 18 घं. 2 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 45, पुण्यकाल मध्याह्नोत्तर,

चैत्र मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—नेत्रकष्ट, चोर से हानि, वायुविकार, धनहानि-भय, स्त्रीपक्ष से लाभ, घर में शुभ कार्य का विचार, कार्यान्तर से लाभ। **मार्च (2021 ई.)** 14, 15, 24, 25, **अप्रैल** 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।

वृष—धनलाभ, आय से व्यय अधिक, भाई-बन्धु से मदद, स्त्रीकष्ट, चोटभय, कारोबार ठीक हो। **मार्च (2021 ई.)** 16, 17, 18, 26, 27, **अप्रैल** 3, 4 अशुभ।

मिथुन—सिर व नेत्रकष्ट, धनलाभ होकर हानिभय, निजीजन से मदद, स्त्रीकष्ट, कारोबार में बाधा। **मार्च (2021 ई.)** 19, 20, 28, 29, **अप्रैल** 5, 6, 7 अशुभ।

कर्क—... कर्म में मन लगे, कारोबार गड़बड़। **मार्च (2021 ई.)** 21, 22, 23, 30, 31, **अप्रैल** 8, 9 अशुभ।

सिंह—मन चिन्तित रहे, गुप्त शत्रु से सावधान, सन्ततिकष्ट, कारोबार से लाभ, आय से व्यय अधिक। **मार्च (2021 ई.)** 14, 15, 24, 25, **अप्रैल** 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।

कन्या—कारोबार में सफलता, सेहत ठीक, अर्थलाभ, स्त्रीसुख, यात्रा में कष्ट। **मार्च (2021 ई.)** 16, 17, 18, 26, 27, **अप्रैल** 3, 4 अशुभ।

तुला—सेहत गड़बड़, धनलाभ हो, भाई-बन्धु से अनबन, सन्तानसुख, स्त्री-पक्ष से लाभ, राजपक्ष से भय, कारोबार ठीक। **मार्च (2021 ई.)** 19, 20, 28, 29, **अप्रैल** 5, 6, 7 अशुभ।

वृश्चिक—गुप्त शत्रु से सावधान, आर्थिक संकट बढ़े, मित्र-बन्धु से मदद, यात्रा में कष्ट, कारोबार ठीक। **मार्च (2021 ई.)** 21, 22, 23, 30, 31, **अप्रैल** 8, 9 अशुभ।

धनु—चोटभय, गुप्त शत्रु से भय, भाई से मदद, स्त्रीकष्ट, घर में शुभ कार्य का आयोजन, कारोबार ठीक। **मार्च (2021 ई.)** 14, 15, 24, 25, **अप्रैल** 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।

मकर—वायुविकार, धनलाभ होकर हानि हो, अच्छे लोगों से मेल, राजपक्ष से भय, कारोबार में सुधार। **मार्च (2021 ई.)** 16, 17, 18, 26, 27, **अप्रैल** 3, 4 अशुभ।

कुम्भ—क्रोध से हानिभय, कारोबार में सुधार, अर्थलाभ, भ्रातृसुख, सन्तान हेतु विशेष व्यय। **मार्च (2021 ई.)** 19, 20, 28, 29, **अप्रैल** 5, 6, 7 अशुभ।

मीन—नेत्रकष्ट, कर्जा बढ़े, निजीलोगों से अनबन, अपमानभय, कार्यान्तर एवं स्थानान्तर का विचार। **मार्च (2021 ई.)** 21, 22, 23, 30, 31, **अप्रैल** 8, 9 अशुभ।

अथ वर्षराजादि फलादेश (संवत् 2077 वि.)
(सन् २०२०-२१ ई. की ग्रहपरिषद् का विवरण)

कल्पादि से गतवर्ष १९७२९४९१२१, सृष्टि संवत् १९५५८८५१२१, श्रीविक्रम संवत् २०७७, शक संवत् १९४२, श्रीकृष्ण जन्मसंवत् ५२५६, कलि संवत् ५१२१, सप्तर्षि संवत् ५०९६, श्री जैन महावीर-निर्वाण संवत् २५४५-४६, श्रीबुद्ध संवत् २६४२-४३, हिजरी सन् १४४१-४२, फसली सन् १४२७-२८, ईस्वी सन् २०२०-२१।

संवत् 2077 वि. में वर्षारम्भ में बार्हस्पत्य मान से 'आनन्द' नामक संवत्सर है। इस संवत् को 'विक्रम' नाम से भी जाना जाता है। इसका फल 'बृहत् संहिता' में इस प्रकार लिखा है—

"विक्रमः सकललोकनन्दनः।"

अर्थात्—देश में जनजीवन के स्तर में प्रगति होती है। जनता में आनन्दमय वातावरण रहे। देश में चहुँमुखी प्रगति हो। 'वर्षप्रबोध' के अनुसार 'आनन्द' नामक संवत्सर का फल इस प्रकार है—

"आनन्दाब्दे त्वखिला लोकाः सर्वदानन्द – चेतसः।
राजानः सुखिनः सर्वे बहुसस्यार्घवृष्टिभिः॥"

अर्थात्—प्रजा में प्रगतिप्रद योजनाओं से आनन्द-मंगल एवं उत्साह का वातावरण रहे। शासकों (राजनेताओं) को यशोलाभ हो। वर्षा समयानुसार पर्याप्त हो। खाद्य पदार्थ सुलभ हों।

'मेघ महोदयानुसार' 'आनन्द संवत्सर' का फल इस प्रकार है—

"आनन्दे गुरुः स्वामी, वर्षा बहुला, सुभिक्षं, मार्गशीर्षे लोकानां दक्षिण-दिशिगमनम्, फाल्गुने धान्यं समर्घम्।।"

सं. २०७७ वि. का राजा (ग्रहपरिषद् के प्रधान) **बुध**, मन्त्री **चन्द्र**, सस्येश (चौमासी फसलों के स्वामी) **गुरु**, धान्येश (शीतकालीन फसलों के स्वामी), भौम **मेघेश** (मौसम, वर्षा—पानी के स्वामी) **सूर्य**, **रसेश** (गुड़, खाण्ड, रसकस आदि के स्वामी) शनि, नीरसेश (सर्वविध धातु आदि व्यापार के स्वामी) गुरु, फलेश (फल-फूल आदि के स्वामी) सूर्य, धनेश (धन-दौलत एवं खजाना के स्वामी) बुध एवं दुर्गेश (सुरक्षा एवं प्रतिरक्षा के स्वामी) सूर्य हैं।

संवत् २०७७ वि. के उल्लिखित पदाधिकारियों का फल इस प्रकार है—

(१) संवत्सर २०७७ वि. के राजा 'बुध' का फल—

"सन्धान-दान-प्रथतः क्षितीशः स्वाध्याय-तीर्थाध्वर-भीर्द्विजौघः।
निराधिरुङ्मध्यम-सस्यवर्षो बौधः सुहृत् स्नेह-विवर्धनोऽब्दः॥"

अर्थात्—संवत्सर का राजा बुध हो तो मायावी, छल-कपट करने वाले लोगों का बोलबाला रहता है। सफेद पोश (गुप्त) अपराधियों का भण्डाफोड़ हाता है। गीतकार-संगीतकार-अभिनेता एवं विद्वानों की गैरकानूनी गतिविधियों का खुलासा होगा। नेता (शासक) किसी खास वर्ग को प्रसन्न करने के लिए लुभावनी घोषणाएं करते रहें, लेकिन उन घोषणाओं व योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिले। राजनीति में मित्रता किंवा विरोध तात्कालिक लाभ से ही प्रेरित रहते हैं।

'वर्ष प्रबोध' अनुसार वर्षेश बुध का फल इस प्रकार है—

बुध के राज्य में पृथ्वी पर वर्षा (जल) पर्याप्त हो, सत्पुरुषों द्वारा सत्कार्य हों। जनता में बड़े-बड़े उत्सवों का आयोजन हो।

(२) मन्त्री 'चन्द्र' का फल—

"शशिनि मन्त्रिपदं गते बहुसस्य-वत्यपिधरा सुखमण्डिता।
बहुजला जलदा बहुवर्षिणो जनपदाः सुखराशि-समेधिताः॥"

अर्थात्—चन्द्र मन्त्री हो तो खेतीबाड़ी की अच्छी पैदावार, सर्वत्र सुख का वातावरण रहे। वर्षा अधिक एवं जनता में हर्ष व आनन्द रहता है।

(३) सस्येश 'गुरु' का फल—

"भवति सस्यपतौ सुरवन्दिते सकल-सौख्य-धनागम-शालिता।
जलधरा जलदा बहुसस्यदा रस-पयांसि बहूनि धनादि च॥"

अर्थात्—सस्येश गुरु हो तो जनता में धन-सम्पदा व सुख-शान्ति का साम्राज्य रहता है। अच्छी वर्षा, अन्नादि की पैदावार, दूध व फलों की पर्याप्त उपलब्धता हो। ईख (गुड़ आदि) की अच्छी फसल तथा धन-धान्यसमृद्धि रहे।

(४) धान्येश 'मंगल' का फल—

"गोधूम-सर्षप-मुद्ग-तिल-माष — प्रवालकाः।
महर्घतां समायान्ति भौमे धान्याधिपे सति॥"

अर्थात्—मंगल धान्येश हो तो गेहूं, सरसों, दालें, तिल पदार्थ व मूंगा आदि समुद्रोत्पन्न चीजें महंगी हों।

(५) मेघेश 'सूर्य' का फल—

"रवौ मेघाधिपे जाते स्वल्पतोयप्रदा घनाः।
स्वल्पो धान्योद्भवो लोके भयाडम्बर-पीड़नम्॥"

अर्थात्—सूर्य मेघेश हो तो वर्षा पर्याप्त नहीं (कम) होती है। परिणामस्वरूप, अनाजों की पैदावार भी कम होती है। जनता भय, ढोंग, पाखण्ड से परेशान रहे।

(६) रसेश 'शनि' का फल—

"रविसुते रसपे रस-संक्षयो न जलदा गददाश्च पयोधराः।
अज-गजाश्व-खरादि-हतिर्भवेदपि धरा रसगर्भजला नहि॥"

अर्थात्—शनि रसेश हो तो भू-गर्भगत जलस्तर में कमी अनुभव हो, वर्षा का अभाव रहे। पशुओं में रोगादि से भारी हानि होती है।

(७) नीरसेश 'गुरु' का फल—

"हरिद्रा-पीत-वस्तूनां धातुनामर्थ – वाससाम्।
नीरसेशो यदा जीवः सर्वेषां प्रीतिरुत्तमा॥"

अर्थात्—गुरु नीरसेश हो तो सोना, चांदी आदि धातुओं, हल्दी आदि मसालों, कपड़ा-व्यापार के क्षेत्र में तेजी का रुख रहता है।

(८) फलेश 'सूर्य' का फल—

"द्रुमवती फल-पुष्पवती धरा प्रमुदिता फल-भोग-विशेषिता।
बहुजलं जलदो भुवि मुञ्चति क्वचिदपि प्रमितं फलपे रवौ॥"

अर्थात्—सूर्य फलेश हो तो फल-फूलों की पैदावार अच्छी होती है। वर्षा भी अधिक हो। लेकिन कुछ प्रान्तों में वर्षा की कमी (या सीमित वर्षा) हो।

(९) धनेश 'बुध' का फल—

"द्रविणपे हिमरश्मिसुते तदा विविध वस्तुफलं वणिजं भवेत्।
द्विजवरा निजकर्म-परायणाः कृषकवर्ग भवेषु समोदता॥"

अर्थात्—धनेश बुध हो तो विविध वस्तुओं के व्यापार में लाभ के अवसर मिलेंगे। सभी वर्ग (जातियों) के व्यक्ति अपने-अपने कामों में व्यस्त रहेंगे, जिससे साम्प्रदायिक एवं जातीय संघर्ष की सम्भावना कमजोर रहती है। किसानों में खास खुशी का वातावरण रहता है।

(१०) दुर्गेश 'सूर्य' का फल—

"नय-विशेषकरो नृपतिस्तदा यदि च दुर्गपतिस्तरणिर्भवेत्।
गतभयाः पथिकाश्च जनास्तदा समधिकेन सुखं न भयं क्वचित्॥"

अर्थात्—सूर्य यदि दुर्गेश हो तो शासनतन्त्र नये-नये कानून बनाता है। जन-जीवन में भय, लूटपाट की घटनाओं में कमी एवं सुख-समृद्धि रहती है।

नोट—यद्यपि संवत् के इन दशाधिकारियों का फल सर्वत्र अनुभव किया गया है, किन्तु विशेषतः राजा का फल कश्मीर, अफगानिस्तान एवं बराड़ देश में, मन्त्री का

फल आन्ध्र, वाल्हीक, उज्जैन एवं मालवा में, सस्येश का पौण्ड, विदर्भ में, धान्येश

अनेक प्रान्तों में जनजीवन त्रस्त रहे।

फल आन्ध्र, वाल्हीक, उज्जैन एवं मालवा में, सस्येश का [illegible], विदर्भ में, धान्येश का गुजरात, नर्मदा के तटवर्ती प्रदेश एवं मध्यप्रदेश में, **मेघेश** का मगध एवं बंगाल में, **रसेश** का कोंकण एवं गोवा में, **नीरसेश** का मालवा व बिहार में, **धनेश** का राजस्थान एवं बाड़मेर में, **फलेश**, **दुर्गेश** एवं **राजा** का फल सब जगह विशेष होता है।

वर्षादि के विश्वामान

वर्षाविश्वा ९, धान्य १३, तृण १३, शीत ७, तेज १७, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा १३, तृषा १३, निद्रा १३, आलस्य ७, उद्यम १३, शान्ति १३, क्रोध १३, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ९, फल १३, उत्साह ११, उग्रता ५, पाप ५, पुण्य ११, व्याधि ११, व्याधिनाश ९, आचार ९, अनाचार १५, मृत्यु १३, जन्म ५, देशोपद्रव ११, देशस्वास्थ्य १७, चौर ७, चौरनाश १७, अग्नि १५, अग्निशान्ति ९, उद्भिज्ज ५, जरायुज ३, अण्डज १५, स्वेदज १३, टिड्डी ११, तोता ११, मूषक ५, सोना ५, तांबा ७, स्वचक्र ९, परचक्र १५, वृष्टि ३, वृष्टिनाश ११ एवं संवत्-विश्वा १८ हैं।

चतुर्मेघविचार—आवर्तकादि चतुर्मेघों में सं. २०७७ वि. में '**आवर्तक**' नामक मेघ है।

फल—'**आवर्तक मेघ**' होने से आंधी-तूफान अधिक आये, कहीं खण्डवृष्टि, कहीं सूखा रहे।

नोट—मेघ-विचारणा में मेघचतुष्टय का अधिक महत्त्व है।

नवमेघविचार—इस संवत् २०७७ वि. में नवमेघों में '**संवर्त**' नामक मेघ है।

फल—**संवर्ते वायुपीड़नम्**-प्रमाणानुसार इस वर्ष भयंकर संवृष्टि वायुवेग (झंझावात) से अनेकत्र जनता एवं सम्पदा को हानि होने के योग बनेंगे। विशेषत: पूर्वी वायु का प्रकोप रहे।

नवमेघों में एक अन्य सूत्र के अनुसार 'वरुण**' नामक मेघ** भी आता है। जिसका फल—"**वरुणस्त्वर्णवाकारम्**" लिखा है। इस अनुसार बाढ़, वर्षा से अनेक प्रान्तों में जनजीवन त्रस्त रहे।

सं. २०७७ में आवह आदि सप्तवायु-विचार—इस संवत् में वायुसप्तक विचार से '**विवह**' नामक वायु प्रबल रहेगी।

फल—हि.प्र., उ.खण्ड, आसाम, महाराष्ट्र, उ.प्र., गुजरात आदि प्रान्तों में आंधी, तूफान से हानि का कारण '**विवह**' नामक वायु बनेगी। कहीं भूमध्यगत तरंगों के विक्षोभ से भूकम्प, ज्वालामुखी-विस्फोट आदि से हानि भी सम्भव है। उ.भारत में '**विवह**' नामक वायु बादलों को स्थानान्तरित करके फसलों को हानि पहुंचाये।

अनन्तादि अष्टनागविचार—अनन्तादि अष्टनागों में इस वर्ष '**वासुकी**' नामक नाग है।

फल—खेती के लिए वर्षा पर्याप्त रहे—"**वासुकि सस्यकर्ता च बहुसस्यकरो मत:।**" सरीसृप (सर्पादि) से अनेकत्र भयावह घटनाएं घटित हों। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति को गुप्त शत्रु से भय है, सावधान रहें।

सुबुध्नादि द्वादशनागविचार—द्वादश नागों में इस वर्ष '**वृष**' नामक नाग है।

फल—"**सस्यादिकानामल्पत्वं नितरामीतितो भयम्।**"

अर्थात्—वृष नाग की स्थिति में सभी प्रकार के अनाजों की फसलों को वर्षा की कमी या वर्षा के अभाव से हानि पहुंचे। कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बने। प्राकृतिक प्रकोप किंवा टिड्डी आदि से भी फसलों को हानि पहुंचे।

संवत् २०७७ वि. में संवत् (समय) का वाहन—इस संवत्सर का राजा बुध होने से संवत् (समय) का वाहन '**गीदड़**' होता है।

फल—समय का वाहन गीदड़ होने से राजनीतिज्ञ अपने वचनों पर स्थिर नहीं रहेंगे। राजनीतिक पार्टियां शासनतन्त्र की कमजोरी का लाभ उठाने की ताक में रहेंगी। जंगल कटने से जंगली जानवर त्रस्त रहेंगे। पर्यावरण में विक्षोभ पैदा होगा। भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से कुछ प्रान्तों में भारी हानि का अंदेशा रहेगा।

'**संवत्सर संहिता**' के अनुसार संवत्सर का वाहन '**दोला**' (झूला) भी लिखा है।

पृथ्वी पर आक्रान्ताओं के अपराधों या अत्याचारों से हाहाकार मचे। व्यापक दुर्भिक्ष किंवा राजनीतिज्ञों में टकराव रहे। कहीं युद्ध की स्थिति भी बने—

"यत्राब्दे वाहनं दोला हाहाभूता तु मेदिनी।
दुर्भिक्षं सर्वदेशेषु संग्रामः खण्डखण्डयोः॥"

संवत् २०७७ वि. में अधिकमास

सं. २०७७ वि. में १९ सितं. से १६ अक्तू. सन् २०२० ई. तक आश्विन (चान्द्रमास) अधिक मास रहेगा।

फल—इस संवत् में आश्विन अधिकमास होने से किसी देश पर शत्रु देश का आक्रमण होने का भय है। चोरों, उग्रवादियों और चीन एवं पाक आदि द्वारा सीमातिक्रमणादि गतिविधि द्वारा जन-जीवन (देश के नागरिकों) को भारी कष्ट सहना पड़े। दक्षिणी भूभाग में प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प किंवा दुर्भिक्ष आदि से जनधनहानि भी सम्भव है—

**"आश्विने परचक्रेण तस्करैः पीड़िताः प्रजाः।
सुभिक्षं क्षेममारोग्यं दुर्भिक्षं दक्षिणे पथे॥"**

मेघ महोदयानुसार फल—

**"आश्विन द्वितये भूम्यां सैन्य-चौर-रूजां भयम्।
सुभिक्षं केचनाप्याहु दुर्भिक्षं दक्षिणे दिशि॥"**

आश्विन अधिकमास होने से सीमावर्ती देश द्वारा आक्रमण से प्रायः अशान्ति रहती है। दक्षिण में दुर्भिक्ष की स्थिति बनने के आसार हैं।

दो अमावस्याओं के मध्य संक्रान्ति न होने से इसे **अधिकमास** की संज्ञा दी गयी है—**"असंक्रान्तिमासोऽधिमासः स्फुटं स्यात्।"** इसे **'पुरुषोत्तम मास'** किंवा **'मलमास'** भी कहते हैं। इसमें दान-विधान का विशेष महत्त्व लिखा है। इस **पुरुषोत्तम मास** में गृह-परिवार में सर्वविध-शान्त्यर्थ पूजा-पाठ एवं दान-विधान का अत्यधिक महत्त्व लिखा है।

संवत् २०७७ वि. के चार स्तम्भ

(१) जलस्तम्भ—(चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र) ४९ प्रतिशत है।

(३) वायुस्तम्भ—(ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिरा नक्षत्र) का अभाव है।

(४) अन्नस्तम्भ—(आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र) का अभाव है।

ये उल्लिखित चार स्तम्भ देश के कुशल-क्षेम-ज्ञानार्थ विशेष महत्त्व रखते हैं; क्योंकि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की सत्ता जल, वायु, अन्न एवं तृण (जड़ी-बूटियों) आदि पर ही निर्भर है। संवत् के शुभारम्भ पर देश की प्राकृतिक व्यवस्था के नियामक इन चार स्तम्भों का आकलन आवश्यक समझा गया है। इन स्तम्भों को "वर्ष के मर्मस्थान" भी माना जाता है।

(१) सं. २०७७ वि. में जलस्तम्भ (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र)—'जलस्तम्भ' ४९ प्रतिशत होने से महानगरों में पेयजल की समस्या का समाधान हो। वर्षा एवं अनेकत्र बाढ़ से जन-धन की भारी हानि सम्भव है। समुद्रतटवर्ती भूभाग पर भारत किंवा भारतेतर देशों में भी कहीं समुद्री तूफान आदि से प्रलयंकारी दृश्य भी देखने को मिलेंगे। बहुजल-प्रधान अन्न ग्वार, जीरी, चावल, बाजरा आदि की उपज अच्छी हो। भूजल-स्तर में काफी उठाव हो।

(२) तृणस्तम्भ—इस वर्ष **तृणस्तम्भ (वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र)** ६९ प्रतिशत है। इस प्रकार इस वर्ष जल तथा तृणस्तम्भ सशक्त हैं। अतः इस वर्ष घास-भूसे से निकलने वाले अनाज, चावल, ज्वार, ग्वारा आदि कृषि उपज, वनस्पतियां, जड़ी-बूटियां, सब्जियां प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हों। इस साल कुछ प्रान्तों में मानसून अगेती आने किंवा सामयिक मानसून से पशुचारा-कृषिकर्मियों को लाभ रहे।

(३) वायुस्तम्भ—इस वर्ष (ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिरा नक्षत्र) का अभाव होने से 'वायुस्तम्भ' अत्यधिक चिन्तनीय है, कमजोर है। अतः भारत व तमाम दक्षिण एशिया तूफान, बाढ़, भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप, औद्योगिक गैस-उत्सर्जन आदि से प्रभावित हो एवं हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उड़ीसा, तामिलनाडु, महाराष्ट्र आदि में कहीं प्राकृतिक आपदा से हानि हो। क्योंकि पृथ्वी के भीतर सीस्मोग्राफिक (वेवस) वायु से आकाश या शून्य में विद्यमान वायु के साथ जब संघर्ष होता है तो भूगर्भान्तर्गत प्लेटें हिलने से भूकम्प आदि दुर्घटनाएं घटित होती हैं। अतः यह वर्ष वायुस्तम्भक्षीण होने से चिन्तनीय ही है।

(४) अन्नस्तम्भ—इस वर्ष (आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र) का अभाव होने से इस संवत् में घरेलू उत्पाद एवं खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी। जन-जीवनोपयोगी कुछ खाद्य पदार्थों का आयात भी करना पड़े।

मानसून का अन्न एवं वायुस्तम्भ के साथ गहन सम्बन्ध है, इस वर्ष इन दोनों स्तम्भों के अत्यधिक कमजोर होने से मानसून समय पर न आने से अनेकत्र खाद्यान्नों की उपलब्धता कम रहे, सरकार जन-सामान्य की आलोचना का विषय बनी रहे। अनियमित मानसून (पर्याप्त वर्षा आदि के अभाव से तमाम दक्षिण एशिया में प्राकृतिक प्रकोप व सूखा आदि) से कृषकवर्ग परेशान रहें। सरकार को बहुत-सी जन-जीवनोपयोगी वस्तुओं का आयात करना पड़ेगा।

निष्कर्ष—इस साल अन्नस्तम्भ एवं वायुस्तम्भ बहुत कमजोर होने से महानगरों एवं हिमाचल प्रदेश, उत्तरप्रदेश, उड़ीसा, महाराष्ट्र में प्राकृतिक आपदा से स्थिति गम्भीर बनेगी। अनियमित मानसून एवं जनजीवन-सन्तोषार्थ भारत-शासन को चिन्तित रहना होगा। **ग्रहस्थिति के अनुसार पर्यावरण किंवा मौसम-प्रणाली में उल्लेखनीय परिवर्तन आने से इन स्तम्भों के प्रतिफलन में चिन्तनीय स्थिति भी बन सकती है, यह भी ध्यान में रखना आवश्यक है। क्योंकि पर्यावरण प्रकृति की प्रतिकूलता एवं ऋतु-विपर्यय को भी प्रभावित करता है।**

आर्षमान विचार (सं. २०७७ वि. की रक्षा के लिए चार दुर्ग)

(१) प्रथम आर्ष—(अक्षय तृतीया को रोहिणी नक्षत्र) ६४ प्रतिशत है।

(२) द्वितीय आर्ष—(गत संवत् २०७६ वि. में पौष अमा को मूल नक्षत्र) ७७ प्रतिशत है।

(३) तृतीय आर्ष—(श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र) ५९ प्रतिशत है।

(४) चतुर्थ आर्ष—(कार्तिक पूर्णिमा को कृत्तिका नक्षत्र) ६६ प्रतिशत है।

नोट—उल्लिखित चारों आर्षमान इस संवत्सर में जनजीवन एवं देश की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, आर्थिक समृद्धि, सामाजिक शान्ति, सर्वविध-समृद्धि किंवा नैतिक मूल्यों को सुनिश्चित करते हैं। ये संवत्सर के मर्मस्थल माने जाते हैं।

(१) प्रथम आर्ष—वैशाख शुक्ल तृतीया को रोहिणी नक्षत्र ६४ प्रतिशत होने से प्रबल है। इस वर्ष देश की सुरक्षा, जनता में सुख-समृद्धि, कानून-व्यवस्था, सामाजिक शान्ति, नैतिक मूल्यवृद्धि एवं सुख-समृद्धि का संकेत मिलता है।

गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार संवत् २०७७ वि. के उत्तरार्ध में कहीं प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प, समुद्री तूफान एवं विस्फोट आदि से भयंकर जनधनहानि के योग कश्मीर, बिहार, महाराष्ट्र, उड़ीसा एवं देश के महानगरों में दृष्टिगोचर हो रहे हैं।

(२) द्वितीय आर्ष—गत सं. २०७६ वि. में पौष अमा को मूल नक्षत्र ७७ प्रतिशत है।

द्वितीय आर्ष लगभग ७७ प्रतिशत होने से देशरक्षा के लिए लाभप्रद है। सीमाप्रान्तों पर भारत का प्रभावक्षेत्र बना रहेगा। नये कार्यक्रम एवं नयी योजनाओं से लाभ होगा। देश को प्रगतिपथ पर अग्रसर करने के लिए सरकार के प्रयास प्रशस्य होंगे।

(३) तृतीय आर्ष—श्रावण तृतीया को श्रवण नक्षत्र ५९ प्रतिशत होने से यह स्तम्भ प्रबल है। अत: देश के राजनीतिज्ञ देशहित की न सोचकर आपसी प्रभावक्षेत्र बनाने में तत्पर रहेंगे।

राजनीतिज्ञों के कार्य देशहितार्थ न होकर नये-नये घोटाले उजागर होंगे। केन्द्रीय शासनतन्त्र सत्ता को बनाये रखने के लिए प्रयत्नशील रहेगा। आर्थिक संकट देश के सामने उपस्थित होगा। कश्मीर, बंगलादेश, चीन के सीमाप्रान्त चिन्तनीय स्थिति बना सकते हैं। यह स्तम्भ देश के लिए चिन्तनीय स्थिति वाला ही है।

(४) चतुर्थ आर्ष—इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को कृत्तिका नक्षत्र ६६ प्रतिशत है।

चतुर्थ आर्ष ६६ प्रतिशत होने से भारत के लिए समृद्धिप्रद रहे। यह शासनतन्त्र की चेतना को जागृत करने वाला है। चतुर्थ आर्ष भारत की गरिमा एवं गणतन्त्र के सशक्त होने का संकेत देता है। नयी योजनाएं, नये औद्योगिक क्षेत्र एवं शासकगण देश को नयी उपलब्धियों से सुसज्जित करने के लिए सचेष्ट रहेंगे।

वर्ष के चार स्तम्भों एवं आर्षमान-विचार से यद्यपि देश की स्थिति तो भूतकालिक राजनैतिक कारणों से चिन्तनीय ही रहेगी। लेकिन नयी शासन प्रणाली इसे सुधारने के लिए सशक्त सिद्ध होगी।

दोहा—"अखैतीज रोहिणी न होई, पौष अमावस मूल न जोई।
राखी श्रवणो हीन विचारो, कार्त्तिक पुण्यो कृत्तिका टारो।
महीमाह खलबली प्रकाशै, कहै भड्डली साख विनाशै॥"

संवत् २०७७ वि. में रोहिणी का वास

(वर्षा एवं जलवायु में विशेष)

सं २०७७ वि. में **'मेष-संक्रान्ति'** १३ अप्रैल, सन् २०२० ई. को चन्द्रवार, पू.षा. नक्षत्र, शिवयोग एवं धनु:स्थ चन्द्र के समय २० घं २१ मि. पर लग रही है, अत: रोहिणी का वास **'सन्धि'** में है।

फल—"खण्डवृष्टिस्तु सन्धिषु"—अर्थात् सन्धिगत रोहिणी कहीं वर्षा, कहीं सूखा करती है। अत: **भारत के कुछ प्रान्त इस वर्ष वर्षा किंवा पेयजल के संकट का सामना करने को विवश होंगे।** लेकिन कुछ प्रान्त जलमग्न होने से क्षतिग्रस्त रहें।

समय किंवा संवत्सर का वास—रोहिणी का वास सन्धि में होने से **समय का वास 'वैश्य' के घर** में है।

फल—संवत्सर का वास 'वणिक्-गृह' में होने से देश व्यापारक्षेत्र में प्रगति करेगा। नयी योजनाएं देश को आर्थिक दृष्टि से समृद्धि की ओर अग्रसर करेंगी।

संवत् २०७७ वि. में शनि की नज़र का फल

संवत् २०७७ वि. के प्रारम्भ से अन्त तक शनि मकर राशि में ही रहेगा। अत: शनि की दृष्टि उत्तर की तरफ ही रहेगी। स्पष्ट है कि—संवत् २०७७ वि. में पश्चिमी एवं उत्तरी गोलार्ध के देशों में प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प, जलाप्लाव, हिंसा, शासकों में अस्थिरता एवं राजनैतिक हत्याकाण्ड होंगे। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार अक्तूबर २०१९ के बाद गुरु-शनि के एक राशि में रहने से विश्व में व्यापक हिंसा, युद्धात्मक व भारी संकटापन्न स्थिति बन सकती है, जो कि आगे भी अशुभ स्थिति को ही दर्शाता है। धनु-मकर-वृश्चिक नाम राशि वाले शासकों (राजनायिकों) को भारी संकटापन्न स्थिति का सामना करना पड़ेगा। राजनैतिक हत्याकाण्ड सम्भव है। अत: वृश्चिक-धनु-मकर राशि वाले विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी आवश्यक है। [illegible]

एवं राजनीतिज्ञों के लिए शनि-मंगल का सम्बन्ध अशुभ है। मार्च २०२० से ४ मई, सन् २०२० ई. के लगभग तक भारत को शत्रु की गतिविधि से सावधान रहना होगा, सैन्यबल को तैयार रखना होगा। मीन, कर्क, वृष, कन्या, वृश्चिक नाम राशि वाले राजनीतिज्ञों की सुरक्षा आवश्यक है—

"शनैश्चर: क्रमात्पश्यन् तत्तद्देशान् प्रपीडयेत्।
दुर्भिक्ष-देशभंगाद्यैर्विग्रहो राजविड्वरै:॥"

सं. २०७७ वि. में विशेष अमावस्याएं—

(१) संवत् २०७७ वि. में सोमवती अमावस्याएं तीन हैं—
(i) श्रावण कृष्ण पक्ष (२० जुलाई, सन् २०२०ई.)।
(ii) मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष (१४ दिसं., सन् २०२० ई.)।
(iii) चैत्र कृष्ण पक्ष (१२ अप्रैल, सन् २०२१ ई.)।

(२) संवत् २०७७ में शनिवारी अमावस एक ही है—
(i) फाल्गुन कृष्णपक्ष (१३ मार्च, सन् २०२१ ई.)।

नोट—इस संवत् में भौमवती अमावस नहीं है।

नोट—सोमवती अमावस्या के दिन चावल आदि अन्न, घी, दूध का दान दक्षिणासहित करें। इस दिन गंगा आदि पवित्र नदियों में स्नान-दान का विशेष महत्त्व है।

शनैश्चरी अमा को तुलादान, तेलदान, काले तिल, काला कपड़ा एवं काली दाल दान करें।

ध्यान दें—उल्लिखित अमावस्याओं में दान एवं तीर्थस्थान/पूजन आदि का विशेष महत्त्व है। साथ ही अधिकाधिक पंचांगों का योग्य ब्राह्मणों को तीर्थ पर या अन्यत्र भी दान करना पुण्यप्रद लिखा है। सभी अमावस्याओं पर पूर्वजों को पिण्डदान करने का विधान है।

इस वर्ष की विशेष अमावस्याओं का माहात्म्य

1. इस वर्ष सोमवार को तीन अमावस्याएं हैं। 'स्कन्दपुराण' के अनुसार शिव-[illegible]

करके अनन्तकोटि यज्ञों का फल प्राप्त करें—

"अमा सोमेन संयुक्ता कदाचिद्यदि लभ्यते।
तस्यां सोमेश्वरं पूज्य कोटियज्ञ-फलं लभेत॥"

सोमवती अमावस्या को गंगा आदि नदियों किंवा तीर्थों पर स्नान, जप, होम, ब्रह्म-भोजन, पितृतर्पण से कुटुम्ब में वृद्धि एवं सुख-समृद्धि प्राप्त होती है—

"सोमवारेण संयुक्ता अमावस्या यदा भवेत्।
तदाऽनन्तफलं श्राद्धं पितृणां दतभक्षणम्॥"

'शनैश्चरी अमा' पूर्वजन्म पापनाशनार्थ एवं ग्रहरोग-शान्त्यर्थ उपयोगी मानी गयी है।

इस दिन तिल, तेल, माह एवं शनिमन्त्र का जाप किंवा तुलादान करना श्रेयस्कर लिखा है।

संवत् २०७७ वि. में शरत् सस्य-जातकविचार

ध्यान रहे—गर्मी में बोई जाने वाली तथा सर्दी में तैयार होने पर काटी जाने वाली फसलें चावल, मूंग, ज्वार, बाजरा, कपास, अरहर, तिल, तोड़िया, सूरजमुखी, ग्वार, गन्ना, मक्का आदि **"खरीफ फसलों"** को **'शरत्सस्य'** कहा जाता है। शरत्सस्य का विचार वृषस्थ सूर्य से ही किया जाता है।

सं. २०७७ वि. में ज्येष्ठ कृष्ण सप्तमी/अष्टमी, गुरुवार, धनिष्ठा नक्षत्र, ब्रह्मयोग एवं **मकरस्थ चन्द्र के समय १४ मई, सन् २०२० ई. को १७ घं. १५ मि. पर सूर्यदेव वृष राशि में प्रविष्ट होंगे।**

नोट—शरत् सस्यजातक-विचारार्थ तात्कालीन औदयिक लग्न से फलादेश-विचार उचित नहीं। अतः सस्यजातक-विचारार्थ यहां **सूर्य को ही लग्न मानकर फलविचार शास्त्रविहित है। तदनुसार यहां सूर्य को ही लग्न मानकर फलादेश लिखा गया है।**

फल—वृषस्थ सूर्य पर मंगल की विशेष दृष्टि है, मंगल खरीफ की फसलों को बल देता है। **'बुधादित्य योग'** भी शुभ है, लेकिन सूर्य के साथ शत्रु शुक्र का योग वर्षा-जलवायु को प्रभावित करके अनेकत्र चावल, अरहर, तिल, ग्वार, मक्का, बाजरा, कपास की फसलों को खराब करे। लेकिन मंगल-गुरु की सूर्य पर दृष्टि होने से चावल आदि की फसल उत्तम होगी। लेकिन नीचस्थ गुरु, शनि के साथ केन्द्र में होने से चावलादि शारदन्नों के भाव नीचे नहीं आयेंगे। लेकिन इस बार शारदन्नों की निष्पत्ति अधिक होगी। क्योंकि सूर्य-बुध-शुक्र पर गुरु एवं मंगल की पूर्ण दृष्टि है—

"अर्कात् सिते द्वितीये बुधेऽथवा युगपदेवा स्थितयोः।
व्यय-गतयोरपि तद्वन्निष्पत्तिरतीव गुरुदृष्ट्या॥"

संवत् २०७७ वि. में ग्रीष्मसस्य-जातकविचार

सं. २०७७ वि. में कार्त्तिक कृष्ण अमावस (तात्कालिकी कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा), तदनुसार १५/१६ नवम्बर, सन् २०२० ई. **सोमवार को अनुराधा नक्षत्र, अतिगण्ड योग एवं वृश्चिकस्थ चन्द्र के समय ६ घं. ५२ मि. पर सूर्यदेव वृश्चिक राशि में प्रविष्ट होंगे।**

ग्रीष्मसस्य जातक कुण्डली
(१८ नवं., २०२० ई.) ६ घं.५२ मि. (I.S.T.)

९ गु. | ७ बु. | १० श. | ८ सू.के. चं. | ६ शु. | ११ | ५ | १२ मं. | २ रा. | ४ | १ | ३

फल—वृश्चिकस्थ सूर्य नीच चन्द्र एवं केतु के साथ हैं एवं सप्तमस्थ राहु है। अतः ग्रीष्मसस्य की प्राकृतिक प्रकोप से हानि हो। खड़ी फसलों को वायु-वर्षा के अभाव या आकालिक वर्षा (अत्यधिक वर्षा) से नुकसान होने का योग है—

"पापसंयुतः सूर्यः सस्यं विनाशयत्यलिगः।
पापः सप्तमराशौ जातं जातं विनाशयति॥"

ग्रीष्मसस्य कुण्डली गेहूं, जौ, चना आदि की फसलों की उपज अच्छी होने पर भी नुकसान होने का संकेत देती है। ग्रीष्मान्नों के स्टॉक से व्यापारी लाभ लेंगे।

मंगल-शुक्र का समसप्तक कुछ प्रान्तों में बम्पर फसल से किसानों को उत्तम लाभ देगा।

सं. २०७७ वि. में सूर्य का आर्द्रानक्षत्र में प्रवेश

सं. २०७७ वि. में आषाढ़ कृष्ण अमावस, रविवार (तात्कालिकी आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा), चन्द्रवार, तदनुसार २१ जून, सन् २०२० ई. को २३ घं. २७ मि. (भा.स्टैं. टा.) पर आर्द्रा नक्षत्र, वृद्धि योग एवं मिथुनस्थ चन्द्र के समय सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में प्रविष्ट होंगे।

सूर्य आर्द्रा-प्रवेशकालिक कुण्डली
२१ जून, सन् २०२० ई.,
२३ घं.२७ मि. (I.S.T.)

१२ मं., श.गु. १०, ११, १, ९ के., २ शु., ८, सू. च.रा.३ बु., ५, ७, ६, ४

फल—आर्द्राप्रवेश-कुण्डली में स्वस्थ शनि के साथ नीचस्थ गुरु है। शनि की मंगल पर विशेष दृष्टि है। गुरु की शुक्र पर दृष्टि वर्ष में कहीं भयंकर सूखा, दुर्भिक्ष की स्थिति बनाये। कहीं भयंकर बाढ़, वर्षा, तूफान, किंवा अग्निकाण्ड आदि प्राकृतिक प्रकोप से भारी हानि हो।

लेकिन सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश रात्रि में (रात को ११ बजकर २७ मि. पर) होने से व्यापारी वर्ग के लिए सुखप्रद रहेगा—

"जगत् क्षेमकरो रात्रौ बहुसस्य-जलप्रद:।"

आर्द्राप्रवेश कुण्डली में राहु-बुध एवं चन्द्र पर शनिदृष्ट मंगल की क्रूरदृष्टि जल-शोषक है। अत: सरकार को जनहित में पर्यावरण को कण्ट्रोल करने के लिए एवं जन जीवनोपयोगी वस्तुओं की उपलब्धता हेतु विशेष प्रयास करने होंगे। शनि-मंगल की स्थिति इस वर्ष सीमाप्रान्तों पर शत्रुदेश की गतिविधि से युद्धात्मक स्थिति का संकेत देती है। जनधनहानि सम्भव है।

इस वर्ष आर्द्राप्रवेश अमावस में होने से राजनैतिक दृष्टि से देश के हित में नहीं है। राजनीति एवं शासनतन्त्र में उलट-फेर सम्भव है—

"अमायां पद्मिनिनाथो रौद्रनक्षत्रगो यदि।
भूमिपानां विनाश: स्यात्तस्कराणामुपद्रव:।।"

संवत् मध्य में किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त होने का योग है।

ध्यान दें—सूर्य, चन्द्र दोनों इस समय आर्द्रा में होने से अनेकत्र भयंकर बाढ़ व वर्षा से जनधनहानि सम्भव है।

संवत् २०७७ वि. का शुभारम्भ

सं. २०७६ वि. में चैत्र कृष्ण अमावस, मंगलवार, तदनुसार २४ मार्च, सन् २०२० ई. को उ.भा. नक्षत्र, ब्रह्म योग एवं मीनस्थ चन्द्र के समय १४ घं. ५८ मि. (भा. स्टैं. टा.) पर सं. २०७७ वि. का शुभारम्भ कर्क लग्न में होगा।

फल—संवत् २०७७ वि. का शुभारम्भ कर्क लग्न में हो रहा है। लग्न पर शनि-मंगल की पूर्ण दृष्टि है, अत: भारत की राजनीति में मित्रता किंवा विरोध सामयिक लाभ से ही प्रेरित रहेंगे। शासनतन्त्र में आश्चर्यजनक उलटफेर होंगे। उत्तर एवं दक्षिण की ओर से शत्रुदेश की गतिविधि अघोषित युद्ध की स्थिति बना सकती है। सैन्यबल को सुसन्नद्ध रहना होगा। वर्षप्रवेश कुण्डली में शनि की सूर्य-चन्द्र पर एवं मंगल की शुक्र पर दृष्टि किसी यावनदेश में आन्तरिक क्रान्ति किंवा विभाजन का संकेत देती है। भारत की प्रभाव राशि मकर की स्थिति राजनैतिक दृष्टि से प्रधान नेताओं के लिए विशेष भयावह है, सुरक्षा की दृष्टि से सावधान रहें।

कहीं भयंकर दुर्भिक्ष, जलप्रलय, समुद्री तूफान किंवा भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से इस वर्ष भयंकर जनधनहानि के योग बन रहे हैं। कर्क लग्न में संवत्सर का शुभारम्भ होने से उत्तर दिशा में प्राकृतिक प्रकोप, दक्षिण में महामारी आदि आपदा किंवा

"कर्के सुखं तु पूर्वस्यामुत्तरस्यां तु विग्रहः।
यच्चासन बलं यावद दुर्भिक्षं पश्चिमे दिशि॥"

किञ्च—

"मारिर्दक्षिण-देशे स्यात्तथा बंगेप्युपद्रवः।
लोके दुःखं विजानीयात् पश्चिमे ननु विग्रहः॥"

२०७७ वि. में वर्षेश(जगत्)लग्नकुण्डली

जब सूर्य निरयण मेष राशि में प्रविष्ट होता है तो तात्कालिक लग्न ही 'जगत् लग्न' कहलाता है। संवत् २०७७ वि. में वैशाख कृष्ण षष्ठी, (तात्कालिकी सप्तमी) चन्द्रवार, तदनुसार १३ अप्रैल, सन् २०२० ई. को २० घं. २१ मि. (भा.स्टैं. टा.) पर सूर्यदेव मेष राशि में प्रविष्ट होंगे।

वर्षेश(जगत्)लग्न-कुण्डली
१३ अप्रैल, सन् २०२० ई.,
२० घं. २१ मि. (I.S.T.)

८ | ६ | चं.९ के. | ७ | ५ | १० श. मं. गु. | ४ | ११ | १ सू. | ३ रा. | १२ बु. | २ शु.

फल—इस वर्ष तुला लग्न में जगत् लग्न का उदय हुआ है। सप्तम भाव में उच्चस्थ सूर्य पर उच्च मंगल की दृष्टि भी है, अतः यह वर्ष धन-धान्य से सम्पूर्ण एवं नयी राजनैतिक पुरोगमों वाला रहेगा। लेकिन केन्द्र में शनि-मंगल एवं नीच गुरु की स्थिति राजनैतिक वैमनस्यता के कारण देशहित में होने वाली प्रगति में बाधक अवश्य रहेगी। क्योंकि, औदयिक लग्न पर सूर्य की नीच दृष्टि भी है, अतः राजनीतिज्ञों के विचारों में विविधता एवं अनबन चिन्ताजनक रहेगी।

भारत की प्रभावराशि मकर में शनि-मंगल का योग होने से कुछ परिस्थितिवश कहीं राष्ट्रपतिशासन भी लागू होने की सम्भावना बनती है। दक्षिण-उत्तर दिशा में कहीं सीमाप्रान्तों पर शत्रुदेश की गतिविधि से सैन्यबल का प्रयोग करने का संकेत भी ग्रहस्थिति से मिलता है—

"युद्धदौ शनि-माहेयौ तथा दुर्भिक्ष कारकौ।"

वर्षेश लग्न में चन्द्र-केतु एवं बुध की स्थिति कहीं भूकम्प, तूफान आदि से क्षतिकारक है। वर्षेश लग्नानुसार ज्येष्ठ, आषाढ़, भाद्रपद से मार्गशीर्ष तक का समय वरिष्ठ नेतृत्व के लिए कष्टप्रद रहेगा। सुरक्षा को सुदृढ़ रखना होगा।

अपने जन्मलग्न से द्वादश भावों में जगत्लग्न का फल इस प्रकार जानिये—

(१) प्रथम भाव से शरीर सुख, (२) धनागम, (३) कुटुम्बवृद्धि (पारिवारिक सुख), (४) मित्र व बन्धुसुख, (५) सन्ततिसुख, (६) शत्रु की पराजय, (७) स्त्री-सुख, (८) रोगभय, मृत्युभय, (९) धर्म-कर्म में प्रवृत्ति किंवा धनलाभ, (१०) धन व सम्मानप्राप्ति, (११) लाभ किंवा अन्य सुख-साधनप्राप्ति तथा (१२) बारहवें भाव से कष्ट व आर्थिक संकट का ज्ञान प्राप्त करें—

"जन्मोदये देहसुखं धनेऽर्थलाभस्तृतीये च कुटुम्बवृद्धिः।
तुर्ये सुहृत्सौख्यमथात्मजाप्तिं पुत्रे रिपौ शत्रु-पराजयःस्यात्॥
स्त्री-सौख्याप्तिर्भवति मदने मृत्युरुग्भीश्च रन्ध्रे।
धर्मार्थाप्तिस्तपसि दशमे वित्तसौख्यं पदाप्तिः॥
लाभे लाभः सुख-धनचयो दुःख-दारिद्र्यमन्त्ये।
पुंसोर्मेषे प्रविशति रवौ जन्मलग्नाद् विलग्ने॥"

यदि 'जगत् लग्न' अपने 'जन्मलग्न' से ६, ८ या १२वें भावों में यत्किञ्चित् भी पापी ग्रह के प्रभाव में हो तो वह वर्ष कष्टप्रद किंवा अशुभ रहेगा, ऐसा जानें।

जगत्लग्न से व्यक्तिगत फलविचार

जन्मकुण्डली में लग्न बलवान् हो तो जन्मराशि से जगत्लग्न जिस राशि पर आये, वह भाग शुभग्रह या भावेश से दृष्ट या युक्त हो तो उस वर्ष में उस भाव की वृद्धि कहनी चाहिए। यदि पापग्रह की दृष्टि या योग हो तो उस भाव की हानि कहें। जन्मलग्न, जन्मराशि एवं अपने वर्षलग्न से वर्षेश(जगत्)लग्न आठवें या बारहवें हो तो वह वर्ष उस व्यक्ति के लिए शुभ नहीं होगा।

इसी प्रकार देश एवं ग्राम के शुभाशुभ विचार के लिए भी समझना चाहिए।

गुर्री-फल (सन् २०२०-२१ ई.)

इस्लामी मतानुसार एक (यकम) मुहर्रम से ही नया हिजरी सन् प्रारम्भ होता है। उस दिन जो वार होता है, वही इस्लामी मतानुसार (उसी वार से सम्बन्धित ग्रह ही) साल का राजा होता है, जो "गुर्री" नाम से जाना जाता है।

वि.सं. २०७६ में भाद्रपद शुक्ल द्वितीया, तदनुसार १ सितम्बर, सन् २०१९ ई. इतवार को 'यकम-मुहर्रम', हिजरी सन् १४४१ शुरु हुआ है। अत: इस हिजरी सन् का बादशाह सूर्य है।

रविवारी गुर्री का फल—वर्षा उत्तम हो, शासक सुचारु रूप से काम करें। अनाज एवं मेवाजात बहुत अच्छे रहें। पशुधन महंगा हो, घी, दूध पर्याप्त हो। प्रजा में भयंकर अग्निकाण्ड से हानि हो। वायु का प्रकोप हानिप्रद रहे। आंधी से अनेकत्र हानि हो, कपास की फसल अच्छी हो। स्त्रियों में कुचरोग से अधिक परेशानी रहे।

वि. सं. २०७७ में भाद्रपद शुक्ल तृतीया, शुक्रवार, तदनुसार २१ अगस्त, सन् २०२० ई. को १ मुहर्रम, हिजरी सन् १४४२ का आगाज होगा। इसलिए इस हिजरी सन् का बादशाह शुक्र ही होगा।

शुक्रवारी गुर्री का फल—महंगाई उत्तरोत्तर बढ़ेगी। गुड़, खाण्ड, घी आदि में विशेष तेजी रहे। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ेगा। उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों से जनता स्थानान्तरण के लिए विवश हो। रोग किंवा प्राकृतिक आपदाओं से जनजीवन त्रस्त रहे।

लाभ-व्यय चक्र (विंशोत्तरी-मतानुसार)

(संवत्सर २०७७ वि. का राजा बुध है)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
लाभ	२	११	२	११	१४	२	११	२	१४	८	८	१४
व्यय	५	११	११	५	२	११	११	५	८	११	११	८

लाभ-व्यय देखने की विधि—अपनी राशि के लाभ-व्यय-अंकों को जोड़कर, उसमें से १ घटाकर शेष को ८ से भाग देने पर यदि १ बचे तो आमदन, २ बचे तो सुख-लाभ, ३ बचने पर क्लेश, ४ शेष रहने पर बीमारी से परेशानी, ५ शेष आने पर अपयश, [illegible]

होगी—ऐसा जानें।

"इतीदं वत्सरफलं वत्सरादि तिथौ शुभम्।
यः शृणोति नरो भक्त्या स सुखी वत्सरं भवेत्॥"

विशेष—चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से दस दिन तक नीम के कोमल पत्ते, नीम की मंजरी या निमौली का चूर्ण, सेंधा नमक, इमली, कालीमिर्च, हींग, अजवायन, जीरा, तुलसीदल—ये सब कूट-पीसकर इच्छानुसार खाण्ड या शक्कर में मिलाकर शर्बत बनाकर प्रात: सेवन करने से रक्तविकार, वात-पित्त एवं कफजन्य कष्टों एवं कुष्टरोग से मुक्ति मिलती है।

— — —

श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय कुराली (मोहाली) पंजाब के इन युवा-कर्मठ विद्वान् कार्यकर्ताओं का पंचांग-प्रकाशन में भारी सहयोग वस्तुतः प्रशंसनीय है—

"श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय कुराली" के प्रबन्धक, हमारे पूज्यपिता जी के प्रिय शिष्य चि. प्रेमचन्द शर्मा; ग्राम सुन्हाड़—सौर (सोलन) (हि.प्र.) निवासी श्रीकृष्ण शर्मा,शास्त्री, M.A., साहित्याचार्य, वेदाचार्य; नालाबलोग (पंचकूला) निवासी चि. सुरेशानन्द शर्मा,B.A. एवं चि. रविसन्धु (सुपुत्र राणा रणजीत सिंह जी) श्रीमार्त्तण्ड पंचांग (हिन्दी),बटुक पंचांग एवं शिरोमणि तिथपत्रिका (पंजाबी) के पाण्डु-लिपि-लेखन एवं प्रूफरीडिंग आदि का काम बड़ी तत्परता, सावधानी और आदरभाव से करते हैं। पंचांग के प्रकाशन-कार्य में हमारा भार इन युवाओं के स्वत्व से भरे इस उत्साहपूर्ण सहयोग से काफी हल्का हुआ है। एतदर्थ इनके निरन्तर प्रगतिमय परम-उज्ज्वल भविष्य के लिए हमारा इन्हें सस्नेह आशीर्वाद है।

—प्रियव्रत शर्मा, इन्दुशेखर शर्मा,
[illegible]

स्पष्ट सूर्य (२५ मार्च से ८ अप्रैल, सन् २०२० ई.)

श्री वि.सं. २०७७, शाक १९४२, चैत्र शुक्ल पक्ष १

(२५ मार्च से ८ अप्रैल, सन् २०२० ई.)
उत्तरायण, उत्तरगोल, वसन्त ऋतु ।

दिनमान घ.	दिनमान प.	तिथि	वार	समाप्ति-काल घ.	समाप्ति-काल प.	नक्षत्र	समाप्ति-काल घ.	समाप्ति-काल प.	योग	समाप्ति-काल घ.	समाप्ति-काल प.	करण	समाप्ति-काल घ.	समाप्ति-काल प.	तारीखें प्र. चैत्र	तारीखें अं. मार्च	तारीखें श. चैत्र	तारीखें मु. रजब	चन्द्रराशि-प्रवेशकाल	घ.	प.	चण्डीगढ़ (भा.स्टैं.टा.) सूर्योदय घं.	सूर्योदय मि.	सूर्यास्त घं.	सूर्यास्त मि.	स्पष्ट सूर्य प्रातः ५घं. ३० मि. (भा.स्टैं.टा.) रा.	अं.	क.	वि.	प्रातः बु. पूर्वक्षितिक्ष में, मं.श. पूर्वकपाल में और गु. इनसे ऊपर होगा। सायं शु. पश्चिम में दिखाई देगा। २८ मार्च को चं. शु. पश्चिम में साथ-साथ दिखाई देंगे।
३०	२४	१	बु.	२७	३७	रेव.	६०	०	ब्र.	२२	५९	ब.	२७	३७	१२	२५	५	२९	मीन			६	२४	१८	३३	११	१०	४०	१२	चन्द्रदर्शन, मु. ३०, चान्द्र संवत्सर २०७७ वि. प्रारम्भ, (A)
३०	२८	२	गु.	३३	४७	रेव.	२	१०	ऐं.	२५	१२	बा.	०	४२	१३	२६	६	शा.१	मेष	२	१०	६	२३	१८	३४	११	११	३९	४०	पंचक समाप्त २/१०, शावान मु. प्रारम्भ,
३०	३३	३	शु.	३९	३८	अश्वि.	९	२८	वै.	२७	१३	तै.	६	४२	१४	२७	७	२	मेष			६	२१	१८	३४	११	१२	३९	५	श्रीमत्स्य जयन्ती, गौरी तृतीया (गणगौर), आन्दोलन तृतीया,
३०	३८	४	श.	४४	५४	भर.	१६	१८	वि.	२८	५०	व.	१२	१६	१५	२८	८	३	वृष	३२	५५	६	२०	१८	३५	११	१३	३८	२८	भ. १२/१६ से ४४/५४ तक, शुक्र वृष में २३/१३,
३०	४२	५	र.	४९	१६	कृत्ति.	२२	२६	प्री.	२९	५१	ब.	१७	५	१६	२९	९	४	वृष			६	१९	१८	३६	११	१४	३७	४९	गुरु उ.षा. २ मकर में ५३/४२, श्री (लक्ष्मी)पंचमी, नागपंचमी, हयव्रत,
३०	४७	६	चं.	५२	२३	रोहि.	२७	२९	आ.	३०	०	कौ.	२०	४९	१७	३०	१०	५	मिथुन	५९	२९	६	१८	१८	३६	११	१५	३७	८	स्कन्द षष्ठी, आनन्द संवत्सर (देखें पृ.13)
३०	५२	७	मं.	५३	५३	मृग.	३१	८	सौ.	२९	१	ग.	२३	८	१८	३१	११	६	मिथुन			६	१६	१८	३७	११	१६	३६	२४	भ. ५३/५४ बाद, सूर्य रेव. में १/४२, बुध पू.भा. में ४/७,
३०	५६	८	बु.	५३	३३	आर्द्रा	३३	४	शो.	२६	४०	वि.	२३	४३	१९	अ.१	१२	७	मिथुन			६	१५	१८	३८	११	१७	३५	३८	भ. २३/४३ तक, श्री दुर्गाष्टमी, अशोकाष्टमी, अप्रैल प्रारम्भ,
३१	१	९	गु.	५१	१३	पुन.	३३	६	अ.	२२	४८	बा.	२२	२३	२०	२	१३	८	कर्क	१८	१७	६	१४	१८	३८	११	१८	३४	४९	श्री रामनवमी (पुनर्वसुयुता), नवरात्र समाप्त,
मार्च २०	१६	४६	मार्च २१	७	१०
मार्च ३०	सू.	उ.	मार्च ३०	१२	२१

त्रिपुष्करयोग
(सन् २०२०-२१ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
अप्रै. १९	४	२५	अप्रै. २०	०	४३
अप्रै. २५	सू.	उ.	अप्रै. २५	११	५२
जून २३	सू.	उ.	जून २३	११	१९
जून २७	१०	१२	जून २८	२	५४
अग. १६	७	४	अग. १६	१३	५१
अग. २५	सू.	उ.	अग. २५	१२	२२
अग. २९	१३	३	अग. ३०	८	२२
सितं. ९	०	४	सितं. ९	सू.	उ.
अक्तू. १८	८	५२	अक्तू. १८	१७	२८
अक्तू. २७	१०	४८	अक्तू. २८	सू.	उ.
नवं. १	२२	५१	नवं. २	सू.	उ.
नवं. ७	७	२४	नवं. ७	८	५
दिसं. २०	२१	२	दिसं. २१	सू.	उ.
दिसं. २६	१०	३६	दिसं. २७	४	१८
जन. ५	सू.	उ.	जन. ५	१८	२०
फर. १३	१५	१२	फर. १४	०	५६
फर. २३	१८	६	फर. २४	सू.	उ.
फर. २८	११	२०	मार्च १	सू.	उ.
मार्च ९	१५	३	मार्च ९	२०	४१

अमृतसिद्धियोग
(सन् २०२०-२१ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
२०२०-२१ई.	घं.	मि.	२२०२०-२१ई.	घं.	मि.
(मार्च ३१	३	१६	मार्च ३१	सू.	उ.)चं.
(अप्रै. ३	२	४४	अप्रै. ३	सू.	उ.)गु.
(अप्रै. २५	२०	५८	अप्रै. २६	सू.	उ.)श.
(अप्रै. २७	सू.	उ.	अप्रै. २८	०	२९)चं.
(अप्रै. ३०	सू.	उ.	मई १	१	५२)गु.
(मई १९	१७	५४	मई २०	सू.	उ.)मं.
(मई २३	सू.	उ.	मई २४	४	५१)श.
(मई २५	सू.	उ.	मई २५	६	९)चं.
(मई २८	सू.	उ.	मई २८	७	२६)गु.
(जून १	३	२	जून १	सू.	उ.)र.
(जून १६	सू.	उ.	जून १७	सू.	उ.)मं.
(जून २०	सू.	उ.	जून २०	१२	१)श.
(जून २८	८	४७	जून २९	सू.	उ.)र.
(जुला. २	२	३५	जुला. २	सू.	उ.)बु.
(जुला.१४	सू.	उ.	जुला.१४	१४	६)मं.
(जुला.२६	सू.	उ.	जुला.२६	१२	३७)र.
(जुला.२९	८	३४	जुला.३०	सू.	उ.)बु.
(अग.२६	१०	४१	अग.२६	१३	४)बु.
(सितं. ४	२३	२९	सितं. ५	सू.	उ.)शु.
(अक्तू. २	सू.	उ.	अक्तू. ३	सू.	उ.)शु.
(अक्तू.३०	सू.	उ.	अक्तू.३०	१४	५७)शु.
(दिसं.२८	१५	४०	दिसं. २९	सू.	उ.)चं.
(दिसं.३१	१४	४९	जन. १	सू.	उ.)गु.
(जन. २५	सू.	उ.	जन. २६	१	५५)चं.
(जन. २८	सू.	उ.	जन. २९	३	५०)गु.
(फर. १६	२०	५७	फर. १७	सू.	उ.)मं.
(फर. २०	सू.	उ.	फर. २१	सू.	उ.)श.
(फर. २२	सू.	उ.	फर. २२	१०	५७)चं.
(फर. २५	सू.	उ.	फर. २५	१३	१७)गु.
(मार्च १६	सू.	उ.	मार्च १७	सू.	उ.)मं.
(मार्च २०	सू.	उ.	मार्च २०	१६	४५)श.

साईज 28 x 21 सें. मी. (एटलस साईज़),
पृष्ठसंख्या 722

THE PLANETARY EPHEMERIS FOR HUNDRED YEARS (1951 To 2050 A.D.)

चिरस्थायी **Imported** पेपर
आकर्षक **Colourful** टाईटल

शताब्दी ग्रहभोगांश

(सन् 1951 से 2050 ई. तक के सूक्ष्म स्पष्ट दैनिक ग्रह एवं उनका राशि–नक्षत्रप्रवेश व वक्र–मार्गकाल)
(इंग्लिश एवं हिन्दी–दोनों भाषाओं में) (इस समय उपलब्ध है।)

बड़े साईज़ के 722 पृष्ठों के इस विशाल ग्रन्थ में सन् 1951 से 2050 ई. तक के प्रातः 5 घं. 30 मि. (भा.स्टैं.टा.) कालिक विकलान्त सूक्ष्म दृक्सिद्ध दैनिक स्पष्ट सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, मध्यम राहु , स्पष्ट राहु, यूरेनस, नेप्च्यून, प्लूटो दिए गए हैं। चन्द्र के अलावा सभी ग्रहों का भा. स्टैं. टा. मे राशि, नक्षत्र–प्रवेशकाल तथा वक्र–मार्गकाल भी दिया गया है। चन्द्र का केवल राशि–प्रवेशकाल ही दिया है। प्रत्येक मास की पहिली तारीख का स्पष्ट अयनांश भी दिया गया है।

इसकी गणित एवं मुद्रण दोनों **Computer Program** द्वारा ही किए गए हैं, जिससे यह किसी भी प्रकार की अशुद्धि से सर्वथा मुक्त है।

ज्योतिर्विदों का मन्तव्य है कि– यह प्रकाशन ज्योतिषजगत् के लिए वरदान है। इसमें वह सभी कुछ है, जिसका चिरकाल से हमारे पञ्चांगों में अभाव खटकता था। **भारत के अब तक के ज्योतिषजगत् के इतिहास में यह अपने ढंग का पहला प्रकाशन है,** जिसकी तुलना इस विषय के किसी भी पाश्चात्त्य प्रकाशन से की जा सकती है।

पुस्तक **English** एवं हिन्दी– एक साथ दोनों भाषाओं में है, जिससे इन दोनों भाषाओं के वेत्ता इस एक ही ग्रन्थ से समानरूप से लाभान्वित होंगे।

मूल्य Rs.1000/- + डाकव्यय Rs. 60/-

विशेष छूट– ज्योतिषशिक्षण संस्थाओं में पढ़ने वाले छात्रों, ज्योतिष अनुसंधानरत संस्थाकेन्द्रों एवं सभी पुस्तकालयों के लिए इसका डाकव्ययसहित मूल्य Rs. 800/- है।

साईज़ 24 x 18½ सें. मी.
पृष्ठसंख्या 280

शताब्दी विश्व कुण्डली दर्पण

मनोहारी बहुरंगा टाईटल
पुस्तक उपलब्ध है।

[एक ऐसी पुस्तक, जिसकी मदद से आप जातक के जन्मकालिक लग्न का निर्णय और उसकी जन्मकुण्डली का निर्माण कम्प्यूटर की सी द्रुतगति से कर सकते हैं।]

विश्व के किसी भी नगर/ग्राम में सन् 1951 से 2050 ई. के मध्य उत्पन्न हुए/होने वाले जातक की जन्मकुण्डली 3–4 मिनट में ही बनाइए।

इस अद्भुत पुस्तक में 100 वर्ष (1951 से 2050 A.D. तक) का चन्द्रसहित सभी ग्रहों का सूक्ष्म राशिप्रवेशकाल (भा. स्टैं. टा.) दिया गया है, जिसे पुस्तक में दिए गए एक कोष्ठक की मदद से विश्व के किसी भी देश के स्टैं. टा. में तुरन्त बदला जा सकता है। 0° से 66 $\frac{1}{2}$° अक्षांश तक प्रत्येक अक्षांश–कला के अन्तर पर (अर्थात् 0°–1′, 0°–2′, 0°–3′, 0°–4′, 0°–5′ अक्षांश .... इस प्रकार विश्व के प्रत्येक अक्षांश–कला के लिए) मेषादि 12 लग्नों का दैनिक उदयकाल सेकण्ड तक सूक्ष्मता से बतला देने वाली 136 पृष्ठों की अपूर्व मौलिक सारणियां Computer द्वारा तैयार करके दी गई हैं, जिनकी मदद से आप विश्व के किसी भी दक्षिण या उत्तर अक्षांशीय नगर/ग्राम में उत्पन्न जातक की जन्मकालिक लग्नराशि अत्यन्त सूक्ष्मतापूर्वक वस्तुतः सिर्फ एक मिनट में ही जान सकते हैं। **ध्यान रहे – बच्चे का जन्म जिस ग्राम में हुआ हो, उसी के अक्षांशों (अक्षांश–कलाओं) के अनुसार ही उसके जन्मकालिक लग्न का निर्णय करना चाहिए। उस ग्राम के पार्श्ववर्ती किसी बड़े नगर के अक्षांशों को वहां प्रयोग में लाने पर लग्न के निर्णय में स्थूलता रहती है। इस पुस्तक में विश्व के हर ग्राम की अक्षांशकला की सूक्ष्मतम लग्नसारणी दी गई है, जिसके प्रयोग से यह सथूलता नहीं रहती।**

यदि जातक का जन्म लग्नसन्धि में हुआ हो तो इस पुस्तक में दी गई दैनिक लग्नारम्भकाल बतलाने वाली जन्मस्थलीय अक्षांश की सारणी से आप तुरन्त (बिना गुणा–भाग किए, साधारण 2–3 मौखिक जोड़–घटाव द्वारा ही) अधिक से अधिक 1½ मिनट (90 सेकण्ड) में ही यह जान लेंगे कि– यह सन्धिगत लग्न (सन्देहास्पद लग्न) जातक के जन्मस्थल पर कब (कितने बजकर, कितने मिनट और कितने सेकण्ड पर) प्रारम्भ या समाप्त हो रहा है। भूगोल के किसी भी स्थल पर स्थित छोटे से छोटे ग्राम में भी (उस ग्राम के अपने कला तक शुद्ध वास्तविक अक्षांश के आधार पर) लग्नराशि का सेकण्ड तक शुद्ध प्रारम्भ एवं समाप्तिकाल आश्चर्यजनक सरलता से चुटकियों में बतलाने वाली ऐसी अद्भुत पुस्तक आपको विश्व की किसी भी भाषा में नहीं मिलेगी–यह हम प्रतिज्ञापूर्वक कह सकते हैं।

1951 से 2050 A.D. तक दुनिया के किसी भी कोने में उत्पन्न हुए अथवा उत्पन्न होने वाले किसी भी जातक की जन्मकुण्डली इस विलक्षण पुस्तक द्वारा आप सिर्फ 3–4 मिनटों में ही बिना गुणा–भाग किए आसानी से बना सकते हैं।

स्पष्टता के लिए देश–विदेश के विभिन्न नगरों में उत्पन्न जातकों के जन्मकालिक लग्न एवम् जन्मकुण्डलियां बनाने के 28 उदाहरण दिए गए हैं।

भारत के प्रसिद्ध–प्रसिद्ध लगभग 1000 तथा विश्व के अन्य सभी देशों के लगभग सभी महानगरों के अक्षांश, रेखांश, स्टैं. अं. (स्था. म. का. और क्षेत्रीय स्टैं. टा. का अन्तर) तथा G.M.T. एवं भा.स्टैं.टा. से उनके क्षेत्रीय स्टैण्डर्ड टाईम का अन्तर दिया गया है।

मूल्य Rs. 500/- + डाकव्यय Rs. 50/-

इन दोनों पुस्तकों का डाकव्ययसहित मूल्य नीचे लिखे पते पर M.O. द्वारा अथवा "अभिजित् प्रकाशन" के नाम बनवाए गए D.D.(D.D. drawn in favour of 'Abhijit Prakashan') द्वारा भी भेजा जा सकता है। पुस्तकें रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजी जाती हैं। V.P.P. से भेजने की व्यवस्था नहीं है।

पुस्तकों का प्राप्तिस्थान :– श्रीमती वीना चतुर्वेदी, M.A., M.Phil., 'अभिजित् प्रकाशन, कोठी नं. 59, सैक्टर–6, **P.O.** पंचकूला (हरियाणा) – 134 109, Phone: 0172-2565 303

श्रीमार्त्तण्ड पञ्चाङ्ग (सं. 2077 वि.) का 'शोधनिबन्ध' विशेषांक

(लेखक एवं सम्पादक—प्रियव्रत शर्मा)

इस विशेषांक के विषय :-

समस्याएं और समाधान

लेखकः– प्रियव्रत शर्मा, कोठी नं. 59, सेक्टर–6 (अभिजित्), पंचकूला–134 109

फलित एवं गणित (सिद्धांत) ज्योतिष से सम्बद्ध अपनी समस्याएं मुझे भेजिए। आवश्यक समझने पर डाक से उत्तर देने का भी मेरा पूरा प्रयास रहता है। लेकिन इसके लिए कृपया जवाबी पत्र न डालिए। यदि मुझे आपकी समस्या का उत्तर पत्र द्वारा देना होगा, मैं अपने व्यय पर ही दे दूंगा। मुझे प्रतिदिन अनेक पाठकों की समस्याएं पत्रों द्वारा प्राप्त होती हैं। सीमित समय आदि के कारण मैं प्रत्येक पाठक को पत्र द्वारा समस्याओं का समाधान भेजने के लिए किसी भी तरह बाधित नहीं होना चाहता।

विशेष निर्देश– समस्या भेजने वाले को अपना पूरा साफ–साफ पता और फोन नं. दोनों अनिवार्यतः भेजने होंगे। पता एवं फोन नं. के बिना प्राप्त समस्याओं के समाधान न तो पंचांग में प्रकाशित होंगे और न ही उनका उत्तर डाक से दिया जा सकेगा– यह ध्यान रखें।

चार से अधिक समस्याएं न भेजें।

ध्यान दें– मैं ज्योतिष का व्यवसाय नहीं करता हूँ। अतः अपनी ज्योतिषसम्बन्धी व्यक्तिगत समस्याओं के लिए मुझे कृपया पत्र न लिखें और न ही इसके लिए मुझे कोई फीस वगैरह भेजिए। इस सम्बन्ध में मैं किसी से मिलता भी नहीं हूँ। कृपया कर्मकाण्डसम्बन्धी समस्याएं मुझे मत भेजिए। यह मेरा विषय नहीं है।

–प्रियव्रत शर्मा

समस्या–(i) ग्रहणकाल में सूर्य एवं चन्द्रमा की क्रान्ति समान होती है, फिर भी सभी ग्रहणकाल क्रान्तिसाम्य की सूची में नहीं आते– ऐसा क्यों ?

(ii) अयनांश में वृद्धि के कारण भारतीय मासों का सम्बन्ध निरन्तर ऋतुओं से हटता जा रहा है। आगामी लगभग ग्यारह हज़ार वर्षों में अयनांश का मान 180° के लगभग हो जाएगा। तब ज्येष्ठ के महीने में कंपकंपाती सर्दी और पौष के मास में तेज गर्मी हुआ करेगी। क्या कोई ऐसी व्यवस्था (अधिकमास, क्षयमास की तरह या अन्य) सम्भव नहीं जिससे निरयण–पद्धति और सायन पद्धति में समन्वय स्थापित हो सके ?

(iii) चन्द्रदर्शन की तारीखों के साथ दिए गए चन्द्र के 'उन्नत शृंग' की दिशा और 'अंश' से क्या अभिप्राय है ?

(iv) जन्माष्टमी के दिन मध्यरात्रिकाल कौन सा लिया जाए ? रात्रि $12^h.00^m$ I.S.T., स्थानीय सूर्यास्त और सूर्योदय का मध्य का काल अथवा स्थानीय चन्द्रोदयकाल ?

श्री धनीराम शर्मा,
V.P.O. किरमच, कुरुक्षेत्र (हरियाणा)।

समाधान–(i) सूर्य–चन्द्र के ग्रहणों के समय घटित होने वाली सूर्य–चन्द्र की क्रान्तियों में समानता को "क्रान्तिसाम्य" कहा जाता है और ग्रहणों से अन्य काल में घटित होने वाली सूर्य–चन्द्र की क्रान्तियों में समानता को "महापात" के नाम से पुकारा जाता है।

जब सूर्य और चन्द्र के भोगांशों (राशि, अंशादि) का अन्तर शून्य या 6 राशितुल्य [illegible] है, तब वहां क्रमशः सूर्य एवं चन्द्र के ग्रहण की स्थिति बनती है। ग्रहण की इन स्थितियों में घटित होने वा[illegible] क्रान्तियों की समानता 'क्रान्तिसाम्य' के नाम से पुकारी जाती है।

जब सूर्य और चन्द्र के भोगांशों का योग शून्य या 6 राशितुल्य हो, तब घटित होने वाली इन ग्रहों की क्रान्तियों की समानता को 'महापात' की विशेष संज्ञा दी गई है। यह 'महापात' भी दो प्रकार का है– भोगांशों के शून्यतुल्य

योग से घटित ' महापात ' "वैधृति महापात " तथा दोनों के भोगांशों के छः राशितुल्य योग से घटित ' महापात ' ' व्यतीपात महापात " कहलाता है। ध्यान रहे-- ' महापात ' को भी दैवज्ञ लोग अकसर ' क्रान्तिसाम्य ' ही कहते हैं। ' श्री मार्तण्ड पंचांग ' में " यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र–साधना के लिए महत्त्वपूर्णकाल " स्तम्भ के अन्तर्गत दिए जाने वाले क्रान्तिसाम्य के प्रारम्भ–समाप्तिकाल ' महापात ' के ही प्रारम्भ–समाप्तिकाल हैं। इन्हें शुभकृत्यों में वर्जित किया जाता है। वैसे, सूर्य–चन्द्र–ग्रहणकालीन क्रान्तिसाम्य भी शुभकृत्यों में वर्ज्य है। लेकिन उसे ' महापात ' के प्रारम्भ–समाप्तिकालों के साथ चर्चित करना अनावश्यक समझा जाता है, क्योंकि शुभकृत्यों में सूर्य और चन्द्रग्रहण वाला पूरा दिन अपने पूर्वापरवर्ती दो दिनों के साथ स्वतः वर्जित होता ही है।

(ii) इसमें सन्देह नहीं– हमारी निरयण पंचांगगणना हमारे चैत्रादि मासों और तत्सम्बद्ध व्रत–पर्वों को उनकी मूलभूत वर्त्तमान ऋतुओं से धीरे–धीरे विच्छिन्न करती जा रही है। इस समस्या का कोई समाधान सचमुच उपलब्ध नहीं है। यदि बलात् सायनगणना के आधार पर पंचांगों के निर्माण का प्रयास किया भी गया तो हमारे मासों, पर्वों का इन मूल ऋतुओं से स्थायी सम्बन्ध तो अवश्य बन जाएगा। लेकिन हमारे प्राचीन सिद्धान्त–फलित–ज्योतिष–साहित्य, वेद–पुराण–स्मृति–धर्मशास्त्र–काव्य–महाकाव्य आदि हमारे अन्य समस्त प्राचीन साहित्य में लभ्यमान नाक्षत्र, ग्रहगतिस्थिति आदि के असंख्य सन्दर्भ असह्यरूपेण बुरी तरह विक्षुब्ध हो जाएंगे और भारतीय 'त्रिस्कन्ध ज्योतिष' का पूरे का पूरा साहित्य अप्रयोज्य (Obsolete) हो जाएगा। यही कारण है, भारत सरकार द्वारा आयोजित Indian Calendar Reformation Committee भी हमारे इस भारतीय पंचांग की नाक्षत्रप्रकृति को चाहते हुए भी सायनप्रकृति देने में विफल रही। इस स्थिति में हम अपने पंचांग की इस अनभीष्ट प्रकृति को सहन करने के लिए बाधित हैं।

(iii) अमावस्या के अनन्तर सायं सूर्यास्तबाद शुक्लपक्ष की प्रतिपदा या द्वितीया तिथि के दिन जब पश्चिमक्षितिज से लगभग 12 अंश की ऊंचाई (उन्नतांश) पर नया चान्द दिखाई पड़ता है, तब उसके बिम्ब का लगभग 180 अंशात्मक परिधिखण्ड (सुवर्ण के आधे कंगन जैसा) पश्चिमक्षितिज की ओर चमकता दीख पड़ता है। इस दीप्त परिधिखण्ड के दो छोर (Ends), जिन्हें यहां ' शृंग ' कहा जाता है, उत्तर एवं दक्षिण दिशा में होते हैं। पश्चिमक्षितिज से नीचे सूर्य की स्थिति–दिशा के अनुसार ये दोनों ' शृंग ' कभी ' चन्द्रबिम्ब के केन्द्र से गुजरने वाली पश्चिमक्षितिज के समानान्तर रेखा (प' क क्ष'– नीचे दिया आलेख देखें) के नीचे रहते हैं। इस स्थिति में यह माना जाता है कि– चन्द्र का कोई भी शृंग उन्नत नहीं है। जब कभी दोनों शृंगों में से कोई एक– उत्तरी या दक्षिणी शृंग इस रेखा से ऊपर उठा होता है, तब माना जाता है कि– चन्द्र का अमुक (उत्तरी या दक्षिणी) शृंग उन्नत है। (देखें– नीचे दिए आलेख में उत्तरी शृंग उन्नत दिखाया गया है।) उन्नत शृंग कितने अंश उत्तर या दक्षिण में उन्नत है– इसका निर्णय इस प्रकार करेंगे (आलेख देखिए)–

चन्द्रबिम्ब के केन्द्र (क) से उन्नत शृंग (शृं.) को छूती रेखा (क ग) खींचिए। इस रेखा और " चन्द्रबिम्ब के केन्द्र से गुजरती पश्चिमक्षितिज की समानान्तर रेखा (प' क्ष') से चन्द्रबिम्ब के केन्द्र 'क' में बने कोण (∠ग क क्ष') के तुल्य शृंग (शृ.) के उन्नतांश हमें ज्ञात हो गए। (इस ' आलेख ' में उत्तरी शृंग उन्नत दिखाया गया है।)

और स्पष्टता के लिए यह आलेख देखिए–

क	= चन्द्रबिम्ब केन्द्र
प क्ष	= पश्चिमक्षितिज
प' क क्ष'	= बिम्बकेन्द्रगामी 'प क्ष '(पश्चिमक्षितिज) रेखा के समानान्तर रेखा।
शृ. म शृ.'	= चन्द्रबिम्ब का दीप्त परिधिखण्ड।
शृ.'	= उत्तर शृंग
शृ.	= दक्षिण शृंग
∠गकक्ष	= उत्तरी शृंग का उन्नतांश कोण

(iv) स्थानीय रात्रिमान (सूर्यास्त से सूर्योदय तक के काल) को 15 से विभाजित करने पर रात्रि के एक मुहूर्त्त का मान प्राप्त होता है। रात्रि का आठवां मुहूर्त (रात्रि का मध्यवर्त्ती मुहूर्त) ' निशीथ ' कहलाता है। यह निशीथ रात्रि का मध्य माना गया है। कृष्णपक्ष की अष्टमी में निशीथ के आसपास ही चन्द्रोदय हुआ करता है। श्रीमद्भागवत में श्रीकृष्ण का जन्म भाद्र. कृष्ण अष्टमी को ठीक चन्द्रोदय के समय बतलाया गया है। जिससे सामान्य जनता श्रीकृष्ण का जन्मकाल आसन्नमानेन मध्यरात्रि मानती है।

I. S. T. के अनुसार रात्रि के 12^h 00^m (0^h 00^m) का समय यथार्थ स्थानीय अर्धरात्रिकाल (निशीथ मध्यकाल = निशीथमुहूर्त्त का मध्यकाल) नहीं है। यह काल तो हमारी (भारत की) स्टैण्डर्ड मेरिडियन (82° 30′ पू.) का स्थानीय मध्यमकाल है। स्वस्थानीय (स्वनगरीय) मेरिडियन का स्पष्टकालानुसारी 0^h 00^m काल ही स्वनगरीय यथार्थ रात्रिमध्यबिन्दु (निशीथमध्यकाल) होगा, जो स्थानीय सूर्यास्त एवं सूर्योदयकालों का ही मध्यबिन्दु है।

समस्या– चैत्र शुक्ल प्रतिपदा और आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से प्रारम्भ होने वाले क्रमशः वासन्त और शारद नवरात्रों से तो हम सभी परिचित हैं। लेकिन गत कुछ वर्षों से दो और नवरात्रों, जिन्हें **'गुप्तनवरात्रों '** की संज्ञा दी जाती है, की भी चर्चा सुनने को मिली है। इन गुप्तनवरात्रों की प्रारम्भ तिथियां तथा इनके अनुष्ठान आदि का कृपया परिचय दें। धर्मनिष्ठ समाज में इनका अब अच्छा प्रचार है, अतः इन्हें **'श्रीमार्त्तण्ढ पंचांग'** में प्रतिवर्ष निर्दिष्ट भी किया करें।

पं. रामदास शर्मा,
खिजराबाद (रूपनगर)।

समाधान– प्रचलित दो वासन्त और शारद नवरात्रों के अलावा जो दो और नवरात्र, जिन्हें गुप्तनवरात्र कहा जाता है, प्रचार में आए हैं, इनका प्रारम्भ आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा और माघ शुक्ल प्रतिपदा से होता है। इनकी प्रारम्भ तिथियों का निर्णय ठीक उन्हीं धर्मशास्त्रीय नियमों के अनुसार होता है, जिनके आधार पर वासन्त, शारद नवरात्रों की प्रारम्भ तिथियों का। यहां एक बात ध्यान देने योग्य है– इन चारों नवरात्रों में से पहले तीन नवरात्रों का परस्पर अन्तर तीन–तीन मास का है– लेकिन चौथा नवरात्र (माघ मास वाला) अपने पूर्ववर्त्ती नवरात्र (आश्विन वाले नवरात्र) से चौथे मास पर घटित होता है। जबकि क्रमानुसार इसे पौष मास में घटित होना चाहिए। ऐसा लगता है– पौष मास को खर मास (धनुःस्थ सूर्य वाला मास) जानकर नवरात्रारम्भ के लिए उसे अनुपयुक्त मान लिया गया है।

इन नवरात्रों की अधिष्ठात्री देवी भी अन्य नवरात्रों की ही भान्ति दुर्गा ही है। इन नवरात्रों में किया जाने वाला अनुष्ठान आदि वासन्त, शारदनवरात्रों के अनुष्ठान से भिन्न नहीं है।

इन गुप्तनवरात्रों की चर्चा 'कालमाधव', 'तिथिनिर्णय', 'निर्णयसिन्धु' 'धर्मसिन्धु' आदि किसी भी व्रतपर्व–निर्णायक ग्रन्थ में नहीं है। इनका निर्देश केवल 'देवीभागवत' में उपलब्ध है। इन नवरात्रों का विशेष प्रचार राजस्थान, मध्यप्रदेश आदि प्रान्तों में रहा है, जो अब Media के प्रभाव से अन्य प्रान्तों में भी प्रविष्ट हो गया है।

समस्या– क्या कारण था–सं. 2070 वि. के **'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग'** तथा महाराष्ट्र, गुजरात एवं द. भारत के पंचांगों में भी आश्वि. कृष्णपक्ष (महालय) का तृतीया–श्राद्ध उदयव्यापिनी द्वितीया के दिन शनिवार को और चतुर्थीश्राद्ध उदयव्यापिनी तृतीया के दिन रविवार को लिखा गया था, जब कि पंजाब, हि.प्र., दिल्ली और राजस्थान के कुछ अन्य पंचांगों में ये श्राद्ध क्रमशः उदयव्यापिनी तृतीया और चतुर्थी के ही दिन (रवि और चन्द्रवार को ही) लिखे गए थे ?

प्रो. डी.सी. शर्मा, M.A.,
भलवान–सरकाघाट (मण्डी) हि.प्र.।

समाधान– महालय श्राद्ध– पार्वण श्राद्ध होते हैं। ये पार्वण श्राद्ध अपराह्णव्यापिनी मृत्युतिथि के दिन किए जाते हैं। (" पार्वणं त्वपराह्णके ")। यदि मृत्युतिथि (श्राद्ध तिथि) दो दिन अपराह्ण को विषमता से (एक दिन अधिक और दूसरे दिन कम मात्रा में) व्याप्त करे तब धर्मशास्त्र का नियम है–उस तिथि का श्राद्ध उस दिन किया जाए जिस दिन वह अपराह्णकाल को अधिक मात्रा में व्याप्त कर रही हो। 'मरीचि स्मृति " का वचन है–

" द्व्यपराह्णव्यापिनी स्यादाब्दिकस्य यदा तिथिः ।
महती यत्र तद्विद्वां प्रशंसन्ति महर्षयः।।"

सं. 2070 वि. में महालय की तृतीया और चतुर्थी तिथियां दो–दो दिन अपराह्ण को व्याप्त कर रही थीं। तृतीया शनि और रविवार को तथा चतुर्थी रवि और चन्द्रवार को अपराह्णव्यापिनी थीं। अतः उपरोक्त शास्त्रनियमानुसार तृतीया–श्राद्ध शनिवार को (उदयव्यापिनी द्वितीया के दिन) तथा चतुर्थी–श्राद्ध रविवार को (उदयव्यापिनी तृतीया के दिन) लिखा गया। क्योंकि ये तिथियां क्रमशः शनिवार और रविवार के दिन अपराह्णकाल को अधिक व्याप्त कर रही थीं।

इन दिनों पंजाब आदि में अपराह्णकाल लगभग 13$^{घं.}$ 28$^{मि.}$ से 15$^{घं.}$ 53$^{मि.}$ तक था।

स्पष्ट है– इन पंजाबादि प्रदेशों के जिन पंचांगकारों ने अपराह्णव्याप्ति की मात्रा का विचार किए बिना ही इन तिथियों के श्राद्ध क्रमशः उदयव्यापिनी तृतीया और चतुर्थी के ही दिन लगाए थे– वे शास्त्र–विहित नहीं थे।

समस्या–सं. 2069 वि. के 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' में श्रावणकृष्ण एकादशी (कामिका एकादशी) का व्रत स्मार्त्तों एवं वैष्णवों के लिए दो भिन्न–भिन्न तारीखों क्रमशः 14 और 15 जुलाई, 2012 ई.को लिखा था जब कि पंजाब के एक अन्य पंचांग में इसे दोनों के लिए केवल एक ही दिन 14 जुलाई को लिखा था– किसे ठीक समझा जाए ?

पं. नृदेव आचार्य,
वसन्तविहार, नई दिल्ली।

समाधान– यहां द्वादशी की वृद्धि है और एकादशी शुद्धा (अरुणोदयकाल में दशमी से अस्पृष्ट) है। इस स्थिति में सामान्यनियमानुसार तो वैष्णवों का व्रत भी स्मार्त्तों के व्रत के साथ ता. 14 जुलाई को ही (एकादशी के दिन) होना चाहिए। लेकिन आचार्य माधव (कालमाधवकार) के विशेष प्रतिपादनानुसार यहां वैष्णवों का व्रत एकादशी के दिन न होकर द्वादशी (वृद्धा द्वादशी) के दिन 15 जुलाई, 2012 ई. को ही (स्मार्त्तों के व्रतदिन से दूसरे दिन) होना चाहिए। इस विषय में ' धर्मसिन्धु ' का यह सोदाहरण विवेचन देखिए–

" अथ दशमी 55 घ., एकादशी 58 घ., द्वादशी 60 घ. 1 प.– इयं शुद्धा (दशम्या अरुणोदये अविद्धा) एकादशी, द्वादशीमात्राधिक्यवती, अत्र वैष्णवानां द्वादश्यामुपोषणम्, स्मार्त्तानां पूर्वा। "

इस प्रमाण से 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' में दिया यह स्मार्त्तों और वैष्णवों का एकादशीव्रत शास्त्रविहित सिद्ध है।

ध्यान रहे– ' धर्मसिन्धु 'कार द्वारा उद्धृत यह उपरोक्त मत ' कालमाधव 'कार का है। यहां ' हेमाद्रि ' का मत आचार्य 'माधव' के मत के प्रतिकूल है। उसके मतानुसार तो इस उपरोक्त स्थिति में स्मार्त्तों का व्रत भी वैष्णवों के व्रतके ही दिन (षष्टिघट्यात्मिका द्वादशी को) होना चाहिए। लेकिन अधिकतर आचार्य एवं 'पंचांगकार' इस स्थिति में कालमाधव को ही प्रामाणिकता देते हैं। इस प्रकार उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है, आप द्वारा निर्दिष्ट इस पंजाबी पंचांग में दिया गया एकादशी–व्रतनिर्णय माधव और हेमाद्रि– दोनों की दृष्टि से शास्त्रानुकूल नहीं है।

समस्या– सं. 2069 वि. के 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' में माघ शुक्ल में गौंतरी (गौरी) तृतीया का व्रत 13 फरवरी, 2013 ई. को लिखा था, जब कि तृतीया का चन्द्रमा 12 फरवरी, 2013 ई. को उदय हुआ था। इसी (चन्द्रोदय के) आधार पर हमारे यहां बहुत सी महिलाओं ने यह व्रत इसी दिन (12 फरवरी, '13 को) रखा था। 13 फरवरी, 2013 को तो तृतीया तिथि बहुत कम (केवल 3 घ. 4 प. ही) थी। क्या कारण है– फिर भी आपने गौरी व्रत 13 फरवरी, 2013 ई. को ही लिखा।

श्री सतीश कुमार,
गांव–कुनेर रतियां (ऊना) हि. प्र.।

समाधान– ध्यान रहे– इस व्रत का चन्द्रोदयकाल से कोई सम्बन्ध नहीं है। यदि दूसरे दिन तृतीया सूर्योदयानन्तर एक मुहूर्त्त (लगभग 2 घड़ी) भी विद्यमान हो तो भी यह व्रत दूसरे ही दिन करने की शास्त्राज्ञा है। 'कालमाधव'कार का वचन है–

" मुहूर्त्तमात्रसत्त्वेऽपि दिने गौरी व्रतं परे। "

'पुरुषार्थचिन्तामणि'कार का भी मत है–

" चैत्र–भाद्र–माघ-शुक्ल-तृतीयासु गौरीव्रतं विहितम्। तत्र मुहूर्त्तमात्राप्युत्तरैव।"

'धर्मसिन्धु'कार तो दूसरे दिन एक घटी से भी कम तृतीया में भी इस व्रत की अनुमति देते हैं। लेकिन इस बारे 'कालमाधव' एवं 'पुरुषार्थचिन्तामणि' के मत को ही मान्यता दी जाती है।

पंचांग के पाठकों से हमारा बार–बार नम्र निवेदन है– वे तिथि के घड़ी–पलों की मात्रा (कम या अधिक) देख कर उस तिथि के व्रतपर्व का स्वयं निर्णय न किया करें। क्योंकि– किसी तिथि के व्रत–पर्व के दिन का यथार्थ निर्णय व्रतपर्वशास्त्र के अध्ययन के बिना नहीं किया जा सकता। इसके लिए तिथि के घड़ी–पलों के अलावा अन्य कई बातों का विचार करना होता है।

समस्या– 'गण्डमूल' का क्या अर्थ है ? अश्विनी आदि छः नक्षत्रों को ही गण्डमूल क्यों माना गया है ? अश्विनी आदि गण्डमूल नक्षत्रों के जिन चरणों को दोषरहित माना गया है, क्या उनमें उत्पन्न जातक का जन्म होने पर भी शान्ति करवानी चाहिए ?

श्री ओमप्रकाश शर्मा, रामकोट (फाज़िल्का) पं.।

समाधान– रेवती–अश्विनी, आश्लेषा–मघा और ज्येष्ठा–मूल – ये तीन नक्षत्रयुगल गण्डमूल कहे जाते हैं। इन नक्षत्रयुगलों के ये दो–दो नक्षत्र जहां परस्पर मिलते हैं, वहां क्रमशः मीन–मेष, कर्क–सिंह और वृश्चिक–धनु राशियां भी मिलती हैं। अर्थात् रेवती–अश्विनी की सन्धि पर मीन–मेष, आश्लेषा–मघा की सन्धि पर कर्क–सिंह और ज्येष्ठा–मूल की सन्धि पर वृश्चिक–धनु की भी सन्धि है। यही कारण है– इन नक्षत्रयुगलों को 'गण्डनक्षत्र' कहा जाता है, जिसका अर्थ है– जोड़(सन्धि) वाले नक्षत्र। संस्कृत में गण्ड शब्द का अर्थ जोड़ या 'गांठ' होता है। ध्यान रहे– इन तीन नक्षत्रयुगलों के अलावा और कोई ऐसा नक्षत्रयुगल नहीं है, जहां (जिनके मध्य) राशि–सन्धि घटित हो रही है।

'सूर्यसिद्धान्त' में इन गण्डमूल नामक नक्षत्रयुगलों के पूर्ववर्त्ती नक्षत्रों के अन्तिम चरणों को 'भसन्धि' और परवर्त्ती नक्षत्रों के प्रथम चरणों को 'गण्डान्त' कहा गया है। 'भसन्धि' एवं 'गण्डान्त' में जन्म होना जातक के लिए अशुभ एवं इनमें किया गया शुभकृत्य विफल माना गया है।

यद्यपि इन गण्डमूल नक्षत्रों के 'भसन्धि' एवं गण्डान्त' नामक चरणों में ही जन्म दोषकारक बतलाया गया है, इनके शेष चरणों को निर्दोष कहा गया है– तथापि अनेक मुहूर्त्तशास्त्रियों का परामर्श है, इनके 'इन शेष' तीन–तीन निर्दोषचरणों में उत्पन्न जातक की भी गण्डमूलशान्ति करवा देनी चाहिए क्योंकि दोषपूर्ण 'भसन्धि' और 'गण्डान्त' चरणों के सम्पर्क से इन चरणों में भी कुछ दोष रहता है– ऐसा माना जाता है।

समस्या– कार्त्तिक कृष्ण त्रयोदशी को 'धनतेरस' का पर्व मनाया जाता है। पंचांगकारों में इसकी तिथि (दिन) के बारे में अनेकदा मतभेद देखा गया है। कोई इसे उदयव्यापिनी तिथि में और कोई इससे पहले दिन बतलाते हैं। इसकी यथार्थ तिथि का निर्णय कैसे किया जाना चाहिए ?

मि. संजय पाठक, पंचकूला (हरि.)।

समाधान– व्रतपर्व शास्त्रानुसार शुक्लपक्ष की त्रयोदशी पूर्वविद्धा और कृष्णपक्ष की परविद्धा लेनी चाहिए। यदि वह (कृष्ण त्रयोदशी) परविद्धा न प्राप्त हो तो उसे पूर्वविद्धा ले लेना चाहिए। [" शुक्ल-त्रयोदशी पूर्वा, परा कृष्णत्रयोदशी। अलाभे सापि पूर्वैव ......।"– (*कालमाधव*)] इस शास्त्रनियमानुसार ही धनतेरस का निर्णय करना चाहिए। ध्यान रहे– सूर्योदयानुसार त्रिमुहूर्त्तव्यापिनी (लगभग 6 घटी तक व्याप्त) तिथि परविद्धा होती है। दिनमान को 5 से विभाजित करने पर शुद्ध (वास्तव) त्रिमुहूर्त्त का मान ज्ञात होता है।

कुछ पंचांगकार तो इसतिथि (कार्त्तिक कृष्ण त्रयोदशी) को उदयमात्रव्यापिनी देख कर ही, त्रिमुहूर्त्तन्यून तिथि के दिन ही 'धनतेरस' लिख देते हैं। जो शास्त्रविरुद्ध है।

समस्या– 'वसन्त पञ्चमी' पर्व की तिथि (दिन) का निर्णय कैसे किया जाना चाहिए ? इसकी तिथि के निर्णय में भी पंचांगकारों में अनेकदा मतभेद पाया गया है।

डा. रेणुका जोशी, देहरादून (उ. खं.)।

समाधान– पूर्वाह्ण में व्याप्त माघशुक्ल पंचमी के दिन यह पर्व मनाया जाना चाहिए। यदि पञ्चमी दूसरे ही दिन पूर्वाह्ण में व्याप्त हो तो उसी दिन, यदि वह दोनों दिन पूर्वाह्ण में व्याप्त हो तो इसे पहले ही दिन मनाया जाता है। (' परत्रैव पूर्वाह्णव्याप्तौ परा,अन्यथा पूर्वैव।' –धर्मसिन्धु) दिनमान का पूर्वार्ध ही पूर्वाह्णकाल है।

पाठक ध्यान दें– उदयव्यापिनी तिथि के आधार पर ही किसी व्रतपर्व की तिथि (दिन) का निर्णय पाठक को स्वयं नहीं कर लेना चाहिए, क्योंकि सभी व्रत–पर्वों के कर्मकाल (मध्याह्न, अपराह्ण, सायाह्न, प्रदोष आदि काल– जिसमें व्रत–पर्व के पूजादि अनुष्ठान किए जाते हैं) व्रत–पर्व–शास्त्र में भिन्न–भिन्न बतलाए गए हैं। अपने कर्मकाल में व्रत–पर्व की तिथि की व्याप्ति के आधार पर ही उस व्रत–पर्व के दिन का निर्णय शास्त्र–नियमानुसार करना होता है।

समस्या–(i) 'श्रीमार्त्तण्ड पंचाङ्ग' वैक्रम संवत 2070 (2013–14 ई.) के पृष्ठ 254 पर " विवाह मुहूर्त्त–शोधन में लग्नभंग–परिहार " निश्चितरूप से स्वागतयोग्य संशोधन है। किन्तु विक्रमी संवत् 2069(2011–12) पृष्ठसंख्या ('श्रीमार्त्तण्ड पंचाङ्ग') 259 पर 'श्री मुकेशजैन' द्वारा प्रेषित शंका नं. ii में आप द्वारा दिए गए समाधान में नकारा गया है– इसका क्या कारण था ?

(ii) लग्नभंग के 255 पृष्ठ पर अंकित दस परिहारों में यदि केन्द्र–कोण तथा एकादश भावों में स्थित बु., गु.,शु., चं., सू. तथा लग्नेश यदि नीच राशियों या शत्रु राशि में स्थित हों– तो ऐसी स्थिति में क्या लग्नभंगदोष का परिहार मान लिया जाए ?

(iii) क्या 'जन्मराशि' तथा 'जन्मलग्न' से 'अष्टम लग्नदोष' का परिहार भी उक्त दस परिहारों में से किसी एक की उपलब्धि से सम्भव है ?

श्री दुर्गालाल शर्मा, राजपुरोहित,
किश्तवाड़प्रदेश (जम्मू–काश्मीर राज्य)।

समाधान–(i) हमारा नवार्जित मौलिक ज्ञान अनेकदा पूर्वाजित अपने ही ज्ञान में हमें संशोधन के लिए बाधित करता है। ऐसा हमारे अपने दिव्यद्रष्टा ऋषि–मुनियों एवं आचार्यों में भी हम देखने चले आ रहे हैं। हमारे संस्कृत वैयाकरण आचार्यों में भी ऐसे संशोधनों को प्रमा माना जाता रहा है– " उत्तरोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्।" इस प्रमाणवाक्य का स्पष्ट अभिप्राय यही है-- " उत्तरोत्तरं चिन्तनानां प्रामाण्यम्।"

लग्नभंग परिहारों के बारे में मेरा ज्ञान एकमात्र परम्पराप्राप्तनिर्णयों पर आधारित होने के कारण बुरी तरह अपूर्ण था– यह मुझे मुहूर्त्तग्रन्थों, संहिताओं के गंभीर परिशीलन से जब स्पष्ट हो गया, तब सुदृढ़ प्रमाणों से परिपुष्ट नवज्ञात इस लग्नभंग परिहार सिद्धान्त को मैंने अपने " मुहूर्त्तगजानन " ग्रन्थ के माध्यम से प्रेक्षावान् विद्वानों के सम्मुख उपस्थापित किया। इसे आप जैसे तर्कनिष्ठ विद्वानों ने प्रशस्य माना– यह मेरे मनस्तोष के लिए है।

(ii) इस तरह की असंख्य विषमताओं से ज्योतिष–फलितशास्त्र भरा पड़ा है। ध्यान रहे– परम्परागत लग्नभंग परिहार वाक्य भी इस प्रकार की असमाधेय समस्याओं का शिकार है। मैंने इसका उत्तर " मुहूर्त्तगजानन " के पृष्ठ 145 पर दिया है कि– अपनी बलवत्ता की मात्रा के अनुपात से ही केन्द्र, त्रिकोण, एकादशभावस्थ गुरु आदि ग्रह भग्नलग्न के दोष की न्यूनाधिक मात्रा का परिहार कर सकेंगे। वास्तविकता तो यह है, किसी ग्रह के कुप्रभाव एवं सुप्रभाव की मात्राओं का याथार्थ्येन परिपूर्णतया निर्णय शक्य नहीं है, क्योंकि (यवनेश्वर के शब्दों में) ग्रहों के विविध शुभाशुभ योगायोगों की संख्या " समुद्राम्बुवत् अप्रमेय " है, जिनका विश्लेषण सम्भव नहीं है।

(iii) हां, काफी कुछ सम्भव है। जब दस परिहारों में से प्रत्येक परिहार को लग्नभंग दोषों का परिहारक तथा लग्न का बलाधायक संहिताकारों ने माना है, तब यह इस दोष का भी कुछ परिहार करेगा ही। लग्नभंग–दोष के परिहार का अभिप्राय यही है कि– उस परिहृत–दोष लग्न में विवाहित दम्पती का जीवन यथासम्भव सुख–समृद्धि–सम्पन्न होगा। अतः " जन्मराशि तथा जन्मलग्न से अष्टम लग्न–दोष " को भी उसे कुछ न कुछ परिहृत करना ही चाहिए। वैसे, इस दोष के विशेष परिहार " एकाधिपत्ये राशीशे मैत्रे वा नैष दोषकृत्। " का प्रयोग भी हो सके तो करना चाहिए।

समस्या– कज्जली तृतीया और मुक्ताभरण– ये दो नए व्रत–पर्व कुछ दिनों से Calendars एवं पंचांगों में चर्चित हो रहे हैं। इनके बारे में जानकारी दें कि– ये कब और किस तरह मनाए जाते हैं ?

श्रीसुभाष त्रिवेदी, धौला कुआं, दिल्ली।

समाधान– ये पर्व अभी तक इधर पंजाब आदि में प्रचलित नहीं थे। आजकल Media के प्रचार–प्रसार से इनका अनुष्ठान इधर भी होने लगा है। इनकी तिथि के निर्णय और अनुष्ठान–प्रक्रिया के बारे में इस प्रकार जानिए–

कज्जली तृतीया— यह व्रत परविद्धा भाद्र. कृष्ण तृतीया (शुक्लादि गणितानुसार– श्रावण कृष्ण तृतीया) के दिन किया जाता है। इस व्रत के देवता विष्णु हैं। अतः इस दिन विष्णु की षोडशोपचार पूजा करनी चाहिए। विष्णु–सहस्रनाम–स्तोत्र आदि का पाठ करना भी पुण्यप्रद है।

मुक्ताभरण– पूर्वविद्धा भाद्र. शुक्ल सप्तमी के दिन यह व्रत किया जाता है। इस दिन उमा और शिव की पूजा-अर्चना करनी चाहिए। इसके अनुष्ठान से दीर्घायु–पुत्र की प्राप्ति होती है। इस व्रत को ' सन्तानसप्तमी व्रत ' भी कहा जाता है।

समस्या–(i) एकादशी के दिन चावल नहीं खाने चाहिएं– क्या इस बारे कोई शास्त्रवाक्य है ?

(ii) ग्रहणवेध, ग्रहणशूल. ग्रहणसूतक– क्या परस्पर पर्यायवाची हैं ?

(iii) कंकणग्रहण की आकृति कैसी होती है ? इसे चित्र द्वारा व्यक्त कीजिएगा।

शेर सिंह राणा,
ग्राम रामपुर, रुड़की (हरिद्वार) उ.खं.।

समाधान–(i) " भात या ओदन एकादशी के दिन नहीं खाना चाहिए "– ऐसा कोई स्पष्ट शास्त्रवाक्य मेरी दृष्टि में नहीं आया। हां– " एकादशी में कुछ नहीं खाना चाहिए, उसदिन उपवास रखना चाहिए अन्न नहीं खाना चाहिए"– ऐसे अनेक वाक्य तो शास्त्रों में उपलब्ध हैं, जैसे–

" एकादश्यां न भुञ्जीत पक्षयोरुभयोरपि "

तथा च –

" अन्नमाश्रित्य पापानि तिष्ठन्ति हरिवासरे। " –इत्यादि–इत्यादि।

संस्कृत में ' अन्न ' शब्द का प्रयोग प्राधान्येन गेहूं, जौ, चावल, चना, मूंग आदि अनाजों (Cereals) के लिए ही होता है (जैसे– "अन्नाद् भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः" आदि) इसका प्रयोग " उबले चावल (भात) के लिए भी पाया जाता है।" " वसिष्ठस्मृति " का यह वाक्य देखिए–

" शस्यं क्षेत्रगतं प्रोक्तम् सतुषं धान्यमुच्यते।
आमं तु वितुषं ज्ञेयम् स्विन्नम् अन्नम् उदाहृतम्।।

(अर्थात् खेत में खड़े चावल 'शस्य', तुष (Husk) युक्त 'धान्य', तुषरहित 'आम' और उबले हुए चावल 'अन्न ' कहलाते हैं।

इससे यह प्रतीत होता है कि " अन्नमाश्रित्य पापानि तिष्ठन्ति हरि-वासरे। " इत्यादि वाक्यों में अन्न शब्द का ' भात ' अर्थ, ऐसे पर्वतीय, बंगदेशीय, दक्षिणभारतीय आदि लोगों द्वारा किया गया है, जिनका प्रमुख खाद्य ' भात ' है।

अपि च– वैदिक काल में चावल प्रमुख अन्न रहा है। वैसे– धर्मशास्त्र के असंख्य वाक्य एकादशी में सर्वथा अनशन, उपवास (सभी प्रकार के अनाजों, खाद्यों के त्याग) का ही आदेश देते हैं। धर्मशास्त्र के इन वाक्यों में यह कहीं भी निर्देश नहीं है कि– एकादशी के दिन भात नहीं खाना चाहिए। वे तो भोजन (खाना खाने) का ही स्पष्ट रूप में निषेध करते हैं– " एकादश्यां न भुंजीत पक्षयोरुभयोरपि " – इत्यादि।

अतः स्पष्ट है– जो लोग एकादशी के दिन केवल चावलों कों ही अभक्ष्य मान लेते हैं और शेष गेहूं, जौ, चना, मूंग आदि का भोजन कर लेना शास्त्रविहित समझते हैं, सर्वथा भ्रान्त हैं।

(ii) ये सभी पर्यायवाची शब्द हैं। यहां ' ग्रहणसूतक ' शब्द प्रसवसूतक (प्रसवाशौच) के सादृश्य पर बना है।

(iii) खग्रास सूर्यग्रहण में सूर्यबिम्ब चन्द्रबिम्ब से पूरी तरह ढक जाता है जब कि कंकण ग्रहण में उसे

चन्द्रबिम्ब इस प्रकार ढक पाता है कि– सूर्यबिम्ब बीच में काला और चारों ओर पिघली चान्दी के कंगन की तरह चमकता दीख पड़ता है (नीचे दिए गए चित्र की भान्ति)–

कंकण सूर्यग्रहण

(यहां मध्य में काला चन्द्रबिम्ब है। चारों ओर चमकता कंकणाकृति सूर्यबिम्ब है।)

चन्द्रमा जब पृथ्वी से अधिक दूर (उच्चस्य या उच्चासन्नस्थ) होने के कारण सूर्यबिम्ब से कुछ छोटा दिखाई देता है, तब कंकण ग्रहण घटित हुआ करता है।

समस्या– महर्षि पराशर ने बलवान् शुभग्रहों (गुरु– शुक्र) को केन्द्राधिपत्य–दोष बतलाया है। जातकग्रन्थकारों ने स्वराशिस्थ इनकी केन्द्र में स्थिति बहुत शुभफलप्रद (महापुरुष योगकारक आदि) लिखी है। अतः यदि ये ग्रह केन्द्र में स्वराशिस्थ हों, तब केन्द्राधिपत्य–दोष के कारण पराशर–मतानुसार इनका फल अशुभ और स्वराशिस्थ, केन्द्रगत होने के कारण शुभ– इस प्रकार दोनों अशुभ–शुभफलों का वहां मिश्रण होगा। ऐसी स्थिति में इन परस्पर विरोधी फलों में तारतम्य का निर्धारण कैसे करना होगा ? कृपया स्पष्ट करें।

श्रीमायाधर शर्मा,
ग्राम–कैथो, सपनोट (मण्डी) हि.प्र.।

समाधान– "केन्द्राधिपत्य–दोषस्तु बलवान् गुरु–शुक्रयोः।"– पराशर के इस वाक्य का अर्थ आपने गलत समझा है। यहां "बलवान्" शब्द " केन्द्राधिपत्यदोषः " का विशेषण है, " गुरुशुक्रयोः " का नहीं। अतः इसका वास्तव अर्थ है– " गुरु–शुक्र का केन्द्राधिपत्यजन्यदोष बलवान् (माना गया) है।"

अब रही बात आपकी प्रकृत समस्या के समाधान की। ध्यान रहे– फलितज्योतिष के फलादेशकारक विभिन्न जातक, ताज़िक, अष्टवर्ग, गोचर, नाड़ी आदि पद्धतियों में समन्वय भारी समस्या है दैवज्ञों के लिए। इन पद्धतियों के परस्पर निरपेक्ष, फलादेशसिद्धान्तों में सुस्पष्टता से व्यक्त विरोधों का समाधान दैवज्ञ लोग, अपनी–अपनी चिन्तन शैली से करते चले आ रहे हैं शताब्दियों से, जिसके कारण इनसे प्राप्त फलादेशों में परस्पर वैमत्यों का आजतक कोई स्पष्ट समाधान फलितज्योतिष–जगत् उपलब्ध नहीं कर सका। इसका एकमात्र कारण– इन फलित–पद्धतियों की उपपत्ति-शून्यता (अवैज्ञानिकता) है। इसी लिए इसका " इदमित्थम् " समाधान संभव नहीं है।

किस ग्रह का रत्न धारण करें ?

लेखक–प्रो. प्रियव्रत शर्मा,

[जो ग्रह अशुभ फल करता है, उसकी शान्ति के लिए उसी ग्रह का रत्न पहना जाए– एक मत यह है। कुछ दैवज्ञ इसे नहीं मानते। वे उस ग्रह के रत्नधारण का परामर्श देते हैं, जन्मकुण्डली में जिसकी स्थिति अशुभफलदायी ग्रह के सर्वथा विपरीत तत्सम्बद्ध शुभफल देने वाली है। कौन–से मत को मान्यता दें–अनेक दैवज्ञ इस दुविधा में हैं। यह लेख इस विषय में उनके सन्देह, भ्रान्ति को दूर करेगा।]

दूसरों के भविष्य–पथ को उजागर करने वाले इस ज्योतिःप्रदीप के नीचे भी कम तमस् नहीं है। इसके साहित्य को गंभीरता और अशेषता से स्वाध्याय करने वाला प्रत्येक तर्कशील व्यक्ति पदे–पदे उपलब्ध होने वाले परस्पर विरुद्ध नियमों से झुंझलाकर इस शास्त्र की प्रामाणिकता को सन्देह की दृष्टि से देखने लगता है। नितान्त आश्चर्य की बात तो यह है कि– इन स्पष्ट तथा परस्पर प्रतिकूल नियमों, सिद्धान्तों के समर्थक दैवज्ञों के भिन्न–भिन्न वर्ग, जो संख्या में भी एक दूसरे के वर्ग से प्रतिद्वन्द्विता करते हैं, अपने–अपने मत को प्रतिज्ञापूर्वक प्रामाणिक, विश्वसनीय (यथार्थ फल देने वाला) बतलाते हैं। क्योंकि दोनों वर्गों द्वारा आदिष्ट (Predicted) फलों में समानरूप से अपवाद और सत्यता मिलती है, यही कारण है कि– दोनों वर्गों में से किसी एक की प्रामाणिकता आज शताब्दियों बाद भी अन्तिमरूप से प्रतिष्ठापित नहीं हो सकी है। उनमें मतभेद वैसे का वैसा स्थिर बना हुआ है। ऐसी अनिश्चयात्मक स्थिति में किसी एक मत की प्रामाणिकता सिद्ध करने के लिए शास्त्रवाक्यों का ही अधिकतर सहारा लिया जाता है। जिस पक्ष के समर्थन में अधिकाधिक शास्त्रवाक्य मिलें, उसे प्रामाणिक मानने की भी एक परम्परा है। वराहमिहिर ने फलित नियमों, योगायोगों में इस प्रकार के मतभेदों का निर्णय शास्त्रीय बहुमत से ही करके अपने फलित ग्रन्थ लिखे हैं। यद्यपि बहुमत के आधार पर प्रतिष्ठापित सिद्धान्त सर्वत्र तर्कनिकष पर खरे नहीं उतरते, पुनरपि विकल्पान्तर के अभाव में हम भी निर्धारक अन्य कुछ प्रमाणों, तर्कों के साथ इसका भी प्रयोग एक ऐसे ही विवादास्पद फलितशास्त्रीय विषय के निर्धारण में करेंगे, जो फलितज्ञों को दुविधा में डाले हुए है। वह विषय है–" रत्नधारण। "

दैवज्ञ लोग जब जातक की कुण्डली से किसी भाव पर कुप्रभाव डाल रहे किसी ग्रह को (जो उस भाव का स्वामी, कारक, द्रष्टा या उस भाव से किसी प्रकार सम्बद्ध है) देखते हैं तो वे उस ग्रह के कुफल को शान्त करने के लिए जातक को उस ग्रह का दान–जप करने के साथ–साथ कोई रत्नधारण करने का भी परामर्श देते हैं। कुछ दैवज्ञ उसी ग्रह का रत्न धारण करने का परामर्श देते हैं, जो भाव को साक्षात् दूषित कर रहा हो। उनका मत है कि– वह कुप्रभावी ग्रह अपने रत्न को धारण करने वाले जातक पर सन्तुष्ट होकर अपना कुफल समेट लेता है। दूसरे कुछ दैवज्ञों का मत है कि– कुप्रभावी ग्रह के रत्न के स्थान पर उस ग्रह का रत्न धारण करना चाहिए, कुण्डली में जिसकी स्थिति उस भाव को पुष्ट कर रही हो। इन दैवज्ञों का तर्क है कि– कुफलदायी ग्रह का रत्न धारण करने से तो वह ग्रह बलशाली बनकर उस भाव को और भी कुप्रभावित करेगा। इसलिए उस ग्रह का रत्न नहीं पहनना चाहिए। वे परामर्श देते हैं कि– उस भाव के लिए शुभ स्थिति वाले ग्रह के रत्न को ही धारण करना चाहिए, ताकि वह ग्रह शक्तिशाली होकर भाव को और भी पुष्ट करे। लेकिन उपलब्ध ज्योतिषशास्त्रीय सिद्धान्त के अनुसार उनका यह तर्क ठीक नहीं हैं। क्योंकि ग्रह तभी कुफल देता है जबकि– वह निर्बल स्थिति में हो। प्रबल ग्रह ही शुभफल देता है, भले ही वह क्रूर (पापी) क्यों न हो। नीचस्थ, अस्त, शत्रुराशिस्थ, शत्रुवर्गस्थ, दुःस्थानस्थ, शत्रु–पापदृष्ट ग्रह निर्बल होता है। ऐसा निर्बल ग्रह जिस भाव से सम्बद्ध होगा, उसे दूषित करेगा, उससे सम्बद्ध अशुभ फल देगा। जो ग्रह उच्चस्थ, शुभ/मित्र–ग्रह–दृष्ट–युत, शुभ–मित्रवर्गस्थ होगा, वह बलवान् होगा। ऐसा ग्रह अपने से सम्बद्ध भाव को पुष्ट करता है। उससे सम्बद्ध शुभ फल देता है। अपनी दशा–अन्तर्दशाओं में मंगलकारी माना जाता है। यह नियम शुभ और पापी दोनों प्रकार के ग्रहों के लिए समान है। जातक एवं संहिता–ग्रन्थ इसमें प्रमाण हैं। " पापीग्रह बलवान् होने पर अधिक अशुभ करता है"– इस

आशय के भी कुछ वाक्य हमारे फलित ग्रन्थों में यत्र-तत्र मिलते हैं (शायद इसी के आधार पर अशुभ फलदायी ग्रह के रत्न धारण करने के पक्ष में कुछ दैवज्ञ नहीं हैं)। लेकिन इन वाक्यों का दूसरे ऐसे असंख्य वाक्यों से विरोध पाया जाता है, जो उच्चस्थ, शुभ-मित्र-वर्गस्थ, शुभ-मित्र-दृष्ट-युत, अनस्तंगत, षड्बलयुत पापीग्रहों का दशा-अन्तर्दशा, भाव एवम् राशि में स्थिति का फल पूर्णरूपेण शुभ बतलाते हैं। सबल पापीग्रह की शुभफल देने की शक्ति का निर्देश करने वाले असंख्य वाक्य जातक-मुहूर्त-प्रश्न ग्रन्थों में पदे-पदे मिलते हैं। सभी जातकपद्धतियां भी बली पापग्रह को शुभफलप्रद ही सिद्ध करती हैं। इन ग्रन्थों में बली और निर्बल ग्रहों के क्रमशः शुभ और अशुभ फलों का स्पष्ट निर्देश बतलाता है कि- ग्रह की **"बलशालिता"** का अर्थ है, उसकी **"शुभफल देने की शक्ति"** और **"बलहीनता"** का अर्थ है, उसकी **"शुभफल दे सकने में असमर्थता"**। उदाहरण देखिए- यदि नवमेश (भाग्येश) चाहे वह मंगल (क्रूरग्रह) हो या गुरु (शुभग्रह) नीच राशि में स्थित, अस्त, शत्रुवर्गगत, शत्रुदृष्ट हो तो वह निर्बल ही होगा। ऐसा भाग्येश जातक को भाग्यहीन ही बनाएगा। यदि वह भाग्येश उच्चराशिस्थ, मूलत्रिकोणगत, उदित, मित्र-शुभवर्गस्थ, शुभ-मित्रदृष्ट, त्रिकोणगत होगा तो वह बलवान् होगा। ऐसा बलवान् भाग्येश जातक को सौभाग्यशाली बनाएगा। इससे यह स्पष्ट है कि- किसी भी भाव का शुभ या अशुभ फल उस भाव के स्वामी की (चाहे वह पापी हो या शुभ ग्रह) क्रमशः सबलता और निर्बलता पर ही आधारित है। ग्रह जितना अधिक निर्बल या सबल होगा, उस द्वारा उत्पन्न फल क्रमशः उतना ही अधिक अशुभ या शुभ होगा। सभी जातक एवम् संहिता ग्रन्थ निरपवादरूप से इसी सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हैं। इस प्रकार स्पष्ट है-" **कुफलप्रद ग्रह के रत्न धारण से वह ग्रह बलशाली होकर कुफल की वृद्धि करता है"**- यह आशंका सर्वथा विपरीत चिन्तन का परिणाम है। इस प्रकार की कल्पना ज्योतिषशास्त्र के प्रणेता ऋषियों, मुनियों द्वारा प्रतिपादित ग्रहसम्बन्धी शुभाशुभ फल के निर्धारक मूलभूत सिद्धान्तों के सर्वथा प्रतिकूल है।

अपि च- ग्रह के कुफल की शान्ति के लिए हमारे ज्योतिषशास्त्र तथा कर्मकाण्ड में ग्रह के जप, पाठ, दान का प्रचुर निर्देश है। सभी दैवज्ञ जानते हैं कि- यह जप, दान, पाठ उसी ग्रह के लिए किया जाता है, जो निर्बल होता है, जो जातक की कुण्डली में नीचादि स्थिति आदि के कारण किसी भावविशेष को दूषित कर रहा होता है। इस प्रकार के अनुष्ठान में कुफलप्रद ग्रह के ही मन्त्रों का जप, पाठ और तत्सम्बद्ध धान्य, स्वर्ण, रत्न आदि का ही दान किया जाता है।

प्रमाणार्थ **'ज्योतिर्निबन्ध'** के ये कुछ वाक्य देखिए, जहां निर्देश है कि- अमुक दुष्ट (दोष-युक्त=कुफलप्रद) ग्रह से उत्पन्न अरिष्ट (कुफल या क्लेश) की निवृत्ति के लिए यह दान करना चाहिए।

इस ग्रन्थ के इस वाक्य में उस सूर्य के लिए लाल वस्त्र, गुड़, स्वर्ण, ताम्बा और माणिक्य रत्न आदि का दान लिखा है, जो जन्मकुण्डली में सदोष स्थिति वाला (दुष्ट=कुफलदायी) हो-

" कौसुम्भवस्त्रं गुड़ -हेमताम्रं माणिक्य-गोधूम-हिरण्य-पद्मम्।
सवत्सगोदानमिति प्रणीतं - दुष्टाय सूर्याय मसूरिकाश्च।।"

इस ग्रन्थ का यह पद्य बतलाता है कि- चन्द्रमा से उत्पन्न अरिष्ट (कुफल) को शान्त करने के लिए घृत, कलश, श्वेत वस्त्र, मोती आदि का दान करना चाहिए-

" घृतकलशं सितवस्त्रं दधि-शंख-मौक्तिक-सुवर्णञ्च।
रजतं च शंखं दद्याच्चन्द्रारिष्टोपशान्तये।।"

इसी ग्रन्थ का यह श्लोक दुष्ट (दोषकारक) मंगल को संतुष्ट करने के लिए मूंगा, गोधूम आदि दान का निर्देश करता है-

" प्रवाल-गोधूम-मसूरिकाश्च वृषश्च ताम्रं करवीरपुष्पम्।
आरक्तवस्त्रं गुड-हेमताम्रं दुष्टाय भौमाय सचन्दनञ्च।।"

इस प्रकार अन्य दोषकारक ग्रहों के दान भी इस ग्रन्थ में लिखे हैं।

अन्य अनेक ज्योतिष–ग्रन्थों में जहां इसी प्रकार जातक की कुण्डली में दुःस्थिति के कारण कुफल–दायी सूर्यादि ग्रहों को प्रसन्न करने के लिए तत्तद्ग्रहों से सम्बद्ध माणिक्य आदि रत्नों तथा अन्य पदार्थों का दान करने के लिए जातक को निर्देश दिए गए हैं, वहां साथ यह भी लिखा है कि– इन कुफलप्रद ग्रहों की सन्तुष्टि के लिए इनके माणिक्य आदि रत्नों का दान ही नहीं, अपितु जातक को इन ग्रहों से सम्बद्ध ये रत्न आदि पदार्थ, जो शरीर पर धारण किए जा सकें, स्वयं भी धारण करने चाहिएं–

"यद् यद् ग्रहस्य यद्द्रव्यं तत्तस्मिन् विषमे स्थिते।
दद्यात्सत्कृत्य–विप्रेभ्यः स्वयं च बिभृयात्ततः।।"

[अर्थात् जो ग्रह कुण्डली में विषम स्थिति वाला (दोषकारक) हो, उस ग्रह के लिए शास्त्रों में बतलाए गए माणिक्य आदि रत्न, रक्त, पीत आदि वस्त्र, स्वर्ण, रजत आदि धातुओं का जातक दान भी करे और उन्हें स्वयं भी अपने शरीर पर धारण करें।]

"ज्योतिषतत्त्व–सुधार्णव" का यह वाक्य भी स्पष्ट कहता है कि– जब सूर्य आदि विगुण (सदोष = कुफलप्रद) हों तब उनकी शान्ति के लिए क्रमशः माणिक्य, वैडूर्य, मूंगा, पद्मराग, मोती, हीरा, नीलम, गोमेद और मरकत धारण करना चाहिए–

" माणिक्यं विगुणे सूर्ये वैडूर्यं शशलाच्छने।
प्रवालं भूमिपुत्रे च पद्मरागं शशांकजे।।
गुरौ मुक्तां भृगौ वज्रं इन्द्रनीलं शनैश्चरे।
राहौ गोमेदकं धार्यं केतौ मारकतं तथा।।"

(यहां चन्द्र, गुरु और केतु के रत्न प्रचलित रत्नों से भिन्न लिखे गए हैं, अन्य कई ग्रन्थों में इस प्रकार की भिन्नता मिलती है।)

कालिदास ने भी " ज्योतिर्विदाभरण" में रुष्ट सूर्यादि ग्रहों की तुष्टि के लिए उनके रत्न और धातुओं को धारण करने का जातक को इस पद्य में परामर्श दिया है–

" आरेनयोः विद्रुममिन्दु–धिष्ण्ययोः तारं विदः कर्बुरमिन्द्रमन्त्रिणः।
मुक्ताफलं धार्यमयश्च तुष्टये यमस्य लाजावलयं किलान्ययोः ।।"

(अर्थात्– मंगल, सूर्य की तुष्टि के लिए मूंगा; चन्द्र, शुक्र के लिए चान्दी; बुध के लिए सोना; गुरु के लिए मोती; शनि के लिए लोहा और राहु–केतु के लिए लाजावर्त धारण करना चाहिए।)

कश्यप ऋषि भी दोषकारक सूर्यादि की संतुष्टि के लिए उनके माणिक्य आदि धारण करने का परामर्श इस प्रकार देते हैं–

"सूर्यादीनां च सन्तुष्ट्यै माणिक्यं मौक्तिकं तथा
सुविद्रुमं मारकतं पुष्परागं च वज्रकम्।
नील–गोमेद–वैदूर्यं धार्यं स्व–स्व–दृढक्रमात्।।"

सुप्रसिद्ध ज्योतिर्विद् श्रीपति भी अशुभ फल देने वाले ग्रहों का रोष शान्त करने के लिए उनके अपने–अपने रत्नों के धारण करने का सुझाव देते हैं–

" धार्यं तुष्ट्यै विद्रुमं भौम–भान्वोः।
रूप्यं शुक्रेन्द्वोश्च हेमेन्दुजस्य।।
मुक्ता सूरेः लौहमर्कात्मजस्य।
लाजावर्त्तः कीर्तितः शेषयोश्च।।"

(इस श्लोक का अर्थ वही है, जो ऊपर उदधृत " ज्योतिर्विदाभरण" के पद्य का है।)

इस तरह अन्य सभी भारतीय ज्योतिष–ग्रन्थों में जहां ग्रह के अशुभ फल निवारण के प्रतीकार की बात चर्चित है, निरपवादरूप से यही निर्देश दिया गया है कि– जातक को क्लेशप्रद ग्रह से सम्बद्ध रत्न धारण तथा उस ग्रह के निमित मन्त्र जप–दान करना चाहिए। उस अशुभ फल के विपरीत शुभफल देने वाली स्थिति वाले ग्रह का रत्न धारण कर उसके निमित मन्त्रजप, दान द्वारा शुभफल प्राप्त करने की बात तो उन प्राचीन भारतीय फलित (जातक, मुहूर्त्त, संहिता, प्रश्न आदि) के किसी भी ग्रन्थ में नहीं मिलती।

किंच– विवाह आदि शुभ मंगलकृत्यों के मुहूर्तकाल में भी यदि कोई ग्रह लग्न को दूषित कर रहा होता है (जैसे विवाहलग्न में सप्तमस्थ चन्द्र–गुरु, द्वादशस्थ शनि आदि तथा यात्रा में सम्मुख शुक्र आदि), तब उसी दोषकारक गुरु–चन्द्र–शनि–शुक्रादि का ही दान–पूजा करने का शास्त्रीय विधान है। मुहूर्त्त के समय इनसे उत्पन्न दोष के प्रतिकूल शुभफल देने वाले ग्रहों की वहां पूजा करने का कोई निर्देश नहीं है।

अपि च–**"अनिष्टकारी ग्रह का रत्न धारण करने से वह ग्रह बलशाली बन कर और भी अधिक अनिष्ट करेगा"**– जो लोग यह मत रखते हैं, उनके इस मतानुसार तो अनिष्टकारी ग्रह का मन्त्र–जप, पूजा और दान भी उस ग्रह को बलशाली बनाकर उसके अनिष्टफल की वृद्धि का कारण ही बनेगा। लेकिन ध्यान रहे– अनिष्ट फलप्रद ग्रहों को उनके मन्त्रजाप आदि द्वारा अनुकूल बनाने की इस प्रक्रिया को सर्वथा विपरीत फलकारी बतलाने का एक मात्र अभिप्राय यह होगा कि– भारतीय ज्योतिष एक प्रवंचनाशास्त्र है, जो शताब्दियों, सहस्राब्दियों से लोगों को ग्रहपीड़ानिवारण के लिए इस प्रकार के प्रतीकार का परामर्श देता और उनसे ये प्रतिकार करवाता भी चला आ रहा है। **" यह प्रतिकार–पद्धति सर्वथा विपरीत फलप्रद है"**– यह कोई भी भारतीय दैवज्ञ एवम् ज्योतिष पर आस्था रखने वाला सामान्य–जन भी सोच नहीं सकता, क्योंकि भारतीय ज्योतिष –साहित्य इस प्रकार की प्रतिकार–प्रक्रिया द्वारा ही ग्रहों के अनुग्रह की उपलब्धि पर विश्वास रखता है। इस प्रकार के और भी असंख्य ऐसे प्रमाण भारतीय ज्योतिष–ग्रन्थों से उद्धृत किए जा सकते हैं, जो रत्नधारण, दान, जप आदि द्वारा अशुभ–फलप्रद ग्रह को संतुष्ट करने के सिद्धान्त का एक–स्वर से समर्थन करते हैं। जिनसे यह सर्वथा प्रमाणित हो जाता है कि– **" दुष्ट ग्रह के रत्नधारण से उसके कुफल की वृद्धि होती है"**– यह एक निर्मूल एवम् भ्रामक तथाकथित सिद्धान्त है।

शुभफल देने वाले ग्रह का रत्न धारण करने से शुभफल की वृद्धि होती है– इस सिद्धान्त का भी प्रतिवाद नहीं किया जा सकता। क्योंकि ग्रह भी अपनी पूजा, मन्त्रजप, दान तथा अपने रत्न के धारण से प्रसन्न या बलवान् होकर जातक के प्रति कृपावान् हो जाते हैं– यह बात शास्त्रों द्वारा प्रतिपादित है। जब रुष्ट (कुफलदायी) ग्रह जातक द्वारा किए गए मन्त्रजप, दान तथा रत्न–धारण से संतुष्ट होकर उसे सुफल देने में प्रवृत्त हो जाते हैं तो **'समान न्याय'** से शुभफलदायक ग्रहों को भी जातक द्वारा किए गए स्वमन्त्रजप, दान तथा स्वरत्न–धारण से संतुष्ट होकर जातक को स्वसम्बद्ध शुभफल और भी अधिक मात्रा में देने के लिए प्रवृत्त होना ही चाहिए– इस सिद्धान्त का भी हमारे शास्त्र समर्थन करते हैं। यही कारण है कि– **सभी मांगलिक कृत्यों के प्रारम्भ में नवग्रहपूजन हमारी परम्परा का एक अंग है।** इस नवग्रहपूजा का उद्देश्य यही है कि– कुफलदायी ग्रह प्रसन्न होकर सुफल दें और सुफलदायी ग्रह प्रसन्न होकर अपने सुफल में और वृद्धि करें।

हमारे ज्योतिर्ग्रन्थों में नवरत्न–मुद्रिका–धारण का निर्देश भी इसी उद्देश्य से किया गया है कि– इसके धारण से जातक की कुण्डली में दुःस्थिति वाले ग्रहों के अशुभफल निवृत्त और सुस्थिति वाले ग्रहों के सुफल प्रवृद्ध हों। यदि दुःस्थिति वाले ग्रह का रत्न धारण करने से उसके कुफल की वृद्धि का वह तथाकथित सिद्धान्त यथार्थ होता तो नवरत्नमुद्रिका–धारण का परामर्श हमारे शास्त्र न देते, क्योंकि इस मुद्रिका में कुफलदायी ग्रहों के रत्न भी तो समाविष्ट होते हैं। मेरा विचार है कि– जो लोग ग्रहों द्वारा उत्पादित कुफल और सुफल की रत्नधारण द्वारा निवृति और प्रवृत्ति पर विश्वास रखते हैं, उन्हें नवरत्न–मुद्रिका ही धारण करनी चाहिए। राजा लोग अपने आभूषणों और मुकुट में नवरत्न इसीलिए तो जड़ाते थे।

दूषित भाव और दूषक ग्रह के लिए रत्नधारण के बारे में कुछ परामर्श–

कई बार एक ही भाव को अनेक ग्रह दूषित करते हैं। ऐसी स्थिति में भाव को सर्वाधिक दूषित करने वाले ग्रह का रत्न धारण करना तो अनिवार्य है ही, इसके साथ ही दूषित भाव के स्वामी ग्रह का भी रत्न यदि जातक पहिने तो परिणाम द्रुत एवम् अधिक अच्छा होगा। यदि कोई जातक अनेक रत्नों को धारण करने से संकोच नहीं करता तो उसे उस भाव के कारक–ग्रह का रत्न भी पहिनना चाहिए, क्योंकि भाव के शुभ–अशुभ फल का सर्वाधिक उत्तरदायित्व भावेश और भावकारक– दोनों की सबलता और निर्बलता पर निर्भर करता है।

रत्न कब धारण करना चाहिए– इसका निर्णय भावों की प्रकृति पर निर्भर करता है। भाव दो प्रकार के हैं– कुछ भावों का सम्बन्ध जातक के समस्त जीवन से (जन्म से मरणपर्यन्त) रहता है। कुछ भाव उसकी (जातक की) आयु, व्यवसाय, स्थिति तथा उसके जीवन की किसी घटना–विशेष से सम्बन्ध रखते हैं।

पहले प्रकार के भावों में लग्न, भाग्य और मृत्यु भाव आते हैं। क्योंकि आरोग्य, सम्पन्नता, यश–प्रतिष्ठा और दीर्घायु– ये सभी जातक के लिए आजीवन अपेक्षित हैं। इन भावों को दूषित करने वाले ग्रह और इन भावों के स्वामी एवम् कारक ग्रहों के रत्न जातक को बाल्यावस्था से ही धारण कर लेने चाहिएं। "ग्रहों का प्रभाव उनकी दशान्तरदशा में विशेष रूप से होता है।" इस में सन्देह नहीं है। लेकिन अन्य ग्रहों की महादशा में आने वाली अपनी अन्तर्दशा, प्रत्यन्तर्दशा और सूक्ष्म दशाओं में भी दूषक ग्रह अपना कुप्रभाव जातक पर डालते रहते हैं और ये अल्पकालीन प्रत्यन्तर्दशा एवम् सूक्ष्म दशाएं तो थोड़े–थोड़े अन्तराल पर घटित होती ही रहती हैं। अतः जातक को दोषी ग्रह की इन कुफलप्रद छोटी–छोटी कालावधियों में अपने आपको सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सतर्कता की दृष्टि से उनके रत्न हमेशा पहिने रहना चाहिए। यही कारण है कि–लग्न आदि आजीवन प्रभावी भावों के लिए रत्न भी आजीवन पहिनना हितकर है।

लग्न, भाग्य और मृत्यु भावों के अलावा शेष लगभग सभी भाव दूसरे प्रकार में आते हैं। यदि ये भाव दूषित हों तो जातक को उसी आयु, स्थिति आदि के समय में ही इनसे सम्बद्ध दोषपूर्ण ग्रहों के रत्न धारण करने चाहिएं, जब इन भावों के फल विशेषतः अपेक्षित हों। उदाहरणार्थ– यदि शिक्षासम्बन्धी भाव, ग्रह शिथिल है तो 5–6 वर्ष की अवस्था में ही तत्सम्बद्ध रत्न जातक को पहिना देना चाहिए। यदि सन्तान भाव ठीक नहीं है तो सन्तान के प्रतिबन्धक ग्रह का रत्न विवाह से कुछ पूर्व या अनन्तर पहिनना युक्ति–युक्त होगा। यदि एकादश (आय) भाव निर्बल है तो उससे सम्बद्ध ग्रह का रत्न व्यवसाय प्रारम्भ करने से पहले धारण करना लाभप्रद होगा। इस प्रकार दैवज्ञ को स्वबुद्धया रत्नधारण–सम्बन्धी निर्णय लेने चाहिएं।

सामान्यतः लगभग 50 प्रतिशत भाव अनेक जातकों के कुछ न कुछ दूषित या निर्बल होते ही हैं। वे यदि एक ही भाव के लिए दो–दो रत्न भी पहिनें तो सभी अंगुलियां रत्नमुद्रिकाओं से भर जाएंगी, जो देखने वालों को शायद रुचिकर न लगें। इसका एकमात्र प्रतिकार नवरत्न–मुद्रिका ही है, लेकिन यह सम्पन्न जातकों के लिए ही साध्य है।

हां, जो अर्थाभाव के कारण रत्न नहीं पहन सकते, वे उन ग्रहों को उनके मन्त्रजाप द्वारा भी अनुकूल बना सकते हैं– शास्त्र इसमें प्रमाण हैं। रत्नधारण के साथ–साथ यदि ग्रह के मन्त्र का जाप भी जातक करे तो परिणाम और भी अच्छा होगा।

दशाप्रारम्भ का सूक्ष्म काल

लेखक– प्रियव्रत शर्मा,

[दशा की प्रारम्भकालिक लग्नकुण्डली में दशेश आदि की शुभाशुभ स्थिति के आधार पर दशा का शुभाशुभ फल प्रभावित होता है,–ऐसा 'वराहमिहिर' आदि का मत है। दशा की प्रारम्भकालिक कुण्डली बनाने के लिए दशा के प्रारभ होने (दशाप्रवेश) का काल सूक्ष्म (सर्वथा शुद्ध) होना चाहिए। जन्मपत्रियों में दशाओं के जो प्रारम्भकाल दैवज्ञों द्वारा परम्परया लिखे जाते हैं, उनमें घण्टा–मिनटों या घड़ी–पलों तक की सूक्ष्मता की तो बात छोड़िये, दिन तक की भी सूक्ष्मता नहीं होती। यद्यपि मेरा मत है (जोकि सिद्धान्तानुसार संगत भी है), कि दशा–प्रवेशकाल में क्रियात्मकरूप से इतनी सूक्ष्मता लाना लगभग असम्भव है*, पुनरपि यहां गणित द्वारा इसका सूक्ष्मकाल जानने की यथार्थ पद्धति, जिसे मौलिक रूप से मैंने ज्ञात किया है, दे रहा हूँ। इससे उन पाठकों को भी सान्तवना मिलेगी, जो दशाप्रवेशकाल को परम सूक्ष्मता से जानने के लिए मुझे पत्र लिखते रहे हैं।]

जन्मकालिक नक्षत्र के भुक्तकाल (भयात) को जन्मकालिक दशेश के पूर्ण दशावर्षों से गुणाकर भभोग से भाग देकर पांच लब्धियां (क्रमशः वर्ष, मास, दिन, घड़ी, पल) प्राप्त करें। यह जन्मकालिक दशेश की दशा का भुक्तकाल होगा। इसे जन्मकालीन दशेश के पूर्ण दशावर्षों में से घटाने पर शेष वर्ष, मास, दिन, घड़ी, पल उस (जन्मकालीन) दशेश की दशा के जन्मकालीन भोग्यवर्ष आदि होंगे⬟। इन्हें जन्मकालिक विक्रमसंवत्◈ और जन्मकालिक स्पष्टसूर्य के राशि, अंश, कला, विकलाओं में क्रमशः जोड़ दें। (अर्थात्– वि. संवत् में भोग्य वर्ष और जन्मकालिक स्पष्ट सूर्य के राशि, अंश, कला, विकलाओं में क्रमशः भोग्यमास–दिन–घड़ी–पल जोड़ दें)। यहां जोड़ करते समय जन्मकालिक स्पष्टसूर्य के राशि, अंश, कला, विकलाओं को क्रमशः मास, दिन, घड़ी, पल मानना होगा– यह ध्यान रहे। इस प्रकार जो योगफल प्राप्त

---

* *अपने इस मत का प्रतिपादन मैंने इस लेख के अन्त में किया है, उसे पढ़िए।*

⬟ *यहां पाठक को यह बतला देना आवश्यक है कि– सूर्य आदि के दशावर्ष (6, 10 आदि) सौर वर्ष हैं। सूर्य का भगणकाल (12 राशियों का भोगकाल) सौर वर्ष कहलाता है। उदाहरणार्थ– " चन्द्रमा के दशावर्ष 10 हैं–" इसका अभिप्राय है कि-चन्द्रमा के दशाकाल में सूर्य 10 भगण पूरे करता है (अर्थात 12 राशियों को 10 बार भोगता है)। यहां यह भी समझ लेना चाहिए कि– सूर्य द्वारा 1 राशि का भोगकाल एक सौरमास, 1 अंश का भोगकाल 1 सौरदिन, 1 कला का भोगकाल 1 सौर घड़ी और 1 विकला का भोगकाल 1 सौरपल होता है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि– भुक्त–भोग्य दशा के जो वर्ष, मास, दिन, घड़ी, पल भयात, भभोग द्वारा उपरोक्त गणित से प्राप्त होते हैं, वे क्रमशः सूर्य के भुक्त–भोग्य वर्ष (भगण) राशि, अंश, कला, विकलाएं ही होती हैं। जैसे– यहां आगे दिए गए उदाहरण में जातक के जन्म के समय गुरु की दशा का भुक्तकाल 4 वर्ष, 8 मास, 2 दिन, 38 घड़ी, 44 पल है। इसका अभिप्राय है कि– जातक के जन्म के समय गुरु की दशा की उतनी अवधि बीत चुकी है, जितनी अवधि में सूर्य 4 भगण, 8 राशि, 2 अंश, 38 कला और 44 विकला पार कर जाता है। इसी तरह यहां जन्म के समय गुरु की भोग्यदशा 11 वर्ष, 3 मास, 27 दिन, 21, घड़ी, 16 पल है। इसका अभिप्राय है कि– जन्म के समय गुरु की दशा की उतनी अवधि शेष है, जितनी अवधि में सूर्य 11 भगण, 3 राशि, 27 अंश, 21 कला और 16 विकलाएं भोगता है। ध्यान रहे– दशा के भुक्त, भोग्यसाधन की प्रक्रिया से प्राप्त सूर्य के भुक्त–भोग्य भगण, राशि, अंश, कला, विकलाओं को दैवज्ञ लोग क्रमशः वर्ष, मास, दिन, घड़ी, पल ही कहा करते हैं, जो ठीक ही है। क्योंकि दशा के भुक्त–भोग्य का यह काल सौर वर्ष, मास आदि ही तो है। हमने भी इस लेख में इसे गणितप्रक्रिया के लिए अनेकत्र वर्ष, मास आदि ही लिखा है।*

◈ *यहां सर्वत्र विक्रम संवत् का प्रारम्भ मेषसंक्रान्तिकाल से ही माना जाएगा, चैत्र शुक्ल–प्रतिपदा से नहीं, यह ध्यान रहे।*

होगा, वह जन्मकालिक दशेश की दशा का समाप्तिकालिक क्रमशः वि. संवत् और स्पष्ट सूर्य की राशि, अंश, कला, विकलाएं होंगी।※ इस (जन्मकालिक दशेश के दशा-समाप्तिकालिक) विक्रम संवत् में परवर्ती दशेशों के पूर्ण दशावर्षों को उत्तरोत्तर यथाक्रम जोड़ देने पर शेष सभी दशेशों की दशाओं के समाप्तिकालीन वि. संवत् प्राप्त हो जाएंगे। ध्यान रहे– इन सभी दशाओं के समाप्ति के समय स्पष्टसूर्य के राश्यादि ठीक वही होंगे, जो जन्मकालीन दशेश की दशा की समाप्ति के समय हैं। नीचे दिया गया उदाहरण देखिए–

9 मार्च, 1997 ई. (वि. सं. 2053) को प्रातः 5 घं. 30 मि. (भा.स्टैं.टा.) पर किसी जातक का जन्म हुआ, जबकि स्पष्टसूर्य 10 रा. 24 अं. 38 कला 25 वि. था। इसके जन्म के समय पू.भा. नक्षत्र और भभोग 21घं. 10 मि.(=1270 मि.) तथा भयात 6 घं. 11 मि.(=371 मि.) था। इसका जन्मकालिक दशेश गुरु है। गुरु के दशावर्षों(16) को भयात (371 मि.) से गुणा करके भभोग (1270 मि.) से भाग देकर पांच लब्धियां क्रमशः 4 वर्ष, 8 मास, 2 दिन, 38 घड़ी, 44 पल मिले। यह जातक के जन्म के समय गुरु की भुक्त दशा है। इसे गुरु के दशावर्षों(16) में से घटाने पर 11 वर्ष, 3 मास, 27 दिन, 21 घड़ी, 16 पल मिले। ये जन्म के समय गुरु की भोग्यदशा है। दशा के इन भोग्य वर्ष, मास, दिन, घड़ी, पलों को जन्मकालिक वि. संवत् 2053 और स्पष्टसूर्य के राश्यादि 10/24/38/25 यानि (10 मास, 24 दिन, 38 घड़ी, 25 पल) में क्रमशः जोड़ देने पर योगफल 2065/2/21/59/41 मिला। जैसे–

वर्ष	मास	दिन	घड़ी	पल
2053	10	24	38	25
+ 11	3	27	21	16
2065	2	21	59	41

इसका अभिप्राय यह हुआ कि–वि. सं. 2065 में जब स्पष्टसूर्य के राश्यादि 2/21/59/41 होंगे, ठीक उसी समय गुरु की दशा समाप्त हो जाएगी। अब गुरु से अग्रिम दशेशों (शनि, बुध, केतु, शुक्र आदि) के दशावर्षों (19, 17, 7, 20 आदि) को गुरुदशा की समाप्ति के वर्ष 2065(वि. सं.) में क्रमशः उत्तरोत्तर जोड़ देने पर शनि आदि की दशाओं के समाप्तिवर्ष (वि. सं.) क्रमशः 2084, 2101, 2108, 2128 आदि ज्ञात हो गए। यहां प्रत्येक ग्रह की दशा की समाप्ति के समय स्पष्ट सूर्य के राश्यादि 2/21/59/41 ही होंगे,– यह तो पूर्वोक्त निर्देशानुसार स्पष्ट ही है। इसे हम चक्र द्वारा इस भान्ति दर्सा सकते हैं:–

दशासमाप्ति–कालिक वर्ष और स्पष्टसूर्य

[(जन्मतारीख 9/3/97, समय प्रातः 5 घं. 30 मि.(भा.स्टैं.टा.)]

दशेश		गुरु	शनि	बुध	केतु	शुक्र	सूर्य	चन्द्र	मंगल
दशासमाप्तिवर्ष वि. संवत्)		2065	2084	2101	2108	2128	2134	2144	2151
दशासमाप्ति के समय स्पष्टसूर्य	रा.	2	2	2	2	2	2	2	2
	अं.	21	21	21	21	21	21	21	21
	क.	59	59	59	59	59	59	59	59
	वि.	41	41	41	41	41	41	41	41

※ *ध्यान दें– यहां दशा के भोग्यकाल (वर्ष आदि) में जन्मकालिक वि. संवत् और स्पष्टसूर्य को जोड़ते समय हमने स्पष्टसूर्य की राशि, अंश, कला, विकलाओं को यद्यपि क्रमशः मास, दिन, घड़ी, पल माना है, लेकिन यहां इनके योगफल को हमें स्पष्टसूर्य के राशि, अंश, कला, विकला ही मानना होगा।*

इस प्रकार प्रत्येक दशा की समाप्ति का वर्ष तो स्पष्टतया ज्ञात हो ही जाता है, लेकिन इनकी समाप्ति का दिन (तारीख) व काल (घं. मि.) तभी मालूम हो सकेगा, जब हम यह ज्ञात कर लें कि– दशा–समाप्तिकालीन स्पष्ट सूर्य (जो सभी दशाओं की समाप्ति के समय समान है), इन भिन्न–भिन्न दशावर्षों में कब–कब(किन–किन तारीखों को किस–किस समय) होगा। इसे ज्ञात करने की विधि इस प्रकार है– जातक के जन्म के ईस्वी सन्[■] से पूर्ववर्ती ई. सन् के पंचांग में दिए गए दैनिक स्पष्ट ग्रहों में देखिए कि– हमारा दशासमाप्ति–कालीन स्पष्टसूर्य वहां किन दो पंक्तियों[◆] के मध्य पड़ता है। इन दोनों पंक्तियों वाले स्पष्टसूर्य के राश्यादि का अन्तर कीजिए (अर्थात् सूर्य की गति निकालिए)। प्रथम पंक्ति के स्पष्टसूर्य का दशा–समाप्तिकालीन स्पष्टसूर्य से अन्तर कीजिए। इस अन्तर को 24 से गुणा करके सूर्यगति से भाग देकर दो लब्धियां (घं. मि.) प्राप्त कीजिए। इन्हें प्रथम पंक्ति के वार[◆] तथा काल (घं. मि.) में जोड़िए। इससे जो वार घं. मि. प्राप्त होंगे, उनमें 1 वार, 6 घं. 9 मि. जोड़ दें। इससे प्राप्त योगफल (वा.घं. मि.) में **'प्रथम दशा की वर्षसंख्या'*** द्वारा दशा–समाप्तिकाल–कोष्ठक से प्राप्त वार, घं. मि. जोड़ देने पर जन्मकालीन दशेश की दशासमाप्ति का वार और काल (घं. मि.) प्राप्त हो जाएंगे। इसमें जन्मकालीन दशेश से अग्रिम (क्रमानुसार परवर्त्ती) दशेश की दशा की वर्षसंख्या द्वारा **"दशा–समाप्तिकाल कोष्ठक"** से ही प्राप्त वार, घं. मि. जोड़ देने पर उस परवर्त्ती दशेश की दशासमाप्ति का वार और काल मालूम हो जाएगा। इसी प्रकार क्रमानुसार उससे परवर्ती शेष दशेशों की दशाओं की वर्षसंख्याओं द्वारा इसी कोष्ठक से प्राप्त वार, घं. मि. को उत्तरोत्तर जोड़ते हुए उनकी दशाओं के समाप्तिकालीन वार, घं. मि. (काल) भी मालूम कर लेने चाहिएं।

दशासमाप्ति–काल कोष्ठक

वर्ष–संख्या	वार	घं.	मि.	वर्ष–संख्या	वार	घं.	मि.	वर्ष–संख्या	वार	घं.	मि.
0	0	00	00	8	3	01	13	16	6	02	27
1	1	6	9	9	4	07	22	17	0	08	36
2	2	12	18	10	5	13	32	18	1	14	45
3	3	18	27	11	6	19	41	19	2	20	54
4	5	00	37	12	1	01	50	20	4	03	03
5	6	06	46	13	2	07	59				
6	0	12	55	14	3	14	08				
7	1	19	04	15	4	20	17				

आगे उदाहरण देखिए–इस उदाहरण से आप इस गणितप्रक्रिया को अत्यन्त सहजता से जान लेंगे।

■ *क्योंकि ईस्वी सन् जनवरी आदि मास व स्टैं. टा. का ही प्रयोग सर्वसाधारण द्वारा किया जाता है और इससे गणितप्रक्रिया कुछ सहज भी हो जाती है, अतः अब हम वि. संवत् तथा चैत्र आदि मास व घड़ी–पलों की जगह ई. सन्, जनवरी आदि मास तथा स्टैं. टा. में ही दशाओं का समाप्तिकाल निकालेंगे।*

◆ *स्पष्टग्रह पंचांग में जिस दिन (तारीख) का दिया होता है, उस दिन (तारीख) को ग्रह की पंक्ति कहते हैं। पंक्ति के ग्रह पंचांग में जिस समय के दिए रहते हैं, उस समय को 'पंक्तिकाल' कहते हैं। जैसे– **'श्रीमार्तण्ड पंचांग'** में दैनिक स्पष्टग्रह प्रातः 5 घण्टा 30 मिनट के दिए रहते हैं, अतः यहां 'पंक्तिकाल' प्रातः 5 घं. 30 मि.है।*

◆ *यहां वार सर्वत्र पाश्चात्य पद्धति वाला (रात्रि के 12 बजे बदलने वाला) ही लिया जाएगा।*

* *जन्मकालीन दशेश की दशा के समाप्तिकालीन ई. सन् और जन्मकालीन ई. सन् के अन्तर को यहां "प्रथम दशा की वर्षसंख्या" लिखा गया है।*

हमारे उदाहरण में जन्म के ई. सन् 1997 से पूर्ववर्ती ई. सन् 1996 है। इस वर्ष के (ई. सन् 1996 वाले) पंचांग में हमारा दशा–समाप्तिकालीन स्पष्टसूर्य 2/21/59/41 (राश्यादि) 7 और 8 जुलाई वाली पंक्तियों के बीच पड़ता है।⊕ इन दोनों पंक्तियों वाले स्पष्टसूर्य के राश्यादि का अन्तर (सूर्यगति) 57/12 (कलादि) है। प्रथम पंक्ति वाले स्पष्टसूर्य 2/21/20/55 और दशा–समाप्तिकालीन स्पष्ट सूर्य 2/21/59/41 के अन्तर 38/46 (कलादि) को 24 से गुणा कर सूर्यगति (57/12) से भाग देकर दो लब्धियां 16 घं. 16 मि. मिलीं। इन्हें प्रथम पंक्ति के वार रविवार (1) और काल 5 घं. 30 मि. में जोड़ने पर 1 वार 21 घं. 46 मि. हुए। इसमें 1 वार 6 घं. 9 मि. जोड़े तो 3 वार 3 घं. 55 मि. हुए। इसमें प्रथम दशा (गुरु दशा) की वर्षसंख्या 11 द्वारा "दशा–समाप्ति-कालकोष्ठक" से प्राप्त 6 वार 19 घं. 41 मि. जोड़ देने पर 2 वार 23 घं. 36 मि. मिले। इसका अर्थ हुआ कि– गुरु की दशा 2 वार (चन्द्रवार) को रात्रि में 11 घं. 36 मि.(भा.स्टैं.टा.) पर समाप्त होगी। इसमें शनिदशा की वर्षसंख्या 19 द्वारा "दशासमाप्ति–काल कोष्ठक" से प्राप्त 2 वार 20 घं. 54 मि. जोड़ने पर 5 वार 20 घं. 30 मि. हुए। यह शनिदशा की समाप्ति का वार और काल (भा.स्टैं.टा.) है। इसी प्रकार इसमें (शनिदशा की समाप्ति के वार और काल में) बुध–दशा की वर्षसंख्या 17 द्वारा इसी कोष्ठक से प्राप्त वा. घ. मि. जोड़ने पर बुधदशा कीसमाप्ति का वार और काल मालूम हो जाएगा। इसी प्रकार शेष ग्रहों की दशाओं की समाप्ति के वार–काल मालूम हो जाएंगे। नीचे दिए गए चक्र में इस उदाहरण के सभी ग्रहों की दशासमाप्ति के वार और काल दर्साए गए हैं–

दशासमाप्तिकाल–चक्र

[जन्मतारीख 9–3–97, समय प्रातः 5 घं. 30 मि. (भा.स्टैं.टा.)]

दशेश	गुरु	शनि	बुध	केतु	शुक्र	सूर्य	चन्द्र	मंगल
दशासमाप्ति–वर्ष (ई. सन्)	2008	2027	2044	2051	2071	2077	2087	2094
दशासमाप्ति–वार	चं.	गु.	शु.	र.	गु.	गु.	बु.	शु.
दशा समाप्तिकाल (घं. मि.) (भा.स्टैं.टा.)	23/36	20/30	5/8	00/10	3/13	16/8	5/40	00/44
दशासमाप्ति–तारीख	7 जुला.	8 जुला.	8 जुला.	9 जुला.	9 जुला.	8 जुला.	9 जुला.	9 जुला.

इसप्रकार दशाओं की समाप्ति के वर्ष (ई. सन्) और वार ज्ञात हो जाते हैं। इनकी तारीखों का निर्णय इसप्रकार करना चाहिए–

जन्मकालिक ई. सन् से पूर्ववर्ती ई. सन् में जिस तारीख को दशा–समाप्तिकालिक स्पष्टसूर्य उपलब्ध होता है, प्रत्येक दशा की समाप्ति के समय लगभग वही तारीख होती है। इस तारीख में अधिक से अधिक दो दिन का अन्तर हो सकता है। यथार्थ तारीख का निर्णय दशा–समाप्तिकालिक वार द्वारा कर लेना चाहिए (अर्थात् दशा–समाप्तिकालिक वार इस तारीख की समीपस्थ जिस तारीख को हो उसे ही दशा–समाप्तिकालिक यथार्थ तारीख समझना चाहिए)। हमारे उदाहरण में दशा–समाप्तिकालिक स्पष्टसूर्य (2/21/59/41) ई. सन् 1996 (जन्मवर्ष से पूर्ववर्ती वर्ष) में 7 जुलाई को उपलब्ध होता है। अतः यहां प्रत्येक दशा की समाप्ति के समय लगभग 7 जुलाई होगी– यह स्पष्ट है। सभी दशाओं के समाप्तिकालिक वारों के अनुसार दशा–समाप्तिकाल की यथार्थ तारीखों का निर्णय करके उन्हें ऊपर दिए गए "दशा–समाप्तिकाल–चक्र" की अन्तिम पंक्ति में लिख दिया गया है।

दशा–समाप्तिकाल में घं. मि. तक की सूक्ष्मता ला सकना क्या सम्भव है ?

दशासमाप्ति के सूक्ष्मकाल कानिर्णय करने की गणितप्रक्रिया ऊपर दे दी गई है। लेकिन इस

⊕ क्योंकि 7 जुलाई को स्पष्ट सूर्य 2/21/20/55 और 8 जुलाई को 2/22/18/7 है।

प्रक्रिया द्वारा तभी अपेक्षित सूक्ष्म परिणाम प्राप्त किया जा सकता है, जबकि जन्मकालिक स्पष्ट चन्द्रमा के भोगांश या उसके भयात, भभोग में अपेक्षित सूक्ष्मता हो।

दशा–समाप्ति के काल में मिनट तक की सूक्ष्मता लाना संभव नहीं है, भले ही चन्द्रमा का भोगांश प्रतिविकला तक शुद्ध क्यों न हो ? चन्द्र के भोगांश में एक प्रतिविकला की अशुद्धि होने पर सूर्य के दशासमाप्ति–काल में 1 मिनट और शुक्र के दशा–समाप्तिकाल में 4 मिनट की अशुद्धि आती है।

इष्टकाल में एक सेकण्ड की अशुद्धि से चन्द्रमा के भोगांश में 33 प्रतिविकला की अशुद्धि उत्पन्न होती है, जिससे सूर्य और शुक्र के दशा–समाप्तिकालों में क्रमशः 30 मिनट और 2 घण्टे की अशुद्धि हो जाती है। इसी प्रकार इष्टकाल में 20 सेकण्ड की अशुद्धि (जिससे चन्द्र के भोगांश में 11 विकला की अशुद्धि पैदा होती है) सूर्य एवम् शुक्र के दशा–समाप्तिकालों में क्रमशः 12 और 40 घण्टे की अशुद्धि पैदा करती है।

इष्टकाल में सेकण्ड तक की सूक्ष्मता भी तभी संभव है, जबकि जातक का जन्मकाल एवम् जन्मस्थानीय सूर्योदयकाल सेकण्ड तक शुद्ध हों। क्योंकि जन्मकाल और सूर्योदयकाल घण्टा, मिनटों में ही ज्ञात किए जाते हैं, सेकण्डों की वहां उपेक्षा कर दी जाती है, अतः प्रत्येक जातक के जन्मकाल में एक मिनट तक की अशुद्धि हो सकती है। स्थानीय सूर्योदयकाल में सेकण्ड तक की सूक्ष्मता ला पाना भारी समस्या है।

जन्मकाल, इष्टकाल और सूर्योदयकाल में कितनी अशुद्धि होने पर चन्द्रभोगांश एवम् दशासमाप्ति–काल में कितना अन्तर आता है– यह नीचे दिए गए कोष्ठक में दिखाया गया है–

जन्मकाल, इष्टकाल या सूर्योदयकाल में अशुद्धि	चन्द्रभोगांश में अशुद्धि	सूर्यदशा में अन्तर	शुक्रदशा में अन्तर
सेकण्ड	वि./प्र. वि.	घण्टा	दिन–घण्टा
1	0/33	$\frac{1}{2}$	0/ 2
5	2/45	3	0/10
10	5/30	6	0/20
20	11/00	12	1/16
30	16/30	18	2/12

इस कोष्ठक से स्पष्ट है कि– जन्मकाल, इष्टकाल या सूर्योदयकाल में कुछ सेकण्डों की अशुद्धि से भी ग्रहों के दशा–समाप्तिकाल में इतना अधिक अन्तर आ जाता है, जिससे तात्कालिक लग्न का शुद्ध निर्णय नहीं हो सकता और इसीलिए दशा–प्रवेशकालिक लग्नकुण्डली–द्वारा दशा के शुभाशुभ फल का निर्णय करने वाले सिद्धान्त को क्रियान्वित कर पाना संभव नहीं है।

हमारे प्राचीन ज्योतिषग्रन्थों (ब्रह्मसिद्धान्त, सूर्यसिद्धान्त, ग्रहलाघव आदि) द्वारा अलग–अलग स्पष्ट किए गए एक ही समय के चन्द्रभोगांशों में परस्पर कई कलाओं तक का अन्तर रहता है। अतः इन विभिन्न ग्रन्थों के अनुसार स्पष्ट किए गए जन्मकालीन चन्द्रभोगांशों में इस अन्तर के कारण जातक के दशा–समाप्तिकालों में दिनों, अनेक स्थितियों में तो मासों का भी अन्तर रहता है– यह बहुत कम दैवज्ञ जानते हैं।

नवीन (चित्रापक्षीय दृक्सिद्ध) पद्धति (जिसके आधार पर भारत के लगभग शत–प्रतिशत पंचांग आजकल तैयार होते हैं) और सूर्यसिद्धान्त आदि प्राचीन पद्धतियों (जिनके अनुसार आज से 50–60 वर्ष पहले तक सभी भारतीय पंचांग तैयार होते रहे हैं) द्वारा स्पष्ट किए गए चन्द्रभोगांशों में 2 अंश से भी अधिक तक का अन्तर पाया जाता है। जिससे इन दोनों (नवीन और प्राचीन) पद्धतियों के अनुसार दशा–समाप्तिकाल अक्सर समान नहीं आते। इनमें 3 वर्ष तक का अन्तर कई बार देखा जाता है। इस अन्तर का

प्रभाव दशा-समाप्तिकाल पर तो पड़ता ही है, अन्तर्दशा और प्रत्यन्तर्दशाओं के समाप्तिकालों पर तो यह प्रभाव अत्यन्त असह्य होता है, जिससे इन दोनों पद्धतियों के अनुसार अन्तर्दशा और प्रत्यन्तर्दशाओं के स्वामी बिलकुल बदल जाते हैं और दशासम्बन्धी फलादेश बिलकुल उलट-पुलट हो जाता है।

B.V. Raman (बंगलोर) ने जो अयनांश स्वीकार किए हैं, उनके अनुसार स्पष्ट किए गए चन्द्रभोगांश चित्रापक्षीय चन्द्रभोगांशों से तो हमेशा 1 अंश 27 कला अधिक रहते हैं, जिससे B.V. Raman पद्धति और चित्रापक्षीय पद्धति से स्पष्ट किए गए दशा-समाप्तिकालों में 8 से 27 महीनों तक का अन्तर हमेशा रहता ही है, जिसके परिणामस्वरूप अन्तर्दशाओं के स्वामी ग्रह इन दोनों पद्धतियों से अक्सर भिन्न-भिन्न होते हैं। प्रत्यन्तर्दशाओं के स्वामी तो इन दोनों पद्धतियों से कभी मेल खाते ही नहीं हैं। स्पष्ट है- इन दोनों पद्धतियों से स्पष्ट की गई दशा, अन्तर्दशा, प्रत्यन्तर्दशाओं के फलादेश में अनेकत्र भारी विरोध रहता है।

भयात, भभोग या चन्द्र की दैनिक गति द्वारा त्रैराशिक से स्पष्ट किए गए इष्टकालिक चित्रापक्षीय दृक्तुल्य चन्द्रभोगांश में भी 4 कला तक की स्थूलता (अशुद्धि) रहती है, जिससे दशासमाप्ति-काल में 11 से 36 दिन तक का अन्तर हो जाता है। इस अन्तर के कारण अधिकतर प्रत्यन्तर्दशाओं के काल तो अशुद्ध हो ही जाते हैं।

स्पष्ट चन्द्रमा में कितनी अशुद्धि से दशासमाप्ति-काल में कम से कम (दशेश सूर्य की स्थिति में) और अधिक से अधिक (दशेश शुक्र की स्थिति में) उत्पन्न होने वाली अशुद्धि कितनी होगी, इसका विवरण नीचे कोष्ठक में दिया गया है-

चन्द्रभोगांश में अशुद्धि	सूर्यदशा में अशुद्धि	शुक्रदशा में अशुद्धि	चन्द्रभोगांश में अशुद्धि	सूर्यदशा में अशुद्धि	शुक्रदशा में अशुद्धि
अं. क.	दिन	दिन	अं. क.	दिन	दिन
0/1	3	9	0/20	54	180
0/2	5	18	0/30	81	270
0/3	8	27	1/00	162	540
0/4	11	36	2/00	324	1080
0/10	27	90	3/00	486	1620

इस विवेचन का सारांश यह है कि- किसी ग्रह के दशासमाप्ति-काल को मिनट या घण्टा तक की सूक्ष्मता से ज्ञात करने का गणितीय प्रयास अर्थहीन है, क्योंकि अनेकत्र तो दिन तक की सूक्ष्मता प्राप्त कर पाना भी सम्भव नहीं है। इतनी सूक्ष्मता प्राप्त करने के लिए जन्मकाल, सूर्योदयकाल और चन्द्रभोगांश में जो सूक्ष्मता अपेक्षित है, उसे प्राप्त कर सकना गणक के सामर्थ्य से बाहिर है। व्यवहार में लाई जाने वाली काल की सूक्ष्मता की भी एक सीमा है, जिसका अतिक्रमण सम्भव नहीं है। अतः स्पष्ट है- दशा-प्रवेशकालिक लग्नकुण्डली द्वारा दशाफल के निर्धारण के लिए जातकशास्त्रों द्वारा किया गया निर्देश कोई अर्थ ही नहीं रखता। इसलिए यही उचित है कि- दशासमाप्ति का लगभग दिन ही ज्ञात कर लिया जाए। दशासमाप्तिकालीन सूर्य के राश्यादि जिस तारीख को पड़ते हैं, उसी तारीख को सभी दशाओं की समाप्तितारीख मान लेना ही ठीक है।

इस उपरोक्त प्रतिपादन से यह सिद्ध होता है कि- " ग्रहों की दशा, अन्तर्दशा, प्रत्यन्तर्दशाओं के गणितागत प्रारम्भकाल से ही उनका शुभाशुभ प्रभाव प्रारम्भ हो जाता है" - दैवज्ञों द्वारा इस प्रकार की धारणा रखना सर्वथा अयुक्त है, क्योंकि उल्लिखित अनेक अपरिहार्य कारणों से दशा, अन्तर्दशा, प्रत्यन्तर्दशाओं के प्रारम्भकाल का मास और अनेकदा वर्ष भी विश्वसनीय,(प्रामाणिक) सिद्ध नहीं होता, दिन और घण्टा-मिनटों की बात तो बहुत दूर की है।

भारतेतर देशों में व्रत-पर्व-तिथियों का निर्णय

मैने अपनी पुस्तक ''व्रतपर्वविवेक'' में ''स्थान(भूपृष्ठ) भेद से विश्व के विभिन्न देशों में हिन्दू व्रतपर्वों **की तारीखों में अन्तर**'' शीर्षक लेख के अन्तर्गत विस्तृत विमर्श में यह सुझाव दिया है कि– हिन्दू व्रत-पर्वों को विश्व के सभी देश-प्रदेशों में उन्हीं तारीखों को मनाया जाना चाहिए, जिन तारीखों को वे भारत में मनाए जाते हैं। स्थानीय सूर्योदयास्त-तिथ्यादिकालानुसारी तारीख को इन्हें मनाने में अनेक ऐसी असमाधेय या दुःसमाधेय समस्याएं पैदा होती हैं, जिनका निर्देश विस्तारपूर्वक मैने उपरोक्त लेख में किया है। पुनरपि, ऐसे धर्मनिष्ठ कुछ भारतीय भी विदेशों में बसे हैं, जो स्थानीय सूर्योदयास्त आदि के आधार पर ही इन व्रतपर्वों की तारीखों के निर्धारण का आग्रह रखते हैं। ऐसे महानुभावों के लिए व्रत-पर्वों की स्थानीय तारीख के निर्धारण की प्रक्रिया नीचे सोदाहरण स्पष्ट की जा रही है–

भारतीय पंचाग में दिए गए अभीष्ट तिथि (व्रततिथि) के प्रारम्भ एवं समाप्तिकालों (भा. स्टैं. टा.) को स्वक्षेत्रीय स्टैं. टा. (Z.S.T.) में बदल लें। यदि कोई नक्षत्र उस व्रत-पर्व के निर्धारण में प्रयुक्त हो रहा है * तो उस नक्षत्र के प्रारम्भ और समाप्तिकालों (भा. स्टैं. टा.) को भी स्वक्षेत्रीय स्टैं. टा. (Z.S.T.) में बदल लीजिए।

क्योंकि, व्रततिथि की मध्याह्न, अपराह्न, प्रदोष आदि कर्मकालों में व्याप्ति भी व्रततिथि (व्रत की तारीख) की निर्णायक होती है, अतः उस दिन का सूर्योदयास्तकाल* भी स्वक्षेत्रीय स्टैं. टा. में ज्ञात करें और इसी के अनुसार स्वक्षेत्रीय मध्याह्न आदि कर्मकालों का निर्णय करना होगा।

कई व्रत-पर्व (श्रीगणेश चतुर्थी, श्रीकृष्णजन्माष्टमी आदि) ऐसे भी हैं, जिनका निर्णय स्थानीय चन्द्रोदय **पर भी** निर्भर करता है। ऐसे व्रतपर्वों की स्थानीय तारीख के निर्धारण के लिए व्रततिथि के प्रारम्भ एवं समाप्ति **की (दोनों)** तारीखों का स्थानीय चन्द्रोदयकाल* भी स्वक्षेत्रीय स्टैं. टा. (Z.S.T.) में जानना होगा।

उपरोक्त प्रक्रिया करने के बाद व्रततिथि की स्थानीय मध्याह्न, अपराह्न, प्रदोष आदि कर्मकाल या चन्द्रोदयकाल में व्याप्ति, अव्याप्ति आदि तथा अपेक्षा होने पर पूर्वविद्धा, परविद्धा आदि का भी विचार करते हुए, ठीक उसी तरह व्रत-पर्व की तारीख का निर्णय करें, जिस प्रकार 'व्रतपर्व-विवेक' में **'व्रत-पर्व-तिथिनिर्णय'** प्रकरण (2) में निर्दिष्ट किया गया है।

स्पष्टता के लिए हम यहां इसके तीन उदाहरण दे रहे हैं–

उदाहरण (i)– वि. संवत् 2062 में श्रीरामनवमी भारत में 18 अप्रैल, '05 ई. को मनाई गई। यह पर्व लण्डन (U.K.) में स्थानीय सूर्योदयास्त आदि के अनुसार किस दिन (तारीख को) होना चाहिए था, यह निर्धारित करना है।

क्योंकि, रामनवमी व्रत मध्याह्नव्यापिनी चैत्र शुक्ल नवमी के दिन होता है, अतः हमें यह देखना है

---

* जैसे– विजयादशमी में श्रवण और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी में रोहिणी नक्षत्र भी अनेक बार निर्धारक होता है।

* बहुधा स्थानीय सूर्योदयास्त एवं चन्द्रोदयकाल-साधन की ज़रूरत ही नहीं पड़ती, क्योंकि स्वक्षेत्रीय स्टैं. टा. वाले तिथि एवं नक्षत्रों के प्रारम्भ-समाप्तिकाल से ही अनेकदा स्वयं स्पष्ट हो जाता है कि– अमुक तिथि-नक्षत्र की स्थानीय मध्याह्न, सायाह्न, प्रदोष या चन्द्रोदयकाल आदि में व्याप्ति/अव्याप्ति आदि है या नहीं। जैसा कि देखिए, यहां दिए गए उदाहरण (i) एवं (ii) में स्थानीय सूर्योदयास्त, चन्द्रोदयास्त की ज़रूरत ही नहीं पड़ी।

कि– लण्डन के सूर्योदयास्तानुसार वहां नवमी की मध्याह्न में व्याप्ति, अव्याप्ति आदि की क्या स्थिति है। तदनुसार ही लण्डन में इस पर्व की तारीख का निर्णय होगा। इसके लिए यह निम्नांकित प्रक्रिया होगी–

⊗ लण्डन का अक्षांश 51° 32′ (उ.)
⊗ लण्डन का रेखांश 0° 05′ (प.)

I.S.T. अनुसार नवमी का प्रारम्भ = 9 घं. 20 मि. (17 अप्रैल, 2005 ई.)
I.S.T. अनुसार नवमी की समाप्ति = 11 घं. 40 मि. (18 अप्रैल, 2005 ई.)

क्योंकि– लण्डन (U.K.) के S.T. (स्टैंण्डर्ड टाईम)(G.M.T.) से I.S.T. का अन्तर = +5 घं. 30 मि. है–

अतः G.M.T. अनुसार नवमी का प्रारम्भ = 3 घं. 50 मि. (17 अप्रैल, 2005 ई.)
G.M.T. अनुसार नवमी की समाप्ति = 6 घं. 10 मि. (18 अप्रैल, 2005 ई.)

देखिए– यहां लण्डन के स्थानीय सूर्योदयास्तसाधन के बिना ही स्पष्ट है कि– यहां (लण्डन में) नवमी 17 अप्रैल, 2005 ई. को ही मध्याह्नव्यापिनी थी, अतः वहां स्थानीय मध्याह्नानुसार यह पर्व 2005 ई. में 17 अप्रैल को ही था।

उदाहरण (ii)– सं. 2062 वि. में **संकष्ट चतुर्थी** (माघ कृष्ण चतुर्थी) का व्रत भारत में 18 जनवरी, 2006 ई. को मनाया गया। Austin (Texas) U.S.A. में स्थानीय गणनानुसार यह पर्व कब होना चाहिए था, यह ज्ञात करना है।

क्योंकि, संकष्टचतुर्थी–व्रत का निर्धारण चन्द्रोदय के समय चतुर्थी की व्याप्ति, अव्याप्ति आदि पर निर्भर करता है। अतः हमें जानना होगा कि– यहां Austin में चतुर्थी की चन्द्रोदय के समय व्याप्ति, अव्याप्ति आदि अनुसार यह पर्व किस दिन सिद्ध होता है। इसका निर्णय इस तरह किया जाएगा–

Austin (Texas) का अक्षांश = 30° 16′ (उ.)
Austin (Texas) का रेखांश = 97° 44′ (प.)

I.S.T. अनुसार चतुर्थीप्रारम्भ = 22 घं. 18 मि. (17 जन., 2006 ई.)
I.S.T. अनुसार चतुर्थीसमाप्त = 1 घं. 02 मि. (19जन., 2006 ई.)

क्योंकि, Austin के Z.S.T. (C.S.T.) से I.S.T. का अन्तर = +11 घं. 30 मि. है–

अतः C.S.T. अनुसार चतुर्थी प्रारम्भ = 10 घं. 48 मि. (17 जन., 2006 ई.)
C.S.T. अनुसार चतुर्थी समाप्त = 13 घं. 32 मि. (18 जन., 2006 ई.)

यहां Austin में चन्द्रोदयव्यापिनी चतुर्थी केवल 17 जनवरी, 2006 ई. को ही है– यह बिल्कुल स्पष्ट है– क्योंकि, कृष्णचतुर्थी के दिन चन्द्रोदय सूर्यास्त के 3–4 घण्टा बाद ही होता है, यहां Austin में चतुर्थी 17 जनवरी को सूर्यास्त के बाद पूरी रात्रि में भी विद्यमान है। इसप्रकार स्थानीय (Austin का) चन्द्रोदयकाल–साधन किए बिना ही स्पष्ट हो गया कि– यहां यह पर्व 17 जनवरी, 2006 ई. को था।

⊗ *यद्यपि यहां* London *और* Austin *वाले उदाहरणों में अक्षांश, रेखांश का प्रयोग नहीं हो पाया है। पुनरपि, गणितप्रक्रिया में इनका निर्देश करना ज़रूरी है, क्योंकि आवश्यकता पड़ने पर इन नगरों में स्थानीय सूर्य–चन्द्रोदयास्त–साधन के लिए इनकी ज़रूरत पड़ सकती है।*

उदाहरण (iii)– सं. 2062 वि. में विजयादशमी पर्व भारत में 12 अक्तूबर, '05 ई. को था। Sydney (Australia) में स्थानीय सूर्योदयास्तादि अनुसार इस पर्व की तारीख ज्ञात करनी है।

विजयादशमी (दशहरा) अपराह्नव्यापिनी आश्विन शुक्ल दशमी में मनाया जाता है। दशमी की दो दिन अपराह्नव्याप्ति–अव्याप्ति आदि की स्थितियों में श्रवण नक्षत्र की अपराह्न आदि में व्याप्ति द्वारा भी इस पर्व की तारीख का निर्णय किया जाता है (देखें – "व्रत–पर्व विवेक" के "व्रत–पर्व तिथिनिर्णय" प्रकरण में 'विजयादशमी निर्णय')। अतः यहां दशमी के प्रारम्भ–समाप्तिकालों के साथ श्रवण नक्षत्र के प्रारम्भ–समाप्तिकाल भी हमें स्थानीय स्टैं. टा. में ज्ञात करने होंगे। इस प्रकार Sydney में इस पर्व की तारीख का निर्णय इस तरह किया जाएगा–

I.S.T. अनुसार दशमीप्रारम्भ = 9 घं. 13 मि. (12 अक्तू., 2005 ई.)
I.S.T. अनुसार दशमीसमाप्त = 6 घं. 43 मि. (13 अक्तू., 2005 ई.)

I.S.T. अनुसार श्रवणप्रारम्भ = 4 घं. 13 मि. (12 अक्तू., 2005 ई.)
I.S.T. अनुसार श्रवणसमाप्त = 2 घं. 30 मि. (13 अक्तू., 2005 ई.)

क्योंकि– Sydney के Z.S.T. से I.S.T. का अन्तर = –4 घं. 30 मि. है–

अतः Sydney के Z.S.T. अनुसार दशमीप्रारम्भ = 13 घं. 43 मि. (12 अक्तू., 2005 ई.)
Sydney के Z.S.T. अनुसार दशमीसमाप्त = 11 घं. 13 मि. (13 अक्तू., 2005 ई.)

Sydney के Z.S.T. अनुसार श्रवणप्रारम्भ = 8 घं. 43 मि. (12 अक्तू., 2005 ई.)
Sydney के Z.S.T. अनुसार श्रवणसमाप्त = 7 घं. 00 मि. (13 अक्तू., 2005 ई.)

Sydney में Z.S.T. अनुसार 12/13 अक्तूबर, 2005 ई. को अपराह्नकाल 12 घं. 58 मि. से 15 घं. 33 मि. तक है[⊙]। अतः स्पष्ट है– 12 अक्तूबर को Sydney में दशमी और श्रवण– दोनों अपराह्नव्यापी हैं, इसलिए यहां भी इस वर्ष विजयादशमी निर्विवादरूपेण 12 अक्तूबर, 2005 ई. को ही सिद्ध होती है। ध्यान रहे– Sydney में यद्यपि 13 अक्तूबर को दशमी त्रिमुहूर्त्त से अधिक है, लेकिन यहां श्रवण अपराह्नव्यापी नहीं है। अतः " **उदये दशमी किञ्चित्.......... सा तिथिः विजयाभिधा।।**"– इस वाक्य की प्रवृत्ति न होने से 13 अक्तूबर को विजयादशमी का योग यहां नहीं बनता।

इस प्रकार भारतेतर किसी भी देश के अभीष्ट नगर में स्थानीय सूर्योदयास्त, चन्द्रोदय आदि के आधार पर किसी भी व्रत–पर्व की स्थानीय तारीख का निर्धारण किया जा सकता है। इस पुस्तक के "व्रत–पर्वतिथिनिर्णय" प्रकरण में दिए गए व्रत–पर्व– तिथि के निर्णायक नियमों को जिसने आत्मसात् किया है, स्पष्ट है, उसके लिए यह सरल है।

ध्यान रहे– भूगोल के अधिक अक्षांश वाले तथा अन्य अनेक स्थानों पर, जैसा कि पहले स्पष्ट किया जा चुका है, हिन्दू व्रत–पर्वो की तारीखों का निर्धारण कई भौगोलिक/खगौलिक विलक्षणताओं के कारण सम्भव नहीं है।

("व्रतपर्वविवेक" से उद्धृत)

— — — —

⊙ Sydney के सूर्योदयास्तानुसार यह ज्ञात करके लिखा गया है (12/13 अक्तू. को Sydney में Z.S.T. अनुसार सूर्योदयकाल 5 घं. 20 मि. और सूर्यास्तकाल 18 घं. 06 मि. है)।

व्रतपर्व-विवेक

[व्रतपर्वों की तिथियों (तारीखों) के निर्णायक नियमों पर सरल-सुबोध भाषा-शैली में लिखा एक प्रामाणिक अपूर्व प्रकाशन]

[सन् 2001 से 2050 ई. तक के रामनवमी, दशहरा, दीपावली आदि सभी हिन्दु व्रतपर्वों की तारीखों की तैयार लम्बी सूची।]

इस पुस्तक में हिन्दुओं के चैत्र आदि 12 मासों के व्रतपर्वों के निर्णय का विशद विवेचन, निर्णयसिन्धु, धर्मसिन्धु आदि धर्मशास्त्रीय ग्रन्थों के प्रमाण-वाक्यों के आधार पर ऐसी सरल भाषा-शैली में किया गया है कि- हिन्दी जानने वाला कोई भी इसे पढ़कर, रामनवमी आदि किसी भी व्रतपर्व की तारीख का निर्णय आसानी से कर सकता है। विभिन्न पंचांगों में किसी व्रतपर्व की तारीख के बारे में मतभेद होने पर इस पुस्तक में दिए गए नियमों के अनुसार यह निर्णय आप अधिकारपूर्वक कर सकते हैं कि- किस पंचांग की तारीख शुद्ध है।

व्रतपर्वों की तारीख का निर्णय पञ्चाङ्गकार किन नियमों के आधार पर करते हैं- यह सब शास्त्रीय प्रमाणों द्वारा विस्तारपूर्वक हिन्दी में समझाया गया है। व्रतपर्वों के निर्णायक धर्मशास्त्रीय सैकड़ों संस्कृतवाक्य, श्लोक हिन्दी-अनुवादसहित उद्धृत किए गए हैं। प्रातः, संगव, मध्याह्न, अपराह्न, सायं, प्रदोष, अरुणोदय, निशीथ, पूर्वविद्धा-परविद्धा तिथि आदि सभी पारिभाषिक कठिन शब्दों की (जिनका प्रयोग व्रतपर्व-निर्णय के प्रसंग में बार-बार आता है) सुस्पष्ट व्याख्या की गई है और इन्हें जानने की गणितप्रक्रिया से मुक्ति दिलाने वाले अनेक कोष्ठक आपको यहां मिलेंगे।

इस पुस्तक में दिए गए अनेक महत्वपूर्ण विषयों में से कुछेक की ओर हम पाठकों का ध्यान यहां आकृष्ट करते हैं:-

(i) हिन्दु व्रतपर्वों के निर्णायक नियमों-सिद्धान्तों की सरल व्याख्या दी गई है।

(ii) हिन्दु व्रतपर्वों में यदा-कदा पैदा होने वाले मतभेद के कारण और उनके प्रतिकार बतलाए गए हैं।

(iii) चैत्रादि 12 चान्द्रमासों के 24 पक्षों में मनाए जाने वाले नवरात्रारम्भ, श्रीरामनवमी, अक्षयतृतीया, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, श्राद्धारम्भ-समाप्ति, दीपावली आदि सभी व्रतपर्वों के निर्णायक नियमों का विस्तृत विवेचन तथा धर्मशास्त्रों के सभी अपेक्षित व्रतपर्वनिर्धारक संस्कृत-प्रमाणवाक्यों को उद्धृत कर, इन व्रतपर्वों की तिथि (तारीख) का निर्धारण-प्रकार सोदाहरण स्पष्ट किया गया है।

(iv) किस व्रतपर्व के मनाने का शास्त्रीय-विधान क्या है ? व्रतदिन की चर्या कैसी हो ? व्रतदिन में पूजा-पाठ कैसे किया जाए ? व्रतदेवता की पञ्चोपचार या षोडशोपचार पूजा कैसे, किस मन्त्र से, किन उपकरणों (सामग्री) से की जाए, व्रत में देवता का ध्यानमन्त्र क्या है ? व्रत में क्या खाएं, क्या न खाएं ? व्रती के लिए क्या विधि-निषेध है ? व्रतपारणा (व्रत के अन्त में किए जाने वाले भोजन) का समय क्या है ? पारणा में कौन-कौन से पदार्थ भक्ष्य और कौन से वर्ज्य हैं ? सूतक-पातक में व्रत कैसे किया जाए ? रजस्वला स्त्री व्रत के दिन क्या करे ? व्रतभंग होने पर क्या प्रायश्चित्त है ? सूर्य-चन्द्रग्रहण के समय स्नान-दान-जपादि का क्या विधान है ? - इत्यादि पचासों ज्ञातव्य विषयों पर सप्रमाण पूर्ण प्रकाश डाला गया है।

(v) आधुनिक युग के व्यस्त जीवन को दृष्टि में रखते हुए व्रतदेवता की पूजादि का सारगर्भ संक्षिप्त विधान दिया गया है, जिसे 10-15 मिनटों में ही कोई भी व्यक्ति स्वयं कर्मकाण्डी विद्वान् की सहायता के बिना ही कर सकता है। नवरात्र-घटस्थापन, रामनवमी-पूजा, श्राद्ध-तर्पण, दीपावली पर महालक्ष्मी पूजनादि सभी व्रतपर्वसम्बन्धी अनुष्ठानों को आप स्वयं कर सकें- ऐसी बालबोध शैली में समझाया गया है। लगभग सभी व्रतदेवताओं के संस्कृत-स्तोत्र भी दिए गए हैं।

(vi) करवाचौथ आदि व्रतपर्वों के उद्यापन की सरल प्रक्रिया बिना किसी विशेषज्ञ की मदद के कोई भी गृहिणी स्वयं कर सके-ऐसा सरल विधानसहित निर्देश है।

(vii) सन् 2001 से 2050 ई. तक के नवरात्रारम्भ, प्रदोषव्रत, एकादशीव्रत, दशहरा, दीपावली आदि लगभग सभी हिन्दु-व्रतपर्वों की अंग्रेज़ी तारीखों की लम्बी सूची दी गई है।

(viii) सन् 2001 से 2050 ई. तक के सूर्य-चन्द्रग्रहणों, हरिद्वार, प्रयाग, नासिक, उज्जैन के कुम्भपर्वों की तारीखें।

(ix) सन् 2001 से 2050 ई. तक के गुरु-शुक्रास्तकाल, गजच्छाया, अर्धोदय आदि पर्व।

(x) सन् 2001 से 2050 ई. तक के प्रमुख-प्रमुख जैन-पर्वों की तारीखें।

(xi) सन् 2001 से 2050 ई. तक के चैत्रादि मासों के चन्द्रदर्शन की तारीखें, तदनुसार मुहर्रम आदि मुस्लिम मासों की प्रारम्भ-तारीखें एवम् मुहर्रम, ईद-उल-फित्र आदि मुस्लिम त्योहारों की तारीखों का ज्ञानप्रकार।

(xii) सन् 2001 से 2050 ई. तक के सिक्ख-गुरुपर्वों की तारीखें।

(xiii) सन् 2001 से 2050 ई. तक के ईस्टर सण्डे, गुडफ्राईडे की तारीखें और तदनुसार अन्य क्रिश्चियन पर्वों की तारीखों का तुरन्त निर्णय करने वाली अद्भुत तालिका।

(xiv) सभी प्रमुख व्रतों की माहात्म्य कथाएं।

(xv) सभी प्रमुख व्रतों के देवी-देवताओं की आरतियां एवं स्तोत्र।

इन उपरोक्त विषयों के अलावा व्रतपर्वों से सम्बद्ध अन्य बीसों विषय आपको इस पुस्तक में मिलेंगे। इसे खरीद लीजिए। बस, आगामी 43 वर्षों तक (सन् 2050 ई. तक) व्रतपर्वों की तारीखें जानने के लिए पंचांग, डायरी या कैलेण्डर खरीदने की आपको ज़रुरत नहीं होगी।

मूल्य Rs. 525/- + Rs. 50/- डाकव्यय

हमारी पुस्तकें केवल "अभिजित् प्रकाशन, कोठी नं. 59/6, पंचकूला से ही मिलेंगी।
इन्हें बेचने का अधिकार अन्य किसी भी बुकसेलर को नहीं दिया गया है।

सम्पर्कसूत्र- श्रीमती वीना चतुर्वेदी, M.A., M.Phil., 'अभिजित् प्रकाशन,' कोठी नं. 59, सैक्टर-6,
P.O. पंचकूला (हरियाणा) - 134 109, Phone: 0172-2565 303

पृष्ठ संख्या 272 साईज़ 24 X 18 सें. मी. उत्कृष्ट बहुमूल्य पेपर पर मुद्रित आकर्षक बहुरंगा आवरण

ग्रहयोग एवम् दाम्पत्य जीवन

[मेलापकसम्बन्धी प्रत्येक समस्या का परिपूर्ण समाधान करने वाला अद्वितीय प्रकाशन]

[दूसरा संस्करण]

विवाह–सम्बन्ध के निर्णय के लिए वर और कन्या के अष्टकूटों के गुणों की गणना और उनकी कुण्डलियों के मिलान पर आज तक कोई प्रमाणिक पुस्तक नहीं लिखी गई है। " ग्रहयोग एवम् दाम्पत्य जीवन " पुस्तक इस अभाव की शतप्रतिशत पूर्ति करती है। यह पुस्तक छः अध्यायों में विभाजित है– प्रथम अध्याय में अष्टकूट का सांगोपांग विस्तृत विवेचन, द्वितीय अध्याय में कुज (मङ्गली) दोष पर विस्तृत विमर्श, तृतीय अध्याय में विवाहमुहूर्त्त के साधन की सुबोध प्रक्रिया दी गई है। चतुर्थ अध्याय में भारत के 800 प्रसिद्ध नगरों के अक्षांश, रेखांश तथा ऐसे अनेक मौलिक कोष्ठक दिए गए हैं, जिनकी मदद से सन् 1971 ई. से 2000 ई. तक (30 वर्षों में) पैदा हुए वर–कन्याओं का जन्मलग्न, जन्मनक्षत्र, जन्मनवांश और जन्मकुण्डली बिना पुराने पंचांगों की सहायता के 10–15 मिनटों में ही जानकर दैवज्ञ उनकी ग्रहस्थितियों का मिलान तथा अष्टकूटों के गुण आदि का निर्णय सरलता से कर सकता है। पंचम और छठे अध्याय मे फलित एवं सिद्धान्त ज्योतिषसम्बन्धी शोधपूर्ण ज्ञानवर्धक ग्यारह (11) मौलिक निबन्ध दिए गए हैं, जो ज्योतिष के चौंका देने वाले अज्ञात रहस्य उदघाटित करते हैं।

इस पुस्तक में दिए गए अनेक महत्त्वपूर्ण विषयों में से इन कुछेक विषयों पर दृष्टिपात कीजिए:-

(1) वर-कन्या के नक्षत्रचरणों के आधार पर बनाई गई विस्तृत गुणमिलान-सारणी36 बड़े पृष्ठों पर फैली है, जिसमें सभी अष्टकूटों के गुण और दोष तथा उनके परिहार एक ही दृष्टि में तुरन्त देखे जा सकते हैं। इस प्रकार की परमोपयोगी विलक्षण महान् मिलानसारणी का निर्माण सचमुच एक अपूर्व ऐतिहासिक प्रयास है। नितान्त श्रमसाध्य इस विशाल सारणी के निर्माण के लिए कम्प्यूटर का प्रयोग किया गया है। इस मिलानसारणी के अलावा दो और भिन्न प्रकार की मिलानसारणियां भी इस पुस्तक में दी गई हैं।

(2) वर्ण, गण, षडष्टक, नाड़ी आदि दोषपूर्ण कूटों के बारे में उपलब्ध अनेक परिहारवाक्यों का सोपपत्तिक सप्रमाण विवेचन तथा उनका तार्किक विश्लेषण एवं "नाड़ीदोषस्तु विप्राणाम्" और " एक नक्षत्रजातानां नाड़ीदोषो न विद्यते" आदि बीसों निराधार परिहारवाक्यों का सप्रमाण निराकरण किया गया है।

(3) मंगलदोष के बारे में प्रचलित 'द्वितीये भौमदोषस्तु युग्म-कन्यकयोर्विना' और "गुरु-मंगल संयोगे भौमदोषो न विद्यते" - आदि अनेक परिहारवाक्यों की प्रामाणिकता पर विस्तृत सप्रपञ्च विचार-विमर्श एवं इन परिहार-वाक्यों का विश्लेषण-पूर्वक सप्रमाण खण्डन-मण्डन किया गया है।

(4) कुज (मंगल) दोष की मात्रा का सूक्ष्मतापूर्वक यथार्थ निर्णय दैवज्ञों की भारी समस्या है। इसके लिए इस पुस्तक में सात 'कुजदोष कोष्ठक' दिए गए हैं, जिनकी सहायता से जोड़-घटावमात्र जानने वाला कोई भी दैवज्ञ मौखिक गणित द्वारा ही वर-कन्या के कुजदोष की मात्राओं के आंकिकमान (Numerical Values) 20-25 मिनटों में ही सरलतापूर्वक ज्ञात कर सकता है और उनकी तुलना द्वारा वह वर-कन्या के विवाहसम्बन्ध की शक्याशक्यता का निर्णय प्रामाणिक रूप में कर सकता है। कुजदोषमात्रा का आंकिक मान ज्ञात करने की प्रक्रिया को अनेक उदाहरणों द्वारा स्पष्ट किया गया है।

(5) मिलान में उपयोगी अन्य बीसों मौलिक सारणियां दी गई हैं, जो लेखक के विस्तृत, गम्भीर अध्ययन एवं अथक परिश्रम का परिणाम हैं।

(6) मिलान पर मिलने वाले विभिन्न मत–मतान्तरों का विश्लेषण विस्तारपूर्वक किया गया है। प्रतिपाद्य विषयों के खण्डन–मण्डन के समर्थन में लगभग 90 मूल ग्रन्थों (संहिता, होरा, मुहूर्त्त आदि) से सैकड़ों प्रमाणवाक्य (श्लोक) पदे–पदे उद्धृत किए गए हैं।

इसके अलावा इस पुस्तक में अनेक ऐसे विषय आपको मिलेंगे, जो गुणमिलान और कुण्डलीमिलान पर आपकी विशेष ज्ञानवृद्धि करेंगे। " नाड़ीदोष होने पर भी सम्बन्ध किया जा सकता है", " वर–कन्या की कुण्डलियों का मिलान न होने पर भी सम्बन्ध करने का ज्योतिषशास्त्र में निर्दिष्ट शास्त्रीय विधान क्या है?" – इस प्रकार की अनेक मिलान–सम्बन्धी समस्याओं का शास्त्रप्रतिपादित समाधान विस्तारपूर्वक इस पुस्तक में सप्रमाण प्रस्तुत किया गया है। विषकन्या योग और मंगलीक दोष के उद्गम तथा विकास पर विशेष ऐतिहासिक विवेचन दिया गया है।

यह पुस्तक आपको वह सब कुछ बतलाएगी, जो मिलान के लिए अपेक्षित है। इसे पढ़कर आपको आश्चर्य होगा कि– मिलान में अनेक मूर्धन्य दैवज्ञ भी कितनी अक्षम्य त्रुटियां करते हैं और इस विषय में उनका ज्ञान कितना अधूरा है।

मूल्य Rs. 500/– + डाकव्यय Rs. 50/–

पुस्तक मिलने का पताः– श्रीमती वीना चतुर्वेदी, M.A., M.Phil., 'अभिजित् प्रकाशन,' कोठी नं. 59, सैक्टर–6, P.O. पंचकूला (हरियाणा) – 134 109, Phone: 0172.2565 303

शताब्दी की सबसे महत्वपूर्ण विलक्षण घटना

लंकाधिपति दशानन रावण कृत ज्योतिष, औषधिविज्ञान,
रसायन शास्त्र, दार्शनिक विचारों और नीति शास्त्र के अनुपम ग्रन्थ

रावण संहिता

का हस्तलिखित रूप में प्रकाशन

लंकाधिपति महाराज रावण जहां प्रबल प्रतापी त्रिलोक्य विजेता वीर थे वहीं वे ज्योतिषशास्त्र और तन्त्रशास्त्र के प्रकाण्ड विद्वान भी थे। औषधि विज्ञान और रस निर्माण में वे महर्षि चरक के समकक्ष थे तो ज्योतिष में भी महाराज भृगु से कम नहीं। नीतिशास्त्र का ज्ञान तो उनका इतना अथाह था कि भगवान श्री राम ने अपने भाई लक्ष्मण को उनके पास नीति वचन श्रवण करने हेतु भेजा था।

परमपिता परमात्मा की महती कृपा, आप जैसे धर्मप्राण विज्ञजनों के अनुग्रह तथा विद्यावारिद् ब्राह्मणों एवं दर्शनशास्त्र और प्राचीन साहित्य के मर्मज्ञों के विपुल श्रम एवं सहयोग से आज लंकेश रचित प्राचीन दुर्लभ ग्रन्थ रावण संहिता का प्रकाशन संभव हो सका है। बीस वर्षों से सतत् अनुसंधान, दुर्गम क्षेत्रों की यात्राओं और जहां से भी किंचित् मात्र प्रामाणिक सामग्री प्राप्त हो सकती थी वहां से उस सामग्री के संकलन और समायोजन का महकता हुआ पुष्प है पन्द्रह सौ से अधिक पुराणाकार पृष्ठों का यह हस्तलिखित असली प्राचीन ग्रन्थ संहिता।

महान् विद्वान रावण द्वारा रचित ज्योतिष, औषधि-विज्ञान और तंत्रशास्त्र का यह ज्ञान यद्यपि मूल रूप में रचित एक ग्रंथ के रुप में कहीं उपलब्ध नहीं, परन्तु ज्ञान की धारा दृष्टि से ओझल भले ही हो जाए वह विलुप्त नहीं होती। ज्ञान के यत्र-तत्र बिखरे इन बिन्दुओं, किरणों और मोतियों को एक स्थान पर संग्रहित किया गया है रावण संहिता नामक इस हस्तलिखित वृहद् ग्रंथ में। प्रस्तुत ग्रंथ पांच खण्डों में विभक्त है। प्रथम खण्ड में लंकाधिपति रावण के वंश का परिचय, जन्म की कथा, उनके महान् कार्यों और ज्ञानवान स्वरूप की झांकी प्रस्तुत की गई है। द्वितीय खण्ड में लंकेश द्वारा रचित माने जाने वाले चिकित्सा विज्ञान और औषधिशास्त्र से संबंधित एक हजार एक सौ श्लोकों का हिन्दी अनुवाद तथा अनेक जटिल रोगों के निदान से संबंधित जानकारियां संग्रहित हैं। तृतीय खण्ड में तंत्रशास्त्र एवं तांत्रिक क्रियाओं से संबंधित प्राचीनतम ज्ञान का संकलन है तो चतुर्थ खण्ड में हैं सहस्राधिक कुण्डलियां। पंचम खण्ड में कुण्डलियों के फलादेश दिए गए हैं जो लगभग साढ़े छः सौ पृष्ठों में हैं।

धर्म में आस्था रखने वाले गुण ग्राहक ज्ञानीजनों, ज्योतष के गूढ़ रहस्यों को समझने के आकांक्षी ज्योतिषाचार्यों, यंत्र-मंत्र-तंत्र शास्त्र के आराधकों एवं प्राचीन चिकित्सा पद्धति के प्रेमियों के लिए तो यह हस्तलिखित ग्रंथ परम उपयोगी सिद्ध होगा ही, भक्ति भाव से इसका पाठ-पाठन और श्रद्धापूर्वक नमन करने वाले भी मनवांछित सिद्धियों की प्राप्ति कर सकेंगे, ऐसा विश्वास किया जाता है। विपुल श्रम और राशि व्यय करने पर ही इस ग्रंथ का प्रकाशन संभव हो सका है फिर भी जन-कल्याण और प्राचीन विलुप्त साहित्य को जन-जन में लोकप्रिय बनाने की भावना से मात्र 3100/- इक्तीस सौ रुपये एवं डाक खर्च 250/- रुपये अतिरिक्त रखी गई है। रु. 1000/- (एक हजार रुपये) पेशगी भेजकर शेष 2350/- (दौ हजार तीन सौ पचास रुपये) की वी.पी. द्वारा यह ग्रंथ आप घर बैठे भी प्राप्त कर सकते हैं। मंगाने का पता-

इसके अतिरिक्त हमारे यहाँ ज्योतिष, हस्तरेखा, तंत्र-मंत्र-यंत्र एवं कर्मकाण्ड संबंधी पुस्तकों का विशाल भण्डार है। कुछ दुर्लभ एवं प्राचीन ग्रंथ भी समय-समय पर आते रहते हैं। नवीन पुस्तकों के लिए भी सम्पर्क रखें।

अग्रवाल बुक डिपो

460, खारी बावली, दिल्ली - 110 006 ☎ 011-23943254

तन्त्र पथ प्रदर्शक

लेखक:- श्री रमेश दत्त झा झक्करनाथ, झाबाबा मूल्य : रुपये 150.00 *(डाक खर्च 50 रु. अलग)*

प्रस्तुत शोध प्रबंध में- तंत्र, मंत्र, यंत्र, ज्योतिष एवं साहित्य कर्मकाण्ड के विषय पर प्रकाश डाला गया है।

प्रस्तुत-शोध-प्रबन्ध ''रूचि'' को तंत्र विद्या के विषय में आकृष्ट करना है।

''गुरुमुख'' (दीक्षा संकार) के लिये प्रारंभिक-प्रयास, धार्मिक उपासना, पूजा-पद्धति साधना-उपासना की ''आचारसंहिता'' (नियमादि) रहस्यमयी माया के गूढ़ तथा गोपनीय-विज्ञान, जोकि तंत्र विषयक-विवेचनात्मक समीक्षा के आधार पर, यह शास्त्र षट्कर्म (Six fold activity) के रूप में माना जाता है। इसके वस्तुस्थिति से यथा संभव विषय-वस्तु से परिचय कराना चाहता हूँ।

जिस प्रकार ''उपासना के ये सभी क्रियाएं-इच्छानुसार प्रार्थना द्वारा अलौकिक प्रेरक शक्ति के माध्यम से प्रगतिशील मानव, उत्तम और सही दिशा में सफलता प्राप्ति के लिए प्रगति-पथ पर अग्रसर हों एवं गति प्राप्त करने के लिये उचित दिशा की ओर संकेत करती है। यह संकेत हमारी कुछ विश्वस्त परम्परा पर आधारित है। 6 प्रकार के कर्म इस प्रकार है - मारण मोहन, उच्चाटन, वशीकरण, उद्वेषण और शान्ति। मानसिक तनाव, विकलता हलचल उद्विग्नता, आदि में शान्ति कर्म के द्वारा समाधान होता है। इस प्रकार से आवश्यकतानुसार अन्य कार्यों के लिये दूसरे निर्दिष्टकर्म से समाधान संभव होता है।

कुर्लाणवतंत्र के अनुसार - तांत्रिक प्रवृत्ति - सांसारिक वस्तु की उपलब्धि के लिये है। इसका फल शीघ्र होता है। महाकाव्य और पुराण में - इस रहस्यमय गूढ़ एवं गोपनीय विद्या के बारे में उपाख्यान के रूप में प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। ये सभी वर्णन प्रयोग रूप में है। यह विद्या पहले राक्षसों के बीच थी ऋषि शुक्राचार्य को भी यह विद्या प्राप्त थी, परन्तु सिर्फ राक्षस ही उनके शिष्य थे।

इस प्रकार यह ब्रह्म विद्या के रूप में अवतरिक हुआ। तंत्र विद्या के विषय में - हमेशा वर्णन है कि यह एक रहस्यमयी, गूढ़ और गोपनीय मार्ग है। एक तरह से - यह साथकों के धन-सम्पत्ति हरण कर देता है। पत्नी एवं उनके जीवन को भी बर्बाद करदेता है। फिर भी - इसके प्रति आस्था विश्वास और भरोसे पर सन्देह नहीं करना एवं इसके रहस्य को दूसरों के सामने व्यक्त नहीं करना चाहिये।

किसी भी जाति के कोई भी व्यक्ति बिना कोई दिक्कत के इस शास्त्र में प्रवेश कर सकते हैं। मन्त्र ग्रहण कर सकते हैं, यदि उनकी रुचि हो। प्राप्त करने की मानसिकता हो। प्राप्त करने योग्य हो। दृढ़ संकल्पित हो। तंत्र शास्त्र एंक सुलभ व्याख्या है। वेदों की सत्यता का प्रमाण है। अल्पज्ञानी, थोड़ी आध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोगों के लिए कलियुग के व्यस्त और बोझिल लोगों के लिए सर्वोत्तम और सर्वोच्च साधन है।

मनुष्य के कष्टों के समाधान के लिये - भगवान शिव ने इस शास्त्र को इसी युग (काल) के लिए उत्कृष्ट शैली में प्रचारित किया। धार्मिक सत्यता में प्रवेश करने का एक पारपत्र (बीजा) के रूप में तंत्र का आविष्कार किया।

इस प्रकार आगे बढ़ने के लिये - आध्यात्मिक निर्देशन भी आवश्यक होता है। सिद्धि और माया तंत्र शास्त्र में - शिव-पार्वती (कथोप-कथन) उत्कृष्ट और विशिष्ट भाषा शैली है। प्रतिमा की रचनात्मक क्रिया और पीठों की स्थापना मन्दिरों के निर्माण, जीवों के कल्याण, मानवों को दीक्षा (संस्कार) प्राप्त होने के लिये होता है। उपासना, साधना, तपस्या तथा आध्यात्मिक प्रयोगात्मक कर्म के लिये ही होता है। जिसे वांछित फल की प्राप्ति होती है, मनोरथ सिद्ध होता है। विशेष रूप से जिसकी जैसी भावना वैसा ही फल होता है।

अत: उपर्युक्त विषय वस्तुओं का विस्तृत वर्णन (संकेत) रूप में इस पुस्तक की विशेषता है।

अग्रवाल बुक डिपो

460, खारी बावली, दिल्ली - 110 006 ☎ 23943254

श्री मार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय के नियम

1. 'श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय'—यह शताब्दी पुराना उत्तरभारत का एकमात्र ऐसा ज्योतष कार्यालय है, जिसने असंख्य लोगों की जटिल से जटिलतर समस्याओं का फलितशास्त्रीय चमत्कृतिपूर्ण समाधान प्रस्तुत कर भारी अक्षुण्ण यश अर्जित किया है। हमारे यहां से चित्रापक्षीय निरयण गणनापद्धति द्वारा क्षेत्रीय (Zonal), जन्म समय, जन्म तारीख और जन्म स्थान के शुद्ध अक्षांश आदि के आधार पर अक्षांश, सूर्योदयास्त, अयनांश आदि में सभी अपेक्षित सूक्ष्म संस्कार देकर स्वनिर्मित अत्याधुनिक/कम्प्यूटरीकृत सारणियों द्वारा भारतीय/विदेशी जन्मपत्र, टेवा/दशा और निवास स्थानीय अक्षांश आदि से वर्षफल अतीव सूक्ष्मतापूर्वक बनाये जाते हैं, जिनमें स्वास्थ्य, सन्तान, स्त्री, धन-सम्पत्ति, भाग्योदय, कार्यक्षेत्र, प्रगति आदि का निर्णय किया जाता है। जन्मपत्रादि हिन्दी में सुन्दर व संक्षिप्त फलादेशसहित अत्यन्त सावधानी से बनाये जाते हैं।

नोट—प्रत्येक कार्य की पूरी फीस ऑर्डर के साथ ही भेजें। V.P.P. नहीं की जायेगी। बिना पेशगी के कोई भी कार्य नहीं किया जायेगा। डाकव्यय अलग से होगा।

(i)	भारतीय साधारण जन्मपत्र की फीस	Rs. 800/-
(ii)	भारतीय विस्तृत (बड़े) जन्मपत्र की फीस	Rs. 1500/-
(iii)	विदेशी जन्मपत्र की फीस	Rs. 1500/-
(iv)	भारतीय टेवा/दशा की फीस	Rs. 300/-
(v)	विदेशी दशा की फीस	Rs. 500/-
(vi)	भारतीय वर्षफल की फीस	Rs. 500/-
(vii)	विदेशी वर्षफल की फीस	Rs. 1100/-
(viii)	शुद्ध विवाहमुहूर्त्त/कुण्डली मिलान की फीस	Rs. 1100/-
(ix)	फोन पर मुहूर्त्त/मिलान की फीस	Rs. 2100/-
(x)	सर्वसाधारण प्रश्न की फीस	Rs. 1100/-

2. हमारे यहां मन्त्रादि साधनाकाल के विशेष समय में नवग्रहयन्त्र, महालक्ष्मी यन्त्र, सिद्धगोपाल यन्त्र आदि भी बनाये जाते हैं। जिनमें से कुछ का संक्षिप्त विवरण यह है—

(i) सिद्ध शनियन्त्र—इस यन्त्र को धारण करने से शनिजन्य अशुभ पीड़ा से मुक्ति मिलती है। फीस—Rs. 2100/-

(ii) श्रीलक्ष्मी यन्त्र—अष्टगन्ध आदि से विधिवत् शुभ वेला में बनाये इस यन्त्र को पूजास्थल या गल्ले में रखने से लक्ष्मीजी की अपार कृपा रहती है। फीस—Rs. 5100/-

(iii) अठाराहा नाशक यन्त्र—जिन औरतों के बच्चे अठाराहा, मसान दोष आदि के कारण मर जाते हैं, उनके संरक्षणार्थ यह यन्त्र वरदान रूप है। फीस—Rs. 2100/-

(iv) सिद्धगोपाल यन्त्र—इस यन्त्र को श्रद्धासहित स्त्री धारण करे तो चिरंजीवी पुत्ररत्न की प्राप्ति होती है। फीस—Rs. 2100/-

व्यापारियों के लिए चांस (तेजी-मन्दी)

समय-समय पर हम रुई, बिनौला, सरसों, गुड़, खाण्ड, शेयर मार्कीट, सोना, चांदी आदि के चांस की लिखित Report देते हैं। वर्षों से अनेकों व्यापारी हमारे परामर्श से लाभ उठाते आ रहे हैं। एक जिन्स (चना, ग्वार आदि अनाज, तिल-तेल सरसों, बिनौला आदि तिलहन, रुई, गुड़, खाण्ड एवं शेयर मार्कीट तथा सोना, चांदी, तांबा आदि धातुओं) की लिखित Report की अडवांस फीस Rs. 5100/- प्रतिमास एवं वर्षभर की फीस Rs. 51000/- के हिसाब से चार्ज किये जाते हैं। विस्तृत विज्ञापन 'व्यापार- विमर्श' के अन्त में देखें।

नोट—Report के अतिरिक्त Phone पर प्रतिदिन बात करने की फीस अलग से होगी।

पत्रव्यवहार हेतु अपने साफ-साफ डाक पते के साथ फोन नं. एवं Pincode लिखना न भूलें।

—: पण्डित जी से मिलने हेतु :—

क्रमांक (Token) प्राप्ति का समय—7 से 10 A.M.

पण्डित जी से मिलने का समय—9 A.M. से

(दूर से आने वाले सज्जन टेलीफोन से पूज्य पण्डित जी से मिलने का दिन व समय निश्चित कर लें।)

गुरुवार को कार्यालय में अवकाश रहता है।

पत्र-व्यवहार के लिए पता—
पं. संयमी शर्मा, M.A., ज्योतिषाचार्य, धर्मशास्त्राचार्य,
सुपुत्र पं. इन्दुशेखर शर्मा शास्त्री, M.A., ज्योतिषाचार्य,
श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय (नजदीक रेलवे स्टेशन),
मु.पो. कुराली, जिला मोहाली (पंजाब) पिन-140103,
फोन—0160-2641277, 09988407010
Website : www.shrimartand.com

मुहूर्त्त गजानन